पौष शुक्ल पक्ष नवमी
विक्रम संवत 2080
मुरादाबाद, शुक्रवार, 19 जनवरी 2024
वर्ष 4, अंक 300, पृष्ठ 16
मूल्य 5 रुपये
2 राज्य, 6 संस्करण
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com

दक्षिण-उत्तर के बीच पुल है भारतः ईरानी 16
टुर्नाई रैमडैम महोत्सव में दिखाई जाएगी स्टोलन 15

पाकिस्तान ने ईरान में किया आतंकी ठिकानों पर हमला

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान ने ईरान की ओर से उसके (पाकिस्तान) हवाई क्षेत्र का उल्लंघन करने के 48 घंटे से भी कम समय में गुरुवार को उसके (ईरान) के सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत में आतंकवादी ठिकानों पर हमला किया। पाकिस्तान की सेना की मीडिया मामलों की शाखा के बयान के अनुसार, जिन ठिकानों पर हमला किया गया, उनका इस्तेमाल बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) और बलूचिस्तान लिबरेशन फ्रंट (बीएलएफ) जैसे आतंकवादी संगठन करते थे।

जवाबी कार्रवाई

- हमले में 9 लोगों की मौत जिसमें 3 महिलाएं और 4 बच्चे

हमला 'मार्ग बार सरमाचर' नामक एक खुफिया-आधारित अभियान के तहत किया गया। इस बीच, ईरान की न्यूज एजेंसी आईआरएनए ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि सरवन शहर के एक गांव को निशाना बनाकर किए गए हमले में नौ लोग मारे गए जिसमें तीन महिलाएं और चार बच्चे भी शामिल थे। ईरान के गृहमंत्री अहमद वाहिदी ने कहा कि हमले में मारे गए सभी लोग विदेशी नागरिक थे।

गन्ना मूल्य 20 रुपये प्रति कुंतल बढ़ा, सेमी कंडक्टर नीति को मंजूरी

मंत्रिपरिषद की बैठक में तीन निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना का रास्ता भी साफ, सेमी कंडक्टर नीति बनाने वाला देश का चौथा प्रदेश बना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : राज्य सरकार ने लोकसभा चुनाव से पहले गन्ने के लिए राज्य परामर्श मूल्य (एसएपी) 20 रुपये प्रति कुंतल बढ़ा दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में गुरुवार को लोक भवन में मंत्रिपरिषद की बैठक के दौरान आठ अहम प्रस्तावों पर मुहर लगी। इसमें बहुप्रतीक्षित सेमी कंडक्टर नीति 2024 के साथ ही तीन नए निजी विश्वविद्यालयों के स्थापना का भी रास्ता साफ किया गया। गोरखपुर के मुंडेरा बाजार नगर पंचायत के नाम को बदलकर चौरी चौरा करने के प्रस्ताव को हरी झंडी दिखाई गई है। कैबिनेट के निर्णयों की जानकारी लोक भवन में वित्तमंत्री सुरेश खन्ना, उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय और चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण ने मीडिया को दी।

चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण ने बताया कि पेराई सत्र 2023-24 के लिए उप्र. के सभी चीनी मिलों (सहकारी क्षेत्र, निगम एवं निजी क्षेत्र) के द्वारा क्रय किए जाने वाले गन्ना का राज्य परामर्शित मूल्य (एसएपी) का निर्धारण किया गया है। गन्ने की अगेती किस्म की कीमत अब 370 रुपये प्रति क्विंटल होगी जबकि सामान्य किस्म का दाम 360 रुपये होगा। अब तक अगेती किस्म का खरीद मूल्य 350 रुपये प्रति क्विंटल और सामान्य किस्म का खरीद मूल्य 340 रुपये प्रति क्विंटल था। उन्होंने कहा कि पिछले छह साल सरकार ने गन्ना मूल्य में 55 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की है। 2017 में गन्ने की कीमत 315 रुपये प्रति क्विंटल थी।

उन्होंने कहा कि 2022 के विधानसभा चुनावों से पहले गन्ने के एसएपी में 25 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की गई थी, जिसके बाद संशोधित कीमत बढ़कर 350 रुपये प्रति क्विंटल हो गई।

आगरा, लखनऊ और नोएडा में खुलेंगे निजी विश्वविद्यालय

कैबिनेट ने उप्र. में तीन नए निजी विश्वविद्यालयों को भी मंजूरी दी है। उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि निजी क्षेत्र के अंतर्गत जेएसएस विश्वविद्यालय की स्थापना नोएडा में, सरोज विश्वविद्यालय की स्थापना लखनऊ में और शारदा विश्वविद्यालय की स्थापना आगरा में करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। राज्य में पांच सरकारी और पांच निजी विश्वविद्यालय ए डबल प्लस की रैंकिंग के हैं। ए प्लस रैंकिंग के तीन विश्वविद्यालय हैं। वहीं बड़ी संख्या में ए रैंकिंग विश्वविद्यालय भी हैं। योगी सरकार से पहले प्रदेश में मात्र तीन बी प्लस रैंकिंग के ही विश्वविद्यालय मौजूद थे।

सेमी कंडक्टर नीति से होगा प्रदेश में बड़े पैमाने पर निवेश

मंत्रिमंडल ने बहुप्रतीक्षित सेमी कंडक्टर नीति 2024 को मंजूरी दे दी। भारत में ये उद्योग अभी शैशव अवस्था में है। अब तक केवल गुजरात, ओडिशा और तमिलनाडु ने इसे लेकर नीति बनाई थी। उप्र. चौथा राज्य है, जहां सेमी कंडक्टर नीति 2024 बनाई है। नीति के पीछे शासन की मंशा बड़े पैमाने पर निवेश राज्य में लाना है। कैबिनेट मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि सेमी कंडक्टर निर्माण इकाई लगाने वाले उद्योग समूहों को भारत सरकार की ओर से 80 हजार करोड़ रुपये का फंड दिए जाने की व्यवस्था है। राज्य सरकार इसमें 75 प्रतिशत की भागीदारी करेगी। इसमें लैंड सब्सिडी के रूप में 200 एकड़ तक 75 फीसदी की सब्सिडी मिलेगी। अब तक 13 कंपनियों ने सेमी कंडक्टर निर्माण इकाई लगाने के लिए अपनी इच्छा जाहिर की है।

एक नजर

यासीन ने 4 वायुसैनिकों पर चलाई थी गोली

जम्मू। जम्मू कश्मीर लिबरेशन फ्रंट (जेकेएलएफ) के प्रमुख यासीन मलिक ने अपना 'फेरन' उठाकर हथियार निकाला और भारतीय वायुसेना कर्मियों के एक समूह पर गोलियां चला दीं। एक प्रत्यक्षदर्शी ने गुरुवार को सीबीआई की विशेष अदालत के समक्ष यह गवाही दी और बताया कि 25 जनवरी 1990 को श्रीनगर में क्या हुआ था। हमले में वायु सेना के चार कर्मियों की मौत हो गई थी। वायु सेना के पूर्व कर्मी राजवार उमेश्वर सिंह आतंकी हमले में बच गए थे। उन्होंने अदालत कक्ष में मलिक को मुख्य हमलावर बताया। मलिक दिल्ली की तिहाड़ जेल से वीडियो के जरिए अदालती कार्यवाही में शामिल हुआ, जहां वह 2019 से कैद है। श्रीनगर के बाहरी इलाके रावलपुरा में 25 जनवरी, 1990 को हमले में स्क्वाड्रन लीडर रवि खन्ना सहित चार लोगों की मौत हो गई जबकि 40 लोग घायल हो गए थे।

संसद सुरक्षा चूक : नीलम को नहीं मिली जमानत

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने संसद सुरक्षा चूक मामले में आरोपी नीलम आजाद की जमानत याचिका गुरुवार को खारिज कर दी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरदीप कौर ने आजाद को जमानत देने से इनकार करते हुए कहा कि इस स्तर पर उन्हें राहत देना सही नहीं होगा।

सिंहासन पर विराजमान हुए श्रीराम

विग्रह की आंखों पर बांधी गई पट्टी 22 जनवरी को खोली जाएगी

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : श्रीराम गुरुवार को गर्भगृह में अपने सिंहासन पर विराजमान हो गए। इसी के साथ प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के लिए 16 जनवरी से चल रहे सात दिवसीय अनुष्ठान में तीसरे दिन का अनुष्ठान पूरा हो गया। मुख्य यजमान के रूप में डॉ. अनिल मिश्रा अपनी पत्नी के साथ शामिल रहे। पांच वर्षीय खड़े बाल रूप में श्रीराम के विग्रह की आंखों पर पट्टी बांधी गई है जो 22 जनवरी को खोली जाएगी। खास बात यह है कि गर्भगृह में काम करने के लिए लगाए गए श्रमिकों के मोबाइल भी बाहर ही जमा करवाए जा रहे हैं। जिससे श्रीराम की प्रतिमा की कोई तस्वीर 22 जनवरी से पहले किसी तक न पहुंच सके।

इससे पहले प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए चल रहे अनुष्ठान के तीसरे दिन गुरुवार को काशी के प्रसिद्ध विद्वान पंडित गणेश्वर शास्त्री द्रविड़ और पंडित लक्ष्मीकांत दीक्षित व उनके सहयोगी आचार्य ने धार्मिक पूजन संपन्न कराया। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट से मिली जानकारी के अनुसार अनुष्ठान में गुरुवार दोपहर 1:20 बजे यजमान द्वारा संकल्प लिया गया। उसके बाद गणेशाम्बिका पूजन, वरुण पूजन, चतुर्वेदोक्त पुण्याह वाचन, मातृका पूजन, वसोर्धारा पूजन (सप्त घृत मातृका पूजन), आयुष्य मंत्रजप, नान्दी श्राद्ध, आचार्या दिचत्रृत्विग्वरण, मधुपर्क पूजन, मण्डप प्रवेश, पृथ्वी-कूर्म- अनन्त- वराह-यज्ञ भूमि-पूजन, दिग्ररक्षण, पञ्चगव्य - प्रोक्षण, मण्डपाङ्ग वास्तु पूजन, वास्तु बलिदान, मण्डप सूत्रवेष्टन, दुग्ध-धारा, जल धाराकरण, षोडशस्तम्भ पूजनादि मण्डपपूजा (तोरण, द्वार, ध्वज, आयुध, पताका, दिक्पाल, द्वारपालादि पूजा), मूर्ति का जलाधिवास, गन्धादिवास, सायंकालिक पूजन और आरती के साथ अनुष्ठान संपन्न हुआ।

राम मंदिर में अनुष्ठान कराते आचार्य। ● अमृत विचार

- काशी के विद्वान पंडितों ने पूरा कराया तीसरे दिन का अनुष्ठान

अयोध्या में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

लखनऊ। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की भव्यता और दिव्यता बढ़ाने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम मची है। ललित कला अकादमी की ओर से कार्यक्रमों की पूरी रूपरेखा तैयार की गई है। इसके तहत अयोध्या धाम की प्रमुख दीवारों पर वॉल पेंटिंग कार्यशाला, सरयू नदी के तट पर भगवान राम पर आधारित रेत शिल्प के अलावा राम बाल लीला, कलाकृतियों की प्रदर्शनी, मेंहदी एवं फूलों की वाटिका और फोटोग्राफी जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। 18 जनवरी से ये शुरू हो चुके हैं।

फूलों से सजाया जा रहा मंदिर परिसर

अयोध्या। प्राण प्रतिष्ठा के लिए राम मंदिर के उच्च शिखर को भी अस्थायी रूप से तैयार कर दिया गया है। जहां 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विजय पताका फहराएंगे। अयोध्या में बना रहे श्रीराम मंदिर का शिखर बनकर तैयार नहीं है। ऐसे में 22 जनवरी के कार्यक्रम को लेकर एक अस्थाई शिखर को लकड़ी के स्ट्रक्चर पर कपड़े के माध्यम से ठीक उसी रंग का बनाया जा रहा है जिस रंग के श्रीराम के मंदिर के पत्थर है। विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय मीडिया प्रभारी शरद शर्मा ने गुरुवार को बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के लिए पूरे राम मंदिर को फूलों से सजाया जा रहा है। जिसमे गेंदा, गुलाब और जरबेरा समेत अन्य फूलों को लगाया जा रहा है।

16 साल से कम उम्र के छात्रों की कोचिंग बंद

नई दिल्ली। शिक्षा मंत्रालय द्वारा घोषित नए दिशा निर्देश के मुताबिक कोचिंग संस्थान 16 साल से कम उम्र के विद्यार्थियों को अपने यहां दाखिल नहीं कर सकेंगे। अच्छे नंबर या रैंक दिलाने की गारंटी जैसे भ्रामक वादे भी नहीं कर सकेंगे। निर्देशों के उल्लंघन पर एक लाख रुपये तक जुर्माना देना होगा और अधिक फीस लेने पर पंजीकरण भी रद किया जा सकता है।

- शिक्षा मंत्रालय ने जारी किए दिशा-निर्देश
- उल्लंघन पर देना होगा एक लाख जुर्माना

कोचिंग संस्थान स्नातक से कम योग्यता वाले शिक्षकों को नियुक्त नहीं करेंगे। संस्थान 16 वर्ष से कम उम्र के छात्रों का नामांकन नहीं कर सकते। विद्यार्थियों का कोचिंग संस्थान में नामांकन माध्यमिक विद्यालय परीक्षा के बाद ही होना चाहिए। विभिन्न पाठ्यक्रमों का शुल्क पारदर्शी और तार्किक होना चाहिए और वसूले जाने वाले शुल्क की रसीद दी जानी चाहिए। इसमें साफ किया गया है कि अगर छात्र बीच में ही पाठ्यक्रम छोड़ता है तो उसकी बची हुई अवधि की फीस लौटानी होगी।

केंद्र के कार्यालयों में 22 को आधे दिन की छुट्टी

नई दिल्ली, एजेंसी।

अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के कारण 22 जनवरी को देश भर में केंद्र सरकार के सभी कार्यालय आधे दिन के लिए बंद रहेंगे। कार्मिक मंत्रालय के एक आदेश में गुरुवार को यह जानकारी दी गई। राम मंदिर के गर्भगृह में रामलला की नई मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा समारोह सोमवार को निर्धारित है। यह समारोह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया जाना तय है। मंत्रालय ने केंद्र सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों को जारी आदेश में कहा कि अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का जश्न 22 जनवरी 2024 को देशभर में मनाया जाएगा। इस उत्सव में कर्मचारी भाग ले सकें, इसलिए यह निर्णय लिया गया है कि पूरे भारत में केंद्र सरकार के सभी कार्यालय, केंद्रीय संस्थान और केंद्रीय औद्योगिक प्रतिष्ठान 22 जनवरी 2024 को अपराह्न ढाई बजे तक आधे दिन के लिए बंद रहेंगे। केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने बताया कि यह निर्णय लोगों के जबर्दस्त उत्साह को देखते हुए लिया गया है।



रामलला पर डाक टिकट और पुस्तिका जारी करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

प्रधानमंत्री ने जारी किया राम मंदिर पर डाक टिकट

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को अयोध्या में राम मंदिर पर स्मारक डाक टिकट और दुनिया भर में भगवान राम पर जारी डाक टिकटों के संग्रह की एक पुस्तक जारी की और कहा कि ये टिकट सिर्फ कागज का टुकड़ा नहीं है बल्कि इतिहास की किताबों, कलाकृतियों के रूपों और ऐतिहासिक स्थलों का सबसे छोटा रूप भी हैं। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि आज पवित्र अयोध्या धाम की विरासत और भगवान श्री राम को समर्पित स्मारक डाक टिकट जारी करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

प्राचीन शिव मंदिर में पुजारी की हत्या

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में बुधवार रात रामगंगा किनारे स्थित प्राचीन शिव मंदिर के पुजारी मुन्ना लाल पुरी (65) की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। वह मूलरूप से बरेली जिले के सिरसा थाना भमौरा के रहने वाले थे। गुरुवार सुबह जानकारी होने पर ग्रामीणों ने यूपी डॉयल-112 को खबर दी थी। डीआईजी मुनीराज जी व अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे।

अगवानपुर पुलिस चौकी क्षेत्र में भटावली गांव के पास मंदिर परिसर के जिस कमरे में पुजारी सोए थे, उसके चैनल गेट में अंदर से ताला लगा था। पुलिस ने पुजारी को आवाज लगाई लेकिन, कोई हरकत न होने पर ताले को तुड़वाया और अंदर जाकर देखा तो चारपाई पर खून से लथपथ पुजारी का शव पड़ा था। कमरे में रखा सामान भी अस्त-व्यस्त था। ऐसे में पुलिस अधिकारियों ने तत्काल डॉग स्क्वायड व फॉरेंसिंक टीम को बुलाकर मौके से साक्ष्य एकत्र कराए।

- सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के गांव भटावली के पास वारदात से सनसनी
- चैनल गेट में अंदर से लगा था ताला पुलिस ने ताला तोड़कर निकाला शव

घटना के जल्द खुलासे के लिए डीआईजी ने एसओजी, क्राइम ब्रांच के साथ ही पुलिस की पांच टीमें बनाई हैं। बताया जा रहा है कि शिव मंदिर करीब 200 साल पुराना है और सुनसान क्षेत्र में है।

मुन्ना लाल पुरी इस मंदिर पर करीब 10-12 साल से देखरेख कर रहे थे। एसएसपी हेमराज मीना ने बताया कि पुजारी की हत्या के संबंध में सुबह पुलिस को खबर मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस को उनके कमरे का चैनल गेट बंद और उसमें ताला लगा मिला। पुजारी के शव पर कई जगह घाव हैं। उसकी धारदार हथियार से हत्या की गई है। पता लगाया जा रहा है कि रात में पुजारी के पास कौन आया था। कुछ लोगों के नाम जानकारी में आए हैं।

कारसेवकों पर गोली चलवाना सही फैसला था : शिवपाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने कारसेवकों पर गोली चलवाने की घटना (1990) पर कहा कि उस समय अयोध्या में कोर्ट से स्टे के बावजूद भाजपा के कारसेवकों ने हिंसा की थी। जिसको लेकर तत्कालीन सरकार को संविधान की रक्षा की खातिर गोली चलवानी पड़ी थी। कहा कि, कारसेवकों ने आदेश का उल्लंघन किया था जबकि न्यायालय ने यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया था। सरकार ने कोर्ट के आदेश का पालन किया था।

- बोले, अयोध्या में कोर्ट के आदेश पर यथास्थिति बनाए रखने को उठाया कदम

शिवपाल गुरुवार को इटावा में सपा कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। शिवपाल के मुताबिक, राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा भाजपा का आयोजन है। जबकि यह वाकई में संतों का होना चाहिए था। शंकराचार्य व सनातनियों का अपमान देश देख रहा है। इसका नतीजा भाजपा को भुगतना पड़ेगा।

मंदिर मॉडल के नाम पर ऑनलाइन ठगी

अयोध्या, कार्यालय

अमृत विचार : प्राण प्रतिष्ठा समारोह के प्रसाद, मंदिर मॉडल व सिक्का आदि की ऑनलाइन डिलीवरी के नाम पर ठगी के मामले में साइबर थाना पुलिस ने अप्रवासी भारतीय आशीष सिंह को गुरुवार को गिरफ्तार किया है। वह एक शिकायतकर्ता को मैनेज करने यूएसए से राम जन्मभूमि कार्यशाला आया था। मूल रूप से गाजियाबाद के इंदिरापुरम स्थित वैभव खंड के विंडसर पार्क निवासी आशीष खादी आर्गेनिक नामक वेबसाइट के माध्यम से 19 दिसंबर से अब तक देश-विदेश के 16.69 लाख लोगों से समारोह के प्रसाद की फ्री डिलीवरी, मंदिर मॉडल व सिक्का आदि की आपूर्ति के नाम पर साढ़े 10 करोड़ से ज्यादा का आर्डर ले चुका है। प्रकरण में खादी ग्रामोद्योग विभाग की ओर से पूर्व में लखनऊ में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

भारतवंशी गिरफ्तार

- प्राण प्रतिष्ठा प्रसाद के नाम पर भी लिया धन, 16.69 लाख लोगों से ले चुका है आर्डर

खादी ऑर्गेनिक नामक वेबसाइट के माध्यम से प्राण प्रतिष्ठा समारोह के प्रसाद की फ्री और समारोह के उपलक्ष्य में टी-शर्ट, राम मंदिर मॉडल, चांदी के सिक्के, गमछा, झंडे आदि की डिलीवरी के नाम पर देश-विदेश के लोगों को ठगा जा रहा था। फ्री प्रसाद के लिए डिलीवरी चार्ज के रूप में भारतीय नागरिकों से 51 रुपये और विदेशियों से एक डॉलर लिया जा रहा है। राम जन्मभूमि कार्यशाला निवासी चंदन राय ने आशीष को फोन कर इस फर्जीवाड़ा का अंजाम भुगतने की चेतावनी दी थी, जिसके चलते वह चंदन से मिलकर मामले को सुलझाने के लिए अमेरिका से आया था। सीओ क्राइम आशीष निगम ने बताया कि खुद को नॉर्थ ईस्टर्न यूनिवर्सिटी, सिएटल अमेरिका का प्रोफेसर बताने वाले आशीष सिंह के पास से लैपटॉप, आईफोन, पासपोर्ट, डेबिट कार्ड, वाशिंगटन का ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड, 13970 रुपये व 16 अमेरिकी डालर बरामद हुए हैं।

वडोदरा में नाव पलटने से 14 छात्रों व दो शिक्षकों की मौत

वडोदरा, एजेंसी

गुजरात में वडोदरा शहर के बाहरी क्षेत्र में एक झील में गुरुवार को एक नाव के पलट जाने से उसमें सवार 14 विद्यार्थियों और दो शिक्षकों की मौत हो गई। छात्र पिकनिक मनाने आए थे और हरनी झील में नाव की सवारी कर रहे थे कि तभी दोपहर में यह हादसा हो गया। हरनी थाना पुलिस ने बताया कि नाव पलटने की इस घटना में बचाए गए एक छात्र का एसएसजी अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। एनडीआरएफ के अधिकारियों ने बताया कि चार लोग अभी भी लापता हैं। इससे पहले, अधिकारियों ने बताया था कि नाव में 27 लोग सवार थे, जिनमें 23 विद्यार्थी और चार शिक्षक थे।

- पिकनिक मनाने के लिए आए थे सभी, हरनी झील में हुआ हादसा
- प्रधानमंत्री ने जताया दुख, मृतक आश्रितों को मिलेंगे दो लाख

प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर कहा कि वडोदरा में हुई नौका दुर्घटना में लोगों की मौत से व्यथित हूं। दुख की घड़ी में मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मृतक के परिजनों को प्रधानमंत्री राहत कोष से दो लाख रुपये व घायलों को 50 हजार रुपये दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल गुरुवार शाम को घटनास्थल पर पहुंचे और बचाव अभियान का जायजा लिया।

सोलहवां वित्त आयोग

तीन पदों के सृजन को कैबिनेट ने दी मंजूरी

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 16वें वित्त आयोग के लिए संयुक्त सचिव स्तर के तीन पदों यानी संयुक्त सचिव के दो पद और आर्थिक सलाहकार के एक पद के सृजन को गुरुवार को मंजूरी दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इस वित्त आयोग का गठन 31 दिसंबर, 2023 की अधिसूचना के माध्यम से संविधान के अनुच्छेद 280 के अनुपालन में किया गया था। आयोग को अपने कार्यों को पूरा करने में सहायता करने के लिए इन नए सृजित पदों की आवश्यकता है। आयोग में अन्य सभी पद प्रदत्त शक्तियों के अनुसार पहले ही सृजित किए जा चुके हैं।

सुविधा अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं की मदद के लिए बनी योजना, अयोध्या विकास प्राधिकरण करेगा संचालन

ई-कार्ट से मुफ्त दर्शन करेंगे दिव्यांग-बुजुर्ग और गर्भवती महिलाएं

अयोध्या दर्शन

- कॉरपोरेट घरानों के सीएसआर फंड से पहले चरण में उतारी जाएंगी 650 ई-कार्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : नव्य मंदिर में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद श्रद्धालुओं को एक और सुविधा मिलने जा रही है। राज्य सरकार कॉरपोरेट घरानों के सीएसआर फंड से रामनगरी की सड़कों पर ई-कार्ट चलाएगी। इसमें दिव्यांग, बुजुर्ग और गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क श्रीरामलला समेत अन्य मंदिरों के दर्शन सुलभ होंगे। पहले चरण में 650 ई-कार्ट गाड़ियां उतरेंगी, इसका संचालन अयोध्या विकास प्राधिकरण की देख-रेख में होगा।

अयोध्या में श्रद्धालुओं के लिए मंगाए गए ई-कार्ट।

सरकार श्रीरामलला के दर्शन को आने वाले श्रद्धालुओं को राम मंदिर और हनुमान गढ़ी आदि मंदिरों तक पहुंचाने के लिए ई कार्ट चलाएगी। ये ई कार्ट या गोल्फ कार्ट बुजुर्गों, दिव्यांगों और गर्भवती महिलाओं के लिए निशुल्क होंगी। इस महत्वपूर्ण योजना को मूर्त रूप देने के लिए अयोध्या विकास प्राधिकरण ने निजी औद्योगिक घरानों को प्रस्ताव भेजा है। निजी औद्योगिक घराने अपने सीएसआर फंड के माध्यम से अयोध्या में इस सेवा के लिए डोनेशन मांगा गया है, ताकि बुजुर्गों, दिव्यांगों और गर्भवती महिलाओं को राहत प्रदान की जा सके।

ट्रायल के तौर पर 50 ई-कार्ट का संचालन

अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विशाल सिंह के अनुसार प्राण प्रतिष्ठा के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु नए मंदिर में श्रीरामलला के दर्शनों के लिए अयोध्या आएंगे। इसमें दिव्यांग, बुजुर्ग और गर्भवती महिलाओं के पार्किंग स्थल से ई-कार्ट की मुफ्त सुविधा मिलेगी, जिसके माध्यम से हनुमान गढ़ी और श्रीरामलला के दर्शनों के साथ ही धाम में स्थित अन्य धार्मिक स्थलों तक जा सकेंगे। ट्रायल के तौर पर 50 ई-कार्ट चल रहे हैं, एक सौ और जल्द शुरू होंगे। ओएनजीसी, आईओसी, टाटा प्रोजेक्ट्स जैसी कंपनियों से सर्वाधिक डोनेशन मिला भी है। इन ई कार्ट्स का मालिक एडीए होगा।

2000 से ज्यादा लोगों को रोजाना मुफ्त भोजन

तीर्थ क्षेत्र पुरम में श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट के पांच भोजनालय प्रारंभ हो गए हैं, इसमें करीब 2000 लोगों का भोजन रोज बन रहा है। यहां का दस शैया वाला अस्पताल भी 20 चिकित्सकों के साथ चिकित्सा व्यवस्था संभाले हुए है। कई चिकित्सक रिजर्व में भी हैं।

एक नजर

छात्र रोजाना 11 बार कर रहे हनुमान चालीसा का पाठ

मुरादाबाद, अमृत विचार : राष्ट्रीय पुजारी परिषद की ओर से अयोध्या मंदिर के लिए 22 जनवरी तक सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन हो रहा है। इसमें हिंदू संस्कार केंद्र के बच्चों द्वारा प्रतिदिन 11 बार हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया जा रहा है। पुजारी महेंद्र सिंह के नेतृत्व गुरुवार को गोविंद नगर शिव मंदिर, चूं-चूं वाला मंदिर मंडी बांस पर निमिष अग्रवाल के नेतृत्व में, पंचमुखी हनुमान मंदिर पर पुष्पेंद्र श्रीमाली के नेतृत्व में, प्राचीन श्री हनुमान मंदिर सराफा बाजार पर पंडित कार्तिक शर्मा के नेतृत्व में, शिव मंदिर पटपट सराय पर पंडित तेज नारायण मिश्रा व पंडित कामेश्वर मिश्र के नेतृत्व में जलते दीपक की रंगोली सजाई गई। साथ ही सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। नारायण मंदिर लाजपत नगर में पं. विनोद शर्मा, पं. मुकुल शास्त्री, पं. लड्डू के नेतृत्व में भगवान राम की आरती और हनुमान चालीसा का पाठ किया गया।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व संघचालक ने कारसेवा के दौरान की यादें साझा की, पाकबड़ा से दो बसों में भरकर सत्याग्रह करने गए थे लोग

रामबाबू भटनागर 34 साल पहले सत्याग्रह में शामिल होने गए थे अयोध्या

संवाददाता, पाकबड़ा

अमृत विचार: पाकबड़ा के बड़ा मंदिर निवासी रामबाबू भटनागर 34 साल पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मुरादाबाद के संघ चालक थे। कार सेवकों पर गोली चलने के बाद वह पाकबड़ा से दो बसें भरकर सत्याग्रह करने के लिए अयोध्या गए थे।



पूर्व में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संघचालक रहे रामबाबू भटनागर ने बताया कि पाकबड़ा एवं आसपास के क्षेत्र से दो बसें भरकर अयोध्या के लिए 7 जनवरी 1991 को रवाना हुए थे। उन्होंने बताया कि जो लोग साथ में गए थे, उनमें बहुत से लोग अब इस दुनिया में नहीं रहे। अगर वह होते तो उन्हें आज बहुत ज्यादा खुशी होती। उनके साथ पाकबड़ा निवासी ठाकुर राकेश सिंह भी इस सत्याग्रह में शामिल हुए थे। दो बसों में करीब 100 लोग यहां से गए थे। जाते समय बारिश भी हो रही थी लेकिन, किसी ने भी हार नहीं मानी। 8 जनवरी 1991 को वहां पर पहुंचे थे। वहां पर लाखों की संख्या में लोग थे। वहां देखा कि कारसेवकों पर जो गोलियां चलवाई गई थी। गोलियों के निशान वहां थे। अयोध्या के सारे मंदिर देखे। उसके बाद जैसे ही कथित बाबरी मस्जिद को देखा तो पता चला कि इन्होंने मंदिर को तोड़कर मस्जिद का ढांचा बनाया था। जिसका साफ पता चल रहा था।

पूर्व संघचालक रामबाबू भटनागर साथियों संग अयोध्या जाते हुए। ● फाइल फोटो

22 जनवरी की तैयारी को लेकर पाकबड़ा में मंदिर की पुताई करता मजदूर।

यह सब बताते बताते वह भावुक हो गए। बताया कि उस समय गांव-गांव जाकर राम शिला और पादुका पूजन के साथ-साथ राम ज्योति जलाई गईं। गांव-गांव जाकर लोगों से सवा रुपया लेकर के राम शिला पूजन कर उनको अयोध्या भेजा था। जो कार सेवक मारे गए थे उनकी अस्थि कलश यात्रा भी निकाली गई। कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का इसमें बहुत बड़ा योगदान रहा है और उसी का आज हम सबको फल मिल रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यह जो भव्य मंदिर बनने जा रहा है।

रामोत्सव के लिए पाकबड़ा में सजने लगे मंदिर

पाकबड़ा, अमृत विचार : 22 जनवरी को अयोध्या मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। वहां जो भव्य मंदिर बनने जा रहा है। उसी को लेकर देश एवं विदेशों में तैयारी चल रही हैं। यात्राएं निकाली जा रही हैं। इसी में पाकबड़ा में भी सारे मंदिरों की रंगाई-पुताई कराने के साथ-साथ उन्हें सजाया जा रहा है। छतरी वाले कुएं पर मंदिर की पुताई हो रही है। बड़ा मंदिर, कहारों वाला मंदिर, शिवसहाय मंदिर, चामुंडा देवी मंदिर, मोनी बाबा का मंदिर सभी मंदिरों में साज सज्जा करते हुए लोग दिखाई दे रहे हैं। 22 जनवरी को सभी मंदिरों में हवन पूजन किया जाएगा।

कृपा धाम मन्दिर में भजन- कीर्तन का आयोजन

मुरादाबाद, अमृत विचार : वेवग्रीन सोसायटी में अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में सोसायटी स्थित श्रीहरिहर करुणामयी कृपा धाम मन्दिर में भजन-कीर्तन एवं महाआरती का आयोजन किया गया। भजन के बाद भंडारा होगा। 22 जनवरी को सोसायटी में दिवाली उत्सव की तरह दीये जलाने की अपील की गयी है। यह जानकारी सोसायटी की वर्किंग कमेटी के मनोज तिवारी ने दी है।

दुनिया का सबसे बड़ा मंदिर यही होगा। आज सारे देशों में देखने को मिल रहा है कि रामरथ यात्राएं विदेशों में निकाली जा रही हैं। पहले ऐसा कभी हुआ ही नहीं। 50 से ज्यादा देशों के लोग इसमें शामिल होने जा रहे हैं। 22 जनवरी को पूरे विश्व में दीपावली का त्योहार मनाया जाएगा। लोग घर-घर दीपक जलाएंगे। यह खुशी इतनी बड़ी है कि शब्दों से में बयां नहीं कर सकता। अंदर से जो मन खुश हो रहा है उसका कोई ठिकाना नहीं है यह बताते हुए रामबाबू भटनागर भावुक हो गए।

नैना भीगे-भीगे जाएं, कैसे खुशी ये छिपाएं, राम आएंगे

अयोध्या में रामलला के स्वागत को सज रही स्मार्ट सिटी, पटाखों और मिठाई के मिल रहे आर्डर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : नैना भीगे-भीगे जाएं, कैसे खुशी ये छिपाएं, राम आएंगे... जी हां, प्रभु श्रीराम के स्वागत के इन गीतों की रौनक महानगर की गली-गली में देखने को मिल रही है। भगवान के स्वागत के लिए महानगर को सजाने की तैयारियां जोरों पर हैं। लोग अपने घरों को सजाने में लगे हैं। मंदिरों में कार्यक्रम शुरू हो गए हैं। लोगों ने मिठाई कारोबारियों को लड्डू के ऑर्डर भी दे दिया है। वहीं प्रधानमंत्री मोदी ने 22 जनवरी को दीपोत्सव मनाने की अपील की है। इसको लेकर पटाखों का भी कारोबार जोर पकड़ रहा है। इसके लिए महानगर के बाजार गुलजार हैं। महानगर समेत जनपद के विभिन्न गांवों में भी प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण होगा। जिसे लेकर लोगों में उत्साह है।

महानगर में 22 जनवरी को एकबार फिर दिवाली मनाने की तैयारी हो रही है। पटाखे बनाने वाले कारीगरों के यहां खरीदारों के ऑर्डर मिलने के साथ बिक्री भी शुरू हो गई है। पटाखा कारोबारी अशरफ हुसैन ने बताया कि बाजार में गोला, अनार, स्काई शॉट आदि की मांग बढ़ रही है। मांग बढ़ने से एक बार फिर पटाखों का बाजार गुलजार हो चुका है। पटाखों के अलावा हर कोई भगवान श्रीराम को मिठाई का भोग लगाना चाहता है। जिससे मिठाई का कारोबार भी रफ्तार पकड़ रहा है। हरथला के मिठाई कारोबारी ओमप्रकाश ने बताया कि मिठाई के ऑर्डर आने लगे हैं। इसको लेकर तैयारियां कराई जा रही हैं। इस दिन मिठाई के ऑर्डर के अलावा घरों में भी मिठाईयों की मांग रहेगी। समाजसेवी संस्थाओं की ओर से मंदिर और सार्वजनिक स्थलों पर भंडारे कराए जा रहे हैं। जिस वजह से कारीगरों की बुकिंग भी शुरू हो गई है।

नट बाबा मंदिर में भजन-कीर्तन करते लोग। ● अमृत विचार

गली-मोहल्लों समेत गांवों में होगा सीधा प्रसारण

22 जनवरी को महानगर के विभिन्न स्थानों पर प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण होगा। इसके लिए समाजसेवी संस्थानों की ओर से तैयारियां की जा रही हैं। जिससे महानगर निवासी प्राण प्रतिष्ठा के साक्षी बन सकें। इसको लेकर एलईडी स्क्रीन की बुकिंग होने लगी है। आरएसएस कार्यकर्ता ईश्वर पाल ने बताया कि जनपद के विभिन्न गांवों में लाइव प्रसारण दिखाया जाएगा। महानगर में मिलन बिहार, कालीमाता मंदिर के पास प्रोजेक्टर लगाकर लाइव प्रसारण समेत अन्य पूजन को लेकर इंतजाम किए जा रहे हैं।

रेलवे पुलिस ने चौकसी बढ़ायी, ट्रेनों की निगरानी तेज

मुरादाबाद, अमृत विचार : अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव और गणतंत्र दिवस की मद्देनजर रेलवे ने अलर्ट जारी किया है। रेलवे पुलिस और आरपीएफ के जवान सिलसिलेवार प्लेटफार्म की निगरानी कर रहे हैं। थाना प्रभारी राजन शर्मा ने बताया कि गुरुवार को लखनऊ की ओर जाने वाली ट्रेनों की सघन जांच की गयी। काशी विश्वनाथ, गरीब रथ, सप्तक्रांति, किसान और राज्यरानी एक्सप्रेस में यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था देखी गई। डाग स्क्वायड, बम डिस्पोजल दस्ते को सतर्क कर दिया गया है। यह सिलसिला गणतंत्र दिवस तक चलेगा। रेलवे पुलिस ट्रेनों के डिब्बों में यात्रियों को सचेत कर रही है। इसके लिए ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग किया जा रहा है।

दीपक गोयल ने की थी 1992 में कारसेवा

आशुतोष मिश्र, मुरादाबाद

अमृत विचार: छह दिसंबर 1992 की कारसेवा में शामिल महानगर निवासी दीपक गोयल 22 जनवरी के अनुष्ठान को लेकर खुशी से फूले नहीं समा रहे हैं। अयोध्या में प्रभु श्रीराम को मंदिर में विराजने की तैयारी की चर्चा के दौरान दीपक भावुक हो जाते हैं। सिलसिलेवार कारसेवा में टीम के किस्से सुनाते हैं। बात गंभीर होते ही उनकी आखों से आंसू छलक पड़ते हैं।

महानगर के दिनदारपुरा निवासी दीपक गोयल कारसेवकों में एक है। तब मुरादाबाद में बजरंग दल के जिला संयोजक थे। छह दिसंबर 1992 के 15 दिन पहले यहां के 10-12 लोगों के साथ अयोध्या गए थे। वहां वाल्मीकि भवन में बहुतेरे कारसेवक ठहरे थे। मुरादाबाद जिले की टीम भी थी। साथ में दाताराम, सर्वेश, राकेश फोटे सहित अन्य लोग गए थे। 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर में विराजने और अनुष्ठानों की तैयारी के बीच बातचीत में वह कहते हैं कि छह दिसंबर (1992) से पहले रात को बैठक में तय हुआ कि कल सुबह हम लोगों को कारसेवा नहीं करनी है। एक दल जो नरम था वह चाहता था कि सांकेतिक कारसेवा हो और काम यहीं खत्म हो जाए। उधर महाराष्ट्र, गुजरात और कुछ उत्तर प्रदेश के कार्यकर्ताओं ने निर्णय लिया कि हमें सुबह तीनों गुंबदों को खत्म करना है। कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर तब दिखी जब यह सुबह कारसेवा हुई और दिन में दो बजे के बाद गुंबदों में धुआं उठने लगा। लोग समझे कि बम ब्लास्ट हुआ है पर, बम ब्लास्ट नहीं वहां गुंबद नीचे गिर गई थी। जब धूल और गुबार फैला तो लोग ताज्जुब में पड़ गए कि आखिर यह क्या और कैसे हो गया? शिविर में उमा भारती मौजूद थीं।

सबसे अधिक खुशी उन्हें हुई। वह पार्टी प्रमुख डा.मुरली मनोहर जोशी के पास दौड़कर पहुंच गयीं, खुशी में बोलीं कि भाई साहब काम हो गया। जब कारसेवा हो गई तो सरकार की तरफ से स्पेशल ट्रेनें लगाईं गईं ताकि, कारसेवक अयोध्या खाली कर दें। हर जगह रेलवे स्टेशन पर स्वागत होता था। कारसेवकों को माला पहनाकर भोजन कराया जाता था।

बताते हैं कि वापसी में यहां रेलवे स्टेशन पहुंचा तो देखा कि महानगर में कर्फ्यू लग गया था। तीन- चार दिन हम स्टेशन पर ही रहे। कुछ दूसरे राजनीतिक दल के लोग हमारी मुखबिरी करके हमें पकड़वाना चाहते थे। अब भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर बन गया। हमने जो संघर्ष किया वह सफल हो गया।

अयोध्या में बजरंग दल की कारसेवा में टीम के साथ दीपक गोयल। ● फाइल फोटो

▸▸ बजरंग दल के जिला संयोजक के रूप में टीम संग 15 दिन पहले पहुंचे थे अयोध्या

कचरा निस्तारण में ढिलाई बर्दाश्त नहीं

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पर्यावरण समिति एवं जिला गंगा संरक्षण समिति की बैठक हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने बायोमेडिकल कचरा और ई कचरा के निस्तारण के प्रबंध में ढिलाई न करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने सिंचाई, सहकारिता, परिवहन, पीएसी, होमगार्ड, नगर निकायों द्वारा गड्ढा खोदाई, पौधरोपण का लक्ष्य पूरा न करने पर नाराजगी जताई। उन्होंने एक सप्ताह में लक्ष्य को पूरा करने के लिए कहा। जिले में बायोमेडिकल कचरा निस्तारण करने वाली संस्थाओं के जिम्मेदार और अनुबंध करने वाले अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग नहीं करने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। जिलाधिकारी ने ई-कचरा, सीएनजी, प्लास्टिक और ठोस अपशिष्ट निस्तारण की समीक्षा कर अधिकारियों को ठीक तरीके से कार्य कराने का निर्देश दिया।

बैठक में नगर आयुक्त संजय चौहान, मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, डीएफओ, एसपी ग्रामीण, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. अरुण कुमार दुबे, पर्यटन अधिकारी के अलावा स्वास्थ्य, प्रदूषण, उद्योग, सिंचाई और अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करते जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह। ● अमृत विचार

विद्यालयों में रोड सेफ्टी क्लब का चिह्नीकरण

मुरादाबाद, अमृत विचार: राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा अभियान के तहत गुरुवार को माध्यमिक विद्यालयों में रोड सेफ्टी क्लब का चिह्नीकरण किया गया। जिनको अब माई भारत पोर्टल पर पंजीकृत किया जाएगा। यह सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के प्रति जागरूकता का प्रयास होगा।

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन आनंद निर्मल ने 27 दोपहिया वाहन चालकों के पीछे बैठे बिना हेलमेट लगाए लोगों को रोक कर उनके चालान किए। आठ लोगों ने सीट बेल्ट नहीं बांधा था उनका भी चालान टीम ने जांच अभियान के दौरान किया। गलत दिशा में गाड़ी चला रहे चार लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। अभियान में गोष्ठी, जागरुकता कार्यक्रम आदि के माध्यम से सड़क सुरक्षा के लिए लोगों को प्रेरित किया जाता है।

हाईकोर्ट बेंच की स्थापना को प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बेंच स्थापना की मांग को लेकर दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के पदाधिकारी व अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य से विरत रहकर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से भेजा।

केंद्रीय संघर्ष समिति के आह्वान पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बेंच की स्थापना की मांग को लेकर बृहस्पतिवार को अधिवक्ता न्यायालयों में न्यायिक कार्य से विरत रहे। दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के अध्यक्ष अशोक कुमार सक्सेना, महासचिव अभय कुमार सिंह के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य से विरत रहकर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट की बेंच स्थापना के लिए लंबे समय से संघर्ष कर रहे हैं। यह अधिवक्ताओं व वादकारियों के हित में है। स्थानीय स्तर पर हाईकोर्ट की बेंच होने पर आसानी होगी। इससे न्याय हित में बेहतरी रहेगी। अंत में प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन के माध्यम से भेजा गया।

प्रदर्शन करने वालों में सुनील सक्सेना, खलील अहमद, सुरेश चंद्र गुप्ता, हरिशंकर आर्य, रमा पांडेय, अलका शर्मा, कमल कौशल, प्रदीप सिन्हा, आनंद मोहन गुप्ता, परमाल सिंह, पारुल अग्रवाल, अभिषेक भटनागर, विश्वास गुंबर, संजीव राघव, आशीष उपाध्याय, अशोक सिंह, अहमद अली सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

कलेक्ट्रेट में हाईकोर्ट बेंच की मांग को लेकर प्रदर्शन करते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

मंडीबांस में हर्षोल्लास के साथ मनाया रामोत्सव

मुरादाबाद, अमृत विचार: महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल मंडीबांस में गुरुवार को रामोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसमें छात्र-छात्राओं ने राम और सीता मां के किरदार निभाए। जिसमें वह बहुत ही सुंदर दिख रहे थे।

इस दौरान रामदरबार की झांकी का आयोजन किया गया। इसमें कनिका ने सीतामाता, केशव ने रामजी, आदित्य ने लक्ष्मण ओमांश ने भारत और मानव ने शत्रुघ्न का किरदार निभाया। जबकि अजय हनुमान जी की भूमिका में रहे। छात्र-छात्राओं ने राम मंदिर का मॉडल बनाया। इस अवसर पर सचिव दिलीप कुमार, प्रधानाचार्य रश्मि ठाकुर ने रामदरबार की स्थापना की। इस दौरान शिवानी, सोनी, तनुषी, शिखा, सपना, प्राची, सुषमा, प्रकाश, देवेंद्र, राजकुमार, विवेक, सुशील, परवीन, अंकित आदि मौजूद रहे।

सेवामित्र पोर्टल एप पर घर बैठे मिलेंगी 50 जरूरी सेवाएं

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

▸▸ पैथोलॉजी सेवाओं के साथ-साथ बढ़ई, एसी व कंप्यूटर की मरम्मत भी करा सकेंगे

अमृत विचार: प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं में सेवायोजन विभाग की ओर से सेवामित्र पोर्टल sewamitra.up.gov.in पर घर बैठे जरूरी सेवाएं मिलेंगी। पैथोलॉजी सेवाओं के साथ-साथ बढ़ई, एसी व कंप्यूटर की मरम्मत भी करा सकेंगे।

प्रभारी सहायक निदेशक सेवायोजन सुशील कुमार ने बताया कि इस पोर्टल पर पंजीकृत सेवा प्रदाताओं के माध्यम से लोग 50 से ज्यादा सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे। इसमें पैथोलॉजी सर्विसेज, आरओ मरम्मत एवं इंस्टालेशन, कटिंग एंड टेलरिंग, इंटीरियर डिजाइनिंग, फर्नीचर मरम्मत, बढ़ई, टूर एंड ट्रैवेल्स, आईटी एवं हार्डवेयर, एसी व कंप्यूटर मरम्मत जैसी सेवाएं घर बैठे प्राप्त कर सकते हैं। इस पोर्टल के जरिए शहरी एवं ग्रामीण दोनों क्षेत्रों के लिए सेवाएं प्राप्त की जा सकेंगी। ग्राहकों को जिस प्रकार की सेवा चाहिए, वह पोर्टल पर उपलब्ध सर्विस प्रोवाइडर का चयन कर उसके कामगारों का ब्योरा देख सकते हैं तथा सर्विस बुक कर सकता है।

सर्विस पूरी होने पर सेवा का भुगतान एप के माध्यम से किया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक लोग कांठ रोड स्थित क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

तैयारी — आईडी में 12 डिजिट का यूनिक नंबर होगा, प्राइमरी से लेकर उच्च शिक्षा की रहेगी जानकारी

आधार की तर्ज पर हर छात्र की होगी यूनिक आईडी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : आधार कार्ड की तर्ज पर स्कूली बच्चों के लिए आपार (ऑटोमेटेड परमानेंट एकेडमिक अकाउंट रजिस्ट्री) आईडी कार्ड बनाने का काम जल्दी ही शुरू होगा। यह कार्ड आधार की तरह 12 डिजिट का यूनिक नंबर होगा।

इसमें प्रत्येक छात्र-छात्रा का पूरा एकेडमिक रिकॉर्ड, परीक्षा परिणाम, स्पोर्ट्स एक्टिविटीज, एक्स्ट्रा करीकुलर एक्टिविटीज या ओलंपियाड जैसी किसी भी मान्यता प्राप्त प्रतियोगिता में भागीदारी का सारा डेटा एक ही जगह पर आसानी से मिल सकेगा। बीएसए अजीत कुमार ने बताया कि आपार आईडी में प्राइमरी से लेकर उच्च शिक्षा तक हर विद्यार्थी का पूरा शैक्षिक रिकॉर्ड रहेगा। स्कूल, कॉलेज, यूनिवर्सिटी ट्रांसफर, सर्टिफिकेट सत्यापन, स्किल ट्रेनिंग, इंटर्नशिप, स्कॉलरशिप, अवॉर्ड, कोर्स क्रेडिट ट्रांसफर और अन्य सभी उपलब्धियां डिजिटल रूप में समाहित रहेंगी।

बताया कि छात्र-छात्राओं का आपार कार्ड बनने से शिक्षा क्षेत्र में डेटा संग्रह का काम आसान हो जाएगा। इससे केंद्र और राज्य सरकार को नीतियां बनाने और बजट प्रावधान में आसानी होगी।

अभिभावकों की सहमति से बनेगी आईडी

आपार आईडी आधार नंबर के जरिए जारी होगा। सिर्फ स्कूल-कॉलेज के माध्यम से ही बनेगी। माता-पिता/अभिभावकों की सहमति भी ली जाएगी। क्योंकि इसका डेटा शिक्षा संबंधी विभागों और संस्थानों के साथ साझा होगा। इसके तहत बच्चों का आधार वेरिफिकेशन किया जाएगा। आपार से जुड़े रिकॉर्ड डिजिलॉकर में उपलब्ध होंगे। इससे छात्र जीवन से जुड़ी हर एकेडमिक गतिविधि की अधिकारिक जानकारी इस नंबर के साथ उपलब्ध होगी। नौकरी पाने के लिए भी सीधे आपार नंबर का इस्तेमाल हो सकेगा। यही नहीं, नौकरी पाने के बाद स्किलिंग, रीस्किलिंग या अपस्किलिंग में भी इसी का इस्तेमाल हो सकेगा।

एक राष्ट्र-एक छात्र योजना की पहल

आपार आईडी की सिफारिश नई शिक्षा नीति में की गई थी। यह केंद्र सरकार की एक राष्ट्र-एक छात्र योजना की पहल का हिस्सा है। स्कूल-कालेजों से इस आईडी को बनाने का काम शुरू करने के लिए कहा है। अपार आईडी आधार नंबर के जरिए जारी होगी और स्कूल-कॉलेज के माध्यम से ही बनेगी। इसी आईडी से विद्यार्थियों का वेरिफिकेशन किया जाएगा। आपार से जुड़े रिकॉर्ड डिजिलॉकर में उपलब्ध होंगे।

ये मुश्किलें आसान होंगी

कोर्स क्रेडिट ट्रांसफर में आसानी होगी। मसलन किसी कोर्स के दो विषय आप पढ़ चुके हैं और अन्य विषय बाद में पढ़ते हैं तो इसमें जानकारी रहेगी कि आप दो विषय शुरुआत में पढ़ चुके हैं। ये दोबारा नहीं पढ़ने होंगे। आपार में सर्टिफिकेट वेरिफाइड रहेंगे। बार-बार वेरिफिकेशन का झंझट खत्म होगा। आपने स्कूली पढ़ाई पूरी की है या कोई डिग्री ली है, तो ऐसी सूचनाएं अपडेट होती रहेंगी। आप किसी योजना, कंसेशन, अवॉर्ड के योग्य हैं, तो आपार आईडी बताते ही संबंधित संस्था को पता चल जाएगा।

अटल आवासीय विद्यालय ग्राम पिपली में जानकारी लेते प्रमुख सचिव अनिल कुमार।

विद्यालय निर्माण की धीमी प्रगति पर चेताया

मुरादाबाद, अमृत विचार: प्रमुख सचिव श्रम एवं सेवायोजन विभाग अनिल कुमार ने गुरुवार को अटल आवासीय विद्यालय ग्राम पिपली तहसील बिलारी का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की धीमी प्रगति होने पर नाराजगी जताई।

मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह, जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह आदि के साथ प्रमुख सचिव अनिल कुमार पिपली पहुंचे। उन्होंने यहां बन रहे अटल आवासीय विद्यालय के निर्माण कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई। कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों को अप्रैल तक हर हाल में निर्माण कार्य पूरा कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग, उपायुक्त श्रम एवं सेवायोजन विभाग सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

शहर में आज

- नगर निगम की ओर से बुध बाजार में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान पूर्वाह्न 11:00 बजे।
- दिल्ली रोड स्थित मार्डन पब्लिक स्कूल में क्रिकेट प्रतियोगिता सुबह 10:00 बजे।
- संस्कृति विभाग की ओर से उत्तर प्रदेश पर्व हमारी संस्कृति हमारी पहचान के अंतर्गत संस्कृति उत्सव जिला पंचायत सभागार में सुबह 10:30 बजे।

एक नजर

बैंक एवं एटीएम के आसपास संदिग्धों से पूछताछ

मैनाठेर, अमृत विचार : क्षेत्र में गुरुवार को वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाकर बैंक तथा एटीएम तथा बैंकों के आसपास संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की जांच की। पुलिस टीम ने बैंक सुरक्षा ड्यूटी पर लगे सुरक्षाकर्मियों को निर्देश दिये। इस दौरान उपनिरीक्षक राखी शर्मा, शाने आलम आदि मौजूद रहे।

सर्राफ ने ग्राहकों को पुरस्कृत किया

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : श्रीराम ज्वेलर्स ने ग्राहकों को दीपावली ऑफर के रूप 10,000 की खरीद पर लगभग 1100 ग्राहकों को कूपन दिए थे। उनको गुरुवार को इनाम वितरण किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गौरव चौहान जिला अध्यक्ष व्यापार मंडल ने पर्ची निकाली। इसमें 150 ग्राहकों को ईनाम दिए गए। पहला इनाम हीरो होंडा मोटरसाइकिल, शेष को फ्रिज, वाशिंग मशीन, एलइडी टीवी, प्रेस, हीटर कंबल, वाटर कूलर आदि 150 पुरस्कार दिए हैं। इस मौके पर दिनेश वर्मा, राजा वर्मा, पूर्व अध्यक्ष सैफी, हारून अली, फैजल, कमलेश कुमार, रईस खां आदि ने ग्राहकों को ईनाम देकर सम्मानित किया।

दिनदहाड़े बाइक चोरी

मैनाठेर, अमृत विचार : क्षेत्र के ग्राम असालत नगर बघा निवासी मोहम्मद उवैश पुत्र यूनुस मैनाठेर ने बताया कि खजरा मार्ग को जाने वाले रास्ते पर प्रथमा बैंक के निकट अनवार हुसैन वेल्डिंग का काम करता है। बताया कि उसने अपनी बाइक स्प्लेंडर यूपी21सीएक्स6399 दुकान के सामने करीब चार बजे खड़ी की थी। जिसे अज्ञात बाइक चोर ले गया। उवैश ने आसपास के दुकानदारों से अपनी बाइक के बारे में पूछताछ की। लेकिन पीड़ित को बाइक की कोई जानकारी नहीं मिल सकी। जिसके बाद पीड़ित उवैस ने बाइक सूचना की जानकारी पुलिस को दी।

ट्रेनों की लेटलतीफी से यात्री परेशान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: लंबी दूरी की ट्रेनों के विलंब से चलने की वजह से सामान्य श्रेणी के कोचों में जगह पाने के लिए यात्रियों में मारामारी की स्थिति बन रही है। मेल और सुपरफास्ट ट्रेनों के सामान्य कोचों की यही स्थिति रही। लोकल ट्रेनों की स्थिति तो और भी गंभीर है।

गुरुवार को कोच में घुसने के लिए स्थानीय यात्री आपस में उलझ गए। दोनों दैनिक यात्री थे और ट्रेन की देरी की वजह से आरक्षित कोच में अनाधिकृत घुसने की वजह से आपस में उलझ गए। रेलवे पुलिस ने दोनों को समझाकर शांत कराया। हर दिन ट्रेनों की प्रतीक्षा से गुस्साए यात्री गंतव्य दिशा की ओर जाने वाली किसी भी ट्रेन में जगह लेने को मजबूर हो रहे हैं। रेलवे पुलिस और आरपीएफ के जवानों को यात्रियों को समझाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में चढ़ते यात्री। ● अमृत विचार

सुबह कर्मभूमि एक्सप्रेस 2 घंटा 24 मिनट, अप साइड की सुपरफास्ट सप्तक्रांति एक्सप्रेस सुबह 6 घंटा 23 मिनट देर से आई और लखनऊ की ओर जाने वाली सप्तक्रांति एक्सप्रेस बदली समयसारिणी के अनुसार 2 घंटा 30 मिनट देर से चलाई गयी। जनसाधारण एक्सप्रेस 4 घंटा 23 मिनट, राजधानी 1 घंटा 06 मिनट, अवध-असम 1 घंटा 27 मिनट, सियालदह एक्सप्रेस 2 घंटा 29 मिनट, लोहित 5 घंटा 12 मिनट, दुर्गियाना 1 घंटा 25 मिनट और काशी विश्वनाथ 2 घंटा 17 मिनट की देरी से आयी। जलियांवाला बाग एक्सप्रेस 8 घंटा 14 मिनट देर से चलने को सूचित है। ट्रेनों के देर से चलने की वजह से दैनिक यात्री मजबूर होकर मेल और अपने दिशा की ट्रेन में घुसने को मजबूर दिख रहे हैं। कोहरे की वजह से यात्री ट्रेनों के इंतजार में परेशान रहे।

शीतलहर से बढ़ी ठिठुरन, कोहरे से अभी कई दिनों तक राहत के आसार नहीं

पारा @4 डिग्री, घने कोहरे से दृश्यता 20 मीटर से कम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: गुरुवार को भी पूरे दिन कोहरा छाया रहा। शीतलहर से लोग ठिठुर गए। सड़क पर वाहनों की गति काफी धीमी रही। न्यूनतम तापमान चार डिग्री और जबकि अधिकतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस रहा। कड़ाके की ठंड से जनजीवन बेहाल रहा। शाम ढलते ही गलन से लोग और परेशान हो गए।

गुरुवार को सुबह से ही कोहरा छाया रहा। सुबह कोहरे के चलते दृश्यता बेहद कम 20 मीटर रही। वाहनों के हेडलाइट जलाकर लोग चले। पूरे दिन सर्द हवा के चलते ठिठुरन अधिक रही। कोहरे के चलते वाहनों की गति धीमी रही। ठंड से बचने के लिए लोगों ने घरों में हीटर, ब्लोअर का प्रयोग अधिक किया। जिससे खपत अधिक बढ़ने पर बिजली विभाग के इंतजाम ध्वस्त हो गए। जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने स्वयं रैन बसेरों का निरीक्षण कर व्यवस्था की निगरानी की।

जिला अस्पताल में ठंड में आग तापते लोग। ● अमृत विचार

ठंड में कांठ रोड पर ऐसे गुजरे लोग।

उन्होंने नगर निगम और प्रशासनिक अधिकारियों को भी रैन बसेरों में सभी प्रबंध रखने की निगरानी करने का निर्देश दिया। गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त प्रोफेसर एंड हेड मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह का कहना है कि ठंड और कोहरे से अभी राहत के आसार नहीं हैं। शीतलहर से ठंड और बढ़ रही है। अभी कुछ दिन घना और मध्यम कोहरा छाया रहेगा। दृश्यता कम रहने से वाहन चालकों को सावधानी बरतने की जरूरत है।

डिडौरा की मिलक में ध्वस्त किया निर्माण

तीन स्थानों पर 35 बीघा भूमि में अवैध तरीके से भू-विभाजन कर किया गया था निर्माण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम ने गुरुवार को अवैध भू-विभाजन कर कराए गए अवैध निर्माण को जेसीबी से ध्वस्त करा दिया। इससे आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया।

सहायक अभियंता केके शुक्ला के नेतृत्व में प्रवर्तन टीम ने शाहपुर रोड से ग्राम मलकद्दा रोड ग्राम डिडौरा की मिलक में इसराइल, शाकिर आदि द्वारा लगभग 10 बीघा भूमि में की अवैध तरीके से भू-विभाजन कर कराए अवैध निर्माण को जेसीबी से ध्वस्त कराया। प्रकरण में उत्तर प्रदेश नगर नियोजन अधिनियम के अंतर्गत वाद में ध्वस्तीकरण आदेश पारित था। जिसका टीम ने पालन कराया। इसी क्रम में खदाना झील के निकट ग्राम शाहपुर रोड ग्राम डिडौरा की मिलक में बंटी चौधरी द्वारा लगभग 10 बीघा क्षेत्रफल में किए अवैध निर्माण को भी टीम ने ढहाया। वहीं ग्राम शाहपुर रोड से ग्राम मलकद्दा रोड ग्राम डिडौरा की मिलक में विकास वर्मा और सतेंद्र कुमार आदि द्वारा लगभग 15 बीघा भूमि में की गई अवैध प्लॉटिंग में पारित ध्वस्तीकरण आदेश के क्रम में जेसीबी से अवैध निर्माण ध्वस्त कराया गया। कार्रवाई के दौरान प्राधिकरण के अवर अभियंता मनोज कुमार सिंह और प्रवर्तन टीम के कर्मचारियों के साथ थाना मझोला की पुलिस बल उपस्थित रही।

अवैध निर्माण तोड़ती प्राधिकरण की जेसीबी। ● अमृत विचार

- एमडीए की टीम ने ध्वस्तीकरण आदेश का कराया पालन
- कार्रवाई के दौरान मौजूद रहे पुलिसकर्मी

प्राधिकरण के उपाध्यक्ष शैलेश कुमार ने जन सामान्य से अपील करते हुए कहा कि प्राधिकरण से बिना मानचित्र स्वीकृत कराए कोई भी निर्माण कार्य न करें। ऐसा मिलने पर प्राधिकरण इसे कभी भी ध्वस्त करा सकता है। इसी प्रकार कई अन्य स्थानों पर अनियोजित रूप से अवैध भू-विभाजन कर कुछ लोगों द्वारा भूखंड पर निर्माण कराया जा रहा है ऐसे समस्त भूखंड अवैध हैं। ऐसे भूखंडों पर कोई भी निर्माण अवैध माना जाएगा। प्राधिकरण कभी भी ऐसे निर्माणों को चिह्नित कर ध्वस्त कर सकता है जिसकी समस्त जिम्मेदारी निर्माणकर्ता की होगी। इसलिए कोई भी भवन और भूखंड खरीदने से पहले उसके वैधता की जानकारी प्राधिकरण कार्यालय से अवश्य प्राप्त कर लें।

मंदिर के लिए ग्रामीण ले आए नई मूर्तियां

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद/मैनाठेर

अमृत विचार : मैनाठेर के नरौदा गांव में चामुंडा देवी मंदिर में खंडित मूर्तियों को हटा दिया है। पूर्व प्रधान हरिकिशन व गांव के अन्य लोग मिलकर गुरुवार को शनिदेव व हनुमान जी की नई मूर्तियां भी हरिद्वार से ले आए।

अब सभी इन मूर्तियों की 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम की तैयारी में जुट गए हैं। पूर्व प्रधान हरिकिशन ने बताया कि उनके गांव में आपसी भाईचारे में किसी ने बड़ी साजिश के तहत खलल डालने की कोशिश की है। लेकिन, सभी ने मिलकर बड़ी समझदारी का परिचय देते हुए खंडित मूर्तियों के संबंध में किसी भी समुदाय विशेष से विवाद न करते हुए नई मूर्तियों को लाकर स्थापित करने का निर्णय लिया है। बुधवार को पूर्व प्रधान और सोनू राठौर, अविनेश कुमार, शीश पाल सिंह व उमेश नई मूर्तियों को खरीदने के लिए हरिद्वार रवाना हुए थे। लेकिन, वहां मानसरोवर बाजार बंद था। इसलिए बुधवार को हरिद्वार में ही ठहरे और गुरुवार शाम छह बजे नई मूर्तियों लेकर निजी वाहन से गांव पहुंच गए। पूर्व प्रधान ने बताया कि वह 2005 से 2010 तक प्रधान रहे हैं और अब उनकी पुत्रवधु सुनीता प्रधान है। उन्होंने बताया कि उनके गांव में चामुंडा मंदिर काफी पुराना है और आसपास के क्षेत्र में इस मंदिर की बड़ी मान्यता है। साल में कई बार गांव के लोग भंडारा करते रहते हैं। मंदिर में नई मूर्तियों की स्थापना के लिए गांव के लोगों ने आपस में ही एक-दूसरे से सहयोग राशि एकत्र की और अब मूर्तियों के आने के बाद उनकी प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी शुरू कर दी है। ग्रामीणों ने बताया कि 22 जनवरी को अच्छा मुहूर्त है। इस दिन अयोध्या में मंदिर में भगवान श्रीराम भी विराज रहे हैं और उनकी मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा हो रही है। गांव के आपसी भाईचारे के माहौल से चामुंडा मंदिर के पुजारी प्रेमपाल सिंह भी काफी खुश हैं। उन्होंने बताया कि किसी शरारती तत्वों ने गांव के माहौल को खराब करने के लिए ही मंदिर में स्थापित शनिदेव व हनुमान जी की मूर्ति को खंडित कर दिया था। लेकिन, वह अपने मकसद में कामयाब नहीं हो सके। गांव में नई मूर्तियों के आ जाने से लोगों के बीच खुशी दोगुनी हो गई है।

नरौदा गांव में चामुंडा मंदिर में मौजूद पुजारी प्रेमपाल सिंह व अन्य। ● अमृत विचार

थानाध्यक्ष ने भी किया सहयोग

मैनाठेर थानाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह ने भी ग्रामीणों की मदद करते हुए उन्हें मंदिर परिसर में बाउंड्रीवॉल कराने के लिए ढाई हजार से अधिक ईंटों की व्यवस्था करा दी है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मंगलवार रात मंदिर में स्थापित खंडित की गई मूर्तियों के संबंध में गांव के किसी व्यक्ति ने आपत्ति न कर नई मूर्तियों को ले आए हैं और उन्हें मंदिर में स्थापित करने की तैयारी हो रही है।

नोटिस से पहले 15 दिन का समय मिले

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: तीनों टैक्स बार एसोसिएशन दि मुरादाबाद टैक्स बार एसोसिएशन, जोनल टैक्स बार एसोसिएशन और टैक्स बार एसोसिएशन द्वारा कमिश्नर राज्य कर लखनऊ को संबोधित ज्ञापन एडिशनल कमिश्नर ग्रेड 1 आरए सेठ को दिया। इसके माध्यम से टैक्स बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने जीएसटी के डीआरसी 07A में व्यापारियों को आ रही परेशानियों का निदान कराने की मांग की।

टैक्स बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि जीएसटी से पहले वैट कानून अस्तित्व में था। वैट से व्यापारियों को जीएसटी में माइग्रेट कराया। अब जीएसटी में एक नया फॉर्म डीआरसी 07A जोड़ा है। जिसमे वैट के अंतर्गत किसी व्यापारी की कोई मांग है अर्थात उस व्यापारी को वैट का भुगतान सरकार को करना है तो जीएसटी के डीआरसी 07A के तहत बिना सुनवाई के उस व्यापारी के जीएसटी के क्रेडिट लेजर से वैट की डिमांड समायोजित की जा रही है। इससे व्यापारियों का शोषण हो रहा है। वैट की जो डिमांड जीएसटी के डीआरसी 07A के तहत समायोजित की जा रही है उसमें बहुत व्यापारी ऐसे हैं जो वैट की डिमांड को पूर्व में जमा कर चुके हैं। परंतु विभाग द्वारा डिमांड रजिस्टर से ऐसे व्यापारियों की डिमांड खत्म नहीं की गई। राज्य कर विभाग द्वारा डीआरसी 07A जारी करने से पूर्व व्यापारियों को नोटिस जारी नहीं किया जा रहा है। पदाधिकारियों ने कहा कहा डीआर सी 07A जारी करने से पूर्व 15 दिन का समय व्यापारी को दिया जाना चाहिए। ज्ञापन देने वालों में राज कमल रस्तोगी, गोविंद प्रसाद मेहरोत्रा, सैय्यद आरिफ अली, लीलाधर, शाहिद हुसैन, राजदीप गोयल उपस्थित रहे।

एडिशनल कमिश्नर ग्रेट 1 आरए सेठ को ज्ञापन देते टैक्स बार एसोसिएशन के पदाधिकारी।

हत्यारों ने पुजारी को मारकर चैनल में अंदर से लगा दिया था ताला

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : प्राचीन शिव मंदिर के बुजुर्ग पुजारी मुन्ना लाल पुरी की हत्या मामले में पुलिस की जांच की सूईं नशेड़ियों पर घूम रही है। पता चला है कि अक्सर शाम को मंदिर पर सुल्फा पीने वालों की बैठक रहती थी। घटना देर रात की मानी जा रही है।

गुरुवार सुबह भटावली गांव के शशिपाल चाय के लिए दूध पहुंचाने मंदिर पहुंचे थे। देखा, महंत का शव यज्ञशाला में ही चारपाई पर लिहाफ के अंदर पड़ा था। उनके गले को किसी धारदार हथियार से गोदा था, जबकि यज्ञशाला के चैनल गेट पर अंदर की तरफ से ताला लगा हुआ था। बताया जा रहा है कि 12 साल पहले महंत मुन्ना लाल पुरी भटावली गांव से रामगंगा किनारे स्थित प्राचीन शिव मंदिर में आकर रहने लगे थे। जिस वक्त मुन्ना लाल आए थे, तब मुख्य पुजारी और महंत ठाकुरद्वारा के विजयपुर निवासी धर्मानंद थे। लेकिन, 2016 में धर्मानंद मंदिर की बागडोर अपने शिष्य मुन्ना लाल को सौंप कर चले गए थे। मंदिर में दिन में भटावली गांव और रामगंगा विहार, आशियाना समेत कई क्षेत्रों से लोग पूजा पाठ करने जाते थे। लेकिन, रात में महंत मंदिर में अकेले ही रहते थे। घटना की सुबह आठ बजे शशिपाल महंत को चाय के लिए दूध पहुंचाने गए थे। उन्होंने महंत को आवाज लगाईं लेकिन, कोई उत्तर नहीं मिला तो वह चिंतित हो गए थे। चैनल से झांक कर देखा तो महंत बेड पर पड़े नजर आ रहे थे। उसने भटावली गांव में अन्य लोगों को मामले की जानकारी दी। फिर यूपी डॉयल-112 पर कॉल कर पुलिस को बुलाया। चैनल गेट में अंदर की ओर से ताला लगा हुआ था। ताला तोड़कर पुलिस अंदर पहुंची तो महंत के गले पर किसी धारदार हथियार से हमले के निशान मिले और बेड पर खून भी फैला था। खबर मिलने पर पुलिस अधिकारी पहुंचे थे। डीआईजी मुनिराज जी और एसएसपी हेमराज मीना ने घटनास्थल का बारीकी से मुआयना किया। पुजारी के सुल्फा पीने की भी बात सामने आई है। खबर है कि सुल्फा पीने वाले कई लोगों को पुलिस ने उठाया भी है।

पुजारी की हत्या के बाद घटनास्थल का जायजा लेते डीआईजी। ● अमृत विचार

दो भाई-एक बहन में बड़े थे पुजारी मुन्ना लाल

पुजारी मुन्ना लाल पुरी दो भाई व एक बहन थे। इनमें वह बड़े थे। छोटे भाई रामनाथ व इनसे बड़ी बहन मुन्नी हैं, जो अलीगंज में ब्याही हैं। रामनाथ ने बताया कि घर में गरीबी थी। पिता के पास ढाई बीघे जमीन थी वह भी बिक गई तो वह 18-20 साल पहले मजदूरी के लिए परिवार संग पानीपत चले गए थे। रामनाथ पानीपत की एकता विहार कॉलोनी में रहकर बेलदारी करते हैं। बताया कि उन्हें गुरुवार सुबह 11 बजे बड़े भाई मुन्ना लाल की हत्या की सूचना मिली थी तो पत्नी गुड्डी व बेटे बब्लू के साथ रात के नौ बजे मुरादाबाद पहुंचे हैं। रामनाथ ने बताया उनके बड़े भाई 40 साल की आयु में महंत बन गए थे। वह अविवाहित थे। वह गांजा (सुल्फा) के शौकीन थे। रामनाथ के मुताबिक, पिछले महीने बेटे बब्लू की शादी बरेली में अपने गांव से की थी तो बड़े भाई मुन्ना लाल आए थे।

श्रद्धालुओं ने भी बताया पुजारी सुल्फा पीने के थे आदी

आशियाना फेज-एक के कई लोग प्राचीन शिव मंदिर में लगभग हर रोज शाम को दीप प्रज्जवलित करने जाते हैं। इन लोगों ने बातचीत में बताया है उनका पुजारी से अधिक मतलब नहीं रहता था। दीप प्रज्जवलित किए और घर चले आए लेकिन, हां वह लोग अक्सर देखते थे कि पुजारी सुल्फा पीने वालों के साथ व्यस्त हैं। श्रद्धालुओं ने बताया कि प्राचीन शिव मंदिर परिसर में कुल तीन मंदिर हैं। बाउंड्री नहीं है। मंदिर परिसर से लगभग 500 मीटर दूर उत्तर दिशा में रामगंगा नदी है। रवि चौधरी ने बताया कि मंदिर के पास ही गोशाला भी बन रही है।

आयोजन बिजनौर के कक्षा 11वीं के छात्र निकुंज व धैर्य सैनी का मॉडल प्रथम, पारकर इंटर कॉलेज में हुई प्रतियोगिता

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चुने सर्वश्रेष्ठ पांच मॉडल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद और जिला विज्ञान क्लब की ओर से गुरुवार को पारकर इंटर कालेज में मंडल स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता आयोजित हुई। विभिन्न विषयों पर मंडल से 90 मॉडल प्रस्तुत हुए, जिसमें से पांच सर्वश्रेष्ठ माडल को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चुना गया। बिजनौर के माडर्न एरा पब्लिक स्कूल में कक्षा 11वीं के छात्र निकुंज व धैर्य सैनी का ऑटोमेटिक सीवेज ओवर ट्रंकिंग सिस्टम विषय पर आधारित माडल प्रथम रहा। उन्हें पुरस्कार के रूप में 10,000 रुपये देकर सम्मानित किया गया।

चंदौसी में जगदीश सरन सर्राफ सरस्वती शिशु मंदिर में 12वीं के छात्र निपुण पाराशरी ने किसान जीवन रक्षक छड़ी माडल बनाया, जो आकर्षण का केंद्र रहा। उन्होंने दूसरे स्थान पर जगह बनाते हुए सात हजार रुपये का नकद पुरस्कार प्राप्त किया। तीसरे स्थान पर वनस्थली पब्लिक स्कूल में कक्षा नवीं की छात्रा आध्या गुप्ता व राधिका डागा रहे। इन्होंने टेक्मी फार्मिंग विषय पर माडल बनाया और पुरस्कार के रूप में पांच हजार रुपये प्राप्त किए। पारकर इंटर कालेज में कक्षा 12 वीं के उजाला सैनी ने सेंसर टेक्नोलॉजी मॉडल बनाया। आर्यंस इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा 12 वीं के छात्र आदित्य सिंह ने कंट्रोलिंग इंटेंसिटी साउंड विद द हेल्प आफ लाइट विषय पर अपना माडल प्रस्तुत किया। दोनों ही विद्यार्थियों को सांत्वना पुरस्कार के रूप के लिए दो-दो हजार रुपये देकर सम्मानित किया गया। विजेता विद्यार्थियों को क्षेत्रीय वैज्ञानिक अधिकारी सुरेश चन्द्र शर्मा, जेडी मनोज कुमार द्विवेदी और डीआईओएस डा.अरुण कुमार दुबे और पारकर इंटर कालेज के प्रधानाचार्य मेजर एसके नेथन ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। निर्णायक मंडल में डा. भारत भूषण अग्रवाल, डा. क्षितिज सिंघल, डा. अंजलि ढाका, डा. राजदीप सिंह और डा.दीपक मेहदीरत्ता रहे।

विज्ञान प्रदर्शनी में मॉडल के बारे में जानकारी देते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

सांपों से रक्षा करेगी किसान जीवन रक्षक छड़ी

अक्सर सुनने को मिलता है कि खेत में काम करते समय किसान को सांप ने डस लिया। इसमें कई बार किसान की मौत हो जाती है। इस परेशानी का हल चंदौसी में जगदीश सरन सर्राफ सरस्वती शिशु मंदिर में 12वीं के छात्र निपुण पाराशरी ने निकाला है। उन्होंने किसान जीवन रक्षक छड़ी बनाई है। जब इसे किसान अपने हाथ में लेकर खेतों में जाएगा। तो यह सांप के आसपास होने पर खुद ही बाइब्रेट होने लग जाएगी। जिससे किसान सतर्क हो जाएगा। साथ ही इसमें से निकलनी वाली आवाज से सांप खुद ही वहां से भाग जाएगा। निपुण ने बताया कि वह खुद एक किसान के बेटे हैं। इसलिए उन्होंने अपने पिता की परेशानी को देखते हुए इस छड़ी का निर्माण किया है। इस बनाने में उन्हें 6 माह लगे हैं। उनके इस मॉडल को प्रदर्शनी में दूसरा स्थान मिला।

केजीएमयू के अधिकारी ने दिए साक्ष्य

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : पूर्व मंत्री आजम खां के बेटे एवं पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम की उम्र निर्धारण मामले में गुरुवार को जिला न्यायालय में लखनऊ नगर निगम और केजीएमयू की शाखा क्वीन मैरी अस्पताल के अधिकारी तलब हुए। दोनों संस्थाओं के अधिकारियों ने साक्ष्य प्रस्तुत किए।

लखनऊ निगम से जारी जन्म प्रमाण पत्र में अब्दुल्ला आजम की जन्म तिथि 30 जुलाई 1990 अंकित है। नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विजय कुमार ने न्यायालय में अभिलेख प्रस्तुत किए हैं, जबकि क्वीन मैरी अस्पताल की स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अंजू ने भी अब्दुल्ला आजम के जन्म से संबंधित दस्तावेज न्यायालय को उपलब्ध कराए। न्यायालय ने प्रकरण में सुनवाई के लिए अगली तारीख 20 जनवरी तय कर दी है। अधिवक्ता दिनेश चंद्र पाठक ने बताया कि नगर निगम व क्वीन मैरी अस्पताल की ओर से प्रस्तुत किए गए साक्ष्य में क्या कहा गया है, इस बारे में अगली पेशी पर जानकारी मिल सकेगी। दरअसल, छजलैट के 16 साल पुराने मामले में न्यायालय ने पूर्व सांसद आजम खां और उनके बेटे पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम को दो-दो साल की सजा सुनाई थी। इस आदेश को अब्दुल्ला आजम ने चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। इसमें उन्होंने बताया था कि जिस वक्त घटना हुई थी, वह नाबालिग थे। जिसकी किशोर न्यायालय में सुनवाई होनी चाहिए थी। सुप्रीम कोर्ट ने जिला जज को मामले में सुनवाई के निर्देश दिए थे। जिला न्यायाधीश डॉ. अजय कुमार की अदालत में सुनवाई चल रही है। कुछ दिनों पहले अब्दुल्ला आजम की मां डॉ. तजीन फात्मा ने कोर्ट में बयान में बताया था कि अब्दुल्ला आजम का जन्म 30 सितंबर 1990 को लखनऊ स्थित केजीएमसी की शाखा क्विन मैरी अस्पताल में हुआ था।

हाईस्कूल के अंकपत्र में एक जनवरी 1993 अंकित है तिथि

अब्दुल्ला आजम ने रामपुर के सेंट पॉल स्कूल में शुरुआती पढ़ाई की थी। सेंट पॉल स्कूल से अब्दुल्ला को मिली हाईस्कूल की मार्कशीट व प्रमाण पत्र में इनकी जन्मतिथि एक जनवरी 1993 अंकित है। तीसरा जन्म प्रमाण पत्र रामपुर नगर निगम की तरफ से जारी है, इसमें भी जन्म तिथि वर्ष 1993 अंकित है। मुरादाबाद न्यायालय में इनकी पैरोकारी कर रहे अधिवक्ता दिनेश चंद्र पाठक ने बताया कि जब अब्दुल्ला आजम विधान सभा क्षेत्र का चुनाव लड़े थे, उसमें 30 सितंबर 1990 की जन्म तिथि वाले दस्तावेज शामिल किए थे। अर्थात नामांकन पत्र में केवल रामपुर नगर निगम की तरफ से जारी जन्म प्रमाण पत्र संलग्न किया था। इसमें उनकी जन्मतिथि 30 जुलाई 1990 अंकित है।

एक नजर

हत्या के दोषी को सश्रम आजीवन कारावास की सजा

मुरादाबाद, अमृत विचार : संभल जिले के थाना नखासा क्षेत्र के गांव फतेहउल्ला गंज के लाल सिंह की बेटी की हत्या करने वाले अभियुक्त जितेन्द्र उर्फ नन्हे को गुरुवार को सश्रम आजीवन कारावास और एक लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई गई है। यह आदेश न्यायालय एडीजे-सात की कोर्ट के न्यायाधीश सियाराम चौरसिया ने पारित किया है। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता महेन्द्र सिंह ने बताया कि हत्या के मामले में मृतक के पिता लाल सिंह ने 26 फरवरी 2021 को मझोला थाने में मामला दर्ज कराया था। सजा पाया अभियुक्त जितेन्द्र उर्फ नन्हे पुत्र देवीराम मझोला थाना क्षेत्र में गागन वाली मैनाठेर का रहने वाला है। उन्होंने बताया कि घटना गागन वाली गली में ही हुई थी। इस मामले की विवेचना अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार यादव ने की थी। अभियुक्त ने वादी की पुत्री की गला दबाकर हत्या कर दी थी।

तीन पंचायत सचिवों को प्रतिकूल प्रविष्टि

मुरादाबाद, अमृत विचार : मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव ने गुरुवार को विकास भवन सभागार में ग्राम पंचायतों में कराए जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। पंचायत निधि खर्च न करने पर तीन पंचायत सचिवों को प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के निर्देश दिए। गुरुवार को विकास भवन सभागार में विकास खण्ड-कुन्दरकी, मुरादाबाद, बिलारी तथा मूंढापांडे के पंचायत सचिव, सहायक विकास अधिकारी और खंड विकास अधिकारी मौजूद रहे। सीडीओ ने ग्राम पंचायतों में अवशेष धनराशि पड़ी रहने पर सचिवों को कड़ी चेतावनी देते हुये 07 ग्राम पंचायतों में न्यूनतम व्यय रहने के कारण पंचायत सचिव राम प्रकाश सिंह व सीमा ग्राम के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही पंचायत सचिव रविराज सिंह, अजय कुमार व सतीश सागर को कम व्यय करने के कारण प्रतिकूल प्रवृष्टि दिये जाने के निर्देश दिए। समस्त ग्राम पंचायतों में ऑपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत स्कूलों, आंगनवाड़ी केन्द्रों के अवशेष कार्यों को 31 जनवरी तक पूर्ण करने के निर्देश दिए।

दीवार लेखन किया

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी के दीवार लेखन कार्यक्रम के तहत सुरजननगर बूथ पर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने दीवारों पर भाजपा का चुनाव चिन्ह कमल का फूल बनाया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लोकसभा चुनाव 2024 में एक बार फिर बहुमत से भाजपा की सरकार बनाकर देश को विश्वगुरु बनाने का संकल्प लिया। इस दौरान भाजपा नेता ठाकुर अजय प्रताप सिंह, विकास कुमार, लव कुमार, सोनी विशनोई, आदेश सिंह, विशाल राणा, हर्ष, दीपक मौजूद रहे।

यूट्यूबर टीम की फिर बढ़ी मुश्किलें

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

सिविल लाइंस थाने में शिकायती पत्र देते एबीवीपी के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

अमृत विचार: महानगर के यूट्यूबर अमीर टीआरटी टीम की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। बीते दिनों रिलीज हुई एक विडियो में वकीलों को गलत तरीके से दर्शाने के मामले में एक वकील ने उनके खिलाफ कोर्ट में केस दर्ज किया। अब एमआईटी में आयोजित कार्यक्रम में अभद्र भाषा के प्रयोग के विरोध में एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने सिविल लाइंस थाने में शिकायत की है।

एबीवीपी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में गुरुवार को एमआईटी कॉलेज पहुंचे। जहां उन्होंने यूट्यूबर अमीर टीआरटी टीम के खिलाफ नारेबाजी करते हुए स्कूल प्रशासन से शिकायत की। विभाग संयोजक अमन शर्मा ने कहा 14 जनवरी को कॉलेज में एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें टीआरटी टीम के लोगों द्वारा सार्वजनिक मंच से बहन बेटियों को अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया गया। साथ ही अभद्र टिप्पणियों का प्रयोग करके समाज का माहौल बिगाड़ने का काम किया। उन्होंने कहा ये घटना अत्यन्त दुर्भाग्यपूर्ण हैं और समस्त नारी का अपमान हैं। इस कार्यक्रम के आयोजक और चैनल वाले दोनों ही दोषी हैं। उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं की जाती तो, विद्यार्थी परिषद बड़ा आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेगा। शैक्षिक संस्थान पर इस तरीके की घटना बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रांत सह-संयोजक सरल शर्मा ने कहा इस घटना पर कॉलेज प्रशासन का मौन रहना चिंता का विषय हैं। कॉलेज की तरफ से कोई भी आपत्ति नहीं दर्ज कराई कई हैं। कार्यकर्ताओं ने सिविल लाइंस थाने में शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। इस अवसर पर विभाग संगठन मंत्री पुनीत अग्रवाल, महानगर मंत्री रितिक चौहान, महानगर सहमंत्री अश्मित चौधरी, शिवांगी शर्मा, मेघना प्रजापति, मानसी शर्मा, सचिन राजपूत, छविनाथ अरोड़ा, शिवा शर्मा, अनिकेत सागर, सनी सिंह, मनीष, पायल यादव, प्रियांशु तोमर, अंशुल सैनी, ओम गुप्ता आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जितेंद्र सिंह से शस्त्र वरासत मामले में वारिसान की तस्दीक करने के नाम पर ली थी घूस

10,000 रुपये की रिश्वत लेते लेखपाल गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद/भगतपुर

▸▸ भगतपुर थाने में एंटी करप्शन टीम के अधिकारियों ने आरोपी लेखपाल के विरुद्ध दर्ज कराया मामला

अमृत विचार: भ्रष्टाचार निवारण संगठन मुरादाबाद इकाई ने सदर तहसील के लेखपाल नफीस अहमद को 10,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ दबोचा लिया। लेखपाल नफीस अहमद भगतपुर थाना क्षेत्र के ग्राम चतरपुर नायक (फरासियापुर) के जितेंद्र सिंह से रिश्वत ले रहा था। इस पूरे मामले में भ्रष्टाचार निवारण संगठन की ट्रैप टीम प्रभारी इंस्पेक्टर विनोद कुमार के नेतृत्व में कार्रवाई की गई है। ट्रैप टीम के अधिकारी रिश्वतखोर लेखपाल नफीस अहमद के विरुद्ध भगतपुर थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है।

अधिकारियों ने बताया कि उन्होंने बहादुरपुर पट्टी गांव में मधुसूदन डेयरी पर लेखपाल को पकड़ा है। लेखपाल ने शिकायतकर्ता जितेंद्र सिंह से वारिसों की तस्दीक करने के नाम पर 10,000 रुपये रिश्वत ली थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि 19 सितंबर 2023 को उसके पिता टोढ़ा सिंह का देहांत हो गया था। उनके नाम पर एक राइफल और रिवाल्वर थी।

जिसके लिए वारिसान बनवाकर अपनी भतीजे चर्चित कुमार के नाम पर दर्ज करने के लिए प्रयासरत थे। उन्होंने बताया कि समस्त कार्रवाई पूरी करते हुए उन्होंने 18 दिसंबर 2023 को जिलाधिकारी कार्यालय में प्रार्थना पत्र दाखिल किया था, उनके इस आवेदन पर आयुध लिपिक ने 16 दिसंबर 2023 को डाक वही नंबर-441 पर चढ़कर एसडीएम सदर के कार्यालय में भेजा था। एसडीएम सदर कार्यालय में डाक वही नंबर 1350 पर 16 दिसंबर 2022 को कलेक्ट्रेट के कर्मचारियों ने उस आवेदन को प्राप्त कराया था। शिकायतकर्ता जितेंद्र सिंह का कहना है कि 3 जनवरी के दिन उन्होंने उस संबंधित प्रार्थना पत्र के संबंध में क्षेत्रीय लेखपाल नफीस अहमद से मिले थे।

उन्होंने उनसे कहा था कि आपके वारिसानों की तस्दीक करनी है, जिसके एवज में लेखपाल ने उनसे सुविधा शुल्क के तौर पर 10,000 रुपये की रिश्वत मांगी थी। लेखपाल के विरुद्ध कार्रवाई में भ्रष्टाचार निवारण संगठन की टीम में इंस्पेक्ट विनोद कुमार, मोहम्मद इश्तियाक, नवल मारवाह और हेड कांस्टेबल सतीश कुमार, कृष्णपाल सिंह एवं कांस्टेबल दीपक कुमार, राहुल कुमार, प्रियांकुर एवं मिंटू सिंह शामिल रहे।

पुलिस की गिरफ्त में आरोपी लेखपाल।

मोदी का लाइव-शो देख कार्यकर्ता उत्साहित

गुलाबबाड़ी में जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता और लाभार्थियों ने एक साथ सुना संबोधन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

गुलाबबाड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बड़ी एलईडी स्क्रीन पर सुनते नगर विधायक रितेश गुप्ता व अन्य भाजपाई। ● अमृत विचार

अमृत विचार: विकसित भारत संकल्प यात्रा का लाइव शो ने कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों को रोमांचित कर दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्क्रीन से सभी को बांधे रखा। बीच- बीच में उनकी बात और सुझाव सुनकर कार्यकर्ता ताली बजाकर उनके समर्थन में अपनी राय व्यक्त कर रहे थे। कार्यक्रम का संयोजन भाजपा महानगर की ओर से किया गया।

प्रत्येक रविवार को प्रधानमंत्री के मन की बात सुनने वालों के लिए यह अनुभव दूसरा था। वैसे प्रधानमंत्री पार्टी के विभिन्न अनुष्ठानों में कार्यकर्ताओं से स्क्रीन पर आते रहते हैं लेकिन, गुरुवार का रोमांच कुछ और था। एक मंच और पंडाल में सभी एकत्र थे। गुलाबबाड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विकसित भारत संकल्प यात्रा का लाइव संबोधन तालियों की गूंज से कई बार नवाजा गया।

भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के दो महीने पूरे हो चुके हैं। इस यात्रा में चलने वाला विकास रथ विश्वास रथ है। अब उसे लोग गारंटी वाला रथ भी कह रहे हैं। ये विश्वास है कि कोई भी योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहेगा। इसलिए जिन गांवों में मोदी की गारंटी वाली गाड़ी अभी नहीं पहुंची है, वहां अब इसका बेसब्री से इंतजार हो रहा है।

जब प्रधानमंत्री ने इस बात का ऐलान किया कि पहले ये यात्रा हमने 26 जनवरी तक सोची थी, लेकिन यात्रा को इतना समर्थन मिला है, इसलिए हम इसे आगे बढ़ा रहे हैं। यह सुनकर कार्यकर्ता नारे लगाने लगे। इस मौके पर नगर विधायक रितेश गुप्ता, विधान परिषद सदस्य डा.जयपाल सिंह व्यस्त, भाजपा महानगर महामंत्री कमल गुलाटी, नगर आयुक्त संजय चौहान, राहुल शर्मा, युवा नेता पंकज शर्मा आदि उपस्थित रहे।

यह लोग रहे मौजूद

विधान परिषद सदस्य डा .जयपाल सिंह व्यस्त, नत्थूराम कश्यप, कटघर मंडल अध्यक्ष राजीव शर्मा, मंडल महामंत्री दिनेश शुक्ला व सचिन राघव, दिनेश सिसोदिया, नवदीप टंडन, शमी भटनागर, मुकेश भारद्वाज, मदालसा शर्मा, सुनीता शर्मा, हरीश जाटव, पंकज शर्मा, राजेश सूर्या, निमित जायसवाल, डा .गौरव श्रीवास्तव, राजू कालरा, अभिषेक राठौर, सूर्यमोहन शमसेरी, प्रभात सक्सेना, कुलदीप नारायण सिंह, योगेंद्र रस्तोगी, चंद्र प्रजापति, रानी सैनी, सीमा भोला, हरीश प्रजापति, भगवान दास, मुंशीराम कश्यप आदि उपस्थित रहे।

दुकान में नकदी समेत 30 लाख का सामान चोरी

मुरादाबाद, अमृत विचार: आंबेडकर मार्केट टाउनहाल में आर्टीफिशियल ज्वैलरी दुकान में हुई चोरी मामले में व्यापारी ने पांच लोगों को नामजद किया है, जबकि 15 अन्य अज्ञात व्यक्तियों को भी इस मामले में आरोपी बनाया गया है।

दीनदयाल नगर के अशोक मदान ने पुलिस को बताया है कि नगर निगम की दुकान आंबेडकर मार्केट टाउनहाल में 30 वर्षों से है। 15 जनवरी की रात 11 बजे आरोपी आए और दुकान का ताला तोड़कर सामान चोरी कर ले गए। चोरी हुए सामान की कीमत पीड़ित ने पुलिस को 30 लाख रुपये बताई है। इस मामले में अशोक मदान ने एमडीए दीनदयाल नगर के शशि अरोड़ा, कार्तिक अरोड़ा, विनायक अरोड़ा और रामगंगा विहार के संजू शर्मा व इनकी पत्नी अनु शर्मा को नामजद किया है। अशोक ने पुलिस को बताया है कि उन्होंने 28-30 साल पहले शशि अरोड़ा से यह दुकान किराए पर ली थी। अब शशि अरोड़ा जबरन दुकान खाली कराना चाह रही थीं। 15 जनवरी को रात 11 बजे शशि आरोपियों संग चोरी छिपे उनकी दुकान पर पहुंची और ताले तोड़कर शटर काटकर सीसीटीवी कैमरे भी निकाल ले गईं। उनकी दुकान कोतवाली थाने के पास है।

जन सेवा केंद्र से छह लाख की नकदी व तीन मोबाइल चोरी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

रिपोर्ट दर्ज

▸▸ भांजे के ऑपरेशन के लिए लोन में लिए 2.90 लाख भी केंद्र में रखे थे

अमृत विचार : चक्कर की मिलक में प्रथमा बैंक के पड़ोस स्थित वैष्णवी जनसेवा केंद्र में छह लाख रुपये नकद व तीन मोबाइल चोरी का मामला सामने आया है। इस मामले में जन सेवा केंद्र संचालक मनोज सैनी ने सिविल लाइन थाने में अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि बुधवार आधी रात के बाद उनकी केंद्र में चोरी हुई है। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी फुटेज में नकाबपोश दो चोर चोरी करते दिख रहे हैं।

मनोज सैनी ने बताया कि भांजे शौर्य सिंह के ऑपरेशन के लिए 2.90 लाख रुपये लोन लिया था। भांजा फरीदाबाद में अमृता अस्पताल में भर्ती है। यह रुपये भी केंद्र में ही रखे थे। इसके अलावा उनके पास भारतीय स्टेट बैंक की मिनी ब्रांच है, उससे संबंधित लेनदेन का रुपया रखा था। इस तरह कुल करीब 6 लाख केंद्र में रखे थे। बताया कि शौर्य की मां पूजा उनकी बड़ी बहन हैं, जो बरेली में बतौर कांस्टेबल तैनात भी हैं। मनोज सैनी ने बताया कि उनके पिता मान सिंह ऑटो रिक्शा चलाते हैं और वह दोनों भाई जन सेवा केंद्र संचालित करते हैं। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है कि रात के 12 बजे के बाद दोनों चोर पैदल दुकान के पास आए हैं और दुकान से सटे जीने के दरवाजे पर लगे ताले का काफी देर तक तोड़ा है। फिर जीने से सीधे दुकान में आने वाले रास्ते पर प्लाई का दरवाजा लगा है, जिसे उन लोगों काट दिया है। इसके बाद दुकान में करीब आधे घंटे तक रुककर चोरी की है। बताया कि दुकान में नेट मॉडम के नीचे सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर रखी थी, उसे वह नहीं ले जा पाए हैं। लेकिन, नेट कनेक्टिविटी को कुछ देर बाद काट दिया तो उसके बाद की फुटेज नहीं है। बुधवार रात में उनके जन सेवा केंद्र के आसपास लाइट भी गुल थी। इस मामले में थानाध्यक्ष सिविल लाइन राम प्रसाद शर्मा ने बताया कि मामला जानकारी में है। एफआईआर दर्ज कर ली है। आरोपियों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

युवाओं को राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित किया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

चित्रगुप्त इंटर कॉलेज में शिविर में छात्रों को जानकारी देते डॉक्टर विशेष गुप्ता।

▸▸ स्वयंसेवकों ने मोरा मुस्तकम गांव में चलाया स्वच्छता अभियान

अमृत विचार: चित्रगुप्त इंटर कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना का 7 दिवसीय विशेष शिविर का गुरुवार को आरंभ हुआ। उद्घाटन मुख्य अतिथि ने सरस्वती मां के चित्र के समक्ष दीप जलाकर किया।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजीव कुमार ने शिविर के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि 7 दिवसीय शिविर में स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम मोरा मुस्तकम में स्वच्छता अभियान, कौशल विकास, पर्यावरण संरक्षण, सड़क सुरक्षा, मद्य निषेध, मतदाता जागरूकता सहित अनेक विषयों पर जनजागरण किया जाएगा। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश बाल संरक्षण आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विशेष कुमार गुप्ता ने कहा कि जहां एक ओर स्कूली शिक्षा विषयों का ज्ञान कराती है। वहीं दूसरी ओर राष्ट्रीय सेवा योजना जैसी योजनाएं हमारा सामाजिक विकास करती है। युवा इसके माध्यम से समाज और राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों से परिचित होते है। इस अवसर पर पूर्व प्रधानाचार्य डॉ. देवेन्द्र सिंह ने युवाओं को राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित किया। संचालन डॉ. विशेष कुमार शर्मा ने किया। इस अवसर पर विवेक कुमार सिंह, अंकित सिंह, केशव अग्रवाल, उज्जवल रुहेला, जयपाल सिंह, राजू शर्मा आदि मौजूद रहे।

गो-रक्षक दल के जिला अध्यक्ष से मारपीट

अगवानपुर, अमृत विचार : नगर पंचायत के मोहल्ला पुरानी पुलिस चौकी निवासी गो-रक्षक दल के जिला अध्यक्ष कामेश सिंह लोधी बुधवार को मंदिर/धर्मशाला गए थे। वहां हरपाल, किशन पुत्र चेतराम, लक्ष्मण पुत्र डालचंद, रामू पुत्र नंदराम, रवि पुत्र नेतराम, करन पुत्र रामस्वरूप वहां पहले से ही मौजूद थे। जिन्होंने गो-रक्षक दल के जिला अध्यक्ष के साथ मारपीट की।

जिला अध्यक्ष ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बताया कि मेरे विरोध करने पर भी इन लोगों ने मेरे साथ मारपीट की और स्कूटी में भी नुकसान किया है। जिला अध्यक्ष ने पुलिस पर आरोप लगाते हुए कहा कि मैंने घटनास्थल से ही चौकी इंचार्ज को फोन किया था लेकिन फोन नहीं उठाया। पुलिस चौकी पहुंचने पर भी कोई सुनवाई नहीं हुई।

छात्रों के दो गुटों में बवाल के तीसरे दिन चार नामजद

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में रामगंगा विहार में मंगलवार को मुरादाबाद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआइटी) के छात्रों के दो गुटों में जमकर बवाल हुआ था। इस मामले में गुरुवार को चार लोगों के विरुद्ध नामजद एफआईआर दर्ज हुई है। यह रिपोर्ट गुरुवार सुबह आशियाना निवासी छात्र अभित कुमार ने दर्ज कराई है।

पुलिस इस पूरे मामले में घटना के दो दिन तक जांच के बाद अब तीसरे दिन निर्णय पर पहुंची है। पुलिस के मुताबिक, उसने जान लिया है कि मामले में कौन पक्ष गलत है और कौन सही। इसके लिए पुलिसकर्मियों ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज की जांच की है। फिलहाल, मंगलवार को जिस तरह से दोनों गुटों के छात्रों ने बवाल किया था, उससे जाहिर कि यदि मौके पर पीआरवी 112 न आती तो कार सवार छात्रों के साथ अनहोनी हो जाती। कार सवार छात्रों को दूसरे गुट के छात्रों ने बाइकों से घेर लिया था। कार सवार दोनों छात्रों ने खुद का बचाव करते हुए बी-फार्मा के छात्र की बाइक में टक्कर मारकर उसे 500 मीटर तक सड़क पर घसीटा था।

बी-टेक द्वितीय वर्ष के छात्र अभित कुमार पुत्र मुकेश कुमार ने पुलिस को बताया कि वह आशियाना फेज-एक बी-1231 के रहने वाले हैं। घटना के दिन शाम चार बजे के समय वह अपने दोस्त अर्पित चौधरी पुत्र कृष्ण वीर सिंह निवासी हरथला के साथ कॉलेज से कार से घर लौट रहे थे। कार को अर्पित चला रहा था। रास्ते में सीएल गुप्ता वर्ल्ड स्कूल के सामने पहुंचे ही 10-12 बाइकों से सवार कई लोगों ने अपनी बाइकें उनकी कार के आसपास लगी दीं और तमंचों से 2-3 राउंड फायर की। अभित का कहना है कि इन दबंगों ने उन्हें गालियां दीं और कार के अंदर से खींचने का प्रयास करने लगे तो उन्होंने अपनी जान बचाने के लिए कार को आगे बढ़ा दिया। उसी दौरान सामने खड़ी बाइक कार से टकराकर गिर गई लेकिन, वह डरा था। अपनी जान बचाने की कोशिश में कार को रोका नहीं और बाइक सड़क पर घिसटती रही। फिर आरोपी हमलावरों ने बाइकों से पीछाकर गजल बार सीएल गुप्ता आई इंस्टीट्यूट चौराहे पर रोक लिया। यहां लगभग 15-20 लोग थी। इन लोगों ने हॉकी, लोहे की रॉड, ईंटा-पत्थर से उनकी कार पर हमला कर दिया। कार के सभी शीशे तोड़ डाले। यही नहीं, आरोप है कि अभित और अर्पित दोनों को इन आरोपियों ने कार से बाहर निकालकर जमकर पीटा भी है। मौजूद लोगों ने उन दोनों (अभित-अर्पित) की जान बचाई।

फायरिंग नहीं हुई थी, प्रदीप को मिली जमानत

रामगंगा विहार पुलिस चौकी प्रभारी राजविंदर कौर ने बताया कि घटनास्थल और उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में घटना स्पष्ट हो रही है। इसके बाद मामले में कार्रवाई की गई है। हिरासत में लिए छात्र प्रदीप पुत्र प्रीतम सिंह को गुरुवार को सिटी मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया था, जहां से वह जमानत पर छूट गया है। प्रदीप मनोहरपुर मझोला का रहने वाला है। उन्होंने बताया कि जिस बाइक को कार सवार ने घसीटा था वह बाइक छात्र वंश चौधरी की है। वंश और उसके अन्य नामजद साथियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगी है। चौकी प्रभारी ने घटनास्थल पर किसी भी पक्ष से फायरिंग होने की बात से इनकार किया है।

यह छात्र हुए हैं नामजद

मोरा की मिलक का वंश जटराणा उर्फ वंश चौधरी व प्रियांशु चौधरी, मनोहरपुर मझोला का प्रदीप पुत्र प्रीतम सिंह और जेवड़ा पाकबड़ा का पंकज पाल और इनके अलावा कई छात्रों को अज्ञात के तौर पर आरोपी बनाया है।

सुरजननगर में सेनानियों के परिजनों को सम्मानित करते ठाकुर अजय प्रताप सिंह। ● अमृत विचार

स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों का सम्मान किया

ठाकुरद्वारा/सुरजन नगर, अमृत विचार: गुरुवार को सुरजननगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मेरठ प्रान्त ने ग्राम उदय गतिविधि का कार्यक्रम ग्राम प्रधान वीर सिह के नेतृत्व में हुआ।

कार्यक्रम का आंरभ भारत मां की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। जिसके मुख्य अतिथि राजकुमार सिंह प्रान्तीय सह प्रचारक ने कार्यक्रम में उपस्थित व्यक्तियों से निस्वार्थ देश की सेवा तन मन और धन से करने को कहा। उन्होंने कार्यक्रम के समापन पर क्षेत्र के स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों व फौजियों को माला पहनाकर और शील्ड देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ठाकुर अजय प्रताप सिंह, ग्राम प्रधान वीर सिंह, कपिल कुमार, टिकेंद्र आर्य, सुरेन्द्र सिंह, भूपेंद्र चौहान व्यापार मण्डल अध्यक्ष, सुशील विश्नोई, करतार सिंह, अजय कुमार, मनोज कुमार, कपिल कुमार आदि उपस्थित रहे।

लोकसभा चुनाव की रणनीति बनाई

संवाददाता, बिलारी

बैठक को संबोधित करते भाजपा पदाधिकारी। ● अमृत विचार

अमृत विचार : नगर में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा अभिनव चौधरी के आवास पर लोकसभा चुनाव को लेकर संचालन समिति के बैठक हुई। जिसमें आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर रणनीति तैयार की गई।

गुरुवार को बैठक में लोकसभा क्षेत्र प्रभारी राकेश सिंह पहुंचे। जहां उन्होंने लोकसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां दीं। आगामी कार्यक्रम को लेकर रणनीति तैयार की गई। बैठक में बताया कि सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता आगामी कार्यक्रमों को लेकर पूरी तरह से जुट जाएं। माहौल को भाजपा के पक्ष में करने पर जोर देते हुए कहा कि क्षेत्र से भाजपा का सांसद बनना है। लिहाजा कार्यकर्ता अभी से सरकार की नीतियों को जन जन तक पहुंचाएं।

बैठक में लोकसभा संयोजक पंकज गुप्ता, विधानसभा क्षेत्र प्रभारी राजू कालरा, जिला पंचायत सदस्य विश्वास यादव, विधानसभा क्षेत्र शहर संयोजक हेमंत शर्मा, मीडिया प्रभारी पवन शर्मा, आईटी संयोजक आदित्य शख्यधार, मंडल अध्यक्ष अवनीश चौधरी, देवदत्त दिवाकर, बिलारी नगर अध्यक्ष विकास गुप्ता, हरिओम सैनी के अलावा मंडल के महामंत्री व संचालन समिति के सदस्य मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
मुरादाबाद संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm /1000 with GST
साइज -------10cmX8cm /1500 with GST
साइज -------15cmX8cm /2000 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
कार्यालय :-
एलआईजी-23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड, मुरादाबाद
सम्पर्क सूत्र: 7417134445, 9536644295

एक नजर

पॉलीथिन के प्रयोग पर वसूला जुर्माना

कांठ, अमृत विचार : नगर पंचायत ऊमरी कलां में नगर पंचायत कर्मियों ने प्रतिबंधित पॉलीथिन का प्रयोग करने पर चालान काटकर जुर्माना वसूला। राज्य सरकार के स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के अन्तर्गत 14 से 21 जनवरी तक स्वच्छ तीर्थ व क्लीन सिटी एवं प्लास्टिक मुक्त अभियान चलाने के निर्देश दिए गये थे। जिस पर गुरुवार को नगर पंचायत ऊमरी कलां में क्लीन सिटी एवं प्लास्टिक मुक्त अभियान चलाया। जिसमें 1.200 किलो पॉलीथिन जब्त कर 1400 रुपये का जुर्माना वसूला गया। अधिशासी अधिकारी श्वेतांक सारस्वत नगर पंचायत ऊमरी कलां ने पॉलीथिन का उपयोग नहीं करने की चेतावनी दी। उन्होंने व्यापारियों को बताया कि पॉलीथिन का प्रयोग नागरिकों के स्वास्थ्य में अहितकर है। उन्होंने अभियान के तहत जयकुमार लिपिक, सुरेंद्र सिंह लिपिक, परम सिंह, जफर अहमद आदि उपस्थित रहे।

राम ज्योति मंदिर में होंगे धार्मिक अनुष्ठान

कांठ, अमृत विचार : अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर में होने वाली प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर श्री राम ज्योति मंदिर में पूजा अर्चना आदि धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन 22 जनवरी को होगा। मोहल्ला फकीरगंज स्थित श्रीराम ज्योति मंदिर में लोग पूजा अर्चना कर कामना करते हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व खंड कार्यवाहक आनंद प्रकाश ने बताया कि 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर राम ज्योति मंदिर में सुबह 10 बजे से हवन, कीर्तन होंगे।

मतदान का तरीका बताया

बिलारी, अमृत विचार : लोकसभा चुनावों में मतदान किस प्रकार किया जाएगा। इसको लेकर लोगों को मतदान का तरीका बताया। चुनाव आयोग के निर्देश पर प्रशिक्षण केंद्र पर आम नागरिकों को बुलाया। जहां पर उन्हें बताया कि किस तरह से वह लोकतंत्र के लिए वोट का प्रयोग कर सकते हैं। उन्हें बताया कि कौन सा बटन दबाने पर किस तरह की बीप की आवाज आएगी और आपका वोट डाल गया तो कितनी देर तक आपको वहां रुकना होगा। तहसीलदार सारा अशरफ खान ने ईवीएम के जरिए अनेकों लोगों को वोट डालने के नियम बताएं ताकि अपने वोट का सही उपयोग किया जा सके।

सत्संग हमें दिखाता है जीने की राह : स्वामी राजेंद्रानंद

हरिद्वार से आए संत ने लोगों को दिया बेहतर जीवन का संदेश

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार : सत्संग के बिना मानव विवेकहीन हो जाता है। सत्संग हमें जीने की राह दिखाता है। यह विचार ग्राम मुख्तयारपुर नवादा में चल रही श्री जम्भाणी हरिकथा के चौथे दिन भीमगोड़ा हरिद्वार से आए संत स्वामी राजेंद्रानंद ने कथा के माध्यम से व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि मानव जीवन हमें ईश्वर भक्ति के लिए मिला है लेकिन मानव मोह, माया, अहंकार, क्रोध और सांसारिक भोग विलास में अपना समस्त जीवन व्यतीत करता है और वृद्धावस्था आने पर उसके पास पश्चाताप के अलावा कुछ नहीं रह जाता।

उन्होंने कहा कि सत्संग के बिना मानव विवेकहीन होता है। उसे अच्छाई और बुराई में अंतर ज्ञात नहीं होता। उन्होंने बताया कि सत्संग से जीवन के सही मार्ग का ज्ञान होता है। उन्होंने सत्संग के लाभ बताते हुए कहा कि मानव मन की आदत होती है कि जब हम किसी भी बात को सुनते हैं और बार-बार सुनते हैं तो उस दिशा में हमारा रुझान बढ़ता है और हम कुछ बेहतर करने के लिए सक्रिय हो जाते हैं। इस मौके पर संत गोविंद शरण, स्वामी मुक्तानंद, स्वामी नरेशानंद, राजूराम, धर्मानंद का माल्यार्पण का स्वागत किया। कथा में धर्मपाल सिंह, श्रीओम सिंह, कुमुद रानी, मुकेश यादव का सहयोग रहा।

प्रवचन करते स्वामी राजेंद्रानंद व मौजूद श्रद्धालु। ● अमृत विचार

लक्ष्य के अनुरूप राजस्व की वसूली करें अमीन: तहसीलदार

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार : तहसीलदार आनंद कुमार नायक ने अमीनों के वसूली की समीक्षा की और लक्ष्य के अनुरूप वसूली के निर्देश दिए।

गुरुवार को तहसील सभागार में हुई बैठक में तहसीलदार आनंद कुमार नायक ने कहा कि सभी अमीन अपने-अपने क्षेत्र में राजस्व वसूली कर निर्धारित लक्ष्य को पूरा करें। इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बैठक में निर्देशित किया जा रहा है कि तहसील क्षेत्र की वसूली लक्ष्य के अनुरूप नहीं हो रही है। सभी अपनी-अपनी जिम्मेदारी समझें और इस बात का पूरी तरह ध्यान रखें कि तहसील क्षेत्र में जितने बड़े बकायेदार हैं। उन सब को चिह्नित कर सूची तैयार करें और वसूली करें। सभी इस बात का पूरी तरह ध्यान रखें और कोई समस्या हो तो वह नायब तहसीलदार एवं अधिकारियों से सहयोग ले सकता है।

संग्रह अमीनों के साथ बैठक करते तहसीलदार आनंद कुमार नायक। ● अमृत विचार

दुकान में आग से लाखों रुपये का सामान जला

कुंदरकी, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के तहत मुरादाबाद चंदौसी हाईवे स्थित ग्राम भीकनपुर कुलवाड़ा हाईवे स्थित किराना की दुकान में आग लग गई। जिसमें लाखों रुपये का सामान जल गया। सीसीटीवी में दो युवक वहां से भागते हुए दिखाई दे रहे हैं। दुकानदार ने दो लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

इस्तेकार निवासी ग्राम भीकनपुर कुलवाड़ा ने थाने में तहरीर देते हुए बताया है कि बुधवार रात करीब 12 बजे दो व्यक्तियों ने दुकान के नीचे शटर में कुछ तरल पदार्थ डालकर आग लगा दी। जिससे उसकी दुकान में रखा लाखों का सामान जल गया। बताया कि दुकान में लगे दो फ्रिज भी जल गए। दुकान के ऊपर बने कमरे में उसके बेटे आफताब और अमन ने धुआं उठता देखा तो उन्होंने खिड़की खोलकर बाहर देखा तो वहां से भागते हुए उनको दो युवक नजर आए। जिसमें एक युवक गांव का ही बताया जा रहा है और दूसरा युवक उसका साथी किसी दूसरे गांव का निवासी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कोहरे के कारण कम रही वाहनों की गति

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : दिनभर कोहरा छाने से लोगों की चहल पहल कम रही। चौराहों से लेकर बाजार तक सन्नाटा पसरा रहा। गावों में लोग जरूरी काम से घर से बाहर निकले।

गुरुवार को और दिनों की अपेक्षा और अधिक कोहरा आने के कारण वाहनों की रफ्तार धीमी हो गई । दिनभर वाहन हेडलाइट जलाकर सड़कों पर रेंगते नजर आए। हाड़ कंपाने वाली सर्दी में लोग बेवजह घर से नहीं निकले। ज्यादातर वक्त बिस्तरों में ही गुजारा। स्कूलों में अवकाश चल रहा है। इससे भी गुरुवार को सड़कों से लेकर बाजार में सन्नाटा पसरा रहा। कई व्यापारियों ने सर्दी की वजह से दुकानें बंद रखी। व्यापारियों का कहना है कि सर्दी का असर कारोबार पर भी पड़ रहा है। सरकारी कार्यालयों में भी कर्मचारी ठंड से सिकुड़े नजर आए। शहर के मुख्य चौराहों से लेकर सार्वजनिक स्थल पर भी लोगों ने अलाव जलाकर वक्त गुजारा। नगरवासियों का आरोप है। कि नगर पालिका द्वारा गीली लकड़ी डाली जा रही है। गतवर्षों के मुकाबले कम स्थानों पर नगर पालिका के कर्मचारी लकड़ी डालकर चले जाते हैं।

नगर के आपूर्ति निरीक्षक कार्यालय, सीओ आफिस, एसडीएम कोर्ट रोड, पराग मिल्क पार्लर के निकट रतुपुरा मोड सहित एक दर्जन से अधिक सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की कोई व्यवस्था नहीं है। लोग अपने खर्चे पर अलाव जला रहे हैं । जबकि पालिका अध्यक्ष इरफान सैफी ने बताया कि पूर्व की भांति सभी स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की गयी है। अगर ऐसा नहीं है तो व्यवस्था करायी जाएगी।

स्योहारा मार्ग पर हेडलाइट जलाकर धीमी गति से जाते वाहन। ● अमृत विचार

किशोरी को ले जाने में युवक और ठेकेदार पर रिपोर्ट दर्ज

कुंदरकी, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के तहत परिवार के साथ ग्राम अहमदनगर जैतवारा स्थित ईंट भट्ठे पर मजदूरी कर रही किशोरी को वहीं पर मजदूरी करने वाला युवक बहलाकर अपने साथ ले गया था। किशोरी के पिता ने युवक के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने आरोपी युवक और ठेकेदार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना इस्लामनगर जिला बदायूं के रहने वाले मजदूर ने बताया है कि वह क्षेत्र के गांव में भट्ठे पर परिवार सहित पथेर का काम कर रहा था। इसी भट्ठे पर रामपुर के थाना सैफनी के ग्राम ताजपुर बहेटा निवासी प्रशांत भी पथेर का काम करता था। किशोरी के पिता ने बताया कि छह जनवरी की रात आरोपी युवक उसकी 16 वर्षीय पुत्री को अपने साथ ले गया था। उसकी पुत्री के अपहरण में भट्ठे के ठेकेदार संजीव का भी हाथ है। भट्ठे का ठेकेदार भी कहीं चला गया था। अब उसका भी कुछ पता नहीं चल रहा है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

हाईवे पर ट्रक से गन्ने की पूलियां गिरीं, हादसा टला

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार : सरकार द्वारा 11 जनवरी से 17 जनवरी तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाने के निर्देश हवाई साबित हुए। क्षेत्र में ओवरलोड गन्ने के ट्रकों से निरंतर गिर रही गन्ने की पुलिया हादसे का सबब बन रही हैं। गुरुवार को भी ट्रक से गन्ने की पूलियां गिर गई।

इस सप्ताह के दौरान भी गन्ने के ओवरलोड ट्रक सड़कों पर मौत बनकर दौड़ते रहे। सड़क सुरक्षा सप्ताह में किसी भी गन्ने के ओवरलोड ट्रक का चालान नहीं किया गया। सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान सड़क हादसा को रोकने संबंधी जागरुकता स्लोगन के साथ थानों एवं तहसील प्रमुख चौराहों पर लगाने के निर्देश दिए थे। इसके अतिरिक्त चिकित्सा सुविधा, सीसीटीवी व्यवस्था और दुरुस्त करने, रोडवेज बस चालकों का नेत्र परीक्षण नियमित रूप से करने, दुर्घटनाग्रस्त वाहन को तत्काल मार्ग से हटाने के निर्देश भी दिए थे। जिसका यहां पालन नहीं किया जा रहा है। क्षेत्र में इस समय शुगर मिल को गन्ने के ढुलाई की जा रही है। ट्रकों में बॉडी से पांच फीट ऊंचाई तक गन्ना बढ़ा दिया जाता है जिससे गन्ने की पुलिया बराबर में चल रहे यात्रियों और उनके वाहनों पर गिर जाती हैं। गुरुवार को भी गन्ने की पूलियां ट्रक के साइड में हाईवे पर गिर गईं। जिससे हादसा बच गया।

सड़क पर गिरीं गन्ने की पूलियां।

प्रेमी के घर पहुंची युवती शादी की जिद पर अड़ी

कुंदरकी, अमृत विचार : गुरुवार को नगर के मोहल्ला निवासी युवती अपने पड़ोसी युवक के घर पहुंच गई। यह देख युवक के परिजन सकते में आ गए। उन्होंने युवती से वहां आने का कारण पूछा तो उसने युवक का नाम लेते हुए कहा कि वह उससे शादी करेगी। अब यहां से नहीं जाएगी।

यह सुनते ही युवक के परिजनों के होश उड़ गए और उन्होंने युवती के परिजनों को बुलाया। इस दौरान वहां पर हंगामा हो गया और काफी लोग वहां पर जमा हो गए। इसी दौरान पुलिस भी मौके पर पहुंचे गई। युवक और युवती ने बताया कि उन लोगों ने पहले ही कोर्ट मैरिज कर रखा है और वह अब निकाह करके साथ जीवन व्यतीत करेंगे। पता चला है कि युवती की शादी कुछ वर्ष पहले हो चुकी थी लेकिन उसके बाद उसके पति ने उसको छोड़ दिया था। इसके बाद से वह मायके में रह रही थी और उसका अपने पड़ोसी युवक के साथ प्रेम प्रसंग है। हंगामा के बाद दोनों पक्षों में समझौता हो गया और प्रेमी जोड़े का निकाह कर दिया गया।

भूमि विवाद में महिला ने पांच लोगों के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : जमीन के विवाद में महिला को जान से मारने की धमकी देने व अश्लील हरकतें करने के मामले में अदालत के आदेश पर पुलिस ने घर में घुसकर मारपीट और छेड़खानी में पांच लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की है। मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

नगर निवासी महिला ने न्यायालय में पत्र देकर बताया कि उनके पिता की भूमि ग्राम रतुपुरा के जंगल में है। उसके पिता, माता और एक भाई-बहन की मृत्यू हो चुकी है। राजस्व रिकार्ड में उसका एवं उसके भाइयों का नाम दर्ज है। भूमि पर ग्राम रतूपुरा निवासी उदयराज सिह, राकेश कुमार, प्रेम सिंह, चंद्रपाल सिंह, विजयपाल सिंह ने अवैध कब्जा कर लिया है। उसने न्यायालय में वाद दायर किया तो तीन नवंबर की शाम आठ बजे पांचों आरोपितों ने उसके घर आकर धमकी दी कि अगर भूमि पर न्यायालय से वाद वापस नहीं लिया, तो अंजाम बुरा होगा। उसने जमीन अपने पिता की बताई तो आरोपितों ने मारपीट के साथ अश्लील हरकतें की।

उसके शोर मचाने पर पड़ोसी आ गए तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर चले गए। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने पांच लोगों पर रिपोर्ट जांच शुरू कर दी है।

जमीन हड़पने को बहनों से मारपीट

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : बहनों ने विरासत में मिली जमीन हड़पने के लिए बड़े भाई और भाभी पर घर में घुसकर मारपीट का आरोप लगाया है। इसके साथ ही छोटे भाइयों की जान को भी खतरा बताया है। कोतवाली के ग्राम गंझेड़ा आलम निवासी किसान मोहम्मद यामीन की मृत्यु हो चुकी है। उसकी चार बेटियों मेहशर जहां, कमर जहां, नसीम जहां और नुसरत जहां ने एसएसपी को प्रार्थनापत्र देकर कहा कि उनका बड़ा भाई नौमान और भाभी गुलिस्तान पिता से विरासत में मिली 14 बीघा खेती की जमीन को हड़पना चाहते हैं। इसके लिए दो छोटे भाइयों आसिफ और तहसीन को जहर देकर मारने की फिराक हैं। उनके चाचा मोहम्मद यासीन उनकी परवरिश करते हैं। इसको लेकर चाचा मोहम्मद यासीन को भी गालीगलौज करते हैं। आरोप लगाया कि 10 जनवरी को नौमान और गुलिस्ता ने घर में घुसकर मारपीट करने के साथ जान से मारने की धमकी दी। एसएसपी के आदेश पर नौमान और गुलिस्ता पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

खेती-किसानी | गन्ना मूल्य में 20 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ोतरी पर किसान नेताओं ने निराशा जताई

20 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाकर किसानों को छला

संवाददाता, कांठ/छजलैट

- अब प्रदेश में गन्ने का भाव 370 रुपये प्रति क्विंटल
- कोल्हुओं पर मिल रहा 400 रुपये प्रति क्विंटल के दाम

अमृत विचार : गुरुवार को गन्ना मूल्य पर आए यूपी कैबिनेट के फैसले को लेकर क्षेत्र के किसान नेता नाखुश हैं। किसानों ने इस बढ़ोतरी को ऊंट के मुंह में जीरा बताया है। क्षेत्र के किसानों का कहना है कि गन्ने का मूल्य कम से कम 450 रुपये प्रति क्विंटल होना चाहिए था।

गन्ना मूल्य पर 20 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी पर किसान नेताओं ने निराशा जताई। लंबे इंतजार के बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने गन्ना मूल्य में 20 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की है। अब गन्ने का भाव 370 रुपये प्रति क्विंटल हो गया है। किसान नेता घोषित गन्ना मूल्य को उम्मीद से बहुत कम बता रहे हैं। उनका कहना है कि कोल्हुओं पर भी 400 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से गन्ने की खरीदारी हो रही है।

गन्ना मूल्य 20 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ोतरी कर सरकार ने किसानों को छला है। लागत के अनुसार गन्ना मूल्य 450 रुपये प्रति क्विंटल होना चाहिए था।

-जितेंद्र विश्नोई उर्फ जीतू, मण्डल महासचिव भाकियू अराजनैतिक

सरकार को फसलों की लागत और महंगाई को देखते हुए कम से कम गन्ना मूल्य 450 रुपये प्रति क्विंटल घोषित करना चाहिए। किसानों की हालत ठीक नहीं है।

-चौधरी ऋषिपाल सिंह, भाकियू टिकैत

सरकार को पुनर्विचार करना चाहिए। लागत के अनुसार गन्ने का मूल्य कम से कम 450 रुपये प्रति क्विंटल होना चाहिए।

-चौधरी हरदीप सिंह, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष, भाकियू टिकैत

फसलों की लागत और बढ़ोतरी महंगाई को देखते हुए सरकार ने गन्ना मूल्य बहुत कम घोषित किया है। इस गन्ना मूल्य से किसान नाखुश है। गन्ने का खरीद मूल्य 450 रुपये प्रति क्विंटल होना चाहिए।

-हाजी इमराम, तहसील अध्यक्ष भाकियू अराजनैतिक

सस्ती चीनी के लालच में गंवाए 9.97 लाख रुपये, रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : निजी कंपनी से मिले आफर पर सस्ती चीनी एवं अन्य सामग्री के लालच में फंसकर एक व्यक्ति ने 9.97 लाख रुपये गंवा दिए। भुगतान होने के बाद भी सामान नहीं मिलने पर पीड़ित ग्राहक ने पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने कंपनी के डायरेक्टर और एजेंट के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है।

नगर के वार्ड 20 के निवासी प्रियंक शर्मा ने एसएसपी को प्रार्थनापत्र देकर कहा कि जनपद मुजफ्फरनगर निवासी असलम सद्दीक राणा ने कंपनी जीजी स्टोर के नाम से पंजीकृत करवा रखी है। जोकि अपने एजेंट विनीत कुमार जोशी निवासी पुरानी चुंगी कस्बा धामपुर जनपद बिजनौर के माध्यम से लोगों को सस्ता सामान विक्रय करने का झांसा देकर धोखाधड़ी करता है। उसने कंपनी के आफर को स्वीकार कर 19 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से 368.42 क्विंटल चीनी बुक कराई थी। इसके एवज में एक लाख रुपये पेटीएम से विनीत जोशी के खाते में 14 जनवरी को भेजे थे। 16 जनवरी 2023 को 120 क्विंटल चीनी उसको भेज दी गई थी। पीड़ित ने आरोप लगाया कि इसी तरह के तीन आफर्स के जरिए कंपनी ने उससे 9.97 लाख रुपये की ठगी की है। उसने कंपनी को 19 मई को नोटिस भेजा था। कंपनी ने उसे एक चेक भेजा था जोकि खाते में धन नहीं होने पर बाउंस हो गया। उसने कंपनी डायरेक्टर सद्दीक राणा और एजेंट विनीत जोशी पर 9,97000 की ठगी का आरोप लगाया है। एसएसपी के आदेश पर दोनों पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

सार-संक्षेप

एसडीएम को ज्ञापन सौंपते तहसील बार एसोसिएशन के पदाधिकारी।

अधिवक्ताओं ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

बिलारी, अमृत विचार : गुरुवार को तहसील बार एसोसिएशन की बैठक हुई। इसमें तहसील बार एसोसिएशन ने अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन उप जिलाधिकारी राज बहादुर सिंह को सौंपा। गुरुवार को तहसील में तहसील बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी ने बैठक कर पश्चिम उत्तर प्रदेश हाई कोर्ट बेंच स्थापना केंद्रीय संघर्ष समिति के आह्वान पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बेंच की मांग को लेकर चल रहे, आंदोलन के समर्थन में 18 जनवरी को बिलारी तहसील स्थित सभी अदालतों में न्यायिक कार्य स्थगित रखने का निर्णय लिया। इस दौरान तहसील बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने एसडीएम बिलारी को मांगों को लेकर एक भी ज्ञापन दिया। इस दौरान बैठक की अध्यक्षता तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आफाक हुसैन एवं संचालन बार एसोसिएशन के सचिव विनय कुमार सिंह ने किया। इस दौरान ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने वालों में भगवान शरण माथुर, अनवार हुसैन, आतिफ कमल, अनोद कुमार सिंह, तेज प्रताप सिंह चौहान, सुनील कुमार, यशवंत सिंह सैनी, प्रेमपाल सिंह, आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

स्वामी कैलाशानंद गिरी का स्वागत करते भाजपा नेता नरेश यादव।

स्वामी कैलाशानंद गिरी का किया स्वागत

बिलारी, अमृत विचार : निरंजन पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरी महाराज का चंदौसी में धर्म सभा में शामिल होने के लिए जाते समय भाजपा नेता नरेश यादव के शिविर कार्यालय हाथीपुर में स्वागत किया। बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और श्रद्धालुओं ने उनसे आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर स्वामी कैलाशानंद गिरी महाराज ने मीडियाकर्मियों से कहा कि अयोध्या धाम में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव नहीं, महोत्सव है। धन्य है अयोध्या जो सप्तपुरियों में प्रथम स्थान पर है। जिसकी प्रभु श्रीराम ने भी प्रशंसा की है। संतों के अराध्या भगवान शिव हैं, लेकिन उनके आराध्य श्रीराम हैं। इसलिए समस्त संत इस महोत्सव में शामिल होकर खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी सनातनी घरों में 22 जनवरी को दिवाली मनाएं व मंदिरों में कीर्तन, सुंदरकांड आदि करें। उन्होंने सभी बिलारी वासियों को आशीर्वाद दिया। राम सिंह वानप्रस्थी ने उन्हें गायत्री परिवार का साहित्य भेंट किया। इस अवसर पर पंडित विनोद कुमार मिश्र, निखिल यादव, भाजपा नगर अध्यक्ष विकास गुप्ता, युवा अध्यक्ष निखिल पांडे, निहाल सिंह, विभु शर्मा रहे।

जरूरतमंदों को रजाई वितरित करता विद्यालय स्टाफ। ● अमृत विचार

जरूरतमंदों को रजाई बांटी

कांठ, अमृत विचार : नगर स्थित आरएस नैन मेमोरियल पब्लिक स्कूल में जरूरतमंद लोगों को गुरुवार को रजाई बांटी गईं। विद्यालय के प्रधानाचार्य राघवेंद्र सिंह नैन ने बताया कि शीत लहर से बचाव हेतु दिव्यांगों, विधवा महिलाओं व जरूरतमंद लोगों को रजाइयों का वितरण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विद्यालय के प्रबंधक डॉ. विनीत नैन ने बताया कि इस मौसम में लोगों को सहायता की आवश्यकता है । अध्यक्षा चंचल नैन ने सभी को ठंड से बचाव हेतु निर्देश दिये। इस अवसर पर वंश सिंह, स्नेहा, अमन, प्रिंस आदि का सहयोग रहा ।

महफिल को खिताब करते मौलाना। ● अमृत विचार

उर्स ए गरीब नवाज मनाया

कुंदरकी, अमृत विचार : गुरुवार को मोहल्ला मुस्तफा नगर लाइनपार में उर्से गरीब नवाज के मौके पर अनीसी फाउंडेशन की जानिब से जिक्रे खैर महफिल का आयोजन हुआ। जिसमें ओलामा अहले सुन्नत ने हजरत ख्वाजा गरीब नवाज की सीरत पर अमल करते हुए गरीब और बेसहारा लोगों की मदद करने और नेक अमल करने पर जोर दिया। इस मौके पर दीनी सवाल के सही जवाब देने वालों को फाउंडेशन की तरफ से इनाम भी दिया गया। आखिर में कुल शरीफ की रस्म अदा की गई और मुल्क व मिल्लत की खुशहाली के लिए दुआ कराई। इस मौके पर कारी अनीसुर्रहमान अजहरी, मुफ्ती साजिद रजा अनीसी, मुफ्ती राशिद आफाकी, कारी मेराजुल हसन बरकाती, मोलाना आसिफ रजा सुबहानी, मुफ्ती सुबहान रजा, गुलाम नबी अत्तारी आदि मौजूद रहे।

दहेज हत्या में महिला समेत तीन आरोपी गिरफ्तार

डिलारी, अमृत विचार : थाना पुलिस ने दहेज हत्या के तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिए। गांव जोगीपुरा निवासी नीतीश कुमार की शादी चार वर्ष पहले थाना मुंडापांडे क्षेत्र गांव मनकरा निवासी युवती निरीक्षा के साथ हुई थी। शादी के समय से ही मिले दहेज से ससुरालजन खुश नहीं थे आए दिन महिला को मारते पीटते प्रताड़ित करते थे। 16 जनवरी को भी ससुरालजन दहेज की मांग कर रहे थे। आरोप है कि महिला के मना करने पर उसे मारापीटा और बेहोश होने पर महिला का गला दुपट्टे से बांधकर लटका दिया था। जिससे 26 वर्षीय निरीक्षा की मृत्यु हो गई। ससुरालवाले आनन फानन में शव को अंतिम संस्कार के लिए ले जा रहे थे। सूचना पाकर मायके वालों ने घटनास्थल पर पहुंचकर हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा करना शुरू कर दिया और थाना डिलारी पुलिस को फोन पर सूचना दी थी। जिस पर थानाध्यक्ष पवन कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी ठाकुरद्वारा राजेश कुमार तिवारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के पिता ने थाने में पांच लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। गुरुवार को पुलिस ने नीतीश, सरोज, तेजपाल को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया। जहां से पांचों को अदालत ने जेल भेज दिया।

एक नजर

मेहराज अली बने हसनपुर विधानसभा प्रभारी

बुरावली, अमृत विचार : लोकसभा प्रभारी शारिक जिया की संस्तुति पर भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा जावेद मलिक ने रहरा थाना क्षेत्र के गांव बांसका कला निवासी मेहराज अली को हसनपुर विधानसभा प्रभारी नियुक्त किया है। इससे मुस्लिम समाज में खुशी की लहर दौड़ गई। हसनपुर विधानसभा प्रभारी मेहराज अली ने कहा कि जो जिम्मेदारी दी गई है, उसका वह पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ पालन करेंगे। पार्टी की नीतियों और सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाएंगे।

आम के हरे पेड़ों को काटा

हसनपुर, अमृत विचार : सैदनगली थाना क्षेत्र के गांव में कोहरे व ठंड के चलते लकड़ी माफिया ने आम के पांच हरे पेड़ों को काट डाला। थाना क्षेत्र के गांव बहापुर के जंगल में बुधवार की रात गांव निवासी राजपाल के आम के बाग में लकड़ी माफिया ने आम के हरे पेड़ों पर कुल्हाड़ी चला दी। पेड़ काटने की सूचना मुखबिर ने वन विभाग के अधिकारियों को दी। इस पर वन दरोगा पलटराम और बीट सहायक ताहिर हुसैन मौके पर पहुंचे और निरीक्षण किया। वन विभाग के दरोगा पलटराम का कहना है कि पांचों पेड़ों की रसीद काटी जा रही है।

सड़क किनारे वृद्ध का शव मिलने से सनसनी, बुधवार की रात से थे लापता

गजरौला मार्ग पर गुरुवार सुबह मिला शव, परिवार में कोहराम

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : नगर के गजरौला मार्ग पर वृद्ध का शव मिलने से सनसनी फैल गई। कुछ ही देर में मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। पुलिस घटना को हादसा मानकर चल रही है। वृद्ध रात से लापता था। जानकारी मिलते ही रोते-बिलखते परिजन भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

गुरुवार की सुबह गजरौला मार्ग पर दीपपुर गेट के निकट राहगीरों ने सड़क किनारे वृद्ध का शव पड़ा देखा। देखते ही देखते शव मिलने की बात क्षेत्र में फैल गई और आसपास के गांवों के काफी लोग मौके पर एकत्र हो गए। इस बीच किसी ने पुलिस को सूचना दे दी। इस पर प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए।

तब तक वृद्ध की शिनाख्त हो चुकी थी। मृतक 80 वर्षीय गुलाब सिंह गांव दीपपुर के रहने वाले थे। मृतक के पौत्र दीपचंद ने बताया कि उसके दादा मंगलवार की रात से लापता थे।

पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया का हादसा लग रहा है। प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों की तहरीर व पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

शव मिलने के बाद मौके पर जुटी ग्रामीणों की भीड़। ● अमृत विचार

श्वाब फाउंडेशन ने जीता सोशल एंटरप्रेन्योर ऑफ द ईयर 2024 पुरस्कार

गजरौला, अमृत विचार : जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन और विश्व आर्थिक मंच की सहयोगी संस्था श्वाब फाउंडेशन फॉर सोशल एंटरप्रेन्योरशिप ने सोशल एंटरप्रेन्योर ऑफ द ईयर 2024 पुरस्कार जीता है। गुरुवार को इसकी घोषणा स्विटजरलैंड के दाबोस में की गई।

जुबिलेंट प्रबंधन ने बताया कि फ्रंटियर मार्केट्स की संस्थापक और सीईओ अजायता शाह और उजाला सिग्नस हॉस्पिटल्स के संस्थापक और निदेशक शुचिन बजाज प्रतिष्ठित श्वाब फाउंडेशन सोशल इनोवेशन अवार्ड्स के लिए चुने गए 16 संगठनों में से है। वह 891 मिलियन लोगों के जीवन में सुधार लाने वाले 477 परिवर्तन नेताओं के वैश्विक समुदाय में शामिल होंगे। जुबिलेंट इंग्रेविया लिमिटेड में निदेशक जनसंपर्क सुनील दीक्षित ने बताया कि डा. शुचिन बजाज आर्थिक रूप से कमजोरों के लिए उनकी सुविधा और कम कीमत पर सुपर-स्पेशियलिटी स्वास्थ्य सेवाएं दे रहे हैं। उन्हें 2023 में भी इस पुरस्कार के लिए चुना गया था। इस पुरस्कार के मिलने से जुबिलेंट में खुशी की लहर है।

गैराज स्वामी ने 6.60 लाख हड़पे, रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : गैराज स्वामी ने कारोबारी से 6.60 लाख रुपये हड़प लिए। तकादा करने पर पीड़ित को जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव कल्याणपुरा निवासी कारोबारी दिनेश कुमार की रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव रामपुर घना निवासी अनीस से अच्छी जान-पहचान थी। अनीस का जोया रोड पर गैराज है। आरोप है कि जनवरी 2023 में अनीस ने दिनेश से 60,000 रुपये उधार मांगे थे। दिनेश ने अपने बेटे के खाते से अनीस को 60,000 रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए। तय वक्त पर तकादा किया तो अनीस ने कुछ और मोहलत मांग ली। इस दौरान अनीस ने दिनेश को कार बेचने का झांसा दिया। साढ़े सात लाख रुपये में सौदा तय हो गया।

दिनेश ने अनीस को छह लाख रुपए और दे दिए। इसके बाद दिनेश व उसका बेटा कार लेने गैराज पर गए तो अनीस ने दो दिन बाद आने की बात कही। बाद में अनीस ने न तो कार दी और न ही रुपये वापस किए। तब दिनेश ने पुलिस से शिकायत की, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। तब पीड़ित ने कोर्ट की शरण ली। थाना अमरोहा देहात प्रभारी निरीक्षक प्रेमपाल सिंह ने बताया आरोपी अनीस के खिलाफ अमानत में खयानत के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

मुनाफा देने के नाम पर अधिवक्ता से 5 लाख ठगे, तीन के खिलाफ रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : मुनाफा देने का लालच देकर आरोपियों ने कोल्हू लगाने के लिए अधिवक्ता से पांच लाख रुपये ले लिए। बाद में अधिवक्ता को न तो मुनाफा मिला और ना ही उसके पैसे वापस मिले। तकादा करने पर आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दे डाली। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव शेखुपुर इम्मा निवासी अधिवक्ता विजयपाल सिंह का आरोप है 2020-21 में गांव निवासी प्रह्लाद उर्फ फुर्ती ने कोल्हू लगाने की बात कहकर उनसे पांच लाख रुपये लिए थे। सीजन खत्म होने के बाद डेढ़ लाख रुपये मुनाफे के साथ मूल रकम देने का वादा किया था। सीजन खत्म होने के बाद विजयपाल सिंह ने रुपये वापस मांगे तो आरोपी ने नुकसान होने की बात कहकर टाल दिया। आरोप है कि तकादा करने पर 29 नवंबर 2023 को प्रह्लाद उर्फ फुर्ती अपने साथी श्याम सिंह व सतपाल को लेकर घर में घुस आया। तीनों ने मारपीट की तथा रुपये मांगने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी थी, लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। तब पीड़ित ने कोर्ट की शरण ली। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि अदालत के आदेश पर तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

सड़क हादसे में पिता-पुत्र समेत तीन घायल

संवाददाता, चौधरपुर

अमृत विचार : डिडौली कोतवाली क्षेत्र में संभल रोड पर ट्रक और टैंकर में आमने सामने की टक्कर हो गई। इसमें पिता-पुत्र समेत तीन लोग घायल हो गए। घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सम्भल-जोया रोड पर असमोली शुगर मिल जा रहे गन्ना लदे ट्रक में सामने से तेज गति से आ रहे टैंकर की टक्कर हो गई। टैंकर चालक तेल लेने नजीबाबाद जा रहा था। टेंकर चालक असगरीपुर के पास मोड़ पर पहुंचा तभी सामने से आ रहा गन्ने से लदे ट्रक से टक्कर हो गई। हादसे के बाद टैंकर खाई में जा गिरा। इसमें टैंकर चालक बाबू व उसका बेटा आसिफ निवासी मुहल्ला काजिस्तान कुंदरकी और ट्रक चालक वीर सिंह निवासी ग्राम रामपुरा थाना गजरौला गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया है।

हादसे के बाद पेड़ से टकराया ट्रक। ● अमृत विचार

सड़क हादसों में अज्ञात युवक की मौत, तीन गंभीर

अमरोहा/चौधरपुर, अमृत विचार : जनपद की डिडौली कोतवाली क्षेत्र में बुधवार देर रात हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में एक युवक की मौत हो गई। जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को जोया के सरकारी में भर्ती कराया। हादसे में मरने वाले की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस मृतक की पहचान कराने में जुटी है। बुधवार की रात पहला हादसा डिडौली कोतवाली क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर जिवाई चौकी के सामने हुआ। यहां सड़क पार कर रहे युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इसमें युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त करने के काफी प्रयास किए, लेकिन सफलता नहीं मिली। पुलिस ने शव का अज्ञात में पंचनामा भरकर मोर्चरी में रखवा दिया है।

बिल जमा करने के बाद भी काटी 83 हजार की आरसी

हसनपुर, अमृत विचार : विद्युत बिल जमा करने के बाद भी विभाग ने किसान 83 हजार की आरसी काट दी गई। पीड़ित ने डीएम से शिकायत की है।

तहसील क्षेत्र के गांव भटोला शर्की निवासी चरण सिंह का कहना है कि उन्होंने समस्त देय जमा करने के बाद दो किलो वाट का कमर्शियल कनेक्शन अप्रैल 2018 में कटवा दिया था। पीडी बनवाने के लिए फीस भी जमा कर दी थी। तत्कालीन जेई विशालदीप सक्सेना ने केवल भी उतरवा दिया था। 19 अप्रैल 2023 को एसडीओ ने लगभग 83 हजार रुपये की आरसी काटने का नोटिस भेजा दिया। इसके संबंध में शिकायत की लेकिन एसडीओ ने ध्यान नहीं दिया। शिकायत के बाद ईसापुर शर्की बिजली घर पर तैनात जेई ने मामले की जांच भी की थी। इसमें साफ हो गया था कि यह कनेक्शन कटवाया जा चुका है। इसके बावजूद बिजली विभाग के अधिकारी उत्पीड़न कर रहे हैं।

आरटीआई एसोसिएशन का गठन शीघ्र : मनु

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : आरटीआई एसोसिएशन के नवनियुक्त जिला प्रभारी मनु शर्मा एडवोकेट ने बैठक कर एसोसिएशन के विस्तार और गठन की रणनीति बनाई।

गुरुवार को जनपद न्यायालय स्थित अधिवक्ता चंद्रगुप्त मौर्य के चेंबर पर हुई बैठक में आरटीआई एसोसिएशन के नवनियुक्त जिला प्रभारी ने कहा कि जनपद के विभिन्न विभागों में भ्रष्टाचार, अधिकारियों की हठधर्मिता को रोकने, सरकारी कामकाज को और अधिक सशक्त, जवाबदेह और पारदर्शी बनाने के लिए जिले में शीघ्र एसोसिएशन का गठन कर विस्तार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा 2005 में सूचना का अधिकार अधिनियम बनाया गया था। लेकिन समय-समय पर जिले में विभिन्न विभागों द्वारा आरटीआई के भ्रमित करने वाले

आरटीआई एसोसिएशन की बैठक में शामिल लोग। ● अमृत विचार

▸▸ नवनियुक्त जिला प्रभारी मनु शर्मा ने की घोषणा

मनमाने जवाब देने की शिकायत मिल रही हैं। इस पर अंकुश लगाने के लिए एसोसिएशन को गति देकर जिले में सक्रिय रूप से कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को स्थान देते हुए जिला कार्यकारिणी व नगर अध्यक्षों का गठन किया जायेगा। एसोसिएशन जिले में भ्रष्टाचार खत्म करने के लिए संकल्पित है। अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता अमित कुमार जैन और संचालन मनु शर्मा एडवोकेट ने किया।

बैठक में राजीव कुमार गोले, संजीव जिंदल, खुसरो नदीम, दिनेश सिंह, दाऊद रिजवी, राजीव सिंह सैनी, देवेंद्र सिंह, चंद्रगुप्त मौर्य, रोहित चौधरी, सचिन गुप्ता, काविद्र सिंह, राजपाल सिंह सैनी, वीर सिंह सैनी, श्रवण सैनी, मुकिते सरवर, विनोद मौर्य व सुधीर सहदेव शामिल रहे।

दिव्यांग बच्चों को सामान्य की तरह दें शिक्षा : जिलाधिकारी

अमरोहा, अमृत विचार : विकास भवन में दिव्यांग जनशक्तिकरण विभाग द्वारा तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें बच्चों की पहचान के लिए मास्टर टेलर्स का प्रशिक्षण दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि दिव्यांग बच्चों को सामान्य बच्चों की तरह शिक्षा दी जानी चाहिए।

गुरुवार को विकास भवन सभागार में दिव्यांग जनशक्तिकरण विभाग द्वारा दिव्यांग बच्चों के भविष्य को बनाने के लिए आयोजित कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों की पहचान के लिए मास्टर टेलर्स का प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण लखनऊ से आई मास्टर मधुबाला यादव की उपस्थिति में दिया गया। इसमें बेसिक और माध्यमिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों को मास्टर ट्रेनर के लिए प्रशिक्षित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि विशेष शिक्षा के तहत आयोजित यह कार्यक्रम बच्चों के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण सिद्ध होगा।

ग्राम प्रधानों व धर्मगुरुओं के साथ बैठक करते सीओ दीप कुमार पंत। ● अमृत विचार

गांव में ही निपटाएं छोटे विवाद

संवाददाता, रहरा

अमृत विचार : गुरुवार को थाना परिसर में क्षेत्राधिकारी हसनपुर दीप कुमार पंत ने मौजूदा व पूर्व ग्राम प्रधानों व संभ्रांत व्यक्तियों तथा धार्मिक गुरुओं के साथ बैठक की।

बैठक में 22 जनवरी को प्रस्तावित श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा व 26 जनवरी को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। सभी को जी-10 के महत्व के बारे में समझाया तथा सभी को अपने गांव के छोटे-छोटे विवादों का निस्तारण गांव में ही करने की सलाह दी। कहा कि इससे ग्रामीणों को हर छोटी बात के लिए थाने नहीं आना पड़ेगा।

इस मौके पर रहरा नन्हें सिंह, उकावली जफर जुरीद, पोरारा इशरत अली, देहरी गुर्जर सोहित, मदारीपुर उम्मीद अली, भावली डॉ. पुष्पेंद्र सिंह आदि गांवों के वर्तमान तथा पूर्व ग्राम प्रधान शामिल रहे।

तलाक देकर महिला को घर से निकाला

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : ससुराल वालों ने दहेज की खातिर महिला को प्रताड़ित किया। पति ने तीन तलाक दे दिया और ससुराल वालों ने मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर पति समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

कस्बा व थाना नौगावां सादात के मुहल्ला गूला तालाब निवासी हसन अली ने अपनी बेटी मलका रानी की शादी 10 फरवरी 2023 को मुजफ्फरनगर के सदर थाना क्षेत्र के मुहल्ला कृष्णपुरी निवासी मोहम्मद मियां के बेटे आदिल अली से की थी। शादी के बाद से ही पति व ससुराल के लोग मलका को दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे थे। पति मायके से कार व पांच लाख रुपये लाने का दबाव बनाता था। विरोध पर उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। आरोप है कि 10 जनवरी को पति आदिल, ससुर मोहम्मद मियां, सास इमराना व देवर आरिफ अली नौगावां सादात आए और दहेज की मांग दोहराने लगे। पति ने तीन तलाक देकर रिश्ता तोड़ लिया। पीड़िता ने एसपी कुंवर अनुपम सिंह से शिकायत की। उनके आदेश पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दूसरा विवाह कर दहेज मांग रहा शादीशुदा युवक, तीन पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

▸▸ एसपी के आदेश पर पति समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार : युवक ने पहली पत्नी के जीवित रहते दूसरी शादी कर ली। इतना ही नहीं युवक व उसका परिवार दहेज की मांग भी करने लगा। पीड़िता ने पति की पहले ही शादीशुदा होने पर हंगामा किया और मायके चली गई। इस बीच आरोपी पति व ससुराल वालों ने कचहरी में उसके साथ मारपीट की। पुलिस ने एसपी के आदेश पर पति समेत तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव रायपुर कलां निवासी दीया चौधरी की शादी 29 अगस्त 2022 को नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव कायमपुर उर्फ करार नगर निवासी अमित कुमार से हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले दहेज में कार व पांच लाख रुपये की मांग करते थे। विरोध पर उसके साथ मारपीट की जाती थी। इस दौरान दीया चौधरी को पता चला कि उसका पति पहले से शादीशुदा है। लवली नाम की युवती से शादी हुई है। उसकी दूसरी पत्नी मुरादाबाद की काशीराम कालोनी में रहती है। दीया ने मायके वालों को सारी बात बताई। मायके वाले उसे अपने घर ले आए।

12 जनवरी को दीया चौधरी किसी काम से कचहरी गई थी। आरोप है कि पति अमित, ससुर विजयपाल व सास अमलेश ने रास्ते में घेर लिया और मारपीट की। पीड़िता ने इसकी शिकायत एसपी कुंवर अनुपम सिंह से की। सीओ अंजलि कटारिया ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर पति, ससुर व सास के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

आत्महत्या के लिए उकसाने में चार पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

▸▸ तीन महीने पहले युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर की थी खुदकुशी

अमृत विचार : मुंह काला करके गांव में घुमाने और झूठे मुकदमे में फंसाने के डर से युवक ने तीन महीने पहले ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली थी। इस मामले में पुलिस ने सुसाइड नोट के आधार पर तीन सगे भाइयों व एक अज्ञात समेत चार लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की है।

अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव सौंडाला फरीदपुर निवासी किसान रोहिताश का 19 वर्षीय बेटा अतुल मुरादाबाद की तहसील कांठ में रहकर आर्मी में भर्ती की कोचिंग कर रहा था। 20 अक्टूबर 2023 को अतुल ने क्षेत्र से ही गुजर रही रेलवे लाइन पर ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी थी। उसकी जेब से पुलिस को सुसाइड नोट मिला था।

दर्ज रिपोर्ट के अनुसार मृतक के पिता रोहिताश सिंह का आरोप है कि गांव के ही जोगिंद्र, रंजीत व रिंकू उर्फ राकेश से कोर्ट में उसका परिवाद चल रहा था। तीनों फैसले का दबाव बना रहे थे। इनकार करने पर अतुल को बदनाम करने लगे। बाइक चोरी के मामले में उसका झूठा नाम चौकी पर लिखवा दिया। पुलिस ने अतुल को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोप झूठा निकला। इसके बाद गांव के संभ्रांत लोग उसे चौकी से ले आए।

इसके बाद से तीनों उसे झूठे मुकदमे में फंसाकर जेल भिजवाने की धमकी दे रहे थे। इस दौरान आरोपियों ने मुंह काला कर गांव में घुमाने की बात कही थी। इसी से अहत होकर अतुल ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली थी। प्रभारी निरीक्षक प्रेमपाल सिंह ने बताया कि जोगिंद्र, उसके भाइयों रंजीत व रिंकू उर्फ राकेश तथा एक अज्ञात के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 मुरादाबाद

ई-निविदा सूचना

पत्रांक :– 4278/ई–निविदा /2023–24 दिनांक :–28.12.2023

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग, मुरादाबाद द्वारा ए0/बी0/सी0/डी0 (भवन श्रेणी) में पंजीकृत पात्र निविदादाताओं से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्यो हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्रमं	जिला	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रू0 लाख में)	धरोहर धनराशि (रू0 लाख में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा काल सहित)	निविदा प्रपत्र का मूल्य स्टेशनरी व जी0एस0टी सहित (रू0 में)
1	2	3	4	5	6	7
1	मुरादाबाद	आयुक्त आवास मुरादाबाद में सामान्य अनुरक्षण/मरम्मत आदि कार्य।	4.23	0.43	2 माह	300+500+54 =854
2	मुरादाबाद	मण्डलायुक्त कार्यालय, मुरादाबाद में सामान्य अनुरक्षण/मरम्मत आदि कार्य।	4.23	0.43	2 माह	300+500+54 =854

बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 20.01.2024 से 29.01.2024 है जो कि दिनांक 29.01.2024 को समय दोपहर 12:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 29.01.2024 को समय दोपहर 12:30 बजे खोली जायेगी।

निविदा के नियम/शर्ते और विवरण वेबसाइट http://etender-upp-nic- पर उपलब्ध हैं। शासनादेश सं–879 (1)/23–7–2020 दिनांक 25–08–2020 एंव प्रमुख अभियन्ता (विकास) एंव विभागाध्यक्ष के पत्रांक–4650/4 एन–एल0सी0/2020 दिनांक 27.08.2020 के अनुरूप निविदादाता को प्रहरी यू0आर0एल0 http://wms.uppwd.gov.in/prahari/ पर लॉग इन कर आवश्यक अभिलेख अपलोड करने होगें। निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

UP – 200976 दिनांक 17.01.2024 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

सहायक अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0
मुरादाबाद

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 मुरादाबाद
(महामहिम राज्यपाल की ओर से)

परेशानी ढक्का मोड़ के लोगों ने छुट्टा पशुओं को पकड़वाने के लिए किया प्रदर्शन

फसलों को बर्बाद कर रहे छुट्टा पशु, शिकायत पर नहीं होती सुनवाई

संवाददाता, ढक्का

अमृत विचार : छुट्टा पशुओं से परेशान ग्रामीणों ने गुरुवार सुबह प्रदर्शन किया। उन्होंने प्रशासन से छुट्टा पशुओं को पकड़वाने की गुहार लगाई। ग्रामीण छुट्टा पशुओं के आतंक से परेशान है।

गुरुवार को ढक्का मोड़ के ग्रामीणों ने छुट्टा पशुओं को पकड़वाने के लिए प्रदर्शन किया। गुस्साए ग्रामीणों का कहना है कि काफी समय से छुट्टा पशु फसलों को बर्बाद कर रहे हैं। छुट्टा पशुओं के झुंड प्रतिदिन खेतों में पहुंचकर फसलों को खराब कर देते हैं। इससे किसानों का काफी नुकसान हो रहा है। कई बार छुट्टा पशु लोगों पर हमला भी कर देते है। छुट्टा पशुओं के हमले से एक किसान की मौत भी हो चुकी है। बार छुट्टा पशुओं को पकड़वाने के लिए अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन अधिकारियों ने सिर्फ आश्वासन ही दिया है।

जनपद में कई जगह गोशाला बनवाई गई हैं। ग्रामीणों ने अमृत विचार के माध्यम से प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द छुट्टा पशुओं को पकड़वाकर गोशाला में भिवजाया जाए। इस दौरान रामकली, ओमकार, प्रताप, मुन्नी, रेखा, प्रदीप, इमरान, आशु, देवकली, सुनीता, रुखसार, जमील आदि मौजूद रहे।

छुट्टा पशुओं को पकड़ने की मांग को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

हमारी फसलों को छुट्टा पशु बर्बाद कर रहे हैं। हम लोग कई बार छुट्टा पशुओं को पकड़वाने के लिए शिकायत कर चुके है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती है। –राजकुमार, किसान

छुट्टा पशु हमारी तैयार फसल को रौंदकर चले जाते हैं। भगाने पर हमला भी कर देते हैं। प्रशासन से मांग है कि इन पशुओं को गोशाला भिजवाया जाएगा। – चमन लाल, किसान

पूरी रात में जाग कर फसलों की रखवाली करनी पड़ रही है। हमारे परिवार के लोग ठंड के मौसम में फसलों को बचाने का प्रयास कर रहे है, लेकिन छुट्टा पशु सारी फसल खराब कर देते हैं। – माया देवी

छुट्टा पशु के हमले से एक किसान की मौत भी हो चुकी है। अधिकारी सिर्फ आश्वासन देते हैं, लेकिन इनको पकड़ने के लिए कोई नहीं आता। इसके कारण हमारी फसलें खराब हो रही हैं। वीर सिंह, किसान

एक नजर

बिजलीघर से लाखों रुपये का तार चोरी

गजरौला, अमृत विचार : बिजलीघर से लाखों रुपये का तार चोरी हो गया। आरोपियों ने सोमवार की रात घटना को अंजाम दिया। कंपनी के ठेकेदार ने घटना की तहरीर पुलिस को दी है। क्षेत्र के मोहम्मदबाद गांव स्थित बिजलीघर में गांव की बिजली का फीडर अलग से बन रहा है। इसी के साथ दूसरे गांव की लाइन जोड़ने के लिए बिजली का तार भी लगना है। इसके लिए करीब 15 किलोमीटर लंबा तार रखा था। सोमवार की रात बिजलीघर से तार चोरी हो गया। मंगलवार की सुबह भारापुर गांव निवासी ठेकेदार सुरेंद्र सिंह को घटना की जानकारी हुई। ठेकेदार के मुताबिक तार के दो ड्रम चोरी हुए हैं। जिनकी कीमत लगभग नौ लाख रुपये है। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि जांच कर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

चौहड़पुर का बीएसएफ जवान मणिपुर में घायल

गजरौला, अमृत विचार : गांव चौहड़पुर माफी निवासी बीएसएफ का जवान गौरव गुर्जर मणिपुर में कुकी विद्रोहियों से मुठभेड़ में घायल हो गए। वह पांच दिन पूर्व ही गांव से ड्यूटी पर गए थे। सूचना मिलने पर परिजन बदहवास हो गए। पत्नी भी सदमे में डूब गई। हालांकि गौरव की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। गांव चौहड़पुर माफी निवासी रामलाल सिंह किसान हैं। उनके बड़े बेटे मनोज कुमार गजरौला की एक कंपनी में काम करते हैं। छोटा बेटा गौरव गुर्जर बीएसएफ में जवान हैं। इस समय उनकी ड्यूटी मणिपुर में चल रही थी। बुधवार की शाम मणिपुर में कुकी के विद्रोहियों से मुठभेड़ हो गई। इसमें गौरव गुर्जर घायल हो गए। विद्रोहियों द्वारा चलाई गई गोली उनकी गर्दन में लगी। साथियों ने उन्हें इंफाल के राज मेडिकल सिटी अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना मिलते ही उनकी पत्नी रविता, भाई मनोज कुमार, पिता रामलाल सिंह चिंतित हो उठे। लक्ष्मी नगर में रह रही पत्नी रविता ने बताया कि जल्दी में ही वह छुट्टी लेकर आए थे और पांच दिन पूर्व ही यहां से गए थे।

ट्रक की साइड लगने से बाइक सवार दो लोग घायल

गजरौला, अमृत विचार : ट्रक की साइड लगने से बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। शहर के मुहल्ला मायापुरी निवासी रोहित व प्रदीप गुरुवार की सुबह किसी काम से बछरायूं जा रहे थे। गजरौला-मंडी धनौरा मार्ग पर गांव अहरौला तेजवन के पास वह ट्रक से ओवरटेक करने लगे। इसी दौरान सामने से अचानक कार आ गई और उनकी बाइक में ट्रक की साइड लग गई। हादसे में बाइक सवार दोनों लोग घायल हो गए।

विधायक ने की श्री गंगा प्याऊ मंदिर की सफाई

गजरौला, अमृत विचार : अयोध्या में 22 जनवरी को होने जा रहे रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर चलाए जा रहे स्वच्छ तीर्थ अभियान के तहत गुरुवार को धनौरा विधायक राजीव तरारा ने श्री गंगा प्याउ मंदिर में साफ-सफाई की। विधायक के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंदिर परिसर में जय श्री राम के जयकारे लगाये।

मताधिकार को किया प्रेरित

गजरौला, अमृत विचार : स्वीप योजना के तहत राजकीय बालिका इण्टर कालेज में मिशन शक्ति का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें प्रधनाचार्या राघवा खानम ने आह्वान किया कि प्रत्येक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करके लोकतंत्र को मजबूत करे। कहा कि हमारे देश के लोकतंत्र की यही खूबी है कि इसमें प्रत्येक मतदाता को अपना मत स्वतंत्र रूप से डालने का अधिकार है। सभी अपने घर, पड़ोस व मित्रों को इस बारे में जागरूक करें और आने वाले चुनावों में भाग लें। सीमा रानी, सोनम व विजयलक्ष्मी, विजयपाल सिंह, माधुरी सिंह आदि मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री ने दिया स्वच्छता का संदेश : मोमराज

भाजपा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने जिले में अभियान चलाकर की सफाई

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : कताई मिल स्थित भगवान शिव के मंदिर परिसर में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष व अखिल भारतीय गुर्जर देव सेना संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डा. मोमराज सिंह गुर्जर ने सहयोगियों के साथ साफ-सफाई की।

इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे समाज व देश को स्वयं हाथ में झाड़ू देकर सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया है। हमें भी अपने आस-पड़ोस, घर, स्कूल, कॉलेजों व सार्वजनिक स्थानों पर सफाई का महत्व बताकर स्वच्छता का संदेश पहुंचाना है। इस मौके पर रोहित यादव, अमन यादव, धूम सिंह चौहान, नितुल यादव व अखिल कुमार शामिल रहे।

शिव मंदिर में सफाई करते लोग। ● अमृत विचार

वासुदेस तीर्थ पर सफाई करते एमएलसी हरि सिंह ढिल्लो व अन्य। ● अमृत विचार

सफाई अभियान में हिस्सा लेते पालिकाध्यक्ष। ● अमृत विचार

स्वच्छ तीर्थ अभियान के तहत पालिका अध्यक्ष ने की सफाई

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : स्वच्छ तीर्थ अभियान के तहत गुरुवार को पालिकाध्यक्ष राजपाल सिंह सैनी ने शिवाला मंदिर व रामलीला मैदान में सफाई की।

अयोध्या में भगवान श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर शासन के निर्देश पर चलाए जा रहे स्वच्छ तीर्थ अभियान के तहत पालिका प्रशासन नगर के मंदिरों में साफ सफाई एवं भजन कीर्तन कराएगी। इसी के तहत गुरुवार को पालिकाध्यक्ष ने श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर एवं रामलीला मैदान में सफाई की। पालिकाध्यक्ष ने बताया कि शासन के निर्देश पर 14 से 22 जनवरी तक मंदिरों में साफ सफाई एवं भजन कीर्तन का आयोजन कराया जा रहा है। इस मौके पर व्यापारी नेता अंकुर अग्रवाल, ज्योति गर्ग, अजय पाल, विक्रम महंत, दिनेश कुमार, विनय शर्मा सहित पालिकाकर्मी मौजूद रहे।

एमएलसी ने वासुदेव व गुरुद्वारे में की सफाई

अमरोहा, अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी के स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अह्वान पर शिक्षक विधायक हरि सिंह ढिल्लो और भाजपा पदाधिकारियों ने वासुदेव तीर्थ, मंदिर और गुरुद्वारे में झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। इस मौके पर नगराध्यक्ष प्रेम सिंह सैनी, महामंत्री मुकेश सक्सेना, मनीष दक्ष, रितेश कुमार, मनोज जोशी, डॉ. विनोद, गौरव सैनी, आकाश रस्तोगी, विशाल शर्मा, शिव कुमार शर्मा व चरण सिंह आदि शामिल रहे।

लाभार्थियों को बांटे प्रमाण पत्र

संवाददाता, रहरा

अमृत विचार : भाजपा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य सुरेश चंद नागर ने गुरुवार को हसनपुर विधानसभा क्षेत्र के गांव खुर्तिया व चंदनपुर में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। उन्होंने मोदी सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया।

ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र सिंह खड़गवंशी ने पंचायत सहायकों के माध्यम से योजनाओं को लाभ लेने के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करने पर जोर दिया।

इस मौके पर एडीओ पंचायत राजेंद्र सिंह, एडीओ कृषि नरेंद्र सिंह, पंचायत सचिव कपिल कुमार, केपी सिंह गुर्जर शामिल रहे।

लाभार्थी को प्रमाण पत्र देते अतिथि। ● अमृत विचार

वंचित पात्र लाभार्थियों का किया पंजीकरण

अमरोहा, अमृत विचार : जोया ब्लाक के गांव भागलपुर माफी में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी की अध्यक्षता में किया गया। इसमें सरकार की योजना से वंचित रहे पात्र लाभार्थियों के पंजीकरण कराए गए।

गुरुवार को गांव भागलपुर माफी में आयोजित कार्यक्रम में दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री ओमप्रकाश गोला की उपस्थिति में सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार मिश्रा, उप जिलाधिकारी विकास मित्तल, खंड विकास अधिकारी प्रतिभा अग्रवाल, एडीओ जितेंद्र यादव, भाजपाई व अधिकारी उपस्थित रहे।

संवाद कार्यक्रम में शामिल पालिकाध्यक्ष व अन्य। ● अमृत विचार

पालिका सभागार में सुना प्रधानमंत्री का संवाद

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : प्रधानमंत्री द्वारा किए गए सीधे संवाद कार्यक्रम को पालिकाध्यक्ष ने पालिका स्टाफ के साथ देखा व सुना।

गुरुवार को पालिका सभागार में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभर्थियों से प्रधानमंत्री द्वारा सीधा संवाद देखना एवं सुनना था। प्रधानमंत्री ने योजना के लाभार्थियों से सीधा संवाद किया। कार्यक्रम में अधिशासी अधिकारी प्रदीप नारायण दीक्षित, जेई संगीता कश्यप, इशांत सैनी, शुभम अग्रवाल, राजपाल सैनी, राहुल सैनी, नितिन सैनी, यशपाल सिंह चौहान, मनी कुमार आदि शामिल रहे।

जिलाधिकारी ने किया डिवाइडर का निरीक्षण

गजरौला, अमृत विचार : गुरुवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने कुमराला पुलिस चौकी के निकट पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाए जा रहे डिवाइडर का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को डिवाइडर के बीच के खाली स्थान में मिट्टी भरवा कर अच्छी किस्म के शोभादार पौधे लगाने के निर्देश दिए।

ताकि सड़क सुंदर व आकर्षक लगे। जिलाधिकारी ने कहा कि तिराहा के पास सुरक्षा की दृष्टि से और रोड रेगुलेशन के नियमों के दृष्टिगत चौराहे की चौड़ाई बढ़ाई जाए। ताकि किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। जिलाधिकारी ने डिवाइडर के कार्य को देखा और गुणवत्तापूर्ण काम करने के निर्देश अधिशासी अभियंता को दिए।

एक्सपायर सीमेंट बेचने के आरोपी कोर्ट से रिहा

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

निर्णय

- अदालत ने दोनों आरोपियों को 50-50 हजार रुपये के निजी बंधपत्र पर दी जमानत
- पुलिस की ओर से बढ़ाई गई धाराओं को संदिग्ध मानते हुए कार्रवाई को भ्रामक बताया

अमृत विचार : नामी कंपनी के बैग में एक्सपायर सीमेंट बेचने के आरोप में गिरफ्तार दोनों आरोपियों का कोर्ट ने 14 दिन का रिमांड निरस्त कर दिया। आरोपियों को 50-50 हजार रुपये के निजी बंधपत्र पर जमानत देते हुए रिहा कर दिया। कोर्ट ने विवेचना के दौरान पुलिस की ओर से बढ़ाई गईं धाराओं को संदिग्ध मानते हुए कार्रवाई को भ्रामक बताया है।

अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी के सीनियर मैनेजर संजय शर्मा ने डिडौली कोतवाली के एसएसआई लवलीश कुमार, कांस्टेबल नासिर व रोहित को साथ लेकर हाईवे स्थित एक फैक्ट्री में छापा मारा था। गोदाम में लोकल कंपनी के एक्सपायर सीमेंट को दोबारा से तैयार कर अल्ट्राटेक सीमेंट के बैग में भरने का दावा किया गया था। पुलिस ने मौके से कस्बा डिडौली निवासी उमर अली और सैदनगली थाना क्षेत्र के गांव नौरंगाबाद निवासी महबूब को गिरफ्तार किया था, जबकि शाने आलम कार्रवाई के दौरान मौके से भाग गया था।

आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी व कॉपीराइट एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। इसके बाद पुलिस ने मुकदमे में कूटरचित दस्तावेज तैयार करने से संबंधित धाराओं की ओर बढ़ोत्तरी की। विवेचक ने गिरफ्तार दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश करते हुए 14 दिन का रिमांड मांगा। आरोपी पक्ष की ओर से अधिवक्ता ने अपना पक्ष रखा। पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़ा किया। तर्क दिया कि आरोपियों के पास से कोई माल बरामदगी नहीं हुई है। कंपनी के मैनेजर ने कहासुनी होने पर पुलिस की सांठगांठ से झूठा मुकदमा दर्ज कराया है। सुनवाई के बीच सीजेएम अमर प्रताप चौधरी ने प्रकरण को गंभीरता से लिया। अवलोकन के बाद कोर्ट ने माना कि पूरा प्रकरण कथित रूप से आरोपियों के पास से बरामद नकली सीमेंट पर आधारित है।

प्रकरण में पुलिस की ओर से कोई भी फर्द तैयार नहीं की गई। इस आधार पर पूरा मामला प्रथम दृष्टया भ्रामक लग रहा है। कोर्ट ने विवेचक के रिमांड प्रार्थना पत्र को निरस्त कर दिया। आरोपियों को 50-50 हजार रुपये का व्यक्तिगत बंधपत्र जमा करने पर रिहा करने का आदेश दे दिया।

22 जनवरी को सजेंगे मंदिर, मनाया जाएगा दीपोत्सव

मंडी धनौरा, अमृत विचार : अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर धनौरा के मंदिरों को दिवाली की तरह रंग बिरंगी रोशनी एवं फूलों से सजाया जाएगा।

प्राचीन नवदुर्गा मंदिर के महंत हरिओम त्रिवेदी ने बताया कि महादेव स्थित प्राचीन नवदुर्गा मंदिर प्राचीन शिव मंदिर, शनि देव मंदिर, भगवान परशुराम मंदिर सहित सभी मंदिरों को दीपावली की तरह रंग बिरंगी रोशनी, दीप जलाकर एवं फूलों से सजाकर दीप उत्सव मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीराम विराजमान हो रहे हैं। उन्होंने नगरवासियों से 22 जनवरी को मंदिर में पांच दीपक लेकर आने की अपील की।

मंडी धनौरा में दर्जा मंत्री का स्वागत करते पूर्व पालिकाध्यक्ष। ● अमृत विचार

पूर्व पालिकाध्यक्ष ने दर्जा मंत्री का किया स्वागत

मंडी धनौरा, अमृत विचार : गुरुवार को पूर्व पालिकाध्यक्ष के कैंप कार्यालय में माटी कला बोर्ड उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष व दर्जा राज्य मंत्री ओम प्रकाश गोला का पूर्व चेयरमैन राजेश सैनी ने कार्यकर्ताओं संग पुष्प देकर स्वागत किया।

उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव के लिए तैयार हो जाएं। हम सबको मिलकर नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाना है। इस दौरान मंडल अध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा सौरभ सैनी, बूथ अध्यक्ष ओम प्रकाश सैनी, अनिल प्रजापति, रितिक आदि मौजूद रहे।

आयोजन | 22 जनवरी की सुबह को नगर स्थित अयोध्या पुरी में होगा हवन

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर होगी एक दिवसीय रामलीला

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर श्री शिव महामंडल रामलीला समिति के तत्वाधान में 22 जनवरी की प्रातः अयोध्या पुरी में हवन एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। दोपहर को रामलीला मैदान में वृंदावन के कलाकारों द्वारा प्रभु राम की लीला का मंचन किया जाएगा।

सनातन धर्म का वर्षों पुराना सपना 22 जनवरी को पूरा होने जा रहा है। इसे लेकर अयोध्या के साथ पूरा देश खुशियां मना रहा है। विभिन्न धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। उत्साह के इस पर्व में नगर के सामाजिक, व्यापारिक एवं धार्मिक संगठन भी बढ़-चढकर हिस्सा ले रहे हैं। इसी कड़ी में श्री शिव महामंडल रामलीला समिति ने एक दिवसीय रामलीला एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन करने का निर्णय लिया है। समिति के अनुसार 19 जनवरी को रामलीला मैदान में हनुमान जी का झंडा पूजन किया जाएगा। 22 जनवरी की प्रातः श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर के निकट स्थित अयोध्या पुरी में दीप उत्सव एवं हवन का आयोजन किया जाएगा।

इसके बाद नगर वासियों एवं राहगीरों को प्रसाद का वितरण किया जाएगा और 22 जनवरी की दोपहर को वृंदावन के कलाकारों द्वारा भगवान श्री राम की लीला का एक दिवसीय मंचन कराया जाएगा। इसकी तैयारी में श्री शिव महामंडल रामलीला समिति के पदाधिकारी लग गए हैं। कार्यक्रम को भव्य रूप देने की ओर अग्रसर हो रहे हैं। समिति अध्यक्ष के अनुसार रामलीला मैदान में स्थित अयोध्या पुरी लगभग 150 वर्ष पुरानी है। उन्होंने बताया कि रामलीला मंचन के दौरान राजतिलक के समय भगवान श्री राम यहां विराजमान होते हैं।

हसनपुर में बनी अयोध्यापुरी।

22 जनवरी के पल को यादगार बनाने के उद्देश्य से समिति द्वारा एक दिवसीय रामलीला का आयोजन कराया जा रहा है। **-राकेश अग्रवाल अध्यक्ष** श्री शिव महामंडल रामलीला समिति

अयोध्या में प्रभु की प्राण प्रतिष्ठा के उत्सव के अवसर पर समिति द्वारा धार्मिक अनुष्ठान एवं एक दिवसीय रामलीला का आयोजन कराया जा रहा है। **-योगेंद्र शर्मा,** कार्यकारिणी अध्यक्ष

22 जनवरी सनातनियों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। इसे उत्सव के रूप में मनाते हुए रामलीला समिति द्वारा विभिन्न कार्यक्रम कराए जा रहे हैं। **-गिरधारी लाल सैनी,** कोषाध्यक्ष

नगर वासियों से अपील है कि 22 जनवरी को समिति के कार्यक्रमों में प्रतिभाग कर भगवान श्री राम का आशीर्वाद प्राप्त करें। घरों में भी उत्सव की तरह मनाएं। **-पुनीत अग्रवाल,** महामंत्री

सार-संक्षेप

हिल्टन पब्लिक स्कूल में सफाई करते लोग। ● अमृत विचार

हिल्टन पब्लिक स्कूल में चला स्वच्छता अभियान

अमरोहा, अमृत विचार : जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी के आदेश पर श्रीराम उत्सव के उपलक्ष में आवास विकास कालोनी स्थित हिल्टन पब्लिक स्कूल में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसके तहत विद्यालय की समस्त कक्षाओं व कार्यालय तथा विद्यालय परिसर की सफाई की गई। यह अभियान विद्यालय की डायरेक्टर भावना सैनी, एडवाइजर ततहीर फातिमा व प्रधानाचार्य मोहित शर्मा के निर्देशन में किया गया। इस मौके पर विद्यालय के सभी कर्मचारियों ने योगदान दिया।

प्रिया अग्रवाल का स्वागत करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

भाजपा महिला मोर्चा के कार्यक्रम में पहुंची प्रिया अग्रवाल

हसनपुर, अमृत विचार : पार्टी हाई कमान के निर्देश पर भाजपा महिला मोर्चा के कार्यक्रम चाय पर चर्चा पर प्रदेश उपाध्यक्ष प्रिया अग्रवाल ने पहुंचकर महिलाओं के साथ की चर्चा। गुरुवार को शिवाला मंदिर के निकट स्थित पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी के आवास पर भाजपा महिला मोर्चा की बैठक हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य पार्टी हाई कमान के निर्देश पर चलाए जा रहे कार्यक्रम चाय पर चर्चा को सफल बनाना था। मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष प्रिया अग्रवाल का महिला मोर्चा की पदाधिकारियों पुष्प माला पहनकर स्वागत किया। प्रदेश उपाध्यक्ष ने महिलाओं के साथ केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में विकास की गंगा बह रही है। कार्यक्रम में महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष उषा शर्मा, अंगूरी देवी, कविता सैनी, दीपमाला वर्मा, उमा नागर, मंजू सैनी, प्रीति गर्ग शामिल रहे।

जिलाध्यक्ष का स्वागत करते विधायक व अन्य। ● अमृत विचार

जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया

हसनपुर, अमृत विचार : विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान हुए कार्यक्रम में विधायक व अधिकारियों ने ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं के विषय में विस्तार से बताते हुए उनका लाभ लेने की अपील की। गुरुवार को गांव चौकूनी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी एवं विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी का ग्रामीण एवं अधिकारियों ने फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। जिलाध्यक्ष एवं विधायक ने योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण किए गए। ब्लॉक प्रमुख ममता गुर्जर, राजू गोयल, हेमराज सैनी, शीशराम सिंह जाटव, मनोज शर्मा, वीर सिंह सैनी, हिमांशु त्यागी, वेद राम सिंह, अतर सिंह, अंकित, महिपाल सिंह, चेतन सिंह, सर्वेश, अनिल सहित संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

रैली निकाल कर किया मतदान के प्रति जागरूक

हसनपुर, अमृत विचार : गुरुवार को झम्मनलाल पीजी कॉलेज में स्वीप योजना कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों व बीएड के छात्रों ने क्रीड़ा प्रभारी सादिक खान और बीएड विभाग के अजय पाल सिंह के नेतृत्व में रैली निकालकर मतदाताओं को जागरूक किया। रासेयो की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नीति शर्मा ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बच्चों ने स्लोगन के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। इस मौके पर डायरेक्टर डॉ. नेहा सक्सेना ने मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान डॉ. स्वादेकीन व कुमुद त्यागी शामिल रहे।

श्री शिव महामंडल रामलीला समिति ने सौंपा ज्ञापन

हसनपुर, अमृत विचार : श्री शिव महामंडल रामलीला समिति के पदाधिकारियों ने रामलीला मैदान पर सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग करते हुए पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी को ज्ञापन सौंपा। इसमें 21 एवं 22 जनवरी को रामलीला मैदान पर होने वाले धार्मिक कार्यक्रम एवं रामलीला को लेकर सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में समिति अध्यक्ष राकेश अग्रवाल, योगेंद्र शर्मा, पुनीत अग्रवाल, गिरधारी लाल सैनी शामिल रहे।

डिजिटल क्रॉफ्ट सर्वे का किया निरीक्षण

गजरौला, अमृत विचार : गुरुवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने गांव सलेमपुर गोसाई में चल रहे डिजिटल क्रॉफ्ट सर्वे का निरीक्षण किया गया। लेखपाल दीपिका से अपने सामने मोबाइल में गाटों का सर्वे करा कर अपलोड कराया। जिलाधिकारी कहा कि डिजिटल क्रॉप सर्वे में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इस काम को उपजिलाधिकारी प्राथमिकता के साथ कराएं। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी राजीव राज भी मौजूद रहे।

लंगर के दौरान दुआ करते लोग। ● अमृत विचार

ख्वाजा गरीब नवाज की छठी मनाई

अमरोहा, अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन अंबवता के तत्वाधान में जोया में ख्वाजा गरीब नवाज की छठी मनाई गई। इस दौरान लंगर का आयोजन किया गया। इसमें भारी संख्या में लोगों ने लंगर खाया। इस मौके पर आसिफ रजा, विजय सिंह, हुरभान, हनीफ, मुज्जमिल, नफीस, आसिफ पाशा, इरफान, चौधरी शीशपाल, अनीस गाजी व दिग्विजय भाटी शामिल रहे।

ब्लॉक गंगेश्वरी रहरा परिसर में हुआ कंबल वितरण

रहरा, अमृत विचार : विकास खंड गंगेश्वरी के रहरा के प्रांगण में सरकारी कंबल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी रहे। इस मौके पर गंगेश्वरी ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र सिंह खडगवंशी, आदमपुर मंडल अध्यक्ष राजू गोयल, उझारी मंडल अध्यक्ष हेमराज सैनी, आमोद शर्मा उपाध्यक्ष चीनी मिल त्रिवेणी, एसडीएम हसनपुर पुष्कर नाथ चौधरी, तहसीलदार हसनपुर, बीडीओ रहरा रोहतास कुमार, एपीओ रहरा सौरभ कुमार, थानाध्यक्ष रहरा संदीप चौधरी एवं सभी ग्राम पंचायतों के प्रधान व समस्त लेखपाल शामिल रहे।

एक नजर

बिजलीघर में फाल्ट से घंटों बंद रही आपूर्ति

संभल, अमृत विचार : बिजलीघर में फाल्ट होने से शहर में टाउन फोर फीडर क्षेत्र की आपूर्ति घंटों तक गुल रही। गुरुवार को 33 केवी विद्युत उपकेंद्र संभल में फाल्ट हो गया। कर्मचारियों ने चेक किया तो पता चला कि सीटी फट चुकी है। जिस कारण टाउन फोर फीडर क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। उपभोक्ताओं को परेशानी हुई। एसडीओ शहर यशपाल सिंह ने बताया कि सीटी फटने के कारण करीब ढाई घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रही।

नियमों के उल्लंघन में 40 वाहनों के चालान

संभल, अमृत विचार : राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत एआरटीओ प्रवर्तन जयप्रकाश गुप्ता ने वाहनों की चेकिंग की। हेलमेट का प्रयोग नहीं करने पर 30, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट नहीं लगाने पर 10 वाहनों का चालान किया। वाहन चालकों और परिचालकों से कहा कि हेलमेट दुर्घटना के समय सिर को सुरक्षित रखता है तो सीट बेल्ट पहनने से दुर्घटना के समय चालक शीशे से नहीं टकराता। इसलिए वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग किया जाए।

प्राण प्रतिष्ठा का न्योता बांट रहे भक्तों का किया स्वागत

संभल, अमृत विचार : श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर अयोध्या से आए अक्षत चावल व न्योता बांट रहे संघ के संजीव सैनी, सत्या, सजन श्रीमाली, अनमोल पंडित का मुहल्ला पंजू सराय में पुष्प वर्षा और तिलक कर स्वागत किया गया। ज्वालेश श्रीमाली ने कहा कि हम बहुत भाग्यशाली हैं कि श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा देखेंगे। श्रीराम टेंट से निकलकर भव्य विशाल मंदिर में विराजमान होंगे।

रास्ते पर कब्जा करने का लगाया आरोप

संभल, अमृत विचार : नखासा थाना क्षेत्र के गांव पीपली रहमापुर निवासी शाने आलम ने गुरुवार को थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। तहरीर में बताया कि मनरेगा के तहत गांव के ही फखरुद्दीन के खेत से आसीम के खेत तक रास्ते पर मिट्टी ड़ालने का काम कराया गया था। आरोप है कि काम खत्म होने के बाद ग्रामीण ने रास्ते को काटकर अपने खेत में मिला लिया। जिससे रास्ते पर गाड़ी व ट्रैक्टर लेकर आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

लेखपाल व कानूनगो की गिरफ्तारी पर भड़के कर्मी

धरना देकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा, पुलिस जांच अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : जिंदा ग्रामीण को मृत दर्शाकर कृषि भूमि हड़पने के आरोप में मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस ने आरोपी लेखपाल और कानूनगो को गिरफ्तार किया तो राजस्व कर्मचारी इस कार्रवाई के विरोध में उतर आए हैं। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के बैनर तले लेखपालों और राजस्व निरीक्षकों ने एसडीएम कार्यालय परिसर में प्रदर्शन कर गिरफ्तारी करने वाले पुलिस के जांच अधिकारी के निलंबन की मांग उठाई। कलमबंद हड़ताल करने की चेतावनी भी दी।

कैला देवी थाना क्षेत्र के गांव लखनपुर के गंगाराम की कृषि भूमि वीरपाल ने गंगाराम को मृत दिखाकर व खुद को उसका भाई बताकर अपने नाम करा ली थी। इसके बाद जमीन महिला माया देवी निवासी गांव भैंसरोली को बेच दी थी। माया देवी जमीन पर कब्जा लेने आई तब गंगाराम को फर्जीवाड़े का पता चला। गंगाराम की अर्जी पर अदालत के आदेश पर पुलिस ने लेखपाल राकेश कुमार, कानूनगो भारत सिंह, वीरपाल निवासी भैंसरोली, माया देवी और बैनामे के गवाह दिनेश कुमार व भजनलाल निवासी नूरपुर ततारपुर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने मंगलवार को लेखपाल राकेश और कानूनगो भारत सिंह को गिरफ्तार कर लिया। लेखपाल और कानूनगो की गिरफ्तारी होने पर राजस्व कर्मचारियों में रोष पनप गया। गुरुवार को उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के बैनर तले लेखपालों और राजस्व निरीक्षकों ने एसडीएम कार्यालय परिसर में धरना दिया। लेखपालों का कहना रहा कि लेखपाल राकेश कुमार और सेवानिवृत्त कानूनगो भारत सिंह की गिरफ्तारी नियम विरुद्ध की गई है। इस कार्रवाई को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

एसडीएम कार्यालय परिसर में धरना प्रदर्शन करते लेखपाल। ● अमृत विचार

पूरी तरह जांच नहीं की, कलमबंद हड़ताल को चेताया

संभल, अमृत विचार : एसडीएम कार्यालय परिसर में धरना देने के बाद लेखपालों ने कहा कि दोनों कर्मियों को पुलिस जांच अधिकारी ने एसडीएम के समक्ष वार्ता के लिए बुलाया था लेकिन दोनों को गुमराह करते हुए गिरफ्तार कर लिया गया जो नियम विरुद्ध है। लेखपालों ने कहा कि प्रकरण में जांच अधिकारी द्वारा पूर्णतया : जांच नहीं की गई। आरोप लगाया कि पुलिस जांच अधिकारी ने अपनी जांच आख्या में अभिलेखों का संज्ञान नहीं लेकर भ्रामक रिपोर्ट जानबूझ कर अपने स्वार्थ के लिए लगाई। लेखपालों ने कहा कि पुलिस के जांच अधिकारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाए। एसपी के नाम ज्ञापन एसडीएम सुनील त्रिवेदी को देकर कहा कि पुलिस जांच अधिकारी के खिलाफ तत्काल निलंबन की कार्रवाई नहीं हुई तो लेखपाल संघ के सभी लेखपाल 24 जनवरी से कलमबंद हड़ताल करने के लिए बाध्य होंगे।

चन्दौसी में लेखपाल व सेवानिवृत राजस्व निरीक्षक की गिरफ्तारी को लेकर उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ तहसील के पदाधिकारियों में रोष व्याप्त है। इस संदर्भ में पदाधिकारियों ने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक को संबोधित ज्ञापन सीओ व एसडीएम को सौंपा है। पुलिस जांच अधिकारी को निलंबित किए जाने की मांग की है। ऐसा न होने पर कलम बंद हड़ताल की चेतावनी दी है।

मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन करते सफाई कर्मचारी। ● अमृत विचार

गुन्नौर में सफाई कर्मियों की हड़ताल से बिगड़े हालात

संवाददाता, गुन्नौर

अमृत विचार : वेतन नहीं मिलने पर नगर पंचायत के सफाई कर्मियों की हड़ताल दूसरे दिन भी जारी रही। जिसके चलते कस्बे के गली मोहल्लों, बाजारों और चौराहों में जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे रहे। लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

दो महीने का वेतन नहीं मिलने के कारण नगर पंचायत के सफाई कर्मचारी हड़ताल पर हैं। ऐसे में नगर की सफाई व्यवस्था चौपट हो गई है। जगह-जगह गंदगी के ढेर लगने शुरू हो गए हैं। दूसरी तरफ पंचायत प्रशासन सफाई कर्मियों की मांग की तरफ न तो ध्यान दे रहा है और न ही सफाई व्यवस्था को लेकर ही गंभीरता दिख रही है। सफाई कर्मियों ने गुरुवार को भी नगर पंचायत दफ्तर के बाहर धरने पर बैठकर नगर पंचायत प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। सफाई कर्मचारियों ने वेतन दिलाने की मांग उठाई।

भाकियू ने उठाई अंडरपास निर्माण की मांग

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन असली के पदाधिकारियों ने गंगा एक्सप्रेस वे को लेकर गांव हिसामपुर और भटौला के बीच अंडरपास निर्माण की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। एडीएम को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपकर अंडरपास निर्माण नहीं होने पर धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी।

भाकियू असली के पदाधिकारी गुरुवार को एसडीएम कार्यालय पहुंचे। वहां अंडरपास निर्माण की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। फिर एडीएम को संबोधित ज्ञापन एसडीएम सुनील कुमार त्रिवेदी को सौंपा। जिसमें कहा कि गांव रिठाली से गवां खिरनी मुख्य मार्ग को जोड़ते हुए मुख्य सीसी मार्ग है। गांव हिसामपुर से भटौला मार्ग के बीच गंगा एक्सप्रेस वे गुजर रहा है। गंगा एक्सप्रेस वे निर्माण के चलते हिसामपुर से भटौला का रास्ता बंद किया जा रहा है। यह मार्ग बंद होने से कई गांवों के लोगों को परेशानी होगी। गांव हिसामपुर, भटौला, सद्दू सराय, लखौरी, भारतल, रिठाली, भमौरी पट्टी, सौंधन आदि के ग्रामीणों की मांग है कि वहां पर अंडरपास निर्माण का आदेश 23 जनवरी तक दिया जाए। अन्यथा भाकियू असली स्थानीय लोगों के साथ 24 जनवरी से मार्ग पर धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होगी। इस दौरान चौधरी संजीव गांधी, दिनेश सिरोही, राजेंद्र सिंह, गनपत, रामकिशन, अशोक कुमार, समरपाल सिंह, नन्हें, सुरेश सिंह सैनी, अर्जुन सिंह, विजय सिंह आदि रहे।

एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन करते भाकियू असली के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

आंदोलन

- पदाधिकारियों ने प्रदर्शन कर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन
- एक्सप्रेस वे निर्माण के चलते का बंद किया जा रहा रास्ता

पुलिस चौकी पहुंची महिला, प्रेमी के साथ रहने की जिद पर अड़ी

कार्यालय संवाददाता, संभल/रजपुरा

प्रेम प्रसंग

- घंटों चली पंचायत, परिजनों ने भी महिला को समझाया लेकिन नहीं मानी

अमृत विचार : रजपुरा थाना क्षेत्र से प्रेमी के साथ फरार हुई विवाहित महिला कैला देवी थाना क्षेत्र की सौंधन पुलिस चौकी पहुंच गई। महिला प्रेमी के साथ रहने की जिद पर अड़ गई। घंटों तक पुलिस चौकी में ही पंचायत चलती रही लेकिन नतीजा कोई सामने नहीं आया। चौकी पुलिस ने महिला और प्रेमी को रजपुरा थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

कैला देवी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती का थाना क्षेत्र के ही दूसरे गांव के युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवती के परिजनों को जब इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने युवती की शादी रजपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव में कर दी। शादी को डेढ़ वर्ष बीत गया लेकिन महिला ने प्रेमी से संपर्क बनाए रखा। चोरी छुपे दोनों एक दूसरे से मिलते रहते थे। बुधवार को देर रात महिला ससुराल से प्रेमी के साथ फरार हो गई। अब वह प्रेमी के साथ कैला देवी थाना क्षेत्र अंतर्गत सौंधन पुलिस चौकी पहुंच गई। वहां प्रेमी के साथ रहने की जिद करने लगी। पुलिस द्वारा सूचना दिए जाने पर महिला का पति और परिजन भी पुलिस चौकी पहुंच गए। महिला के परिजनों ने भी पति के साथ रहने की बात कही लेकिन वह प्रेमी के साथ ही जाने पर अड़ी रही। घंटों तक मामले को लेकर पंचायत चलती रही। शाम तक मामले में कोई नतीजा नहीं निकल सका।

सार संक्षेप

परिवार को टीकाकरण के लिए प्रेरित करतीं सीएमओ डा. तरन्नुम रजा।

बच्चों के नियमित टीकाकरण के लिए लोगों को किया प्रेरित

संभल, अमृत विचार : स्वास्थ्य विभाग के नियमित टीकाकरण अभियान को गति देने के लिए सीएमओ ने संभल के दो मुहल्लों में लोगों से बातचीत कर बच्चों का टीकाकरण कराने के लिए प्रेरित किया। सीएमओ ने विरोधी परिवारों को समझाया बच्चों का टीकाकरण भी कराया। नियमित टीकाकरण में आ रही बाधा को लेकर जिम्मेदारों ने सीएमओ डॉ.तरन्नुम रजा को जानकारी दी थी। जिसके बाद गुरुवार को सीएमओ डॉ.तरन्नुम रजा, सीएचसी चिकित्सा अधीक्षक डॉ.मनीष अरोड़ा और डॉ.नीरज शर्मा ने टीकाकरण को गति देने के लिए लोगों से संवाद किया। सीएमओ ने मुहल्ला पंजू सराय और मियां सराय में लोगों के घर जाकर बातचीत की। बच्चों के टीकाकरण का महत्व बताया। सीएमओ ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के टीकाकरण अभियान में सहयोग किया जाए।

सपा की बैठक में बोलते सईद अख्तर इसराइली। ● अमृत विचार

लोस चुनाव में भाजपा को सबक सिखाएगी जनता

संभल, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक में छुट्टा गोवंश पशुओं समेत कई मुद्दे उठाए गए। सपा जिला सचिव सईद अख्तर इसराईली ने कहा कि जहां जनता बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी से जूझ रही है, वहीं किसान भी परेशान हैं। छुट्टा गोवंश खेतों में फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। किसानों को खेतों पर भी रहना पड़ रहा है। सपा नेता सईद अख्तर इसराईली ने कहा कि कड़ी सर्दी में सरकार की ओर से गरीबों को मदद नहीं मिल रही है। सरकार केवल हिंदू-मुस्लिम की राजनीति कर रही है। कहा कि जनता सब कुछ जान चुकी है। 2024 के चुनाव में सबक सिखाने का काम करेगी। इस दौरान मोहम्मद मुस्तकीम, मोहम्मद नदीम, नवील अहमद, इरशाद, बिट्टू, नदीम, तारिक, आसिफ, जाहिद, विकास, अनीस, वासिफ, निजामउद्दीन, मुस्तफा, वसीम खां, अजय यादव आदि रहे।

मंदिरों में की सफाई अभियान में जुट रहे लोग

बबराला, अमृत विचार : अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर नगर में जश्न शुरू हो चुका है। भगवा टोली नगर के चिन्हित सोलह मंदिरों में 22 जनवरी तक प्रतिदिन साफ सफाई और विशेष पूजा अनुष्ठान करा रही है। व्यवस्था प्रमुख संजीव सोनी ने बताया कि भगवा टोली के स्वच्छता अभियान में नागरिक भी अपनी भागीदारी निभाते हुए सहयोग कर रहे हैं। साफ-सफाई से मंदिर प्रांगण चमकने लगे हैं। युवा वाहिनी के योगेश गुप्ता ने कहा कि यह हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है कि सप्ताह में कम से कम एक दिन सामूहिक रूप से मिलकर मंदिरों की साफ-सफाई के लिए संकल्प लें। इस दौरान नितिन आइडिया, बिजेंद्र पाठक, राजकिशोर बंसल, रामकिशोर आदि रहे। वहीं नगर पंचायत द्वारा स्वच्छता महाभियान के तहत मंदिरों सहित सार्वजनिक स्थानों पर सफाई अभियान चलाया गया।

बबराला में मंदिर की सफाई करते लोग।

ग्रामीणों को आयुष्मान कार्ड देते अतिथि। ● अमृत विचार

संकल्प यात्रा में लोगों को दी योजनाओं की जानकारी

गुन्नौर, अमृत विचार : विकसित भारत संकल्प यात्रा का ब्लॉक क्षेत्र के गांव दौलतपुर में अधिकारियों और ग्रामीणों ने स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बबराला नगर पंचायत चेयरमैन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य सामुदायिक जुड़ाव को बढ़ावा देना और सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता फैलाना है। यह यात्रा योजनाओं का लाभ वंचितों तक पहुंचाने का एक महत्वपूर्ण कदम है। लोगों ने विकसित संकल्प भारत की शपथ लेकर समग्र राष्ट्रीय विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष विनय वार्ष्णेय, डॉ. रश्मि पटेल, सहायक विकास अधिकारी उमेश शर्मा, ग्राम बूथ अध्यक्ष वेदपाल यादव, शाहिद आदि मौजूद रहे।

दीपोत्सव जनजागरण के लिए प्रभात फेरी निकालते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

रामनाम संकीर्तन फेरी में उमड़े श्रद्धालु

संवाददाता, बबराला

- युवाओं की टोली ने जयकारे लगाये, नगर भक्तिमय हुआ

अमृत विचार : श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान और दीपोत्सव मनाने के लिए लोगों में जनजागरण के उद्देश्य से नगर में रामनाम संकीर्तन फेरी निकाली गई। जिसमें युवाओं की टोली ने जयकारे लगाये।

गुरुवार को राजघाट रोड स्थित काली मंदिर में संगीतमय सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ के बाद रामनाम संकीर्तन फेरी का आरंभ हुआ। राष्ट्र सेविका समिति की सुधा गौतम, राधा अग्रवाल, कविता वार्ष्णेय, पिंकी गुप्ता आदि की अगुवाई में रामनाम संकीर्तन फेरी में सैकड़ों महिला, पुरुष गले में राम नामी पटका और हाथ में भगवा पताकाएं लेकर भजन कीर्तन करते हुए चल रहे थे। हरे राम, हरे रामख् राम राम हरे हरे....से पूरा नगर भक्तिमय हो गया।

इस दौरान राधा स्वामी आश्रम के महंत पुनीत आनंद, चेयरमैन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय, पूर्व चेयरमैन लता कुमारी, गंगाराम यादव, नरेन्द्र राघव, यशपाल वार्ष्णेय, सुधीर वर्मा, हरिओम शास्त्री, भरत लाल, वीर पाल, ममता शर्मा, सीमा गुप्ता, रचना वार्ष्णेय, नितिन आइडिया आदि रहे।

झोलाछाप और अवैध क्लीनिकों पर कार्रवाई को आठ टीमें गठित

कार्यालय संवाददाता, संभल

- मंडलायुक्त के निर्देश पर जनपद में ब्लॉक स्तर पर बनाई टीमें

अमृत विचार : झोलाछाप और अवैध क्लीनिकों पर कार्रवाई की जिम्मेदारी अब सीएचसी प्रभारियों व प्रशासनिक अधिकारियों की संयुक्त टीमों को सौंपी गई है। मंडलायुक्त के निर्देश पर जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कार्रवाई के लिए आठ टीमें गठित कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

झोलाछाप के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्रभावी कार्रवाई नहीं हो पा रही है। इसी के मद्देनजर मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह ने प्रभावी कार्रवाई का फार्मूला दिया। मंडलायुक्त के निर्देश पर जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कार्रवाई के लिए ब्लॉक स्तर पर आठ टीमों का गठन किया है। संभल ब्लॉक की टीम में एसडीएम, बीडीओ व चिकित्सा अधीक्षक सीएचसी संभल जबकि असमोली की टीम में एसडीएम संभल, बीडीओ असमोली, चिकित्सा अधीक्षक सीएचसी असमोली को रखा गया है। इसी तरह पंवासा की टीम में डिप्टी कलेक्टर दीप कुमार चौधरी, बीडीओ पंवासा, सीएचसी प्रभारी पंवासा, बहजोई की टीम में एसडीएम (न्यायिक) चंदौसी, बीडीओ बहजोई, सीएचसी प्रभारी बहजोई, बनियाखेड़ा की टीम में एसडीएम चंदौसी, बीडीओ बनियाखेड़ा, सीएचसी प्रभारी बनियाखेड़ा, रजपुरा की टीम में एसडीएम गुन्नौर, बीडीओ रजपुरा, सीएचसी प्रभारी रजपुरा को जिम्मेदारी मिली है। गुन्नौर की टीम में एसडीएम (न्यायिक) संभल, बीडीओ गुन्नौर, सीएचसी प्रभारी गुन्नौर जबकि जुनावई की टीम में डिप्टी कलेक्टर मुख्यालय वंदना मिश्रा, बीडीओ जुनावई और सीएचसी प्रभारी जुनावई को रखा गया है।

ट्रांसफार्मर में फाल्ट से 3 दिन से 20 घरों में अंधेरा

गुन्नौर, अमृत विचार : गुन्नौर विकासखंड के गांव सैजना मुस्लिम में ट्रांसफार्मर में फाल्ट के कारण तीन दिन से 20 घरों में अंधेरा छाया है। जिससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

गुस्साए लोगों ने बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए समस्या का समाधान कराने की मांग की। गांव सैजना मुस्लिम के विपिन कुमार ने कहा कि ट्रांसफार्मर में फाल्ट के कारण बिजली आपूर्ति सुचारू नहीं हो रही है। जिस कारण 20 घरों में तीन दिन से अंधेरा छाया हुआ है। 16 जनवरी को ही ऑनलाइन शिकायत दर्ज करा दी थी लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका। लोगों ने बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान भगवान सिंह, विपिन, प्रेमपाल, जय यादव, राकेश, सर्वेश आदि मौजूद रहे।

छुट्टा पशुओं को लेकर दो गांवों के लोग आमने-सामने आए

संवाददाता, संभल

विवाद

- पुलिस ने दोनों गांवों के लोगों को समझा-बुझाकर शांत किया
- छुट्टा पशुओं को आश्रय स्थल में संरक्षित कराने का आश्वासन

अमृत विचार : नखासा थाना क्षेत्र में छुट्टा पशुओं को लेकर दो गांवों के लोग आमने सामने आ गए। जिससे विवाद के हालात बन गए। मौके पर पहुंची दो थानों की पुलिस ने दोनों गांवों के लोगों को समझा-बुझाकर छुट्टा पशुओं को गो आश्रय स्थल में संरक्षित कराने का आश्वासन देकर शांत किया।

थाना क्षेत्र के गांव रम्पुरा जट के जंगल में घूम रहे आधा दर्जन छुट्टा पशुओं को बुधवार की देर शाम ग्रामीणों ने थाना क्षेत्र के गांव मन्नीखेड़ा के जंगल में लाकर छोड़ दिया। छुट्टा पशु छोड़ने की जानकारी होने पर मौके पर दर्जनों ग्रामीण एकत्रित हो गए और छुट्टा पशुओं को वापस गांव रम्पुरा जट की ओर दौड़ा लिया। जिसके बाद रम्पुरा जट व मन्नीखेड़ा के दर्जनों ग्रामीण आमने सामने आ गए और देखते देखते ही विवाद के हालात बनने लगे। सूचना मिलने पर सैदनगली थाना पुलिस व नखासा थाना की देहपा चौकी पुलिस मौके पर पहुंची।

पुलिस ने ग्रामीणों को समझा कर छुट्टा पशुओं को गो आश्रय स्थल में संरक्षित कराने की बात कही। तब मामला शांत हुआ। चौकी प्रभारी अशोक कुमार तोमर ने बताया कि दोनों गांवों के ग्रामीणों को बैठाकर वार्ता की गई है। छुट्टा पशुओं को शरीफपुर में स्थित अस्थाई गोशाला में पहुंचाया जाएगा।

जिला पंचायत | पोस्टमार्टम हाउस में व्यवस्थाएं दुरुस्त नहीं किए जाने पर सदस्यों ने जताया आक्रोश

बैठक में उठा टूटी सड़कों व छुट्टा पशुओं का मुद्दा

संवाददाता, बहजोई

अमृत विचार : जिला पंचायत सदस्यों ने बोर्ड की बैठक में जल निगम द्वारा टूटी सड़कों की मरम्मत नहीं किए जाने, खाद की दुकान पर जबरन किसानों को दवा दिए जाने व निराश्रित पशुओं को संरक्षित न किए जाने सहित कई मुद्दे उठाए। वर्ष 2023-24 के पुनरीक्षित बजट में 70 करोड़ 34 लाख 74 हजार आय व 68 करोड़ 21 लाख 48 हजार व्यय। वही वर्ष 2024 25 का मूल बजट 39 करोड़ 82 लाख 86 हजार आय व 36 करोड़ 38 लाख व्यय को सदस्यों ने हरी झंडी दी।

जिला पंचायत के सभागार में आयोजित बैठक में अपर मुख्य अधिकारी आशीष सिंह ने गत बैठक की पुष्टि का बजट रखा जिसे सदस्यों ने ध्वनि मत पारित कर दिया। सदस्य अवधेश प्रताप सिंह ने ग्रामीण क्षेत्रों में निराश्रित पशुओं की समस्याओं को उठाते हुए कहा कि पशुओं को संरक्षित नहीं किया जा रहा है। सीवीओ ने 31 जनवरी तक पशुओं को संरक्षित करने का आश्वासन दिया। उमेश यादव ने ग्रामीण इलाकों में बने स्वास्थ्य केंद्रों पर चिकित्सकों के नहीं बैठने का मुद्दा उठाया। वहीं पोस्टमार्टम हाउस में व्यवस्था लचर होने का मुद्दा उठाया। जिस पर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अनामिका यादव ने जिला पंचायत बोर्ड बजट से व्यवस्था दुरुस्त करने का आश्वासन दिया। सदस्य सदाकत हुसैन ने खाद की दुकानों पर खाद के साथ जबरदस्ती किसानों को कीटनाशक दवाएं दी जा रही हैं। जिला कृषि अधिकारी ने कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

जिला पंचायत बोर्ड बैठक में बोलतीं अध्यक्ष डॉ. अनामिका यादव। ● अमृत विचार

पुलिस के रिपोर्ट न लिखे जाने का उठाया मुद्दा

बहजोई। जिला पंचायत सदस्य विजय यादव ने अपने ऊपर जानलेवा हमले कुछ लोगों द्वारा किए जाने का मुद्दा उठाते हुए कहा कि वह पुलिस के पास कई बार चक्कर काट चुके हैं। सब सबूत वह दे चुके हैं। लेकिन पुलिस उनका मुकदमा नहीं लिख रही है। आरोपियों के खिलाफ न ही कोई कार्रवाई कर रही है। जिसको लेकर सभी सदस्य उनके समर्थन में आ गए। जिला पंचायत की ओर से पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखे जाने का आश्वासन दिया गया।

एक नजर

भाजपाइयों ने बड़ा महादेव मंदिर में की साफ-सफाई

चन्दौसी, अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान व प्रभु श्री राम की अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा किये जाने के उपलक्ष्य में गुरुवार को बडा महादेव मंदिर में भाजपाइयों ने साफ-सफाई की। मंदिर परिसर में झाड़ू लगा कर धुलाई की गई। कार्यक्रम में विधानसभा संयोजक विनोद कुमार बिन्नी, महामंत्री मनोज दिवाकर, सभासद तरूण नीरज, प्रेम ग्रोवर, योगेन्द्र वर्मा, कृष्णा शर्मा, कुमुद अग्रवाल, कान्ता प्रसाद, मेघल गुप्ता, तन्नू गुप्ता आदि की सहभागिता रही।

ओवरटेक करते समय डंपर ने मारी कार में टक्कर

सौंधन, अमृत विचार : कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव खिरनी निवासी मुसाहिद गुरुवार को कार में सवार होकर संभल से घर जा रहा था। मुसाहिद कार लेकर संभल आदमपुर मार्ग पर जैसे ही गांव के पास पहुंचा। मिट्टी लेकर आ रहे डंपर ने ओवरटेक करते समय कार में सामने से टक्कर मार दी। गनीमत रही कि मुसाहिद हादसे का शिकार होने से बच गया।

निजी अस्पताल से बाइक चोरी सीसीटीवी में कैद

संभल, अमृत विचार : सरायतरीन निवासी राशिद गुरुवार की शाम छह बजे सदर कोतवाली क्षेत्र में संभल चंदौसी मार्ग पर स्थित हसीना बेगम अस्पताल में भर्ती अपने दादा अब्दुल रशीद को खाना देने आया था। रशिद अस्पताल परिसर में बाइक खड़ी करने के बाद दादा के पास चला गया। कुछ देर बाद छह बजकर अठारह मिनट पर राशिद ने वापस आकर देखा तो अस्पताल परिसर से बाइक गायब थी। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को खंगाला गया।

गोशाला से पांच गोवंशीय पशु लापता

सिरसी, अमृत विचार : हजरत नगर गढ़ी थाना क्षेत्र ग्राम रझा भूड़ ग्राम पंचायत मऊ की गौशाला में संरक्षित पशुओं में से पांच गोवंशीय पशु लापता हो गए। ग्राम प्रधान ने थाने में तहरीर दी है। गांव की गौशाला में 116 पशु मौजूद थे। जिसमें से बुधवार की रात को पांच पशु लापता हो गए। दिन भर ग्राम प्रधान नीतू और सचिन कुलवंत ने पशुओं को तलाश किया लेकिन जब पशु नहीं मिल पाए तो थाना हजरत नगर गढ़ी में तहरीर दी है।

संभल-चन्दौसी की खबरें पेज 11 पर भी

नाबालिग से दुष्कर्म में युवक को 10 वर्ष का कठोर कारावास

थाना धनारी क्षेत्र के गांव में 28 मार्च 2019 को हुई थी घटना

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

निर्णय

- विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट/अपर सत्र न्यायाधीश ने सुनाया फैसला

अमृत विचार : अदालत ने नाबालिग को बहला फुसला कर ले जाने और दुष्कर्म करने के मामले में एक आरोपी को 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी को 40 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। मामला संभल के थाना धनारी क्षेत्र के गांव में 2019 में दर्ज हुआ था।

थाना धनारी क्षेत्र के गांव निवासी पीड़ित पिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि उसकी नाबालिग बेटी को श्रीपाल उर्फ पंचम पुत्र कृपाल निवासी गांव गढ़ा थाना धनारी 29 मार्च 2019 से लगभग 6-7 माह पूर्व उसकी 15 वर्षीय बेटी को बहला फुसला कर भगा ले गया था। वह 6-7 माह तक उसके साथ रही। 28 मार्च को बेटी मौका पाकर घर आ गई थी । इस पर आरोपी युवक उसकी बेटी को जबरन घर ले जाने की धमकी दे रहा था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया और विवेचक ने पीड़िता का धारा 161का मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दर्ज कराया। पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी श्रीपाल उर्फ पंचम को 28 अगस्त को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने 12 जनवरी 2020 को आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल कर दिया। अभियोजन पक्ष से नरेन्द्र कुमार यादव शासकीय अधिवक्ता पॉक्सो ने दलीलें पेश कर बहस की। शुक्रवार को मुकदमें पर सुनवाई करते हुए विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट/अपर सत्र न्यायाधीश अशोक कुमार यादव द्वितीय ने आरोपी श्रीपाल उर्फ पंचक को धारा 363 के आरोप में 5 वर्ष के कठोर कारावास व 5,000 रुपये अर्थदण्डसे दण्डित किया है। अर्थदण्ड अदा न करने पर छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतानी होगी। धारा 366 में सात वर्ष के कठोर कारावास व 10 हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा दी। अर्थदण्ड अदा करने पर एक वर्ष की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। धारा 376 आईपीसी सपठित धारा 4 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम के आरोप में 10 वर्ष के कठोर कारावास व 25 हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया है।

अर्थदण्ड अदा न करने पर दो वर्ष की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। अर्थदण्ड की समस्त धनराशि पीड़िता को पुनर्वास के लिए प्रदान की जाएगी। सभी सजाएं साथ चलेंगी।

बहजोई और जुनावई के बीडीओ का जवाब-तलब

संवाददाता, बहजोई

- कहा विकास कार्यों में निचले स्तर पर खर्च वाले पंचायत सचिवों को करें चिन्हित

अमृत विचार : जिलाधिकारी ने जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर जनपद की प्रगति रैंकिंग को लेकर अफसरों से समीक्षा की। पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी के साथ ही बहजोई व जुनावई के बीडीओ को कारण बताओ नोटिस जारी किया। वहीं विकास कार्यों में खर्च करने वाले निचले स्तर पर रहे सचिव को चिन्हित किए जाने की बात कही।

कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक में जिलाधिकारी मनीष बंसल ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय सोलर स्ट्रीट लाइट योजना सोलर स्ट्रीट लाइट व ग्राम उन्नति योजना को लेकर चर्चा की। उद्यान विभाग से एकीकृत बागवानी विकास मिशन ड्रॉप मोर क्रॉप माइक्रो इरिगेशन को लेकर डीएम ने निर्देश दिए। एनआरएलएम बैंक क्रेडिट लीकेज कम प्रगति पाए जाने पर खंड विकास अधिकारी बहजोई व जुनावई को कारण बताओ नोटिस जारी किए। डीएम ने पंचायत राज विभाग की समीक्षा करते हुए विकास कार्यों में खर्च करने वाले सबसे निचले स्तर पर रहे ग्राम पंचायत अधिकारियों को चिन्हित कर सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

वहीं बीएसए से समीक्षा करते हुए डीबीटी के माध्यम से लाभ प्राप्त कर रहे बच्चे अन्य किसी निजी विद्यालय में नामांकन है तब ऐसी स्थिति में विद्यालयों को चिन्हित किया जाए। जिलाधिकारी में पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की प्रगति कम पाई जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया। डीएम ने 20 जनवरी से 26 जनवरी तक झालरों के माध्यम से सरकारी भवनों की सजावट किए जाने के निर्देश दिए। 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सजीव प्रसारण एलईडी स्क्रीन के माध्यम से दिखाने के निर्देश दिए।

अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर प्रशासन सतर्क

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा व 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट है। बीती रात सीओ ने कोतवाली पुलिस समेत जीआरपी व आरपीएफ के साथ रेलवे स्टेशन पर चेकिंग अभियान चलाया और संदिग्धों की तलाश की।

सीओ डॉ. प्रदीप कुमार सिंह व प्रभारी निरीक्षक अतर सिंह बुधवार की रात अपनी टीम के साथ रेलवे स्टेशन पर पहुंचे। वहां जीआरपी व आरपीएफ के साथ संयुक्त रूप से प्लेटफार्म, सर्कुलेटिंग एरिया, टिकट विंडो, पार्किंग, आउटर आदि स्थानों पर गहनता से चेकिंग की गई। इस दौरान प्लेटफार्म में टहल रहे यात्रियों से पूछताछ करने के साथ उनका सामान भी चेक किया। हालांकि चेकिंग के दौरान किसी भी यात्री के पास से कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली और कोई संदिग्ध भी नहीं पकड़ा गया। करीब एक से डेढ़ घंटे तक अभियान जारी रहा।

चन्दौसी में चेकिंग करते सीओ प्रदीप कुमार सिंह। ● अमृत विचार

चौकसी

- सीओ ने जीआरपी व आरपीएफ के साथ रेलवे स्टेशन पर की चेकिंग

स्टेशन अधीक्षक ने सुरक्षा को लेकर की चर्चा

चन्दौसी, अमृत विचार : प्रस्तावित श्री राम लला मूर्ति स्थापना/प्राण प्रतिष्ठा व गणतंत्र दिवस के दृष्टिगत गुरुवार को रेलवे स्टेशन पर अधीक्षक हरभजन सिंह की अध्यक्षता में गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में जीआरपी प्रभारी राजदेव पूनिया, आरपीएफ प्रभारी लोकेश कुमार, एसएसई, आईओडब्ल्यू शामिल हुए। गोष्ठी में प्रस्तावित कार्यक्रम के संबंध में चन्दौसी जंक्शन पर सुरक्षात्मक उपाय करने के संबंध में आपस में समन्वय रखते हुए एक दूसरे का सहयोग करने को लेकर वार्ता की गई। सुरक्षा के मद्देनजर रुपरेखा तैयार की गई।

पीस कमेटी की बैठक में शांति बनाए रखने की अपील

संभल, अमृत विचार : हयातनगर की सरायतरीन पुलिस चौकी में अयोध्या मंदिर में भगवान राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन व संविधान दिवस को लेकर पीस कमेटी की बैठक में थाना प्रभारी ने सभी धर्म के लोगों व नागरिकों से शांति बनाए रखने की अपील की।

थाना प्रभारी संत कुमार ने गुरुवार को थाना क्षेत्र की सरायतरीन में स्थित पुलिस चौकी में पीस कमेटी की बैठक में गणमान्य नागरिकों से 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाली राम मंदिर में भगवान राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर क्षेत्र में शांति बनाए रखने और 26 जनवरी को संविधान दिवस को लेकर चर्चा की। इस दौरान किसी भी प्रकार की अनहोनी होने पर पुलिस को सूचना देने को कहा। बैठक में शामिल सभी लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की।

प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व निकाली कलश यात्रा

संवाददाता, बनियाठेर/चन्दौसी

अमृत विचार : अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व गुरुवार को थाना बनियाठेर क्षेत्र के गांव अकरौली में केसरी मौर्य समाज शिव मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में महिलाएं सिर पर कलश लेकर चल रही थीं।

कीर्तन मंडली श्री राम के भजनों से भक्ति का माहौल बना रही थी। डीजे पर युवा राम के भजनों पर झूम रहे थे। श्रद्धालु भाव विभोर होकर श्री राम के जयकारे लगा रहे थे। कलश यात्रा गांव के बुध बाजार, शनि बाजार से शुरू होकर केसरी मौर्य समाज शिव मंदिर पर संपन्न हुई। कलश यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया।

शिव मंदिर में जलाभिषेक भी किया गया। इस दौरान आयोजकों ने 22 जनवरी को घर-घर दीये रोशन कर दिवाली मनाने का आह्वान किया। अंत में प्रसाद वितरण किया गया। कलश यात्रा के दौरान संगीता गुप्ता, कमलेश शर्मा, उषा देवी, अचला शर्मा, लौंग श्रीदेवी, बबीता मौर्य, सरोज मौर्य, रजनी चौहान, सोमवती, मुन्नी देवी, मीना देवी, शांति मौर्य, अवधेश चौहान आदि की भागीदारी रही।

कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु। ● अमृत विचार

भक्ति भाव

- गांव अकरौली में कलश यात्रा निकाल कर किया भजन कीर्तन
- कलश यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत

मुस्लिम क्षेत्र में अलाव जलवाने की मांग उठाई

चन्दौसी, अमृत विचार: ऑल इंडिया पसमांदा समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष शाह आलम मंसूरी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को पालिका के अधिशासी अधिकारी आरके भार्गव से मिला और ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से कहा कि नगर में कई स्थानों पर कर्मचारियों द्वारा अलाव के लिए अपने करीबियों को लकड़ी दिए जाने पर रोष जाहिर किया। कहा कि महाजन मोहल्ला चौराहा, सीकरी गेट, गोलागंज, जारई गेट चौराहा आदि पर अलाव की व्यवस्था की जाए। इन स्थानों पर अलाव जरूरी है। अधिशासी अधिकारी ने उक्त स्थानों पर अलाव जलवाने का भरोसा दिलाया। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रदेश उपाध्यक्ष समेत नगराध्यक्ष मो. मुजीब, जुल्फिकार अहमद, मो. सद्दाम आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

ई रिक्शा पलटने के बाद अंडे इकट्ठा करते लोग। ● अमृत विचार

अंडों से लदा ई रिक्शा पलटा

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : सदर कोतवाली क्षेत्र में संभल मुरादाबाद मार्ग पर अनियंत्रित होकर अंडों से लदा डिवाइडर पर चढ़कर सड़क पर पलट गया। जिससे अंडे सड़क पर बिखर गए। लोग अंडे उठाकर ले जाने के लिए दौड़ पड़े।

कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला जगत निवासी खालिद गुरुवार की रात आठ बजे अंडे लाद कर ई रिक्शा से संभल मुरादाबाद मार्ग पर सीओ कार्यालय की ओर जा रहा था। खालिद ई रिक्शा लेकर जैसे ही चंदौसी चौराहे से निकलकर कुछ ही दूर पहुंचा। अचानक से अनियंत्रित होकर ई रिक्शा डिवाइडर पर चढ़कर सड़क पर पलट गया। जिससे ई रिक्शा में लदे अंडे सड़क पर बिखर गए। हादसे के बाद तमाम लोग अंडे उठाने लगे। यातायात पुलिस कर्मियों ने अंडे ले जाने वालों को डांटकर भगाया।

कालेज में स्मार्ट फोन वितरित करतीं ब्लॉक प्रमुख डॉ. सुगंधा सिंह। ● अमृत विचार

149 विद्यार्थियों को बांटे स्मार्ट फोन

संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : मॉडल पब्लिक लॉ कालेज में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना डिजीशक्ति के अंतर्गत प्रदेश सरकार द्वारा गुरुवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं को स्मार्ट फोन का वितरण किया गया।

मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख बनियाखेड़ा डॉ. सुगंधा सिंह समेत प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार गुप्ता ने छात्र-छात्राओं को स्मार्ट फोन बांटे। इस दौरान प्राचार्य ने डिजी शक्ति के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला। ब्लॉक प्रमुख ने छात्र-छात्राओं को डिजीटल रुप से जागरुक रहने को कहा। कार्यक्रम में 149 छात्र-छात्राओं को स्मार्ट फोन दिए गए। फोन पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर नोडल अधिकारी वीरेश कुमार, अमित कुमार, ज्योति वर्मा, शरद त्यागी, आशुतोष गुप्ता का सहयोग रहा। संचालन डॉ. अजीत सिंह ने किया।

गन्ना मूल्य 450 रुपए घोषित किए जाने की उठाई मांग

बहजोई, अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक से जुड़े किसानों ने गन्ना मूल्य 450 रुपए कुंतल किए जाने को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एडीएम को सौंपा। किसानों की समस्याओं के समाधान की मांग उठाई।

जिलाध्यक्ष रमेश चंद्र शर्मा व मंडल अध्यक्ष संजीव यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पर पहुंच गए। जहां उन्होंने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एडीएम प्रदीप वर्मा को सौंपकर कहा कि प्रदेश में इस बार प्राकृतिक आपदा और बीमारी के कारण गन्ने का उत्पादन कम होने के कारण चीनी मिलों और कोल्हुओं में गन्ना मूल्य सीमा बढ़ा दी गई है। कोल्हुओं पर 400 प्रति कुंतल तक गन्ना खरीदा जा रहा है। मांग करते हुए कहा कि गन्ने का मूल्य 450 रुपए प्रति कुंतल किया जाए। इस दौरान जिलाध्यक्ष रमेश चंद्र शर्मा, मंडल अध्यक्ष संजीव यादव, कौशल क्रांतिवीर, कुंवरपाल सिंह यादव, विजेंद्र सिंह आदि रहे।

खस्ताहाल एक वर्ष पहले बनी आजाद रोड उखड़ी, वाहनों की रहती है आवाजाही

कोहरे में सड़क के गड्ढों से हादसे का अंदेशा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : सर्दी का सितम जारी है। घने कोहरे के साथ हाड़कंपाने वाली ठंड में जनजीवन अस्त-व्यस्त है। कोहरे में आजाद रोड में बड़े गड्ढे कहीं हादसों का सबब न बन जाएं। एक वर्ष पहले पूर्व चेयरमैन के कार्यकाल में बनाई गई सड़क उखड़ गई है। जिससे आवाजाही में लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

आजाद रोड पर गुरुद्वारा से आंबेडकर पार्क पर सड़क पूरी तरह से उखड़ गई थी। जिससे पूर्व चेयरमैन इंदु रानी ने अपने कार्यकाल के अंतिम चरण 2022 में पुलिया निर्माण के साथ सड़क निर्माण कराया था। अब आलम ये है कि सड़क कई जगह से उखड़ गई है। पेट्रोल पंप के पास सड़क में गहरे गड्ढे हो गए हैं। बजरी बिखरी पड़ी है।

जिससे वाहन चालक चोटिल हो जाते हैं। इस मार्ग पर ही रोडवेज बस स्टैंड भी है। शहर से बाहर जाने के लिए यही मुख्य मार्ग है। स्थानीय दुकानदारों ने भी सड़क के गड्ढे भरे जाने की मांग की है।

उखड़ी सड़क से गुजरता बाइक सवार। ● अमृत विचार

> आजाद रोड का मामला संज्ञान में है। आगामी बोर्ड की बैठक में प्रस्ताव रखा जाएगा। प्रस्ताव पास होने के बाद सड़क निर्माण कराया जाएगा।
> -आरके भार्गव, ईओ चन्दौसी।

सार संक्षेप

एनएसएस शिविर में व्यायाम करते स्वयंसेवक। ● अमृत विचार

शिविर में स्वयंसेवकों ने किया व्यायाम

चन्दौसी, अमृत विचार : मुरादाबाद रोड स्थित राजेश कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई के विशेष शिविर के छठवें दिन गुरुवार को पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता कृष्ण कुमार ने स्वयंसेवकों को पानी और मिट्टी को प्रदूषित होने से बचाने के उपाय बताये तथा प्लास्टिक का प्रयोग कम से कम करने को कहा। उन्होंने अधिक से अधिक पेड़ लगाने का भी आह्वान किया। इससे पूर्व आचार्य विकास कुमार ने सभी छात्रों को व्यायाम कराया। बौद्धिक सत्र के उपरांत छात्र खेतों को देखने गए। वहां उन्होंने प्रगतिशील किसान दुष्यंत सिंह के फार्म हाउस पर मधुमक्खी पालन से संबन्धित जानकारी प्राप्त की। अंतिम सत्र में शुक्रवार को होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारियों पर चर्चा की। कार्यक्रम अधिकारी शरद शर्मा ने स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया। संचालन स्वयंसेवक अभय कुमार ने किया ।

सदस्यता कार्यक्रम में बोलते जिलाध्यक्ष विजय शर्मा। ● अमृत विचार

कांग्रेस पार्टी की सदस्यता दिलाई

चन्दौसी, अमृत विचार : जिला कांग्रेस कमेटी ने गुरुवार को चन्दौसी विधानसभा क्षेत्र के गांव मई में सदस्यता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया । जिलाध्यक्ष विजय शर्मा ने मई गांव के जीशान खान, नदीम खान, शाहनवाज खान, डॉ. नजमुल, डॉ. इमरान, इरफान खान, नईम खान, मुशाहिद, जाहिद खान, फैसल खान, खचेडा खान, गुड्डू खान, हनीफ खान, शाहरुख खान, शकूर खान पूर्व प्रधान, कमरुद्दीन, अबरार खान सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं को कांग्रेस पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस दौरान जिलाध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, अविनाश पांडे, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का निर्देश है कि गांव गांव अपनी पार्टी की नीतियों का प्रचार प्रसार करें तथा गांव में सक्रिय लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाते हुए जिम्मेदारी सौंपने का काम करें। इसी प्रक्रिया के तहत न्याय पंचायत अध्यक्ष, ग्राम पंचायत अध्यक्षों के चयन होने हैं। इस अवसर पर सुनील शर्मा, सरदार बलवीर सिंह, मुनेश कुमार जोशी, सोमेंद्र सिंह यादव, तोहिद खान आदि कांग्रेसी मौजूद रहे।

जारई गेट बड़ी मस्जिद में उर्स के दौरान दुआ करते लोग। ● अमृत विचार

मुल्क व कौम की तरक्की के लिए दुआ में उठे हाथ

चन्दौसी, अमृत विचार : ख्वाजा गरीब नवाज के 812वां उर्स की फतिया नगर में कई स्थानों पर आयोजित की गई। जिसमें मुख्य रूप से जारई गेट बड़ी मस्जिद पर मौलाना जमीर, मौलाना नाजिम, बदरे आलम मुतवल्ली, मुजीब अहमद, इसलामगंज वाली मस्जिद पर हाफिज मतीन अशरफी, मौलाना उबेद आदि लोग शामिल रहे। जारई गेट चौराहे पर सद्दाम हुसैन के यहां भी काफी लोगों ने शिरकत की। अंत में मुल्क और कौम की तरक्की के लिए दुआ की गई।

कुढ़फतेहगढ़ के गांव रीठ में मंदिर की सफाई करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

रीठ के चामुंडा मंदिर परिसर में चलाया सफाई अभियान

कुढ़फतेहगढ़, अमृत विचार : गुरुवार को विकास खंड बनियाखेड़ा के ग्राम रीठ में स्वच्छता अभियान के तहत भाजपाइयों द्वारा चामुण्डा देवी मंदिर परिसर की साफ सफाई की गई। साफ सफाई के दौरान युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष राकेश चंद्र मौर्य, केपी पाल, पुष्पेंद्र कुमार मौर्य, राहुल मौर्य, गोविंद मौर्य, हरपाल सिंह, नितिन चंद्रवंशी आदि भाजपाई शामिल रहे।

हरियाणा से अयोध्या पैदल जा रहे रामभक्तों का स्वागत

चन्दौसी, अमृत विचार : अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल के कार्यकर्ताओं ने करनाल हरियाणा से अयोध्या जा रहे पवन, रवि पाल, साहब सिंह पाल राम भक्तों का नगर आगमन पर फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। ये रामभक्त करनाल हरियाणा से अयोध्या तक पैदल यात्रा पर निकले हैं। इस दौरान श्री राम के जयकारे भी गूंजे। नगराध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने कहा कि हमारे व्यापार मंडल का सौभाग्य है जो राम भक्तों का स्वागत करने का सौभाग्य मिला है। जिला महामंत्री प्रभात कृष्ण ने कहा कि अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल 22 जनवरी को भव्य राममय आयोजन करेगा। स्वागत करने में शुभम अग्रवाल, अमन कोरी, अतुल कश्यप आदि भी मौजूद रहे।

हरियाणा के रामभक्तों का स्वागत करते व्यापारी।

चुनाव की तैयारी में जुटें

संभल, अमृत विचार : राष्ट्रीय परिवर्तन दल की बैठक श्रम प्रकोष्ठ कार्यालय पर हुई। जिसमें सुरेंद्र कुमार कश्यप ने कहा कि डीपी यादव 2024 का चुनाव लड़ने की तैयारी में हैं। इसलिए कार्यकर्ता कड़ी मेहनत में जुट जाएं। बैठक में बबलू कश्यप, विनोद कश्यप, जगवीर सिंह, मुनाजिर, इकबाल, मोहम्मद तहसीन आदि रहे।

सूचना:- मैंने, श्रीमती शारिक मोमिना पत्नी स्व० अब्दुल सुबहान निवासी किसरौल बारादरी, हम्माम थाना नागफनी, जिला मुरादाबाद ने एक मुआयदाबय दिनांकित 08.09.2000 ई0 इकरारी बदरूद्दीन सिद्दीकी पुत्र श्री अब्दुल सत्तार निवासी मौहल्ला किसरौल, निकट हम्माम, जिला मुरादाबाद जिसका पंजीकरण कार्यालय उपनिबन्धक मुरादाबाद के यहाँ वही स० 01, खण्ड 3087 के पृष्ठ 245/270 नम्बर 7365 पर देय स्टाम्प अंकन 25,000/- रूपये दिनांक 08.09.2000 को हुआ है, कराया था। मैं दिनांक 15.12.2023 को फँजगंज से अपने घर बारादरी को जा रही थी। मेरा एक थैला जिसमें उक्त मुआयदाबय रखा हुआ था जो कि कही रास्ते में गिर गया। काफी ढूँढने पर भी नहीं मिल पा रहा है। प्रयोग अवैध होगा श्रीमती शारिक मोमिना पत्नी स्व० अब्दुल सुबहान, बारादरी, मुरादाबाद।

अनाहूत : प्रविशति अपृष्टो बहु भाषेते ।
अविश्चस्ते विश्चसिति मूढचेता नराधम : ॥

मूर्ख व्यक्ति बिना आज्ञा लिए किसी के भी कक्ष में प्रवेश करता है, सलाह मांगे बिना अपनी बात थोपता है तथा अविश्वसनीय व्यक्ति पर भरोसा करता है।

संपादकीय

अस्थिरता का खतरा

बीते दो दिनों में पाकिस्तान और ईरान द्वारा एक-दूसरे के क्षेत्र में मिसाइल हमले किए जाने के बाद क्षेत्र में अस्थिरता का खतरा बढ़ गया है। दोनों देशों के बीच तनाव का हल शीघ्र न निकला तो क्षेत्र की शांति और सुरक्षा के लिए खतरा है। पाकिस्तान ने ईरान के सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत में, कथित आतंकी ठिकानों पर गुरुवार तड़के हमले किए। इससे पहले मंगलवार को पाकिस्तान के अशांत ब्लूचिस्तान प्रांत में सुन्नी बलूच चरमपंथी समूह 'जैश-अल-अदल' के दो ठिकानों को निशाना बना कर ईरान ने हमले किए। ध्यान रहे पाकिस्तान पहला ऐसा देश नहीं है जहां ईरान ने पिछले कुछ दिनों में हमला किया हो। पाकिस्तान से पहले इराक और सीरिया पर भी हमला किया था। ये हमले ऐसे समय किए गए जब मध्य पूर्व में पहले से ही गाजा और इजरायल के बीच युद्ध को लेकर तनाव है। इन दो घटनाओं ने मध्य पूर्व की आग को दक्षिण एशिया तक पहुंचा दिया है। हमलों से कूटनीतिक विवाद छिड़ गया है। पाकिस्तान ने ईरान से अपने राजदूत को वापस बुला लिया और अपने पड़ोसी के सभी उच्च-स्तरीय यात्राओं को निलंबित कर दिया। चीन ने दोनों देशों से संयम बरतने और तनाव बढ़ने से बचने का आग्रह किया है।

भारत ने कहा कि ये ईरान और पाकिस्तान का आपसी मामला है। जहां तक भारत का सवाल है, तो आतंकवाद को लेकर हमारी नीति जीरो टॉलरेंस की है। सभी देशों की संप्रभुता, स्वतंत्रता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान और सुरक्षा की जानी चाहिए। पाकिस्तान ईरान का आठवां सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। ईरान को पाकिस्तान के प्रमुख निर्यातों में चावल, मांस, कागज, वस्त्र और फल शामिल हैं। ईरान से पाकिस्तान के प्रमुख वस्तुओं के आयात में कार्बनिक रसायन, प्लास्टिक, खनिज, तेल, लोहा और इस्तपात शामिल हैं। ईरान और पाकिस्तान के बीच बड़ी अड़चन ईरान का सिस्तान और पाकिस्तान में बलूचिस्तान प्रांत रहा है। दोनों देशों ने सीमा पर अशांत बलूच क्षेत्र में लंबे समय से आतंकवादियों से लड़ाई लड़ी है। दोनों देशों के दुश्मन एक ही तरह के हैं, जो अलगाववाद की भावना रखते हैं, लेकिन सीमा पार एक दूसरे की धरती पर इन अलगाववादियों पर हमला करना असामान्य है। यदि मौजूदा हालात पर नीति निर्माताओं द्वारा कूटनीतिक रूप से नियंत्रण नहीं किया जाता है तो मौजूदा गलतफहमी उनके लिए बहुत चुनौतीपूर्ण हो सकती है। यह अब दोनों देशों पर निर्भर करता है कि वे दोनों पक्षों की बेहतरी और समृद्धि के लिए कौन सा रास्ता खोज निकालते हैं? क्योंकि ईरान और पाकिस्तान की चिंताओं तथा हितों का नए क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय माहौल से गहरा संबंध है।

अन्य धर्मावलंबियों की भी नगरी है अयोध्या

डॉ. रामानंद शुक्ल
अयोध्या

बौद्धों से भी अयोध्या का घनिष्ठ संबंध रहा है। बौद्ध-वाङ्मय में इस नगर के दो अन्य नाम साकेत और विशाखा भी कहे गए हैं। दिव्यावदान ग्रंथ में कहा गया है कि-स्वयमागतं स्वयमागतं साकेत साकेतमिति संज्ञा संवृत्ता। यहां बुद्ध द्वारा कई चातुर्मास बिताए गए थे। अयोध्या के दंतधावनकुंड पर उनकी दातून से उत्पन्न वृक्ष का भी उल्लेख है।

कालक्रम से अयोध्या लुप्त-गुप्त और परिवर्तित होती रही है। रामावतार के कारण अयोध्या का नाम साकेत हो गया। उनके दिव्य साकेतधाम गमनोपरांत पहली बार त्रेतायुग में अयोध्या उजड़ गई। रामात्मज कुश ने इसे फिर बसाई। इसका प्राचीन इतिहास बताता है कि वर्तमान अयोध्या प्रतापी महाराज विक्रमादित्य की बसाई हुई है। इससे संदर्भित कई कथानक उपलब्ध हैं।

एक तो यह कि किसी दैवज्ञ ने कहा था कि चलते-चलते जहां आपका अश्व रुक जाएगा, वहीं खुदाई कराना यदि पादुका (खड़ाऊ) की प्राप्ति हो तो उसे अयोध्या जानना। दूसरा यह कि एक बार विक्रमादित्य देशाटन करते हुए संयोगवश यहां सरयू किनारे पहुंचे। वहां उनकी सेना ने शिविर डाल दिया। उस समय वहां वन था। कोई प्राचीन तीर्थ-चिह्न नहीं था। इस भूमि पर उन्हें कुछ चमत्कार एवं आध्यात्मिक सकारात्मक ऊर्जा जान पड़ी, महसूस हुई। तत्पश्चात उन्होंने अन्वेषण-शोध प्रारंभ किया। योगसिद्ध त्रिकालदर्शी साधकों-संतोष की कृपा से उन्हें यह परिज्ञात हुआ कि यह श्रीअवध की भूमि है। उनके निर्देश से महाराज ने यहां अनेक सर्वसुलभ साधनों के निर्माण कराए। शोध-सुलभ जानकारी के अनुसार कालांतर में अयोध्या पुनः विक्रमादित्य के द्वारा विनिर्मित हुई। आततायी आक्रमणकारियों की अनेक बार आखेट होती रही। इस प्रकार यहां की भूमि और निरंतर सलिल समन्विता सरयू अयोध्या की परम प्राचीनतमा गवाह हैं। अवधधाम-क्षेत्र के अंगभूत तीर्थ भी रामधाम की पुरातनता के प्राचीन प्रमाण-धरोहर हैं। पुरातात्विक अवशेष और यहां की स्थापत्य मूर्तिकला-भित्तिचित्र भी महन्महनीय साक्ष्य सिद्ध हुए हैं।

अनादि काल से अयोध्या साहित्य, संस्कृति एवं सभ्यता की केंद्र भी रही है। इसके पावनत्व से आकृष्ट हो करके ही अन्य धर्मावलंबियों ने इस सिद्धस्थली को अपना आश्रय बनाया। जैन-बौद्ध, सिक्ख, मुसलमान पीर-फकीर, श्रीवैष्णव, शैव-शाक्त, पलटू-रैदास तथा कबीर सभी धर्म, पंथ-संप्रदाय, मत-मजहब के लोगों, धर्मचार्यों ने अयोध्या का आश्रय ग्रहण किया। अपने धर्मायतन सुस्थापित किए। साधना तथा

> अनादि काल से अयोध्या साहित्य, संस्कृति एवं सभ्यता की केंद्र भी रही है। इसके पावनत्व से आकृष्ट हो करके ही अन्य धर्मावलंबियों ने इस सिद्धस्थली को अपना आश्रय बनाया। जैन-बौद्ध, सिक्ख, मुसलमान पीर-फकीर, श्रीवैष्णव, शैव-शाक्त, पलटू-रैदास तथा कबीर सभी धर्म, पंथ-संप्रदाय, मत-मजहब के लोगों, धर्मचार्यों ने अयोध्या का आश्रय ग्रहण किया। अपने धर्मायतन सुस्थापित किए।

सिद्धांतोपदेश से श्रीसमृद्ध हुए। इसकी सांस्कृतिक समरसता अद्यतन-अद्यावधि अटूट और अक्षुण्ण है। उसी का यह परिणाम रहा कि सुदूर विदेशों, अन्य प्रांतों, भारतीय उपनिवेशों में इस नाम के अन्य नगर बसाए गए। यहां से संबंधित आध्यात्मिक तौर-तरीकों को अपनाया गया। कई नगरों के नाम तो अयोध्या शब्द को थोड़ा-बहुत रूपांतरित करके अयोध्योपुर रखे। मलय की वर्तमान नजूथिया या यूथिया अयोध्या का ही अपभ्रंश है।

जैन-परंपरा में अयोध्या का अतीव आदरास्पद महत्व सार्वकालिक है। यह अनादि शाश्वत, क्षेत्रमंगल-स्थावर तीर्थ है। यह आदि तीर्थंकर ऋषभदेव सहित कुल पांच इक्ष्वाकुवंशी तीर्थंकरों की जन्मभूमि है। जैनग्रंथों का कथन है कि इसी नगरी से समग्र विश्व में जीवनयापन की कला प्रादुर्भूत एवं विकसित हुई। मनुस्मृति के वचन से कितना साम्य है--एतद्देशप्रसूतस्य सकाशादग्रजन्मनः। स्वं स्वं चरित्रं शिक्षेरन् पृथिव्याः सर्व मानवाः। अतएव मनुष्यता की प्रथम शुरुआत शिक्षा इसी भूमि से हुआ। उदारचरितानां तु वसुधैव कुटुम्बकम और जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी इसी का नेहनिष्ठ नारा है। यह सब यहीं से विश्वव्यापी हुआ। जैन परंपरा की मान्यता है कि स्त्री-शिक्षा का शुभारंभ-सूत्रपात इसी अयोध्या की धरती से ऋषभदेव ने अपनी पुत्री ब्राह्मी-सुंदरी को पढ़ाकर किया। समग्र संसार को सर्वोदय सिद्धांतों से परिचय तीर्थंकरों ने अयोध्या से ही कराया। यहां स्वयंभू मनु के प्रपौत्र नाभिराय को इस कल्पकाल का अंतिम मनु कहा गया है। उनकी पत्नी मरुदेवी की कुक्षि से ऋषभदेव का अवतरण बताया गया है। उनके जन्मोपलक्ष्य में ही देवताओं ने आदि नगरी अयोध्या का निर्माण किया। यहां उन्हीं का अपर नाम इक्ष्वाकु कहा गया है।

बौद्धों से भी अयोध्या का घनिष्ठ संबंध रहा है। बौद्ध-वाङ्मय में इस नगर के दो अन्य नाम साकेत और विशाखा भी कहे गए हैं। दिव्यावदान ग्रंथ में कहा गया है कि-स्वयमागतं स्वयमागतं साकेत साकेतमिति संज्ञा संवृत्ता। यहां बुद्ध द्वारा कई चातुर्मास बिताए गए थे। अयोध्या के दंतधावनकुंड पर उनकी दातून से उत्पन्न वृक्ष का भी उल्लेख है। बौद्धों की श्रावस्ती और साकेत से संबद्धता अधिक दिखती है। बौद्धधर्म यहां से सातवीं-आठवीं शताब्दी के उपरांत प्रायः तिरोहित होने लगा। उधर शुंगकाल से ही जैन परंपरा की गति मंद पड़ने लगी। मुसलमान शासनकाल में इनका और अधिक ह्रास हुआ। सिख परंपरा के संस्थापक गुरु नानक देव भी अयोध्या आए थे। गुरु गोविन्द सिंह भी यहां आए, कुछ काल रहे। उनकी स्मृति में अयोध्या के सरयूतटोपरि स्थित ब्रह्मकुंड पर ऐतिहासिक सिख-गुरुद्वारा आज भी विद्यमान है। यह पौराणिक एवं ऐतिहासिक आख्यानों से महामहिमा-मंडित है।

मुसलमानों के अनेक पीर-औलियों ने अयोध्या को पाकभूमि पुकारकर यहां डेरा डाला। मदीनुत्तुल औलिया नामक किताब के अनुसार अयोध्या हजरत आदम के समय से अद्यावधि अनेक फकीरों की साधना भूमि रही है। अबुल फजल और आइने अकबरी में अयोध्या के चमत्कारिक मजारों का, खुर्दमक्का का बड़े ही अदब के साथ जिक्र किया गया है। महमूद गजनबी के भांजे सैयद सालार मसऊद गाजी ने 1032 ईसवी के लगभग अयोध्या पर आक्रमण किया था। सन् 1200 ई के आसपास सुल्तान मुहम्मद गोरी के भाई मखदूम शाह जूरन गोरी ने अयोध्या पर आक्रमण किया। कुछ दिन अमीर खुसरो के भी अयोध्यावास का संकेत मिलता है। तेरहवीं शती के प्रारंभ में दिल्ली में मुसलमानों की सत्ता आसीन हुई और औध को उन्होंने सूबा अवध का शासनकेन्द्र बनाया। गुलाम, खल्जी, तुगलक, सैयद, लोदी और सूर पठानों के शासनकाल में एक के बाद एक मुसलमान अवध के सूबेदार होते रहे। बीच में 15 वीं शती में जौनपुर के शर्की सुलतानों का भी अयोध्या पर अल्पावधि आधिपत्य रहा। 16 वीं शती में बाबर द्वारा विधिवत मुगल-शासन की स्थापना हुई। इस संक्रमण काल में अयोध्या का प्राचीन वैभव प्रारंभिक तीन शाब्दियों में तो समाप्त प्रायः ही हो गया था, किंतु मुगलकाल के प्रारंभ से ही यह नगर वैष्णवों का गढ़ बनता गया। उत्तर मुगलकाल अर्थात् अवध के नवाबों के शासनकाल में तो अयोध्या पूर्ण रूप से विकसित धर्मतीर्थ बन गई।

14-15 वीं शताब्दी से अयोध्या में वैष्णवों का वर्चस्व बढ़ने लगा। 1528 ई. में यहीं के दो मुसलमान फकीरों फजल अब्बास कलंदर और मूसा आसिकान के आग्रह पर बाबर ने अपने सिपहसलार मीरबकी के द्वारा अयोध्या के रामकोट स्थित श्रीरामजन्मभूमि को विध्वंस कर उसके स्थान पर त्वरितगति से बाबरी मस्जिद बनवाई। अकबर और जहांगीर के शासनकाल में उनकी तटस्थता या मौन स्वीकृति के कारण कतिपय मठ-मंदिर पुनः स्थापित हुए। आगे औरंगजेब ने उन्हें भी तुड़वा दिया। अतएव अधिकांश मठ-मंदिर और जिनालय अवध के नबाबों और ब्रिटिश शासनकाल में बने हैं।

सन् 1722 में मुहम्मद अमीन सादत खां बुरहनुल्मुल्लक की नियुक्ति अवध के सूबेदार के रूप में हुई। अवध के नवाबी राजवंश का वह ही संस्थापक था। अवध की यह नवाबी 11 वें नवाब वाजिद अली शाह के साथ 1856 ई में समाप्त हुई। नवाब सफदरजंग के समय में फैजाबाद नाम से वहां एक कस्बा भी बसने लगा। तीसरे नवाब शुजाउद्दौला ने तो उसे एक रमणीक नगर बनाकर अपनी राजधानी ही बना लिया। उसके उत्तराधिकारी आसुफुद्दौला ने फैजाबाद का भी परित्याग करके लखनऊ को राजधानी बनाया। अयोध्या के धर्मस्थानों को लेकर इन नवाबों के काल में भी सांप्रदायिक संघर्ष होते रहे। सन् 1857 के आसपास यहां अंग्रेजी शासन स्थापित हुआ और इसी के सन्निकट फैजाबाद नगर को जनपद का मुख्यालय घोषित किया गया।

प्रसंगवश

तात्पर्य-निर्णय

हम सब प्रायः प्रतिदिन ही देखते रहते हैं कि पूरे ग्रंथ को पढ़े बिना ही लोग अपना फतवा जारी कर देते हैं। कभी मनुस्मृति की एक पंक्ति को पकड़ लाए तो कभी रामचरित मानस की पंक्ति को उठा लाए पूछने लगे कि क्या यह ठीक है? फिर उसे जला दिया अथवा ऊटपटांग आलोचना कर दी। देश काल को जाने-समझे बिना एक-दो पंक्तियां उद्धृत करने से ग्रंथ का तात्पर्य-निर्णय नहीं हो जाता, जो लोग परिवेश तत्व से ही अपरिचित हैं। देशकाल पात्र पर विचार नहीं करते, वे प्रामाणिक ही नहीं हैं।

पांच सौ वर्ष पहले क्या परिवेश था? एक जमाने में दासप्रथा भी थी और यहीं नहीं संसार के अन्य देशों में भी थी, अमेरिका में अभी भी नस्लवाद और रंगभेद है। रचना परिवेश का सच होता है। आज जो समाज है, वह कल नहीं था। दासयुग के जमाने की कविता को आप आज के प्रतिमान से नहीं समझ सकेंगे। वे यह नहीं समझना चाहते कि देशकाल परिवर्तनशील है और एक देशकाल का सच दूसरे देशकाल में आकर

> पांच सौ वर्ष पहले क्या परिवेश था? एक जमाने में दासप्रथा भी थी और यहीं नहीं संसार के अन्य देशों में भी थी, अमेरिका में अभी भी नस्लवाद और रंगभेद है। रचना परिवेश का सच होता है। आज जो समाज है, वह कल नहीं था।

असिद्ध हो जाता है। वह कथन किस पात्र का है, नायक, प्रतिनायक या सामान्य पात्र का? अध्ययन-अनुसंधान की परंपरा कोई आज की तो है नहीं, आगे भी बड़े-बड़े अध्येता थे। उन्होंने बहुत विचार करके तात्पर्य-निर्णय के सिद्धांत निर्धारित किए। उपक्रम (भूमिका) को पढ़कर उपसंहार पर गंभीरता से विचार करके, अभ्यास अर्थात् एक सिद्धांत को ग्रंथकार प्रकार-प्रकार से कह रहा है। अपूर्वता अर्थात् मौलिकता, फल (चरितार्थता) अर्थवाद (पुष्टि-या समर्थन-वाक्य) उपपत्ति (युक्ति या तर्क) ये छह तत्व हैं जिनसे अध्येता किसी ग्रंथ का तात्पर्य-निर्णय करते हैं। इसके लिए ग्रंथ में डूबना पड़ता है। उसके लिए धैर्य की जरूरत होती है।

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

सेक्सटॉर्शन की बढ़ती घटनाएं चिंताजनक

टेक्नोलॉजी ने बेशक हमारे जीवन को आसान बना दिया है, लेकिन सहूलियत के इस दौर में मुसीबतें भी बढ़ती जा रही हैं। स्मार्टफोन के इस दौर में साइबर ठग नित नए हथकंडे अपना रहे हैं। अभी हाल के दिनों में वीडियो कॉल के जरिए लोगों को ठगी का शिकार बनाने के मामले बड़े पैमाने पर देखें जा रहें हैं। ताज्जुब की बात यह है कि ठगी का धंधा मेट्रो शहरों से निकलकर दूर-दराज के क्षेत्रों तक फैल चुका है। एक छोटी सी भूल या चूक कहिए। फिर क्या, उसके बाद जिंदगी बेजार हो जाती है।

दरअसल पिछले कुछ समय से सेक्सटॉर्शन वीडियो कॉल यानी नग्न तस्वीर या पोर्न वीडियो के जरिए लोगों को शिकार बनाया जा रहा है। स्कैमर्स वाट्सएप या मैसेंजर पर वीडियो कॉल करते हैं। सामने से लड़की का पोर्न या लड़की कपड़े उतारते हुए बात करना शुरू कर देती है। साथ ही इसका वीडियो भी रिकार्ड कर लेती है। इसके बाद शुरू होता है खेल ब्लैकमेलिंग का। अधिकतर मामलों में तो सामने वालों को पता भी नहीं होता है कि उनके साथ क्या हो रहा है? जब तक उन्हें इस बात की भनक लगती है तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। अक्सर देखा गया है कि जागरूकता की कमी के चलते लोग सेक्सटॉर्शन के जरिए ठगी के शिकार हो जाते हैं।

समाज में शर्मिंदगी के चलते अपने साथ हुई ठगी की जानकारी तक साझा नहीं करते हैं और न ही पुलिस में इसकी शिकायत करते हैं। यही वजह है कि सेक्सटॉर्शन की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। राजस्थान के मेवात क्षेत्र, भरतपुर, हरियाणा और दिल्ली के दूर दराज क्षेत्रों में ऐसे कई गिरोह बैठे हुए हैं। ये गिरोह पुरुषों को आसानी से अपना शिकार बना लेते हैं। वैसे भी उम्रदराज लोगों को लेकर

सोनम लववंशी
स्वतंत्र लेखिका

> समाज में शर्मिंदगी के चलते अपने साथ हुई ठगी की जानकारी तक साझा नहीं करते हैं और न ही पुलिस में इसकी शिकायत करते हैं। यही वजह है कि सेक्सटॉर्शन की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। राजस्थान के मेवात क्षेत्र, भरतपुर, हरियाणा और दिल्ली के दूर दराज क्षेत्रों में ऐसे कई गिरोह बैठे हुए हैं। ये गिरोह पुरुषों को आसानी से अपना शिकार बना लेते हैं। वैसे भी उम्रदराज लोगों को लेकर हमारे समाज का नजरिया बहुत अलग रहता है।

हमारे समाज का नजरिया बहुत अलग रहता है। उम्रदराज लोगों की भी सेक्सुअल डिजायर रहती है, लेकिन दादा-नाना की उम्र में हमारा समाज ऐसी बातें स्वीकार नहीं करता है। समाज को लगता है कि यह उम्र नाती-पोते खिलाने की या फिर भजन भक्ति की होती है। यही वजह है कि उम्रदराज लोग अपनी सेक्सुल इच्छा को छुपाकर रखते हैं, लेकिन जब कभी उन्हें ऐसा मौका मिलता है तो वो खुद पर काबू नहीं रख पाते हैं। यही वजह है कि उम्रदराज लोग सेक्सटॉर्शन का आसानी से शिकार ज्यादा हो रहे हैं। गौरतलब है कि सेक्सटॉर्शन ठगी का नया तरीका है। इसमें ठगी गैंग बनाकर की जाती है। ठग पहले तो सोशल मीडिया पर वीडियो को अपलोड करने या फिर परिवार के सदस्यों को वीडियो भेजने की धमकी देते हैं। उसके बाद गिरोह के अन्य सदस्य अलग-अलग कॉल करके ब्लैकमेलिंग करते हैं। राजस्थान के राजसमंद में सेक्सटॉर्शन के जरिए ठगी करने वाले एक गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश किया तो करीब पांच करोड़ की ठगी का मामला सामने आया। आम आदमी से लेकर नेता, अभिनेता, बिजनेसमैन हर किसी को ये गिरोह अपने जाल में फंसा रहें हैं और इस जाल में फंसने वाले लोग अपने खून पसीने की कमाई बर्बाद कर रहे हैं। कई लोगों ने अपनी इज्जत-आबरू की खातिर मौत तक को गले लगा लिया है। साइबर क्राइम विशेषज्ञों की माने तो सेक्सटॉर्शन के मामलों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। आंकड़ों की मानें तो हर राज्य में रोजाना करीब 100-200 शिकायतें आ रही हैं। जबकि अधिकतर मामलों में तो रिपोर्ट दर्ज तक नहीं हो पाती हैं। ऐसे में ये समय है जागरुक होने की, न कि समाज से भय खाकर चुपचाप बैठने की। कोरोना से भी भयानक यह महामारी बन जाए और लोग इस ठगी के दलदल में उलझते चलें जाए। उससे लाख गुना जरूरी है इस जघन्य अपराध को रोकने के लिए खुलकर सामने आया जाए। जब ऐसे मामले पुलिस थानों में दर्ज होंगे और कड़ी कार्रवाई होगी तभी ऐसे मामले कम होंगे। इसलिए जरूरत है सजगता की और ऐसे कुकृत्य के खिलाफ आवाज बुलंद करने की।

सोशल फोरम

कुछ सवाल जो करने हैं

रांची जैसे शहर में 200 से ज्यादा धर्म स्थल हैं। इससे आप पूरे देश का अनुमान लगा सकते है। ये संख्या शायद लाखों में है। कुछ धर्म स्थल बहुत प्रतिष्ठित हैं, लेकिन जिस तरह जगह घेर-घेर कर नित नए छोटे-छोटे धर्म स्थल जबरन बनाए जा रहे हैं। क्या उससे ऊपर वाले की प्रतिष्ठा में जरा सा भी इजाफा होता है?

मेरी नजर में हर नया धर्म स्थल ऊपर वाले के प्रति मेरा भरोसा थोड़ा और डगमगा जाता है। अगर सच में कोई ऊपर वाला है तो उसका ये मौन मुझे खटकता है। मैं समझ नहीं पाता कि आखिर उसके सब्र का बांध कब टूटेगा। कब उसे लगेगा कि नहीं बहुत हो गया? अब मौन रहने से नहीं चलेगा। जिस गति से धर्म बढ़ रहा है। पूजा पाठ बढ़ रहा है। उससे दुगनी गति से पाप, अनाचार, झूठ, छल, कपट बढ़ रहा है। सवाल है कि धार्मिक होकर लोगों ने क्या सीखा? जब उनके व्यवहार से ही धर्म न झलके तो धार्मिक होने का क्या औचित्य। देखा जाए तो धर्म लोगों को एक बेहतर इंसान बनाने में नाकामयाब रहा। जब पत्ता भी उसकी मर्जी से खड़कता हो तो ये उसी की जिम्मेवारी बनती थी।

> मेरी नजर में हर नया धर्म स्थल ऊपर वाले के प्रति मेरा भरोसा थोड़ा और डगमगा जाता है। अगर सच में कोई ऊपर वाला है तो उसका ये मौन मुझे खटकता है।

तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

अर्थशास्त्र का एक नियम है कि जैसे-जैसे हमारे पास किसी वस्तु की इकाइयां बढ़ने लगती है। वैसे -वैसे प्रत्येक वस्तु से मिलने वाली उपयोगिता भी घटने लगती है।

इसे आप अर्थशास्त्र के मांग और आपूर्ति के नियम से भी समझ सकते हैं। जब सप्लाई बढ़ जाए तो वस्तु का मूल्य गिर जाता है। अब इहलोक के प्राणियों ने ऊपर वाले की सप्लाई इतनी बढ़ा दी कि अब कोई उससे नहीं डरता। वैसे भी जब ऊपर वाले की प्राण प्रतिष्ठा एक इंसान करने लगे जिसमें छप्पन किस्म के दोष हों तो सवाल तो होगा ही। नीचे रहने वाले मनुष्यों से और ऊपर रहने वाले सर्व शक्तिमान से।

-फेसबुक वॉल से

बाल मन के अनुपम चितेरे: निरंकार देव सेवक

वर्ष 1997-98 की बात है। उत्तर प्रदेश में बच्चों के लिए पाठ्य पुस्तक विकास की प्रक्रिया गतिमान थी। बाल स्वभाव और मनोवृत्तियों के अनुरूप बाल साहित्य की तलाश में देश-विदेश के तमाम स्थापित रचनाकारों के साहित्य को जानने समझने का यह अनुकूल अवसर भी था। उन्हीं दिनों एक कार्यशाला में प्रसिद्ध शिक्षाविद और साहित्यकार प्रोफेसर कृष्ण कुमार से निरंकार देव सेवक जी के बारे में विस्तृत चर्चा हुई। विशेषकर यह जानकारी कि वे बरेली निवासी थे और बाल साहित्य के अनुपम चितेरे। मुलाकात के दौरान कृष्ण कुमार जी द्वारा मुझे उनके और सेवक जी द्वारा संपादित बीसवीं सदी की श्रेष्ठ हिंदी बाल-कविताओं का संकलन 'महके सारी गली गली' भेंट किया गया और एक अपेक्षा भी कि बरेली वापस लौटकर सेवक जी के घर जरूर जाना।

डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

मैं तब बरेली में नया था। पोस्टिंग को दो माह ही हुए थे अतः परिचय भी सीमित। कार्यशाला से वापस बरेली पहुंचा तो सेवक जी के घर का पता किया। उनकी पुत्र वधु श्रीमती पूनम सेवक जी से मुलाकात हुई। पूनम जी ने सेवक जी से जुड़े तमाम संस्मरण साझा किए और उनका बाल साहित्य भी उपलब्ध कराया। निस्संदेह अच्छे बाल साहित्य की जो खोज थी वह यहां आकर काफी हद तक पूरी हुई। हिंदी की पाठ्यपुस्तक में जब सेवक जी की कविता 'भारत है मेरा घर' प्रकाशित हुई तो पुस्तक समीक्षा में उसे बच्चों के द्वारा पुस्तक की सबसे ज्यादा पसंद की जाने वाली कविता पाया गया। प्रश्न यह उठता है कि निरंकार देव सेवक प्रौढ़ साहित्य रचते-रचते अचानक बच्चों के बीच इतने मकबूल कैसे हो गए ? उत्तर पर जाने से पूर्व यह विचारना आवश्यक होगा कि बच्चों के बारे में हम बड़ों की मान्यताएं क्या हैं। बच्चे ये नहीं जानते, वो नहीं जानते, क्यों बच्चों जैसी बात कर रहे हो, कभी तो बड़े बन जाइए-जैसे तमाम आक्षेप-आरोप लगाने वाले हम क्या कभी बच्चों की सहजता, सरलता और निर्मलता से जुड़ पाए? बच्चों की बालसुलभ जिज्ञासाओं को बचकानी बात कहकर टाल देने वाले हम बड़ों ने क्या बच्चों की स्वाभाविक और निश्छल जिज्ञासाओं को व्यावहारिक व प्रामाणिक आधार देने की कोशिश की? बच्चों की अनंत जिज्ञासाओं के समाधान के बजाय उन्हें महंगे खिलौनों और गैजेट्स में उलझा कर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर लेने वाले हम तमाम बड़ों ने क्या कभी यह जानने की कोशिश की कि बच्चे के पिटारे में आज कितनी बातें हैं, जो वह हमसे करना चाहता है? कि उसने आज अपनी कल्पना से कौन सी नई इबारत उकेरी है, जो वह हमसे साझा करना चाहता है? उत्तर हो शायद नहीं। लगभग ऐसा ही कुछ तथाकथित बाल साहित्यकारों ने किया। जिन्होंने ऊल-जुलूल तुकबंदियां भिड़ाने, कोरी नैतिकता सिखाने अथवा फिजूल ज्ञान बघारने के चक्कर में, जो भी साहित्य रचा वह बच्चों के लिए कम उनके खुद के लिए ज्यादा जरूरी था।

वर्तमान समय में बाल साहित्य स्थापित स्थिति में है, लेकिन अगर बाल मनोविज्ञान, संप्रेषणीयता प्रभावोत्पादकता और बच्चों में स्वीकार्यता जैसे बाल साहित्य के मानकों के आधार पर आंकलन किया जाय तो कम ही बाल साहित्यकार उन मानकों और कसौटियों पर खरे उतरते हैं। इसके पीछे प्रमुख कारण यही है कि अधिसंख्य बाल साहित्यकारों की रचनाओं में उनका प्रौढ़ नजरिया ही दृष्टिगत होता है। निरंकार देव सेवक जी बाल साहित्य सम्राट इसलिए कहे जाते हैं कि पर्याप्त मात्रा में प्रौढ़ साहित्य का सृजन करने के बाद जब उन्होंने बच्चों की दुनिया में प्रवेश किया तो बहुत सहजता, सरलता और सूक्ष्मता से बालमन के बारीक मनोभावों को पकड़ा और उनका चित्रण किया।

सेवक जी की रचनाएं इस बात का स्पष्ट प्रमाण हैं कि उन्होंने बाल अनुभूतियों और मनोविज्ञान पर विस्तृत अध्ययन, चिंतन और मनन किया। वे ऐसे सिद्धहस्त रचनाकर रहे जिन्होंने बच्चों की वय, अवस्था, प्रकृति, परिवेश, भाषा-भूषा, बोलियों, रुचियों-अभिरुचियों आदि की सूक्ष्म पड़ताल के बाद शिशु अवस्था, बाल्यावस्था और किशोरावस्था की आवश्यकताओं को जानकर सरलता, रोचकता, ज्ञान, समझ और कौशल का सम्यक संतुलन स्थापित किया। सेवक जी के बाल साहित्य की बड़ी खूबी यह भी रही कि उन्होंने बच्चों पर कोई धारणा थोपी या आरोपित नहीं की, बल्कि उनसे उनके ही लहजे में बात की। उनका जन्म दिवस यह संकल्प लेने का दिन है कि हम सब बच्चों को बालमन के अनुरूप ऐसा साहित्य उपलब्ध कराएं, जो उन्हें किसी भी प्रकार के पूर्वाग्रह से मुक्त कर उनमें तार्किकता, मानवीय मूल्यों और रचनात्मकता का समावेश करे। वह साहित्य जिसमें बच्चों को अपना अक्स दिखाई दे, जो उनका हमजोली हो जिसमें उनकी तमाम जिज्ञासाओं का समुचित समाधान हो और जो उन्हें 'एनिमल' नहीं 'अच्छा इंसान' बनाए।

चेष्टा चेतना की पहली अभिव्यक्ति

चेष्टा चेतना की पहली अभिव्यक्ति है। चेष्टा का अर्थ ही है अनेक संभव विकल्पों में से किसी एक को, उस विकल्प को जो सर्वाधिक इष्ट प्रतीत हो, चुनना। इसमें तीन तत्व हैं, एक तो विकल्प हों, दूसरा कि इष्ट या चाहत स्पष्ट हो और तीसरा कि सारे विकल्प समान रूप से इष्ट नहीं हों। अतः मौलिक रूप में चेष्टा के पहले चेतना को इष्ट का ज्ञान होना, विकल्पों का ज्ञान होना और उन विकल्पों का इष्ट प्रतिपादन क्षमता का ज्ञान होना आवश्यक है, किंतु केवल ज्ञान होने से चेतना की अभिव्यक्ति नहीं होती।

डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

अभिव्यक्ति चेष्टा में होती है। चेतना सभी जीवों में होती है, अतः चेष्टा भी सभी जीवों में होती है। पौधे अपने इष्ट के लिए प्रकाश की तरफ मुड़ जाते हैं और लताएं सहारों की तरफ रुख कर लेती हैं। अन्य जानवर और मनुष्य तो चेष्टा करते ही हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमने मानव और प्रकृति के बीच एक द्वैधीभाव की भावना को बड़े प्यार से पाल रखा है। कुछ ऐसा लगता है कि मानव चेष्टाएं और उनसे बना संसार गैर-प्राकृतिक है। शायद इसका स्रोत वह कहानी है जिसमें भगवान ने सारी दुनिया को बनाया और फिर आदमी को अपने प्रतिरूप में बनाकर कहा कि जाओ यह सारी दुनिया तुम्हारे लिए है, लेकिन ध्यातव्य है कि मां-बाप अपने सारे बच्चों को ऐसा ही कुछ कहकर बहलाते हैं। भगवान ने शायद बाघ को भी यही कहा होगा और बकरियों को भी। मालूम नहीं, हम कब तक बच्चे रहेंगे।

चेतना भी प्रकृति की उपज है। प्रकृति स्व आयोजन प्रणाली है। जब चेतना के आगे प्रकृति विकल्पों को परोसती है तो खुद के आगे खुद को परोसती हैं। जब चेतना को इष्ट का ज्ञान होता है और चेतना चेष्टा करती है तो यह प्रकृति के अंदर ही है, बाहर नहीं। इसीलिए तथाकथित मानवकृत संसार भी प्राकृतिक है।

द्वैधीभाव भ्रम है, जो कुछ भी घटित होता है वह अप्राकृतिक नहीं होता। ऐसा कुछ भी नहीं हो सकता जिसकी प्रकृति अनुमति न दे। बया ने अपना घोंसला बनाया, मधुमक्खी ने अपना छत्ता और लता की जड़ों ने अपनी खाद तो यह नैचुरल है। जब आदमी ने घर बनाया, कपड़े बनाए और हथियार बनाए तो यह मैन-मेड (मतलब प्राकृतिक नहीं) है। कमाल है।

एक नजर

जानलेवा हमले का आरोपी गिरफ्तार

नहटौर, अमृत विचार : सात जनवरी को मुहल्ला नौधा निवासी सौरभ ने थाने में मुकदमा दर्ज कराया था कि वह अपने भाई उदय के साथ गांव कश्मीरी से काम करके घर लौट रहा था। मुस्लिम फंड गर्ल्स इंटर कॉलेज के पास मुहल्ला छापेग्रान निवासी पंकज, रवि तथा मुहल्ला नौधा निवासी आकाश ने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर जानलेवा हमला कर दिया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर एक बाल अपचारी सहित दो चाकू के साथ गिरफ्तार कर चालान कर दिया था। जांच में अज्ञात आरोपी की पहचान मुहल्ला छापेग्रान निवासी सुमित के रूप में हुई थी। गुरुवार को पुलिस ने सुमित को गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

पुलिस ने देर रात चार हत्यारोपियों को उठाया

बढ़ापुर, अमृत विचार : बुधवार को धामपुर थाना क्षेत्र के गांव बगदाद अंसार में एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई थी। इस मामले में बुधवार देर रात धामपुर पुलिस ने बढ़ापुर पुलिस के साथ मिलकर मुहल्ला सतीयान में रजा के घर से चार लोगों को पकड़ लिया। पड़ोसियों ने बताया कि पुलिस रजा के बेटे असलम व भाई अमजद के साथ उसके यहां आए दो रिश्तेदारों को भी उठाकर ले गई है।

19 लाख रुपये के डोडा पोस्त समेत पांच तस्कर गिरफ्तार

झारखंड से हरिद्वार ले जाया जा रहा था 240 किलोग्राम डोडा पोस्त

संवाददाता, हल्दौर

अमृत विचार : पुलिस ने 240 किलोग्राम डोडा पोस्त के साथ पांच तस्करों को गिरफ्तार किया है। यह डोडा 19 बोरों में भरकर झारखंड से ट्रक में भरकर हरिद्वार ले जाया जा रहा था। पकड़े गए डोडा पोस्त की कीमत 19 लाख रुपये बताई जा रही है।

गुरुवार को थाना पुलिस और स्वाट टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि डोडा पोस्ट की अवैध खेप क्षेत्र से गुजरने वाली है। इस पर पुलिस ने वाहनों की चेकिंग करनी शुरू कर दी। मुखबिर द्वारा बताए गए ट्रक को रोक कर तलाशी ली। उसमें 19 बोरों में डोडा पोस्त लदा था। ट्रक में पांच लोग सवार थे। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर पांचों तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि यह डोडा

पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। ● अमृत विचार

▸▸ मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने की कार्रवाई

झारखंड के रांची के डाल्टनगंज से ट्रक में भरकर हरिद्वार ले जाया जा रहा था। हरिद्वार में इसे मोटे मुनाफे में बेचा जाना था। पकड़े गए 240 किलोग्राम डोडा पोस्त की कीमत 19 लाख रुपये बताई जा रही है। पकड़े गए तस्करों ने अपने नाम हल्दौर थाना क्षेत्र के गांव बाजिदपुर निवासी सुबोध व नवादा तुल्ला निवासी बिकुल, हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के गांव सबलपुर रेहरा निवासी कुलजीत व मनौटा निवासी त्रिमल और कोतवाली शहर क्षेत्र के गांव सडियापुर निवासी खिलेंद्र बताए हैं। उनके पास से चार मोबाइल भी बरामद किए गए हैं। पुलिस ने पांचों तस्करों के खिलाफ कार्रवाई की है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, साथी गंभीर

धामपुर, अमृत विचार : भूतपुरी-जसपुर मार्ग पर भारत पेट्रोल पंप के पास अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवकों को टक्कर मार दी। इसमें एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई तथा उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया।

गुरुवार को करीब तीन बजे गांव शेरगढ़ निवासी सोनित (22) तथा माइकल निवासी ग्राम सिपहिया वाला टांडा भूतपुरी से घर आ रहे थे। सुआवाला मोड़ पर स्थित भारत पेट्रोल पंप के पास जसपुर से आ रहे अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। इसके कारण बाइक सवार दोनों युवक सड़क पर गिर गए। टक्कर मारने वाला वाहन लेकर फरार हो गया। हादसे में माइकल के सिर में गंभीर चोट लगी और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जबकि सोनित गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची अफजलगढ़ पुलिस ने घायल सोनित को सीएससी में भर्ती कराया। हालत नाजुक होने की कारण उसे काशीपुर रेफर कर दिया गया।

पुरानी पेंशन बहाली की मांग करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

सरकार ने एनपीएस लागू कर शिक्षकों के साथ किया षड्यंत्र

संवाददाता, बिजनौर

अमृत विचार : अटेवा पेंशन बचाओ मंच की मोहम्मद देवमल विकास खंड के सभागार में उत्तर प्रदेश पंचायती राज सफाई कर्मचारी संघ के जिला संरक्षक संदीप राजवंश एवं पूर्व जिलाध्यक्ष जयप्रकाश पाल के संचालन में बैठक हुई। प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिम जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि अटेवा एनपीएस एवं निजीकरण के विरोध में निरंतर संघर्षरत है। क्योंकि सरकार ने एनपीएस लागू कर शिक्षकों एवं कर्मचारियों के साथ षडयंत्र किया।

उन्होंने कहा कि सरकार कार्मिकों की मेहनत की कमाई की धनराशि को निजी कंपनियों को देकर उनके भविष्य से खिलवाड़ कर रही है। किसी भी सूरत में एनपीएस स्वीकार नहीं होगी। 25 जनवरी को जिला मुख्यालय पर पेंशन मार्च और चार फरवरी को लखनऊ में रण फॉर ओपीएस आयोजित करेंगे। जिला संरक्षक संदीप राजवंश ने कहा अटेवा ईमानदारी से पुरानी पेंशन बहाली के लिए संघर्षरत है। बैठक को जिला कोषाध्यक्ष विनीत कुमार गहलौत, मधुरानी, डॉ सुनील कुमार वरिष्ठ, लिपिक हरगोविंद सिंह, दुष्यंत कुमार, पवन कुमार एवं राजकुमार आदि ने भी संबोधित किया।

जिले में 124 केंद्रों पर होगी बोर्ड की परीक्षा

बिजनौर, अमृत विचार : जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने कहा कि 22 फरवरी से नौ मार्च तक आयोजित होने वाली यूपी बोर्ड परीक्षा को पूर्ण रूप से नकल विहीन और शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने बताया कि हाईस्कूल व इण्टर की परिक्षाएं दो पालियों में होंगी। परिक्षार्थियों के लिए 124 केन्द्र बनाए गये हैं। हाईस्कूल के 49606 व इण्टरमीडिएट के 41825 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।

जिलाधिकारी शाम पांच बजे कैंप कार्यालय कक्ष में बोर्ड परीक्षा को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे। उन्होंने निर्देश दिए कि बोर्ड परीक्षा में पेपर मिलने से पेपर रखने तक की प्रक्रिया सीसीटीवी कैमरे के निगरानी में होगी।

उन्होंने परीक्षाओं को नकलविहीन एवं पारदर्शी रूप से सम्पन्न कराने के लिए परीक्षा कक्षों एवं अन्य मुख्य स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए। सुरक्षा व्यवस्था एवं सभी आवश्यक से संबंधित प्रबंधन की तैयारियां पहले से ही सुनिश्चित कर कर लें।

अधूरी योजनाओं में तेजी लाएं : डीएम

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

अमृत विचार : जिलाधिकारी अंकित अग्रवाल ने कलेक्ट्रेट सभागार में सीएमआईएस पोर्टल के निर्माण कार्यों एवं क्रिटिकल गैप्स योजना 2023-24 में स्वीकृत कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने अधीनस्थों को आवश्यक निर्देश दिए।

जिलाधिकारी कहा कि विभागीय मुख्यालयों से समन्वय कर सीएमआईएस पोर्टल पर सूचनाओं को सही प्रकार से अपलोड करें। अपलोडेड सूचनाओं का अपने रिकॉर्ड से मिलान भी कर लें। पूर्ण होने वाली परियोजनाओं की सूची बनाकर अर्थ एवं संख्या अधिकारी को उपलब्ध कराएं। ताकि ससमय परियोजनाओं का लोकार्पण किया जा सके। अपूर्ण परियोजनाओं में अपेक्षित तेजी लाएं और निर्धारित

अधिकारियों की बैठक लेते जिलाधिकारी अंकित कुमार। ● अमृत विचार

▸▸ सीएमआईएस पोर्टल पर सही से अपलोड करें सूचनाएं

समय में कार्य पूर्ण कर संबंधित विभाग को हस्तांतरित करें। आगामी निर्वाचन से पूर्व सभी निर्माण कार्य एवं लोकार्पण से संबंधित कार्य पूरे कर लें। कोई भी कार्य निर्धारित समयावधि के बाद अपूर्ण न रहे और न ही बजट के अभाव अथवा अन्य किसी कारण से कार्य की प्रगति प्रभावित होने पाए। मुख्यमंत्री की प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों को पूरा करने में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। कहा कि निरीक्षण के दौरान कार्य की गुणवत्ता के मानक में कमी मिलने पर संबंधित कार्यदायी संस्था के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

गन्ना मूल्य में 20 रुपये की वृद्धि किसानों से धोखा

बिजनौर, अमृत विचार : सरकार द्वारा गन्ना मूल्य में 20 रुपये क्विंटल की मूल्य वृद्धि पर किसान संगठनों ने नाराजगी जताई है। किसान संगठनों के पदाधिकारियों ने इसे किसानों के साथ धोखा बताया है।

भाकियू अराजनैतिक के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दिगंबर सिंह ने कहा कि कोल्हू पर गन्ना 400 रुपये प्रति क्विंटल खरीदा जा रहा है। लेकिन सरकार ने मात्र 20 रुपये बढ़ाकर किसानों के साथ नाइंसाफी की है। भाकियू लोक शक्ति के जिलाध्यक्ष वीर सिंह सहरावत ने 20 रुपये मूल्य वृद्धि को झुनझुना बताते हुए किसानों के साथ धोखा बताया।

भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के चौधरी सोनू ने कहा कि किसानों की आय दोगुनी करने के नाम पर हर वर्ष किसानों को ठगा जाता है।

शादी का झांसा देकर युवक ने किया शारीरिक शोषण

संवाददाता, किरतपुर

▸▸ पीड़िता ने पुलिस और मुख्यमंत्री से लगाई न्याय की गुहार

अमृत विचार : पीड़ित युवती ने शादी का झांसा दकर यौन शोषण करने वाले युवक व उसके परिजनों के खिलाफ पुलिस और मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है।

कस्बा व थाना किरतपुर निवासी पीड़िता द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के अनुसार नगीना निवासी युवक का उसके घर आना-जाना था। बिरादरी के नाते करीब तीन वर्ष पूर्व युवक ने उसे प्रेम जाल में फांस लिया। शादी का झांसा देकर उसे होटल में ले गया और यौन शोषण किया। शादी के लिए कहने पर आरोपी ने अपने परिजनों को पीड़िता के घर पर भेजा। लेकिन दहेज की मांग को लेकर बात नहीं बनी। आरोपी ने फर्जी निकाह की रसीद तैयार कर ली और पीड़िता से कहा कि मैं माता-पिता को निकाह की रसीद दिखाकर मना लूंगा और पीड़िता का यौन शोषण करता रहा। कारोबार के नाम पर आरोपी ने उससे 56,000 रुपये भी हड़प लिए। इतना ही नहीं उसकी सोने की अंगूठी और कुंडल भी 14,000 रुपये में गिरवी रखवा दिए। 12 दिसंबर को वह पीड़िता को अपने घर ले गया। आरोप है कि रात करीब आठ बजे आरोपी के परिजनों ने गालियां देते हुए मारपीट की। इसके बाद उसे रिश्तेदार के घर नगीना छोड़ आये। वापस आने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने पुलिस और मुख्यमंत्री से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है।

सार संक्षेप

राम यात्रा में शामिल आकर्षक झांकी। ● अमृत विचार

राम-सीता की झांकी रही आकर्षण का केंद्र

धामपुर, अमृत विचार : अयोध्या में 22 जनवरी को होने जा रही रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में गुरुवार को नगर में राम यात्रा निकाली गयी। नगीना मार्ग स्थित सरस्वती शिशु मंदिर से प्रारंभ हुई राम यात्रा नगीना चौराहा, मुख्य डाकघर रोड, खारी कुआं, भगत सिंह चौक, फल चौक, बड़ी मंडी, पंजाबी मार्केट, सुभाष चौक से होती हुई सरस्वती शिशु मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। राम यात्रा में बड़ी संख्या में हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ताओं सहित गणमान्य लोग जय श्री राम के उद्घोष के साथ चल रहे थे। हिंदुस्तान पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र रस्तोगी की अगुवाई में निकाली गई यात्रा का मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। राम यात्रा में भगवान राम-सीता, लक्ष्मण व हनुमान तथा भरत-शत्रुघ्न की झांकी मुख्य आकर्षण का केंद्र बनी रही। राम यात्रा में नगर के सैकड़ों भक्त उपस्थित रहे।

नूरपुर के शिक्षक को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित

नूरपुर, अमृत विचार : धन-धन साहब श्री गुरु गोविंद महाराज के प्रकाशोत्सव पर लखनऊ में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा आयोजित कीर्तन दरबार में पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खालसा इंटर कॉलेज चारबाग लखनऊ की उत्कृष्ट सेवाओं के लिए नूरपुर निवासी शिक्षक वीरेंद्र सिंह सिद्धू को सम्मानित किया। उन्हें पुरस्कार मिलने से नगर में खुशी की लहर है। पश्चिम उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष सरदार रविंद्र सिंह, महामंत्री संदीप जोशी, तस्लीम अहमद, मुकुल गुप्ता, सरदार हरभजन सिंह, सरदार गुरनाम सिंह, सरदार परमजीत सिंह आदि ने उन्हें बधाई दी।

सरदार वीरेंद्र सिंह को सम्मानित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

महीपाल ने दाऊ दयाल के साथ लिया आंदोलन में हिस्सा

संभल, अमृत विचार : संत महीपाल सिंह ने कहा है कि उन्होंने श्री राम जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन में सहभागिता की है। कहा कि छह मार्च 1983 को मुजफ्फरनगर के हिंदू सम्मेलन में श्रीराम जन्म भूमि मुक्ति यज्ञ में समिति के दाऊ दयाल खन्ना के अयोध्या में श्रीराम मंदिर, बनारस के विश्वनाथ मंदिर, मथुरा के श्रीकृष्ण मंदिर को मुक्त करने के प्रस्ताव का हाथ उठाकर समर्थन किया। अमरोहा में 9 अक्टूबर 1983 को हिंदू सम्मेलन में दाऊ दयाल खन्ना ने अयोध्या, काशी, मथुरा के धार्मिक स्थलों को मुक्त करने का प्रस्ताव दिया था उसका समर्थन किया गया। कहा कि 30 अक्टूबर 1990 को अयोध्या से शुरू होने वाली कार सेवा में सत्याग्रह एवं सक्रिय सहयोग देने के लिए मुरादाबाद जिले के व्यक्तियों ने अयोध्या जाकर गिरफ्तारी दी थी। संभल से वह भी अयोध्या गए थे। वह मुरादाबाद जेल में 12 दिन रहे थे। जब 1990 में अयोध्या में गिरफ्तारी दी थी जब इष्ट देव श्रीराम की स्मृति में खड़ाऊ लेकर आए थे।

आर्म्स एक्ट के आरोपी को तीन माह का कारावास

चन्दौसी, अमृत विचार : अदालत ने आर्म्स एक्ट के एक आरोपी को तीन माह के कारावास (जेल में बिताई अवधि) व 500 रुपये अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया है। कोतवाली संभल पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत मोबिन पुत्र इसराइल निवासी नूरिया सराय संभल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। मुकदमा जेएम संभल की अदालत में विचाराधीन था। गुरुवार को न्यायाधीश ने आरोपी मोबिन को तीन माह के कारावास (जेल में बिताई अवधि) व 500 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। सजा कराए जाने में एपीओ अभय साहू व पैरोकार कांस्टेबल विपिन कुमार का सहयोग रहा।

शराब पीने से मना करने पर युवकों ने किया हंगामा

चन्दौसी, अमृत विचार : मुंसिफ रोड स्थित एक रेस्टोरेंट पर बुधवार की रात करीब कुछ युवक पहुंचे। युवकों ने दुकानदार से रेस्टोरेंट में शराब पीने की बात कही तो दुकानदार ने इनकार कर दिया। इसी बात पर युवक भड़क गए और दुकानदार से तीखी नोकझोंक हुई। इतना ही नहीं बांहें तक तन गई और नौबत मारपीट तक आ गई। जिससे अफरातफरी का माहौल हो गया। शोर शराबा होने पर पास पड़ोस के दुकानदार भी आ गए और भीड़ लग गई। दुकानदारों ने हंगामा कर रहे युवकों को समझा बुझा कर भेज दिया। पुलिस को मामले की सूचना नहीं दी गई।

युवक को गोली मारने में रुद्रपुर के दोषी को उम्र कैद

रामपुर, अमृत विचार : डांस के दौरान युवक की गोली लगने से मौत के मामले में जिला सत्र न्यायालय ने दोषी को आजीवन कारावास की सजा और एक लाख रुपये जुर्माना लगाया है। रुद्रपुर निवासी वीरेंद्र कुमार ने बताया था कि 23 मई 2013 को उनका भतीजा हिमांशु अरोरा अपने छोटे भाई मयंक अरोरा व उसके दोस्त अंकुर कुमार, चाचा संजय अरोरा के साथ पड़ोसी अमित अनेजा की शादी में शामिल होने गए थे। रात करीब 11 बजे वह अपने दोस्त अंकुर कुमार व योगेश चौहान के साथ डीजे पर डांस करने लगा। पहले से डांस कर रहे रुद्रपुर की मलिक कॉलोनी निवासी उत्पल दीक्षित ने लाइसेंसी रिवाल्वर से फायर कर दिया था। इसकी गोली हिमांशु अरोरा की कनपटी पर लगी थी। इससे घायल को उपचार के लिए निजी अस्पताल ले गए थे। हालत गंभीर होने पर युवक को परिजन हल्द्वानी ले गए थे। जहां हिमांशु को मृत घोषित कर दिया था। इसके बिलासपुर थाने में तहरीर दी गई थी। पुलिस ने मामला दर्ज किया था। पुलिस ने विवचेना के बाद चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की थी। इस मामले की सुनवाई जिला सत्र न्यायालय में हो रही थी।

मोदी-योगी के नाम पर भेज रहे साइबर ठगी का मैसेज

संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार : राम मंदिर, भाजपा और मोदी-योगी का नाम लेकर साइबर अपराधी आम जनता को ठगने की कोशिशों में लगे हैं। साइबर ठग सोशल मीडिया पर मैसेज भेजकर जनमानस को फ्री मोबाइल रिचार्ज कराने का झांसा दे रहे हैं। उत्तराखंड पुलिस ने फेक मैसेज अलर्ट जारी करते हुए कहा है कि फ्री रिचार्ज संबंधी ये मैसेज फर्जी हैं और लोग झांसे में न आएं।

इनमें प्रधानमंत्री मोदी का फोटो लगे एक मैसेज में 'बीजेपी फ्री रिचार्ज योजना' में क्लेम बीजेपी ऑफर नाऊ के तहत नए साल के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री की तरफ से 3 महीने का फ्री रिचार्ज देने का झांसा दिया जा रहा है। दूसरे मैसेज में लिखा गया है कि, 22 जनवरी को अयोध्या में

राम मन्दिर स्थापित होने की खुशी में मोदी और योगी दे रहे हैं पूरे भारत को फ्री के 749 रुपये वाला 3 महीने का रिचार्ज। तो अभी नीचे नीले रंग के लिंक पर क्लिक करके अपने नंबर पर रिचार्ज करें।इस संबंध में उत्तराखंड पुलिस ने गुरुवार को अपने फेसबुक पेज पर दोनों फोटो शेयर करते हुए लिखा है कि व्हाट्सएप पर चल रहे फ्री रिचार्ज सम्बन्धी यह मैसेज पूरी तरह से फर्जी हैं।

स्नातकोत्तर की परीक्षा फरवरी में, अब फार्म 28 तक भरे जाएंगे

बरेली, अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने परास्नातक विषम सेमेस्टर की परीक्षा के फार्म भरने की तिथि बढ़ाकर 28 जनवरी कर दी है। इसके अलावा एलएलबी और एलएलएम के फार्म भरने की भी तिथि भी 22 जनवरी तक बढ़ाई है। ऐसे में अब परीक्षा फरवरी के पहले सप्ताह से शुरू हो सकती है।

परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक एमए, एमएससी और एमकॉम प्रथम और तृतीय सेमेस्टर के संस्थागत और बैक परीक्षा के फार्म 10 जनवरी से भरे जा रहे हैं। फार्म भरने की अंतिम तिथि 17 जनवरी थी, जिसे अब 28 जनवरी कर दिया गया है। छात्रों को 29 जनवरी तक भरे हुए फार्म महाविद्यालय में जमा करने होंगे। इसके अलावा एलएलबी और बीएएलएलबी के विषम सेमेस्टर के संस्थागत, भूतपूर्व, बैक, सुधार और छूटी प्रयोगात्मक परीक्षा के फार्म अब 22 जनवरी तक भरे जाएंगे।

अधिवक्ताओं ने उठाई हाईकोर्ट बेंच की मांग

संवाददाता, नगीना

अमृत विचार : पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बेंच की स्थापना को लेकर संघर्षशील केंद्रीय संघर्ष समिति के आह्वान पर बार एसोसिएशन के सदस्य न्यायिक कार्य से विरत रही। एसडीएम के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन प्रेषित कर बेंच की मांग की।

हाईकोर्ट बेंच स्थापना संघर्ष समिति के आह्वान पर बार एसोसिएशन के सदस्य गुरुवार को न्यायिक कार्य से विरत रहे। बेंच स्थापना की मांग को लेकर बार अध्यक्ष दीपक विश्नोई व महासचिव फरीद अहमद खान के नेतृत्व में अधिवक्ताओ ने मुंसफी से एसडीएम कार्यालय तक मार्च किया। इसके बाद प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम की अनुपस्थिति में नायब तहसीलदार फैसल को सौंपा।

ज्ञापन में कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश की बड़ी आबादी को सस्ता

नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

▸▸ एसडीएम की अनुपस्थिति में नायब तहसीलदार को सौंपा प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन

व सुलभ न्याय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अधिवक्ता करीब 40 साल से संघर्ष कर रहे हैं। इसी परिपेक्ष में केंद्रीय संघर्ष समिति पश्चिमी उत्तर प्रदेश के आह्वान पर बार एसोसिएशन ने न्यायिक कार्य से विरत रहकर प्रधानमंत्री से अधिवक्ताओं की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करने की आशा व्यक्त की है। ज्ञापन में प्रधानमंत्री से बेंच स्थापना कराने की मांग की गई है। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष अशोक त्यागी, नईम अहमद, राजेंद्र कुमार, विनोद कुमार, ललित जोशी, दीपक सक्सेना, अरशद जावेद, सुदर्शन चौहान, कुशालपाल सिंह, मोहम्मद शाकिर आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

आयोजन नगर में दो स्थानों पर हुए विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम

श्रीराम मंदिर का निर्माण गर्व की बात

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : नगर पालिका परिषद द्वारा संभल नगर के सूर्यकुंड तीर्थ मंदिर एवं बरेली सराय में विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम आयोजित कराए गए। जिसमें भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल ने कहा कि भाजपा की सरकार में ही श्रीराम का मंदिर बना, जिसके लिए हमने सैकड़ों वर्ष तक संघर्ष किया। यह हमारे के लिए गौरव की बात है। पहले की सरकारों ने इसकी अपेक्षा की। सरकारों ने जाति के हिसाब से जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया।

उन्होंने कहा कि भाजपा की केंद्र एवं राज्य सरकार की ओर से चलाई जा रहीं जन कल्याणकारी योजनाओं को सभी जाति, एवं वर्गों तक बिना किसी भेदभाव के जन जन तक पहुंचाया जा रहा है। मौजूद लोगों को

संकल्प यात्रा कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुति देतीं छात्राएं।

2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए संकल्प दिलाते हुए कहा कि हमें गर्व है कि हमारा देश एवं प्रदेश बहुत ही मजबूत नेतृत्व में विकास की नई राह पर चल रहा है।

मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह रिंकू ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से सरकार जन जन तक जाकर योजनाओं का लाभ दे रही है। सभी विभागों के स्टाल के माध्यम से योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जा रही है।

इस दौरान अधिशासी अधिकारी नगर पालिका रामपाल सिंह, गौतम चौधरी, पप्पू सिंह, मुकुल रस्तोगी, शिल्पी गुप्ता, अशोक पवार, शोभित गुप्ता, महावीर सिंह, कुलदीप यादव, अरविंद प्रजापति रहे। संचालन गगन वार्ष्णेय ने किया।

वीडियो रिकॉर्डिंग रूम का विधायक ने किया आरंभ

रामपुर, अमृत विचार : जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में गुरुवार को प्रदेश के पहले रिकार्डिंग रूम का विधायक आकाश सक्सेना ने फीता काटकर आगाज किया।

विधायक ने कहा कि जनपद के वह विद्यालय जहां स्मार्ट क्लासेस हैं, सीधा प्रसारण किया जाएगा। इससे जिले के अलग-अलग विषयों के पारंगत शिक्षक शैक्षणिक कार्य कर छात्रों को लाभान्वित करेंगे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में विधायक आकाश सक्सेना, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. नंद किशोर कलाल ने प्रदेश के पहले वीडियो रिकॉर्डिंग रूम का आरंभ किया। नगर विधायक ने कहा कि वीडियो रिकॉर्डिंग रूम के माध्यम से यू ट्यूब चैनल द्वारा परिषदीय विद्यालयों में स्थापित स्मार्ट क्लासेस में स्कूलों के टाइम टेबल के अनुसार, शैक्षिक कार्य का प्रसारण लाइव किया जाएगा। जिले के 1596 परिषदीय और 133 माध्यमिक विद्यालयों के बच्चे लाभान्वित होंगे।

साइबर ठगी का सरगना हरियाणा से गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, रुद्रपुर

▸▸ आरबीआई का अधिकारी बनकर करता था ठगी, कई चेक बुक व सिम कार्ड बरामद

अमृत विचार : एसटीएफ और साइबर क्राइम थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने 35 लाख ठगी के मुख्य सरगना को हरियाणा से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से कई चेक बुक, सिम कार्ड सहित कई जरूरी दस्तावेज बरामद कर खुलासा किया। बताया कि आरोपी पर नैनीताल के भीमताल थाने में वर्ष 2023 में मुकदमा पंजीकृत हुआ था।

गुरुवार को खुलासा कर एसटीएफ सीओ सुमित पांडेय और साइबर सेल प्रभारी ललित मोहन जोशी ने बताया कि अक्टूबर 2023 को नैनीताल के भीमताल थाने में एक व्यक्ति ने मुकदमा पंजीकृत किया था। साथ ही बताया कि उसके भाई को एक अज्ञात व्यक्ति की कॉल आयी और बीमा पॉलिसी का पैसा फंसने की बात बताते हुए टीडीएस की धनराशि जमा कर पैसा वापस करने का प्रलोभन दिया। उन्होंने बताया कि धनराशि वापस होने पर कुल धनराशि पर ब्याज का मुनाफा भी दिया जाएगा। आरोप था कि मुनाफे का प्रलोभन देकर ठग ने 35 लाख रुपये की साइबर ठगी को अंजाम दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर प्रकरण की तफ्तीश एसटीएफ और कुमाऊं साइबर क्राइम थाना पुलिस को सौंप दी थी। तफ्तीश के दौरान सूचना मिली कि आरोपी को फरीदाबाद हरियाणा इलाके में देखा गया है, जिसके बाद एसटीएफ और साइबर क्राइम की संयुक्त टीम ने बुधवार को दबिश देकर 35 लाख की ठगी के मुख्य आरोपी एवं सरगना रविकांत शर्मा को फरीदाबाद हरियाणा से गिरफ्तार कर लिया।

सड़कों पर रेला, हाथों में श्रीराम ध्वज, जुबां पर सीताराम

उदया से लता चौक तक लाइव रिपोर्ट

पांच किमी में 16 जगह भंडारे, 29 स्थानों पर दिखी पिकेट्स

पुनीत श्रीवास्तव, अयोध्या

अमृत विचार : श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा से पहले ही अयोध्या में आस्था का सैलाब उमड़ने लगा है। सरयू की कल-कल के बीच सीताराम-सीताराम की ध्वनि पूरे वातावरण को राममय बना रही है। सड़कों पर श्रद्धालुओं का ऐसा रेला ऐसे उमड़ पड़ा है कि मानो सारे देवी-देवताओं के दर्शन अयोध्या में ही होने वाले हैं। हाथों में श्री राम ध्वज लिए नंगे पांव चल रहे श्रद्धालुओं को पता ही नहीं चल रहा कि वे कितनी दूरी आ गए। न खाने की फिक्र है और न ही उन्हें आराम करने की चिंता। उदया चौराहे से लता चौक (पांच किमी.) तक 16 जगहों पर गुरुवार को भंडारे चलते दिखे। 29 जगहों पर पुलिस की टुकडिय़ां तैनात थीं। लता चौक तो सुरक्षा का हब बना हुआ है।

अयोध्या में उदया चौराहे से प्रवेश करते ही भंडारों की शुरुआत हो जाती है। एक तरफ जय गुरुदेव का भंडारा चल रहा था तो दूसरी तरफ विहिप की महाराष्ट्र इकाई की ओर से भव्य प्रसाद का इंतजाम किया गया था। कार्यकर्ता हाथ जोड़कर प्रसाद ग्रहण करने की अपील कर रहे थे। इसके आगे बढ़ने पर रानोपाली में श्रद्धालु झंडे लेकर जाते नजर आ रहे थे। साकेत महाविद्यालय से सुरक्षा का चक्र बढ़ा दिया गया है। महाविद्यालय के मैदान में तीन हैलीपैड बन रहे हैं। लोग चर्चा कर रहे थे कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यहीं उतरेंगे। कैथाना पहुंचे तो महिलाएं बल्लियों से लगाई जा रही बैरिकेडिंग को देख रही थीं। संगीता और गुंजन से पूछा कि ये क्या हो रहा है तो उन्होंने बताया कि मंदिर बन गया है। रामजी विराजमान हो गए हैं। मोदी जी आएंगे और पूजा-पाठ करेंगे। इसके आगे नगर निगम के जोनल कार्यालय के पास सड़कों की धुलाई चल रही थी। जन्मभूमि पथ से 50 मीटर पहले पंजाब के शिव शक्ति संघ की ओर से बड़े भंडारे का आयोजन किया गया था। सीताराम-सीताराम बोलकर श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करते दिखे। व्यवस्था देख रहे अनिल ने बताया कि एक महीने तक भंडारा अनवरत चलेगा। जन्मभूमि पथ पर वाहनों से उतरते ही लोग राम के दर्शन के लिए लगभग भागते दिखे। सभी में पहले पहुंचने की होड़ थी। अगल-बगल और सामने सिर्फ सवारी वाहनों से लोग उतरकर जन्मभूमि पथ की ओर जा रहे थे। आगे हनुमानगढ़ी चौराहे के पास बाजार में काफी रौनक थीं। बर्तन, धार्मिक पुस्तकों, चूड़ी आदि की दुकानों पर भारी भीड़ लगी हुई थी। सिर पर गठरी ले जाते हुए भी महिलाएं दिखीं।

लता चौक पर सबसे अधिक भीड़ थी। यहां दूर-दराज से आए लोग सेल्फी लेने में व्यस्त थे। चौक पर बनी रंगोलियां लोगों को आकर्षित कर रही थीं। एटीएस के जवान बख्तरबंद गाड़ियों में तैनात दिखे।

ढोल मंजीरा बजाते हुए दर्शन के लिए जाती महिलाओं की टोली।

लता चौक पर सेल्फी लेती महिला। अमृत विचार

बड़े-बड़े ब्रांड प्रचार करने में भी जुटे

आगामी दिनों में अयोध्या में देश-विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान लगाया गया है। इसे देखते हुए राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय ब्रांड ने अपना प्रचार करना शुरू कर दिया है। बड़ी-बड़ी होर्डिंगों में रामचरितमानस की चौपाइयों के साथ अपने ब्रांड का प्रचार कर रही हैं। इसमें सीमेंट, अगरबत्ती, तेल इत्यादि शामिल हैं।

साकेत से लेकर नयाघाट तक सड़क के दोनों ओर लगाई गई बैरीकेडिंग।

राम की पैड़ी पर लेजर शो की तैयारियां

नया घाट स्थित राम की पैड़ी इन दिनों खूब चहक रही है। यहां एक बार फिर से लेजर शो करने की तैयारियां चल रही हैं। लाइटें इत्यादि लगाई जा रही हैं। पैड़ी के हर एक घाट पर मीडिया का भी जमवाड़ा है। यहां पहुंचने वाले लोग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आनंद ले रहे हैं।

श्रद्धालु कारसेवकपुरम में देखने पहुंच रहे उपहार

मंदिर आंदोलन से जुड़े कारसेवकपुरम में भी लोग पहुंच रहे हैं। यहां श्रीराम को मिले उपहारों के सामने माथा टेक रहे हैं। यहां भी भंडारे का आयोजन किया गया है। मुरादाबाद के मेयर विनोद अग्रवाल की तरफ से रोज 10 हजार लोगों को प्रसाद ग्रहण कराया जा रहा है। 30 लाख की राशन सामग्री आई है। तीन लाख लोगों को भंडारा कराने का लक्ष्य रखा गया है।

भंडारों का भंडार, होटल-रेस्टोरेंट बेजार

भक्तों के आगमन को देखते हुए जगह-जगह पर लाखों रुपये की लागत से आयोजक भंडारे करा रहे हैं। इसमें पूड़ी, सब्जी, दाल, चावल, दूध, काफी, चाय, बिस्किट और रस्क भी शामिल हैं। श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचकर भंडारों का आनंद ले रहे हैं। ऐसे में अयोध्या धाम के सभी होटल-रेस्टोरेंट में सन्नाटा पसर गया है। संचालकों को घाटा उठाना पड़ रहा है।

अयोध्या पहली बार आया हूं। बहुत ही पीसफुल लग रही है। सभी घर एक ही रंग के देखकर मन प्रसन्न हो गया। श्रीराम के दर्शन हो गए हैं। प्राण प्रतिष्ठा के बाद ही जाऊंगा। **-जसबीर सिंह, दिल्ली**

अयोध्या आकर मन प्रसन्न हो गया है। दर्शन-पूजन के साथ ही सरयू स्नान किया। बोटिंग भी की। मुझे लता चौक बहुत सुंदर लगा। पीएम मोदी ने अयोध्या को चमका दिया है। **-रघुबीर सिंह, हरियाणा**


अयोध्या बदल गई है। मुझे भी खुशी हो रही है कि श्रीराम विराजमान होने जा रहे हैं। 23 के बाद घर पर रिश्तेदार आना शुरू हो जाएंगे। सभी दर्शन करने आ रहे हैं। **-सत्य प्रकाश मिश्र, कौशलपुरी**

मोदी और योगी की जोड़ी ने अयोध्या को विश्व पटल पर ला दिया। दूर-दराज से लोग आ रहे हैं। इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। यहां के व्यापारियों की आय भी बढ़ेगी। **-अंकित सिंह, तुलसी उद्यान**

रामरथ पर सवारी, श्रद्धालुओं को लग रही प्यारी

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : प्राण प्रतिष्ठा समारोह को देखते सरकार ने अयोध्या में यातायात के तमाम साधनों को उतार दिया है। लाखों की संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं के निहित 100 ई-बसें व 25 इलेक्ट्रिक ऑटो की खेप अयोध्या में उतारी गई है। श्रद्धालुओं को सबसे अधिक खुले वाहन पसंद आ रहे हैं। लोग पर्यटन विभाग की ओर से चलाए जा रहे इलेक्ट्रिक रामरथ पर सवारी कर रहे हैं। रामरथ पर 12 सवारियां आसानी से बैठ सकती हैं। चालक अनिल ने बताया कि इस तरह से छह रामरथ अयोध्या में उतारा गया है, जिसका न्यूनतम किराया 10 रुपये है।

भक्तों को लुभा रहा श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा समारोह का गीत

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : रामलला को भव्य मंदिर में विराजमान होने में मात्र तीन दिन और 88 घंटे शेष रह गए हैं। चहुंओर प्रभु की आगमन की प्रतीक्षा में आनंदोत्सव छाया है। इसी के बीच श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह गीत श्रद्धालुओं को उल्लास से सराबोर कर रहा है। प्राण प्रतिष्ठा अभियान गीत सोशल मीडिया पर भी तेजी से चल रहा है। लोग एक दूसरे से अभियान गीत शेयर कर रहे हैं। जानिए और पढ़िए क्या है प्राण प्रतिष्ठा अभियान गीत और क्या हैं गीत के बोल -

श्री रघुवर जी के अवधपुरी में,
प्राण प्रतिष्ठा होना है।
निमन्त्रण को स्वीकार करो,
अब सबको अयोध्या चलना है।
जय बजरंगी जय हनुमान,
वन्दे मातरम जय श्री राम।
श्री राम जय राम,जय-जय राम,
वन्दे मातरम, जय श्री राम।

इस मंदिर को पाने हेतु,
बार बार संघर्ष हुआ।
राम भक्तों के बलिदानों से,
मंदिर बन कर खड़ा हुआ।
अब मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा,
धूमधाम से होना है।
निमन्त्रण को स्वीकार करो,
अब सबको अयोध्या चलना है...

प्राण प्रतिष्ठा अभियान गीत राम मंदिर आन्दोलन की गौरव गाथा एवं राम के विराजने के उत्सव का गीत है। सनातन समाज की भावनाओं को परिलक्षित करता है। **-शरद शर्मा, प्रान्तीय प्रवक्ता, विश्व हिंदू परिषद।**

रामपथ पर लगे मंदिर आंदोलन के नायक सिंघल के कटआउट

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : प्राण प्रतिष्ठा के मुख्य पूजन से पूर्व अयोध्या धाम के रामपथ पर राम मंदिर आन्दोलन के नायक विहिप के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे स्वर्गीय अशोक सिंघल के कटआउट लगाए जा रहे हैं। अशोक सिंघल फाऊंडेशन की ओर से रामपथ पर यह बड़े कट आऊट लगाए गए हैं। इनमें अशोक सिंघल का सफेद धोती कुर्ता और गले में गमछा डाले और हाथ जोड़े नमस्कार व अभिवादन की मुद्रा में चित्र है। ऊपर फाऊंडेशन का लोगो और नीचे सभी रामभक्तों का हार्दिक स्वागत लिखा है। विहिप के प्रान्तीय मीडिया प्रभारी शरद शर्मा ने बताया कि इस तरह के 100 से अधिक कट आऊट लगाए जा रहे। मंदिर आन्दोलन के नायक कहलाने वाले अशोक सिंघल के कटआउट के जरिए उन्हें याद कर श्रद्धांजलि भी दी जा रही है।

500 टन गेंदा के फूलों की लड़ियां बना रहे 1500 माली

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : प्राण प्रतिष्ठा के दौरान रामनगरी को फूलों से सजाने के लिए पिश्चम बंगाल के खड़गपुर से ट्रकों में फूल अयोध्या पहुंच रहे हैं। तकरीबन 500 टन पीले और केसरी रंग के फूलों से मंदिर और मार्गों को सजाया जाएगा। इसके लिए 1500 माली दिल्ली और वाराणसी से आए हैं, जो फूलों की लरिया बनाने के साथ ही श्रीराम लिखा हुआ स्वागत द्वार बनाने का कार्य कर रहे हैं। अयोध्या धाम स्थित पराग रेस्टोरेंट में फूलों की लरियां उतारी गई हैं। देखरेख में जुटे कालीचरण ने बताया कि आरबीएस लॉन समेत तीन जगहों पर फूलों की लरिया तैयार की जा रही है। श्रीराम और सीताराम लिखा हुआ द्वार तैयार किया जा रहा है। दो ट्रक अशोक की पत्तियां भी आई हैं। उन पत्तियों से तोरणद्वार बनाया जाएगा।

आराध्य को हृदय में बसाए रामधुन में रमा हर श्रद्धालु

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : आज से तीन दिन बाद 22 जनवरी को रामलला अपने भव्य मंदिर में विराजमान हो जाएंगे। प्राण-प्रतिष्ठा समारोह की तिथि जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे श्रद्धालुओं की आस्था और उत्साह बढ़ता जा रहा है। जिसकी बानगी गुरुवार को रामनगरी की सड़कों पर देखने को मिली। हर कोई मन में श्रीराम की छवि और होठों पर राम का नाम लेकर यहां आ रहा है और रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का साक्षी बनने के लिए लालायित है। अयोध्या की आध्यात्मिकता और बदलती सूरत को देख आह्लादित और आनंदित है।

अमृत विचार ने जब राम की पैड़ी पर रामनाम के धुन में रमे कुछ श्रद्धालुओं से बात की तो उनके मुंह से सिर्फ यही शब्द निकला- यह पल अविस्मरणीय और अद्भुत है। प्राण प्रतिष्ठा समारोह का साक्षी बनने के लिए ग्वालियर से यहां पहुंचे श्रद्धालुओं का कहना है कि इतने संघर्षों के बाद अब जब श्रीराम अपने भव्य दिव्य मंदिर में विराजनाम होने जा रहे हैं। हम ही नहीं पूरा देश आह्लादित है। देश के हर कोने में जश्न की तैयारी की जा रही है। हम लोग भी इस स्वर्णिम पल को अपनी नजरों से यहीं रहकर देखना चाहते हैं। यह पल हमारे जीवनकाल का सबसे सौभयशाली पल होगा।

हमारे आराध्य अब अपने भव्य मंदिर में विराजमान होने जा रहे हैं। इससे बड़ी खुशी की बात क्या हो सकती है। इस खुशी को शब्दों में बयां करना असंभव है। प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर ग्वालियर के लोग दिवाली मनाएंगे। 14 जनवरी को यहां आए हैं। यहां बदलाव को देखकर बहुत अच्छा लग रहा है। **- जयकरन सिंह, श्रद्धालु, ग्वालियर**

रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के साथ ही रामनगरी की आध्यात्मिता अब और बढ़ गई है। पहले जब यहां आते थे तो बिलकुल अच्छा नहीं लगता था। हमारे आराध्य अपने भव्य मंदिर में विराजमान होने जा रहे हैं। यह पल हमारे लिए सौभाग्यशाली पल है। हम लोग इसे उत्सव के रूप में मनाएंगे। **- हरिबाबू सिंह, श्रद्धालु ग्वालियर**

प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को लेकर यहां जो अजब सा उत्साह देखने को मिल रहा है। वह आनंदित करने वाला है। श्रीराम नेपालवासियों के दामाद हैं। अब जब रामलला अपने भव्य मंदिर में विराजमान होने जा रहे हैं तो इससे ज्यादा खुशी हमारे लिए और क्या हो सकती है... यहां आकर बहुत अच्छा लग रहा है। **- लोकेंद्र बहादुर मल्ला, श्रद्धालु, धनगढ़ी, नेपाल**

जय श्रीराम का उद्घोष करता प्राण-प्रतिष्ठा में भाग लेने के लिए पुणे (महाराष्ट्र) से आया श्रद्धालुओं का दल। अमृत विचार

4000 महिलाओं ने राम की पैड़ी पर किया दुरदुरिया पूजन

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव सकुशल संपन्न हो, इसके लिए गुरुवार को राम की पैड़ी पर चार हजार महिलाओं ने दुरदुरिया पूजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत महापौर व तीन कलश तिवारी मंदिर के महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने की। यह आयोजन वशिष्ठ फाउंडेशन की सचिव राजलक्ष्मी त्रिपाठी के संयोजन में किया गया। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की धर्मपत्नी नम्रता पाठक भी शामिल हुईं। उन्होंने कहा कि देशवासियों के लिए 22 जनवरी सबसे बड़ा दिन है। हम सभी की मनोकामना पूरी हो रही है। श्रीराम भव्य मंदिर में विराजमान हो रहे हैं। इस अवसर पर हम बहनों ने अवसान माता की पूजा कर सुख समृद्धि और शांति की कामना की है। 15-15 की टोली में 251 समूह में 4000 महिलाओं ने एक साथ विधि विधान पूर्वक पूजन किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, आभा सिंह, सीमा तिवारी, सरिता सिंह, आंचल मिश्रा, रूबी पोद्दार, सुभाषनी अवस्थी, बिंदु सिंह, प्रियंका अवस्थी सहित कई महिलाएं मौजूद रहीं।

17 साल से सिर्फ एक काम सरयू तीरे लिख रहे राम-राम

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : अयोध्या में राम नाम की धूनि रमाने वालों की कमी नहीं है, अगर देखना है तो रामनगरी चले आइये। यहां एक साधु ऐसे हैं जो 17 वर्षों से राम का नाम लिखते आ रहे हैं। ड्राइंग पेपर पर अलग-अलग पैटर्न पर लाल और हरे पेन से अपने आराध्य को जीवंत कर रहे हैं। बलिया जिले के रहने वाले विनोद मिश्र बताते हैं कि 2006 में उन्हें प्रयाग मेले के दौरान एक संत से राम नाम लिखने की प्रेरणा मिली। इसके बाद उन्होंने परिवार को छोड़ दिया और अयोध्या आकर राम-राम लिखने लगे। उन्होंने बताया कि वह कभी भी चित्रकला में रुचि नहीं रखे, लेकिन आराध्य के प्रति ऐसी लगन लगी कि खुद ब खुद राम-राम लिखते-लिखते चित्र बनने लगा। नया घाट पर ही रहते हैं। खाने को कुछ मिल गया तो ठीक नहीं सरयू का जल पीकर ही वह अपनी भूख मिटा लेते हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में मंदिर निर्माण का कार्य प्रशस्त कर दिया है। इसलिए अब वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अयोध्या धाम जी में आ रहे हैं लिख रहे हैं। इसमें भी एक-एक शब्द राम-राम से बनाया गया है। उन्हें लखनऊ विश्ववद्यालय के कला एवं शिल्प महाविद्यालय की तरफ से राम शब्द से बने विभिन्न रूपों का अद्भुत सुलेखन के लिए प्रशिस्त पत्र भी मिल चुका है।

विनोद मिश्र अब राम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम लिख रहे हैं।

रामोत्सव

आस्था के साथ सम्भाल रहे हैं पिता की विरासत, राग-भोग के लिए तैयार करते हैं प्रसाद सामग्रियां

रामनाम से 'काज' शुरू करता है 'सीताराम' का परिवार...

अंकित सेन, अयोध्या

अमृत विचार : राम से बड़ा राम का नाम... इसी आस्था और विश्वास के साथ हर कोई अपने दिन की शुरूआत रामनाम से करता है, लेकिन रामनगरी के रहने वाले सीताराम का परिवार अपने दिन की शुरूआत ही रामकाज से करते हैं। रामकोट स्थित अमावा मंदिर के सामने श्रीरामलला भोग प्रसादम के नाम से मिष्ठान की दुकान चलाने वाले सीताराम यादव 70 सालों से रामलला के भोग प्रसाद के लिए रबड़ी व पेड़ा तैयार कर रहे हैं। अब रामलला 22 जनवरी को अपने भव्य मंदिर में विराजमान होने जा रहे हैं, इसको लेकर उनकी खुशी का ठिकाना नहीं है। उनका कहना है कि 70 सालों की तपस्या का इससे बढ़कर कोई फल नहीं है।

बुजुर्ग हो चुके सीताराम यादव का कहना है कि उनका परिवार बड़े ही आस्था से रामलला के राग-भोग तैयार करता है। इसके लिए प्रतिदिन पांच किलो रबड़ी, ढाई किलो पेड़ा व साढ़े तीन किलो दूध मंदिर में जाता है। प्रभु के लिए तैयार किया जाने वाले प्रसाद बड़ी स्वच्छता व शुद्धता के साथ बनाया जाता है। इसके लिए सुबह से ही दूध कढ़ाई पर चढ़ा दिया जाता है। दिन भर प्रक्रिया चलने के बाद रबड़ी और पेड़ा तैयार किया जाता है। कर्मचारी आता है और डिब्बे में सारा सामान लेकर मंदिर के लिए चला जाता है। उनका कहना है कि अब सुबह के अलावा जरूरत पड़ने पर जब कहा जाता है तो और भी सामान तैयार कराया जाता है।

रामलला के राग-भोग के लिए मिष्ठान्न तैयार करने के लिए पकाया जा रहा दूध व मिष्ठान्न।

▸▸ 70 वर्षों से रामलला के भोग के लिए समर्पित है परिवार

सीताराम यादव।

35 वर्षों तक परिसर में रही दुकान, जाती थी एक किलो रबड़ी

सीताराम यादव ने बताया कि रामलला के राग-भोग के लिए रबड़ी, पेड़ा व अन्य प्रसाद सामग्री बनाते हुए 70 वर्ष बीत गए। इससे पहले 35 वर्षों तक जन्मभूमि परिसर स्थित दुकान से सारा सामान तैयार होकर जाता रहा। वह अपने पिता धनपत यादव के साथ दुकान पर जाकर प्रसाद सामग्री तैयार करते थे। जब प्रभु टेंट में थे तो सीमित मात्रा में रबड़ी, पेड़ा व दूध जाया करता था। अब प्रतिदिन पांच किलो रबड़ी, ढाई किलो पेड़ा व साढ़े तीन किलो दूध तैयार कर भेजा जाता है। उन्होंने बताया कि भेजी जा रही प्रसाद सामग्री के बाबत श्रद्धा के साथ जो मिल जाता है, उसे स्वीकार कर लेते हैं।

अलाया हादसा में शाहिद मंजूर को नहीं मिली राहत

विधि संवाददाता, लखनऊ : अलाया अपार्टमेंट हादसा मामले में सपा विधायक शाहिद मंजूर को कोर्ट से राहत नहीं मिली है। कोर्ट ने उनके अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र के साथ दाखिल किए गए, अंतरिम जमानत अर्जी को खारिज कर दिया है। हालांकि अग्रिम जमानत पर 25 जनवरी को सुनवाई होगी। यह आदेश अपर सत्र न्यायाधीश मीना श्रीवास्तव ने शाहिद मंजूर के अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र पर पारित किया। सपा विधायक की ओर से दलील दी गई थी कि कि उक्त मामले से उनका कोई सम्बंध नहीं है। हालांकि कोर्ट ने मामले की गम्भीरता को देखते हुए, फिलहाल कोई राहत देने से इंकार कर दिया। अलाया अपार्टमेंट घटना की एफआईआर 25 जनवरी 2023 को हजरतगंज कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक दयाशंकर द्विवेदी ने विधायक शाहिद मंजूर के पुत्र नवाजिश, भतीजे मोहम्मद तारिक व फाहद याजदानी के ख़िलाफ़ दर्ज कराई थी। एफआईआर में आरोप है कि अपार्टमेंट जोरदार आवाज के साथ अचानक पूरी तरह से ढह गया जिससे चारों तरफ चीख-पुकार मच गई, अपार्टमेंट के मलबे से बचाव दल ने गंभीर रूप से चोटिल 14 लोगो को बाहर निकाला, बाद में इलाज के दौरान तीन लोगों की मृत्यु हो गई थी।

मंत्रिमंडल की बैठक: प्रदेश में मेट्रो व रैपिड रेल को बढ़ावा देने के लिए टैक्स होंगे माफ

फिलहाल लखनऊ, कानपुर और नोएडा में चलाई जा रही है मेट्रो रेल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : राज्य सरकार ने उप्र. में मेट्रो रेल और रैपिड रेल (आरआरटीएस) को बढ़ावा देने के लिए उनकी संपत्तियों पर हाउस टैक्स, वाटर टैक्स, विज्ञापन लाइसेंस शुल्क और पार्किंग शुल्क को माफ कर दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। फिलहाल लखनऊ, कानपुर और नोएडा में मेट्रो रेल चल रही है। आगरा में जल्द ही मेट्रो रेल का संचालन शुरू होना है। इसके अलावा भविष्य में अन्य शहरों में मेट्रो रेल परियोजना शुरू करने की योजना है।

दिल्ली से मेरठ तक रैपिड रेल 2025 में दौड़ती नजर आयेगी।। मेट्रो रेल कार्पोरेशन ने तर्क दिया हैकि मेट्रो रेल परियोजना के लिए तैयार की गई डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) मेंप्रावधान हैकि संबंधित राज्य सरकारें वाणिज्यिक विकास, पार्किंग व विज्ञापन लगाने के लिए जमीन उपलब्ध कराएंगी। डीपीआर में यह भी प्रावधान किया गया है कि राज्य सरकारें मेट्रो रेल परियोजनाओं को राज्यकरों, स्थानीय करों से छूट देंगी या ऐसे करों की प्रतिपूर्ति मेट्रो रेल परियोजनाओं से करेंगी।

विस में पेश होगी अतीक-अशरफ हत्याकांड की जांच रिपोर्ट

लखनऊ, अमृत विचार : प्रयागराज में उमेश पाल हत्याकांड के आरोपी चार शूटरों के एनकाउंटर और अस्पताल में माफिया अतीक व उसके भाई अशरफ की हत्या की न्यायिक जांच रिपोर्ट गुरुवार को कैबिनेट में प्रस्तुत की गई। कैबिनेट ने दोनों न्यायिक आयोग की जांच रिपोर्ट को विधानसभा के पटल पर रखने की मंजूरी प्रदान कर दी है। अभी दोनों रिपोर्ट में दिए तथ्यों और संस्तुतियों को सार्वजनिक नहीं किया गया है। उमेश पाल हत्याकांड में आरोपी शूटर अरबाज को 27 फरवरी और विजय चौधरी उर्फ उस्मान को प्रयागराज पुलिस ने 6 मार्च 2023 को मुठभेड़ में ढेर कर दिया था। उसके बाद 13 अप्रैल को एसटीएफ ने झांसी के बड़ागांव क्षेत्र में अतीक के बेटे असद और शूटर मोहम्मद गुलाम को भी मुठभेड़ में मार गिराया था। वहीं उमेश पाल हत्याकांड में रिमांड पर लाए गए अतीक और अशरफ की प्रयागराज के अस्पताल परिसर में 15 अप्रैल 23 को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। शासन ने एनकाउंटर और हत्या मामले की जांच को अलग-अलग न्यायिक आयोग बनाया था। दोनों आयोग ने अपनी रिपोर्ट शासन को सौंप दी है।

निजी एमएसएमई इकाइयां, प्लेज पार्क परिवर्तन शुल्क से मुक्त

लखनऊ, अमृत विचार : राज्य मंत्रिमंडल ने गोरखपुर की मुंडेरा बाजार नगर पंचायत का नाम बदलकर चौरी चौरा किये जाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है। इसके अलावा विकास प्राधिकरणों के अंतर्गत आने वाली कृषि भूमि के भू उपयोग औद्योगिकी में परिवर्तन कराने में निजी एमएसएमई इकाइयों एवं प्लेज पार्कों को परिवर्तन शुल्क से मुक्त रखे जाने के लिए सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम प्रोत्साहन नीति में परिवर्तन किये जाने को भी मंजूरी मिल गई है। साथ ही मेट्रो रेल, आरआरटीएस एवं उनकी समस्त संपत्तियों को उप्र नगर निगम अधिनियम 1959 द्वारा अधिरोपित करों से छूट दिये जाने पर भी मंत्री परिषद् की मुहर लग गई है।

संस्थानों को रखने होंगे फायर अधिकारी, लापरवाही पर इमारत होगी सीज

लखनऊ, अमृत विचार : मंत्रिमंडल ने उप्र अग्निशमन तथा आपात सेवा अधिनियम-2022 की नियमावली को लागू करने की मंजूरी दी है। शासन के निर्देश पर गृह सचिव और डीआईजी अग्निशमन सेवा की कमेटी ने नियमावली तैयार की है। नई नियमावली के मुताबिक अग्निशमन सेवा विभाग को अब उप्र अग्निशमन एवं आपात सेवा के नाम से जाना जाएगा। इसमें बड़े संस्थानों में अग्निशमन अधिकारी की तैनाती का नियम बनाया गया है। वहीं, लापरवाही की वजह से आग लगने पर विभाग को इमारत सीज करने का अधिकार भी दिया गया है। इससे पूर्व राज्य सरकार ने 13 दिसंबर 2022 को अग्निशमन सेवा का नया अधिनियम बनाया था। नियमावली के मुताबिक प्रतिष्ठानों आदि में अग्निशमन उपकरणों की आपूर्ति करने वाली एजेंसियों को पहले महानिदेशक अग्निशमन एवं आपात सेवाएं से अनुमति प्राप्त करनी होगी।

जाली नोट के सौदागरों को पांच वर्ष कारावास की सजा

विधि संवाददाता, लखनऊ : भारत के विभिन्न स्थानों पर जाली नोट की सप्लाई करने के मामले में एनआईए-एटीएस की विशेष अदालत ने अभियुक्त अमीनुल इस्लाम व फूलचंद को पांच वर्ष की कारावास की सजा सुनाई है। विशेष जज विवेकानन्द शरण त्रिपाठी ने आरोपियों पर अलग-अलग छह हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। सरकारी वकील एमके सिंह के मुताबिक 25 नवंबर, 2019 को एटीएस ने सीतापुर रोड पर जाली नोटों की खेप के साथ एक युवती समेत तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया था। इनमें पश्चिम बंगाल के माल्दा की रहने वाली युवती के साथ ही अभियुक्त अमीनुल इस्लाम व लखीमपुर खीरी के फूलचंद के पास से एक लाख 79 हजार का जाली भारतीय नोट बरामद हुआ था। इस मामले की एफआईआर एटीएस के निरीक्षक चैंपियन लाल ने थाना एटीएस में दर्ज कराई थी। इसके बाद विवेचना एनआईए को सौंप दी गई। एनआईए ने इनके खिलाफ जाली नोट की खरीद-फरोख्त व इसकी साजिश रचने के साथ ही विधि विरुद्ध क्रिया कलाप निवारण अधिनियम की धारा 16 व 18 में आरोप पत्र दाखिल किया था। 26 नवंबर, 2019 को इन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया था।

आईआईटी में शोध छात्रा ने फांसी लगाकर दी जान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- केमिकल इंजीनियरिंग में पीएचडी कर रही थी
- दो महीने के भीतर संस्थान में तीसरे स्टूडेंट ने दी जान

अमृत विचार : आईआईटी में शोध छात्रा ने अपने हॉस्टल के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। 29 दिसंबर 2023 को छात्रा ने यहां केमिकल इंजीनियरिंग में पीएचडी करने के लिए ज्वाइन किया था। पुलिस ने झारखंड के जिला दुमका निवासी परिजनों को सूचना देकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फांसी बुधवार रात लगाई या गुरुवार सुबह, यह पोस्टमार्टम के बाद पता चल सकेगा। इससे पहले 19 दिसंबर 2023 को आईआईटी में शोधकर्ता डॉ. पल्लवी चिल्का ने और 11 जनवरी 2024 को एमटेक छात्र विकास मीणा ने फांसी लगाकर जान दे दी थी।

दुमका निवासी नरेंद्र जायसवाल की इकलौती बेटी प्रियंका जायसवाल (29) ने पीएचडी करने के लिए आईआईटी कानपुर में 29 दिसंबर को ज्वाइन किया था। वह हॉस्टल के रूम ई-1-312 में रहती थी। चार जनवरी से उसकी क्लॉस शुरू हुई थी। प्रियंका ने परिवार वालों को बुधवार शाम सवा सात बजे कॉल कर कहा था कि गुरुवार सुबह साढ़े सात बजे उसे जगा दें। गुरुवार सुबह परिवार वालों ने उसे कई बार फोन मिलाया लेकिन रिसीव नहीं हुआ। पिता ने हॉस्टल मैनेजर रितु पांडेय को सूचना दी। हॉस्टल मैनेजर अन्य स्टॉफ के साथ छात्रा के कमरे पर पहुंचीं तो अंदर से बंद पाया। कल्याणपुर पुलिस ने आकर दरवाजा तोड़ा तो छात्रा का शव फंदे पर रस्से से लटक रहा था। डीसीपी पश्चिम विजय ढुल, एडीसीपी पश्चिम आकाश पटेल, एसीपी अभिषेक कुमार पांडेय फोरेंसिक टीम के साथ पहुंचे और जांच की। एडीसीपी पश्चिम ने बताया कि सुसाइड नोट नहीं मिला है। छात्रा के मोबाइल और सोशल मीडिया अकाउंट को देखा जा रहा है।

रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर राजनीति का लगा ठप्पा

संवाददाता, इटावा

- 22 के बाद परिवार सहित दर्शन करने जाऊंगा

अमृत विचार : सपा के राष्ट्रीय महासचिव और क्षेत्रीय विधायक शिवपाल सिंह यादव ने अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर भाजपा पर फिर हमलावर हुए। उन्होंने प्राण प्रतिष्ठा समारोह को भाजपा का राजनीतिक कार्यक्रम बताया। वहीं रामलला के प्रति आस्था भी जताई। कहा कि 22 जनवरी को भाजपा के कार्यक्रम में नहीं, लेकिन इसके बाद वह सपरिवार अयोध्या रामलला के दर्शन करने जाएंगे।

पूर्व मंत्री शिवपाल जसवंतनगर में नगर अध्यक्ष राहुल गुप्ता के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हम लोगों की लड़ाई दोगली बात करने वाली भ्रष्ट और धोखेबाज पार्टी से है। अयोध्या में धर्म के नाम पर राजनीतिक कार्यक्रम हो रहा है। भगवान राम सबके हैं। उन्होंने कहा भाजपा सरकार संविधान के विपरीत काम कर रही है। विपक्षी अगर आवाज उठाते हैं तो उनके पीछे ईडी, सीबीआई लगाकर डराया जाता है। झूठे मुकदमे लगा दिए जाते हैं। सपा सरकार में हमेशा विपक्ष को तवज्जो दी जाती रही।

10,328 पंचायतों ने नहीं कराए मनरेगा कार्य

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- नवंबर में बागपत, मेरठ, हापुड़ बुलंदशहर, शामली, मथुरा समेत 10 जिलों में प्रगति शून्य

अमृत विचार : प्रदेश में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत 2023-24 में 28 करोड़ से अधिक मानव दिवस सृजित यानी श्रमिकों को रोजगार देने का दावा किया गया है। इस लक्ष्य में पिछले वर्ष की तुलना 179.93 करोड़ मानव दिवस अधिक सृजित हुए हैं। जबकि, 10,328 ग्राम पंचायत में दिसंबर में एक भी काम नहीं कराए गए। नवंबर की बात करें तो बागपत, मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, शामली, मथुरा, अलीगढ़, संभल, कासगंज व मुज्जफरनगर में कार्यों की प्रगति शून्य है। जबकि 27 जिले श्रमिकों को काम देने में पीछे हैं। रही बात ससमय मजदूरी देने की तो बागपत, चंदौली, मुज्जफर नगर, हरदोई, रामपुर, सीतापुर, सुल्तानपुर, उन्नाव व कुशीनगर में स्थिति बेहद खराब है। इसकी वजह कहीं लापरवाही तो नवंबर से बजट न मिलना है। इसका असर गांव के विकास के साथ लाखों श्रमिक परिवारों पर पड़ा है। हाल में ग्राम्य विकास आयुक्त ने समीक्षा की तो यह प्रगति सामने आई।

अमृत सरोवरों में भी झोल : मनरेगा से अमृत सरोवर बनाने में लाखों रुपये बहा दिए गए। जिसकी अधिकारियों ने सुध तक नहीं ली। 888 अमृत सरोवरों का निरीक्षण तक नहीं किया गया। इनमें आजमगढ़, बलरामपुर, कानपुर देहात, पीलीभीत, आगरा, बागपत, गौतबुद्ध नगर, फिरोजाबाद, बलिया व रामपुर के सबसे ज्यादा अमृत सरोवर हैं। वहीं, गाजियाबाद, मुरादाबाद, बागपत, इटावा, शामिली, सिद्धार्थनगर, हरदोई पीलीभीत, जौनपुर व कानपुर नगर के चिह्नित 1023 अमृत सरोवर में खामियां रहीं। जिन्हें दूर कर दोबारा निरीक्षण नहीं किया गया।

बरेली समेत 10 जिलों में कम लगी ऑनलाइन हाजिरी

काम के दौरान श्रमिकों की हाजिरी और मस्टर रोल 100 ऑनलाइन करना है। इसके बाद भी दिसंबर में 97 प्रतिशत ऑनलाइन उपस्थिति फीड की गई। इस प्रक्रिया में कन्नौज, मथुरा, बरेली, मेरठ, कानपुर नगर, बागपत, शामली, प्रयागराज, एटा व बुलंदशहर में गिरावट आई है। रामपुर, प्रयागराज, गोरखपुर, सुल्तानपुर, हरदोई, हापुड़, कानपुर नगर, देवरिया, चित्रकूट समेत 23 जिलों में भुगतान अधिक लंबित है।

अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष को भेजा समन

विधि संवाददाता, प्रयागराज : महंत नरेंद्र गिरि आत्महत्या कांड मामले में अखाड़ा परिषद अध्यक्ष रविन्द्र पुरी का बयान दर्ज किया जाएगा। ट्रायल कोर्ट ने बयान दर्ज करने के लिए रविन्द्र पुरी को समन भेजा है। बता दें कि मौजूदा मामले में अमर गिरि का बयान एक बार ही दर्ज हो सका है। दोबारा बयान देने के लिए अमर गिरि उपस्थित नहीं हो रहे हैं। न्यायालय ने उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी कर 18 जनवरी को कोर्ट में पेश करने का आदेश दिया था।

मानहानि मामले में राहुल गांधी के वकील ने मांगा समय



सुलतानपुर, अमृत विचार : केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी के आरोप में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी के वकील काशी प्रसाद शुक्ल ने एमपी-एमएलए की कोर्ट में हाजिर होकर कार्रवाई के लिए समय मांगा और साथ ही उन्होंने परिवाद पत्र की प्रति की भी मांग की है। उन्होंने कोर्ट को अवगत कराया कि राहुल गांधी को समन अभी हाल ही में मिला है, परंतु भारत जोड़ो न्याय यात्रा के परिपेक्ष्य में वर्तमान समय में नागालैंड से आसाम में जनसंपर्क कार्यक्रम में व्यस्त हैं। जिस कारण अदालत में हाजिर होने में असमर्थ हैं। कोर्ट ने सुनवाई के लिए 20 फरवरी की तारीख नियत की है। परिवादी के वकील संतोष पांडेय ने बताया कि कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के हनुमानगंज निवासी बीजेपी नेता विजय मिश्र ने राहुल गांधी के खिलाफ गृहमंत्री अमित शाह पर अभद्र टिप्पणी करने के आरोप में मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया है। राहुल गांधी के खिलाफ चार अगस्त 2018 को मानहानि का वाद दायर किया गया था।

वर्ग पहेली-317

बाएं से दाएं

1.1. पुट्ठा 2. ढोल पर मढ़ा जाने वाला चमड़ा।

3.1. चित्तवृत्तियों का निरोध और इन्हें सांसारिकता से विमुख कर अंतर्मुखी करने की एक जटिल भारतीय साधना पद्धति 2. नाथ पंथियों में योग का एक प्रकार जिसमें कुंडलिनी जागरण कराकर 'सहस्रारचक्र' तक ले जाया जाता है। उक्त योग में कठिन आसन मुद्राओं का विधान है।

5. मृतक संबंधी एक कृत्य जो किसी की मृत्यु के छह महीने बाद किया जाता है, छमासी।

8.1. बहुत दूर या समुद्र पार का देश, पराया देश, विदेश 2. पिछली सदी में भारतीय जन सामान्य द्वारा इंग्लैंड के लिए प्रयुक्त नाम।

ऊपर से नीचे

2. अलग करने वाला, पृथक करने वाला।

4. सूर्यकांत मणि।

6. ऊंचे पहाड़ों की एक लता, निसोथ।

7.1. रेती (औज़ार) से रगड़कर काटना 2. चिकना करना 3. रेतने वाले औज़ार की धार से रगड़ना।



वर्ग पहेली - 316 का हल

		1 नि	2 गो	ड़ी		
	3 द		पी		4 ति	
	नु		चं		र	
	5 ज	6 ल	द		मि	
7 चु		8 प	न	9 भ	रा	
10 क	रें	सी		र		
ना			11 चौ	त	नी	

भरण-पोषण का पति का दायित्व पत्नी से कहीं अधिक: हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भरण- पोषण के एक मामले में अपने महत्वपूर्ण आदेश में कहा कि अगर पत्नी कामकाजी है और पर्याप्त जीविकोपार्जन कर रही है तो भी बच्चों की शिक्षा का खर्च सामान्यतः पिता द्वारा वहन किया जाना चाहिए।

विवाह एक ऐसी संस्था है, जिसमें खर्चों को दोनों पार्टियों के बीच आनुपातिक रूप से साझा किया जाना आवश्यक है। कोर्ट ने आगे कहा कि कामकाजी पत्नी होने से पति भरण-पोषण देने से छुटकारा नहीं पा सकता है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्रा की एकलपीठ ने पति आशीष वर्मा द्वारा दाखिल आपराधिक पुनरीक्षण याचिका को खारिज करते हुए पारित किया है।

कोर्ट ने माना कि अपर प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, कानपुर नगर द्वारा दिनांक 5 जनवरी 2023 को पारित आदेश के अनुसार सीआरपीसी की धारा 125 के तहत पत्नी और उनके दो नाबालिग बच्चों को दी जाने वाली भरण-पोषण राशि न तो बहुत अधिक है, न इसमें वर्तमान बाजार स्थितियों को देखते हुए किसी भी प्रकार की कटौती की आवश्यकता है। याची के तर्कों पर विचार करते हुए कोर्ट ने माना कि पति की मासिक आय इतनी कम नहीं है कि वह भरण- पोषण की तय राशि ना दे सके। याची के वकील ने बहस के दौरान बताया विपक्षी/पत्नी पढ़ी-लिखी है और कपड़ों की सिलाई करके 20,000 से 25,000 रुपए प्रतिमाह कमा लेती है। हालांकि इसे सिद्ध करने के लिए याची कोई दस्तावेज नहीं दे सका। अंत में कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए कहा भरण-पोषण का पति का दायित्व पत्नी से कहीं अधिक है। कोर्ट ने आवेदन दाखिल करने की तारीख से दिसंबर 2023 तक भरण-पोषण का बकाया चार समान मासिक किस्तों में देना निश्चित किया।

21 हजार छात्रों को छात्रवृत्ति मिलने की जगी आस

लखनऊ, अमृत विचार : पिछले एक वर्ष से छात्रवृत्ति के लिए विभाग के चक्कर काट रहे छात्रों के लिए राहत भरी खबर है। छात्रवृत्ति से वंचित रह गए 21 हजार छात्रों के लिए आवेदन करने का अंतिम अवसर है। छात्रों में छात्रवृत्ति को लेकर आस जगी है। मार्च तक उनको भुगतान होने की संभावना है। बता दें कि गत वर्ष समाज कल्याण विभाग की साइट हैक होने के कारण 57 हजार 600 छात्र-छात्राओं की छात्रवृत्ति खटाई में पड़ गई थी। छात्रवृत्ति से वंचित हुए छात्रों को विभाग के चक्कर काटने पड़ रहे थे। दूसरी ओर विभाग ने डाटा रिकवरी का काम शुरू किया और काफी हद तक इसमें सफलता भी मिली। साथ ही मामले की जांच भी की गई। आवेदनकर्ताओं के आधार का सत्यापन कराकर 36000 हजार छात्र-छात्राओं का भुगतान कर दिया गया। शेष बचे 21 हजार 600 छात्रों को दोबारा आवेदन करने को कहा गया और पोर्टल खोल दिया गया है। शनिवार तक छात्र आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया पूरी होने के बाद प्रपत्रों की जांच कराई जाएगी। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि वंचित रह गए छात्रों के आधार समेत अन्य प्रपत्रों का मिलान कराया जाएगा।

बरेली समेत आठ जिलों में नगर स्वास्थ्य अधिकारी बदले

लखनऊ, अमृत विचार : स्वास्थ्य विभाग में संयुक्त निदेशक स्तर के आठ चिकित्सकों को अलग-अलग आठ जिलों में नगर स्वास्थ्य अधिकारी की जिम्मेदारी मिल गई है। विशेष सचिव शिव सहाय अवस्थी द्वारा गुरुवार को जारी आदेश में बरेली के डॉ.भानु प्रकाश को बरेली का ही नगर स्वास्थ्य अधिकारी बनाया गया है। वहीं आगरा में तैनात डॉ.प्रदीप कुमार को वाराणसी में नियुक्त किया गया है और वाराणसी के डॉ.नरेन्द्र प्रताप सिंह को आगरा, जौनपुर के डॉ.महेश कुमार को प्रयागराज, मुरादाबाद में वहीं के डॉ.सुनील कुमार दोहरे को, रायबरेली के डॉ.अरूण कुमार को अयोध्या में, देवरिया के डॉ. विनय प्रकाश पाण्डेय को गोरखपुर और गाजियाबाद के डॉ.रमेश चंद्र गुप्ता को सहारनपुर का नगर स्वास्थ्य अधिकारी नियुक्त किया गया है।

सुडोकू-34

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

5		3		9			6	
	7		8				5	1
4			6			3		
	3			1			4	
1		4			2		3	
			3			1		6
3				5			1	
8			4				7	3
		5			8	6		

सुडोकू - 33 का हल

8	1	2	6	7	5	3	9	4
3	6	5	1	4	9	8	2	7
9	7	4	3	8	2	5	1	6
1	9	6	5	2	7	4	3	8
2	4	3	8	6	1	9	7	5
7	5	8	4	9	3	1	6	2
6	3	1	2	5	8	7	4	9
5	2	7	9	1	4	6	8	3
4	8	9	7	3	6	2	5	1

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 19 जनवरी, शुक्रवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-पौष, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-नवमी 19.51 तक तत्पश्चात दशमी।

आज का पंचांग



मुहूर्त-अभिजित-11.56-12.38 तक। दुर्मुहूर्त अशुद्ध-09.05-09.47, 12.38-13.21 तक।
दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-शिशिर।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-भरणी 20 जनवरी 02.50 तक तत्पश्चात कृत्तिका।

मेष — आज कला और संगीत में आप काफी रुचि लेंगे। कार्यक्षेत्र में आपको नए अनुभव मिलेंगे। लोग आपसे सलाह लेने का प्रयत्न करेंगे। व्यवसाय में आपको अच्छा धन लाभ हो सकता है। मृदु व्यवहार के कारण लोगों के चहेते बने रहेंगे।

वृष — आज अति आत्मविश्वास के कारण आपको परेशानी झेलनी पड़ेगी। बेवजह के मामलों में उलझ सकते हैं। बुरी संगत वाले लोगों से दूरी बनाकर रखें। कारोबार में थोड़ी गिरावट देखने को मिल सकती है। वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा।

मिथुन — आज सामाजिक कार्यों में आप काफी सक्रिय रहेंगे। आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। व्यापार में आप बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे। धार्मिक कार्यों में मन लगाएंगे। आलस्य की वजह से काम में रुकावटें आ सकती हैं।

कर्क — आज चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों का सहयोग प्राप्त होगा। नई जॉब के लिए आवेदन कर रहे हैं तो दिन शुभ है। वैवाहिक जीवन का भरपूर आनंद लेंगे। घर में कुछ बदलाव कर सकते हैं।

सिंह — आज मनोरंजन संबंधित कार्यों में आप धन खर्च करेंगे। रुके हुए सरकारी कार्य पूरे हो जाएंगे। बड़े अधिकारी आपसे बहुत प्रसन्न रहने वाले हैं। आपकी जीवनशैली में सुधार आएगा। कार्यक्षेत्र में आपकी बातों को विशेष महत्व मिलेगा।

कन्या — आज सुख-सुविधाओं में कमी आएगी। कही-सुनी बातों पर सहसा विश्वास न करें। संपत्ति से जुड़े मामलों को लेकर सावधानी रखें। काम के प्रति एकाग्र नहीं हो पा रहे हैं, इसीलिए नये काम की शुरुआत न करें। प्रेम संबंधों को लेकर तनाव बढ़ेगा।

तुला — आज कारोबारी अनुबंधों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। बच्चों की उपलब्धि से हर्षित रहेंगे। निर्माण कार्यों में तेजी आएगी। घुटनों में दर्द की शिकायत हो सकती है। आप अपने व्यक्तिगत जीवन को काफी महत्व देंगे। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा।

वृश्चिक — आज सभी कार्यों को समय पर पूरा करने का प्रयास करें। सहकर्मियों का बेहतरीन सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुओं पर आप भारी पड़ेंगे। यदि आप किसी काम को टालते हैं, तो भविष्य में भी उसके टलने की संभावना बढ़ जाएगी।

धनु — आज अधूरे कार्यों को समय पर निपटा लें। बच्चों को अनुशासन की शिक्षा अवश्य दें। नए प्रेम संबंधों में परेशानी आने की आशंका है। आप वही काम करना पसंद करेंगे, जो आपका शौक बन गया हो। पुरानी गलतियों के कारण आपको समस्या हो सकती है।

मकर — आज लेन-देन में की गई जल्दबाजी आपको आर्थिक हानि पहुंचा सकती है। वाणी में हल्के शब्दों का प्रयोग करना उचित नहीं है। वाहन का प्रयोग सावधानी पूर्वक करें। आपको व्यर्थ दौड़-धूप करनी पड़ेगी, लेकिन उसका परिणाम कुछ खास नहीं मिलेगा।

कुंभ — आज नई तकनीक की जानकारी को लेकर आप काफी सजग रहेंगे। मांगलिक उत्सवों में भाग लेंगे। नौकरीपेशा लोगों का ट्रांसफर हो सकता है। व्यापार में बहुत अच्छे मौके मिलेंगे। रूपरेखा बनाकर काम करना लाभकारी सिद्ध होगा।

मीन — आज आवश्यक वस्तुएं गुम हो सकती हैं। लोग आपके सही काम का भी विरोध करेंगे। अपनी खानपान की आदतों पर ध्यान दें। जोखिम भरे निवेश करने से आपको बचना चाहिए। बच्चों को लेकर कुछ परेशान हो सकते है।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- होते होते प्यार हो गया — दोपहर : 12.00
- शान — रात : 07.00

SONY MAX
- मेरी प्यारी बिंदु — सुबह : 10.34
- पीके — रात : 07.00

SONY PIX
- हेलबॉय — सुबह : 10.28
- एक्वामैन — रात : 08.45

ZEE CINEMA
- वेलकम बैक — सुबह : 10.30
- द लास्ट कलर — रात : 07.30

colors CINEPLEX
- हम दिल दे चुके सनम — सुबह : 08.33
- भेड़िया — रात : 07.00

आज की सुपरहिट फिल्म

सोनी मैक्स पर रात-07.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

प्रपोजल के रिजेक्शन पर पप्पू का मजेदार जवाब।
पप्पू (लड़की को प्रपोज करते हुए)- मुझसे प्यार करोगी
लड़की- शक्ल देखी है अपनी, तुझसे प्यार करने से तो बेहतर है मैं सुसाइड कर लूं।
पप्पू- कमबख्त मर जाएगी पर किसी के काम नहीं आएगी।
पप्पू का जवाब सुनकर लड़की सन्न रह गई।

मरीज- डॉक्टर साहब मुझे बीमारी है खाने के बाद भूख नहीं लगती, सोने के बाद नींद नहीं आती। काम करूं तो थक जाता हूं।
डॉक्टर- सारी रात धुप में बैठो ठीक हो जाओगे।

मैथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 995 फ्लैग 1115 डीएमओ 815 बोल्ड 1155, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1120 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव-दाल चना: 75 से 76 रुपये मसूर: 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द: 110 से 120 रुपये मूंग धोआ: 104 -106 रुपये मूंग छिलका: 102 रुपये मूंग साबुत: 100 रुपये चना देसी: 80 रुपये चना कावली: 145 से 160 रुपये राजमा लाल: 155 राजमा चित्ता: 145 रुपये लोबिया लाल: 94 रुपये लोबिया सफेद: 98 रुपये।

एक नजर

डीएचएफएल के पूर्व प्रवर्तकों को नोटिस

नई दिल्ली। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने बृहस्पतिवार को दीवान हाउसिंग फाइनेंस कॉरपोरेशन लि. (डीएचएफएल) के पूर्व प्रवर्तकों धीरज वधावन और कपिल वधावन को जुर्माने को लेकर नोटिस भेजा है। खुलासा नियमों के उल्लंघन को लेकर दोनों से 10.6-10.6 लाख रुपये का भुगतान करने को कहा गया है। सेबी ने दो अलग-अलग नोटिस में आगाह करते हुए कहा है कि अगर वे 15 दिन के अंदर भुगतान नहीं करते हैं, उन्हें गिरफ्तार करने के साथ-साथ संपत्ति और बैंक खातों को कुर्क किया जा सकता है।

देश में रत्न और आभूषण निर्यात में आई कमी

मुंबई। बीते माह यानी दिसंबर में कुल रत्न एवं आभूषण निर्यात सालाना आधार पर 8.14 प्रतिशत घटकर 18,281.49 करोड़ रुपये (219.52 करोड़ अमेरिकी डॉलर) रह गया है। रत्न आभूषण निर्यात संवर्द्धन परिषद (जीजेईपीसी) द्वारा जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।

आरबीआई के बुलेटिन लेख में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए जताई गई उम्मीद

7% जीडीपी वृद्धि दर हासिल करने की जरूरत

मुंबई, एजेंसी

वृहद आर्थिक मोर्चे पर स्थिति बेहतर होने के साथ देश को मजबूत आर्थिक वृद्धि की गति बनाए रखने और अगले वित्त वर्ष 2024-25 में कम-से-कम 7 प्रतिशत जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर हासिल करने की जरूरत है। साथ ही आने वाले महीनों में मुद्रास्फीति को काबू में कर चार प्रतिशत के लक्ष्य पर लाने की आवश्यकता है। भारतीय रिजर्व बैंक के बुलेटिन में प्रकाशित एक लेख में यह उम्मीद जताई गई है।

अर्थव्यवस्था की स्थिति पर प्रकाशित लेख में कहा गया है कि विश्व अर्थव्यवस्था को लेकर निकट भविष्य में वृद्धि के मामले में संभावनाएं अलग-अलग हैं और एशिया के नेतृत्व में उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाएं बाकी दुनिया से बेहतर प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं। इसके अनुसार-भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 2023-24 में उम्मीद से अधिक मजबूत रहने का अनुमान है। यह वृद्धि उपभोग से निवेश की ओर बदलाव पर आधारित है। सरकार के पूंजीगत व्यय पर जोर से निजी निवेश बढ़ना शुरू हुआ है। प्रतिकूल तुलनात्मक आधार के कारण खाद्य वस्तुओं की महंगाई बढ़ने से मुख्य (हेडलाइन) मुद्रास्फीति दिसंबर में जरूर बढ़ी है। रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर माइकल देबव्रत पात्र की अगुवाई वाली टीम द्वारा लिखे गए इस लेख में कहा गया है कि सरकार ने बढ़-चढ़कर पूंजीगत व्यय किया है, उसका असर दिखने लगा है। इससे निजी निवेश बढ़ना शुरू हुआ है। देश में संभावित उत्पादन में तेजी आ रही है। वास्तविक उत्पादन इससे अधिक है। हालांकि, अंतर बना हुआ है लेकिन वह कम है। लेख में कहा गया है-वृहद आर्थिक मोर्चे पर स्थिरता है। इसको देखते हुए अगले वित्त वर्ष 2024-25 में हमारा लक्ष्य वृद्धि की गति बनाये रखते हुए कम-से-कम सात प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर हासिल करने का होना चाहिए। इसको देखते हुए मुद्रास्फीति को इस साल की दूसरी तिमाही के लक्ष्य के अनुरूप रखने की जरूरत है।

2023-24 में कोष 5.6 लाख करोड़ रुपये हो गया

लेख में कहा गया है कि अभी जो वैश्विक परिदृश्य कमजोर बना हुआ है, अगर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जारी तनाव खत्म होता है और उसके प्रभाव को जिंस और वित्तीय बाजार, व्यापार तथा परिवहन एवं आपूर्ति नेटवर्क के जरिए काबू किया जाता तो स्थिति बेहतर हो सकती है। आरबीआई ने यह साफ किया है कि बुलेटिन में प्रकाशित विचार लेखकों के हैं और यह केंद्रीय बैंक के विचारों को प्रतिनिधित्व नहीं करता है। लेख में यह भी कहा गया है कि प्राथमिक बाजार में जमा प्रमाणपत्र के जरिए जुटाया गया कोष 2023-24 में दिसंबर तक बढ़कर 5.6 लाख करोड़ रुपये हो गया जो एक साल पहले 4.9 लाख करोड़ रुपये था। इसमें कहा गया है-दिसंबर, 2023 में बैंकों ने कर्ज वृद्धि और उस अनुपात में जमा वृद्धि नहीं होने के बीच के अंतर को पाटने के लिए एक लाख करोड़ रुपये से अधिक के जमा प्रमाणपत्र (सीडी) जारी किए। यह चालू वित्त वर्ष में किसी महीने में सर्वाधिक है।

हवाई यात्रियों की संख्या 2030 तक 30 करोड़ होने की उम्मीद : सिंधिया

हैदराबाद। केंद्रीय नागरिक विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत में घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या 2030 तक बढ़कर सालाना 30 करोड़ होने की उम्मीद है। यह आंकड़ा 2023 में 15.3 करोड़ था। सिंधिया ने यहां नागरिक विमानन सम्मेलन और प्रदर्शनी- 'विंग्स इंडिया 2024' के उद्घाटन सत्र में कहा कि देश में हवाई अड्डों और बंदरगाहों की संख्या मौजूदा 149 से बढ़कर 200 से अधिक हो जाएगी।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2030 तक सालाना 30 करोड़ यात्रियों के साथ भारत में विमानन पहुंच 10 से 15 प्रतिशत होगी। इस तरह यहां वृद्धि की गुंजाइश आगे भी बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि पिछले दशक में घरेलू हवाई यात्री यातायात में 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 6.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

अदालत का जेट एयरवेज को 150 करोड़ रुपये जमा करने का निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने नकदी संकट से जूझ रही विमानन कंपनी जेट एयरवेज के नए मालिक जालान-कालरॉक गठजोड़ को 31 जनवरी तक एसबीआई के एस्क्रो खाते में 150 करोड़ रुपये जमा करने का बृहस्पतिवार को निर्देश दिया।

इसके साथ ही न्यायालय ने कहा कि अगर गठजोड़ ऐसा नहीं करता है तो इसका मतलब होगा कि वह एयरलाइन में नई जान डालने के लिए रखी गई समाधान योजना की शर्तों का पालन नहीं कर रहा है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला एवं न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि प्रदर्शन बैंक गारंटी (पीबीजी) में से 150 करोड़ रुपये का समायोजन गठजोड़ पर बकाया 350 करोड़ रुपये के भुगतान में करने का राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) का फैसला सही नहीं था। यह रकम एसबीआई के एस्क्रो अकाउंट में जमा की जानी थी। एस्क्रो एक ऐसी अवधारणा है जिसमें तीसरे पक्ष के पास रखी परिसंपत्ति या धन को लेनदेन पूरा करने की प्रक्रिया में दो अन्य पक्षों की तरफ से रखा जाता है। प्रदर्शन गारंटी के तहत, प्रदर्शन या संचालन में कोई देरी होने पर बैंक को मौद्रिक मुआवजे का भुगतान करना पड़ता है। सेवा अपर्याप्त रूप से वितरित होने पर भी भुगतान करना होगा। उसने गठजोड़ की मांग के अनुरूप 150 करोड़ रुपये जमा करने का समय 31 जनवरी से बढ़ाकर 15 फरवरी करने से इनकार कर दिया।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	73,000
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	63,875
गिन्नी (प्रति नग)	47,550-47,750
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	63,750
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	63,600
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	73,500
चांदी तैयार	73,600
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	63,400
सोना जेवरात गिन्नी	62,400
चांदी पक्की	729 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	63,500
चांदी आभूषण	73,000।

डब्ल्यूटीओ में खाद्यान्न के सार्वजनिक भंडारण के मुद्दे का हो समाधान

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में खाद्यान्न के सार्वजनिक भंडारण पर स्थायी समाधान निकलने तक कृषि से संबंधित किसी भी अन्य मुद्दे पर बातचीत नहीं करेगा। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। खाद्यान्न के सार्वजनिक भंडारण का मुद्दा डब्ल्यूटीओ के 13वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन (एमसी) में प्रमुखता से उठेगा। डब्ल्यूटीओ के शीर्ष निकाय की 26-29 फरवरी को अबू धाबी में बैठक होने वाली है।

अधिकारी ने अबू धाबी बैठक के संदर्भ में कहा-खाद्यान्न का सार्वजनिक भंडारण का मुद्दा सबसे लंबे समय से लंबित है। बाली में हुए पिछले सम्मेलन में सदस्यों ने इसके समाधान का वादा किया था और बाद में हुए सम्मेलनों में भी इसका समर्थन किया गया। अधिकारी ने कहा कि इस मुद्दे पर कोई समाधान आए बगैर भारत कृषि से संबंधित किसी भी अन्य मुद्दे पर चर्चा में भाग नहीं लेंगे। उन्होंने कहा-यह हमारा पहला सवाल है। विकसित देशों ने राशन की दुकानों से वितरण के लिए सरकार द्वारा प्रशासित मूल्य पर किसानों से चावल और गेहूं की खरीद जैसे कार्यक्रमों पर सवाल उठाए हैं।

सैमसंग नोएडा में गैलेक्सी एस24 श्रृंखला के स्मार्टफोन बनाएगी

नई दिल्ली। कोरियाई इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माता सैमसंग घरेलू बिक्री के साथ ही निर्यात के लिए अपने भारतीय कारखाने में नवीनतम कृत्रिम बुद्धिमत्ता से युक्त गैलेक्सी एस24 श्रृंखला के स्मार्टफोन बनाएगी। कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों ने यहां यह जानकारी दी। कंपनी ने अपने नवीनतम फ्लैगशिप स्मार्टफोन - गैलेक्सी एस24 सीरीज का अनावरण किया। इसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित अनुप्रयोगों पर खासतौर से ध्यान दिया गया है। इसमें हिंदी सहित चुनिंदा भाषाओं में तत्काल वॉयस कॉल और संदेश अनुवाद जैसे फीचर शामिल हैं।

कोल इंडिया की अनुषंगियों को इक्विटी निवेश की मिली मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ **मंत्रिमंडलीय समिति ने मोदी की अध्यक्षता में लिया निर्णय**

आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने 2,260 मेगावाट क्षमता वाली दो ताप-विद्युत परियोजनाएं स्थापित करने के लिए साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स (एसईसीएल) एवं महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) को 5,607 करोड़ रुपये के इक्विटी निवेश की बृहस्पतिवार को मंजूरी दे दी।

एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई सीसीईए की बैठक में सरकारी स्वामित्व वाली इन दोनों इकाइयों को इक्विटी निवेश की मंजूरी देने का निर्णय लिया गया। ये दोनों सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया की अनुषंगी हैं।

बयान के मुताबिक, एसईसीएल मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी (एमपीपीजीसीएल) के साथ संयुक्त उद्यम के जरिये 660 मेगावाट क्षमता वाला एक ताप-विद्युत संयंत्र स्थापित करेगी। मध्य प्रदेश के अमरकंटक में प्रस्तावित इस संयंत्र का अनुमानित पूंजीगत खर्च 5,600 करोड़ रुपये होगा।

इच्छुक निर्यातकों को सूचना उपलब्ध कराने के लिए शुरू होगा पोर्टल

नई दिल्ली। वाणिज्य मंत्रालय 'आकांक्षी' निर्यातकों के लिए सीमा शुल्क के बारे में विवरण सहित सभी प्रासंगिक जानकारी उपलब्ध कराने के लिए अगले दो-तीन महीनों में एक ऑनलाइन मंच शुरू करेगा। विदेश व्यापार महानिदेशक (डीजीएफटी) संतोष कुमार सारंगी ने कहा कि पोर्टल निर्यात गतिविधियों से जुड़ने के बारे में एक ही जगह पर सभी जानकारियां उपलब्ध कराने का काम करेगा। ट्रेड कनेक्ट ई-प्लेटफॉर्म नए और इच्छुक निर्यातकों के लिए सुविधा, विभिन्न बाजारों, क्षेत्रों, निर्यात रुझान के बारे में जानकारी देने के साथ विभिन्न नियमों के बारे में भी सूचना देगा।

राष्ट्रीय

पारदर्शी व्यवस्था से गरीबी कम हुई: मोदी

प्रधानमंत्री ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों को किया संबोधित

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी सरकार द्वारा अपनाई गई पारदर्शी व्यवस्था, ईमानदार प्रयासों और जनभागीदारी पर जोर देने की वजह से पिछले नौ साल में करीब 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों के साथ वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से संवाद के दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि कोई भी यह नहीं सोच सकता था कि भारत में गरीबी कम हो सकती है लेकिन गरीबों ने दिखाया है कि यदि उन्हें संसाधन दिए जाएं तो यह हो सकता है।

उन्होंने कहा कि सरकार पर लोगों का भरोसा हर जगह दिखाई दे रहा है। गरीबी के आंकड़ों में आई गिरावट को रेखांकित करने वाली नीति आयोग की रिपोर्ट का हवाला देते हुए मोदी ने कहा कि भारत ने गरीबों की मदद करने के लिए अन्य देशों के सामने एक मॉडल पेश किया है और दुनिया का ध्यान आकर्षित किया है। उन्होंने कहा कि यह बहुत उत्साहजनक रिपोर्ट है।

मोदी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा को उनकी कल्पना से परे सफलता मिली है और यह दो महीने में ही एक जन आंदोलन बन गया है। उन्होंने कहा-विकसित भारत संकल्प यात्रा पहले 26 जनवरी तक चलने वाली थी लेकिन इसको लोगों का इतना समर्थन मिला है कि अब लोगों की मांग हैं कि मोदी की गारंटी वाली गाड़ी हमारे गांव में भी आनी चाहिए। इसलिए मोदी की गारंटी वाली गाड़ी को फरवरी में भी चलाएंगे। उन्होंने कहा कि 'विकास रथ' पहले ही 70-80 प्रतिशत पंचायतों तक पहुंच चुका है, जिससे लोगों में यह विश्वास पैदा हुआ है कि कोई भी व्यक्ति इसके लाभ से वंचित नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि अभी तक 15 करोड़ लोग इससे जुड़ चुके हैं।

गरीबी कम होने का आंकड़ा गलत : सुप्रिया श्रीनेत

कांग्रेस ने पिछले नौ साल में 24.82 करोड़ लोगों के बहुआयामी गरीबी से बाहर निकलने संबंधी आंकड़े को गलत करार देते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि नीति आयोग का परिचर्चा पत्र वैश्विक मानकों से हटकर तैयार किया गया है तथा किसी अंतर्राष्ट्रीय एजेंसी ने इसकी पुष्टि नहीं की है। पार्टी प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने यह दावा भी किया कि सरकार ने 25 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज और दूसरी योजनाओं से वंचित करने की साजिश रची है। नीति आयोग के परिचर्चा पत्र के अनुसार, देश में बहुआयामी गरीबी 2013-14 में 29.17 प्रतिशत थी जो 2022-23 में घटकर 11.28 प्रतिशत रही। इसके साथ इस अवधि के दौरान 24.82 करोड़ लोग इस श्रेणी से बाहर आए हैं।

स्कूल भर्ती में अनियमितताओं के मामले में ईडी की छापेमारी

कोलकाता। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बृहस्पतिवार को पश्चिम बंगाल के स्कूलों में भर्ती में कथित अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में कोलकाता और उसके आसपास सात स्थानों पर एक साथ छापेमारी शुरू की। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि घोटाले में कथित तौर पर बिचौलिए के रूप में काम करने वाले लोगों के आवासों और कार्यालयों पर छापे मारे जा रहे हैं। ईडी के अधिकारी ने बताया-ये बिचौलिये धन इकट्ठा करते थे और इसे विभिन्न ठिकानों पर स्थानांतरित करते थे। हम उनके द्वारा इस्तेमाल किए गए आवासों और कार्यालयों पर छापेमारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में केंद्रीय बलों के साथ, ईडी अधिकारियों ने कोलकाता के न्यू टाउन और नयाबाद में छापेमारी अभियान शुरू किया।

5 दोषियों ने आत्मसमर्पण के लिए और मांगा वक्त

नई दिल्ली, एजेंसी

बिलकीस बानो मामला

▸▸ **दोषियों ने उच्चतम न्यायालय में दायर की याचिका**

गुजरात में 2002 के दंगों के दौरान बिलकीस बानो से सामूहिक दुष्कर्म और उनके परिवार के 7 सदस्यों की हत्या के मामले के 5 दोषियों ने उच्चतम न्यायालय में बृहस्पतिवार को याचिका दाखिल कर आत्मसमर्पण के लिए और वक्त दिए जाने का अनुरोध किया।

उच्चतम न्यायालय ने गुजरात सरकार पर अपनी शक्तियों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए 2002 के दंगों के दौरान बिलकीस बानो से सामूहिक दुष्कर्म और उनके परिवार के सात सदस्यों की हत्या के मामले में 11 दोषियों को सजा में छूट देने के राज्य सरकार के फैसले को आठ जनवरी को रद कर दिया था और दोषियों को दो सप्ताह के अंदर जेल भेजने का निर्देश दिया था। आत्मसमर्पण की समय सीमा बढ़ाने की मांग के कारणों में खराब स्वास्थ्य, आसन्न सर्जरी, बेटे की शादी और पकी फसल की कटाई शामिल है।

न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति संजय करोल की पीठ के समक्ष और वक्त दिए जाने संबंधी मामले का उल्लेख किया गया। इस पर पीठ ने रजिस्ट्री को याचिका प्रधान न्यायाधीश के समक्ष पेश करने को कहा। पीठ ने कहा-प्रतिवादियों की ओर से यह कहा गया है कि आत्मसमर्पण करने और जेल जाने के लिए समय बढ़ाने संबंधी अर्जियां दाखिल की गई हैं। पीठ का पुनर्गठन किया जाना है और क्योंकि रविवार को समय समाप्त हो रहा है, इसलिए रजिस्ट्री को पीठ के पुनर्गठन के लिए प्रधान न्यायाधीश से आदेश लेने की जरूरत है। कुछ दोषियों की ओर से पेश वरिष्ठ वकील वी. चिताम्बरेश ने मामले का उल्लेख किया और इसे शुक्रवार को तत्काल सूचीबद्ध करने की मांग की, क्योंकि आत्मसमर्पण करने की समय सीमा 21 जनवरी को समाप्त हो रही है।

जिन पांच दोषियों ने राहत मांगी है, उनमें गोविंद नाई, प्रदीप मोरधिया, बिपिन चंद्र जोशी, रमेश चांदना और मितेश भट्ट शामिल हैं। नाई ने अपनी याचिका में कहा, "प्रतिवादी स्वयं एक बूढ़ा व्यक्ति है जो अस्थमा से पीड़ित है और उसका स्वास्थ्य वास्तव में खराब है। प्रतिवादी का हाल ही में ऑपरेशन किया गया था और उसे एंजियोग्राफी से गुजरना पड़ा था।

एक नजर

ईडी ने 36 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने जम्मू-कश्मीर बीमा घोटाले के सिलसिले में दो कंपनियों- रिलायंस जनरल इंश्योरेंस और ट्रिनिटी रीइंश्योरेंस ब्रोकर्स की 36 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की सावधि जमाएं और जमीन कुर्क की है। केंद्रीय एजेंसी ने संपत्ति कुर्क करने के लिए धन शोधन रोधक अधिनियम (पीएमएलए) के तहत एक अस्थायी आदेश जारी किया है।

टीएमसी को रैली निकालने की मिली अनुमति

कोलकाता। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस को 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दिन ही यहां 'संप्रीति रैली' आयोजित करने की बृहस्पतिवार को अनुमति दे दी। अदालत ने पश्चिम बंगाल सरकार को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि रैली के दौरान शांति बनी रहे। अदालत ने 22 जनवरी को राज्य में अर्द्धसैनिक बलों की तैनाती के लिए याचिकाकर्ता एवं पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी के अनुरोध पर कोई आदेश पारित नहीं किया।

अग्निपथ योजना के रिकॉर्ड साझा करने से इनकार करने के फैसले पर करें पुनर्विचार

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ **केंद्रीय सूचना आयोग ने रक्षा मंत्रालय को दिया निर्देश**

केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) ने रक्षा मंत्रालय को सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत 'अग्निपथ' सैन्य भर्ती योजना से संबंधित रिकॉर्ड का खुलासा करने से इनकार करने के फैसले पर दोबारा विचार करने का निर्देश दिया है।

मंत्रालय ने इस आधार पर रिकॉर्ड साझा करने से इनकार कर दिया कि संबंधित फाइल गोपनीय हैं। अग्निपथ योजना पर विचार-विमर्श के रिकॉर्ड मांगने वाले कार्यकर्ता विहार दुर्वे द्वारा दायर एक आरटीआई आवेदन के जवाब में, रक्षा मंत्रालय ने कहा था कि फाइल को गोपनीय के रूप में वर्गीकृत किया गया था और आरटीआई अधिनियम की धारा 8 (1) (ए) के अनुसार इसका खुलासा नहीं किया जा सकता है। यह धारा एक सरकारी प्राधिकरण को ऐसी जानकारी साझा करने से इनकार करने की अनुमति देती है, जिसके प्रकटीकरण से भारत की संप्रभुता और अखंडता, राष्ट्र की सुरक्षा, रणनीतिक, वैज्ञानिक या आर्थिक हितों, अन्य देशों के साथ संबंध पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। दुर्वे ने दलील दी कि गोपनीय शब्द का उल्लेख छूट खंड में कहीं नहीं है, जिसके तहत किसी आवेदक को जानकारी देने से इनकार किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि केवल यह कहना कि सूचना का एक हिस्सा गोपनीय है, अधिनियम की धारा 8(1)(ए) को लागू करके सूचना से इनकार करने के लिए पर्याप्त नहीं है। सूचना आयुक्त विनोद कुमार तिवारी ने कहा-रिकॉर्ड के अवलोकन से यह पता चला कि प्रतिवादी (सीपीआईओ, रक्षा मंत्रालय) ने जानकारी देने से इनकार कर दिया था, लेकिन वे यह बताने में विफल रहे कि उनके द्वारा दावा की गई छूट तत्काल मामले में कैसे लागू होगी।

उन्होंने कहा कि प्रतिवादी को आरटीआई आवेदन पर दोबारा गौर करने और आरटीआई अधिनियम की लागू छूट के अनुसार संशोधित जानकारी या उत्तर प्रदान करने का निर्देश दिया जाता है।

ईडी के चारों नोटिस गैरकानूनी : अरविंद केजरीवाल

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा चौथी बार समन भेजे जाने के बाद भी बृहस्पतिवार को केंद्रीय एजेंसी के समक्ष पेश नहीं हुए। मुख्यमंत्री ने ईडी द्वारा उन्हें तलब किए जाने को गैरकानूनी करार देते हुए दावा किया कि यह उन्हें आगामी लोकसभा चुनाव में प्रचार करने से रोकने के लिए रची गई एक राजनीतिक साजिश का हिस्सा है।

समन के जवाब में, केजरीवाल ने कहा कि वह दिल्ली के लिए बजट की तैयारियों में व्यस्त हैं। 15 फरवरी से शुरू होने वाले सत्र में दिल्ली का बजट विधानसभा में पेश किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार, उन्होंने ईडी पर अपने पत्र में अपमानजनक भाषा का उपयोग करने का भी आरोप लगाया और कहा कि यह मुख्यमंत्री के संवैधानिक पद के प्रति आपके (ईडी) अनादर और मामले में आपके पूर्व निर्धारित इरादे को प्रदर्शित करता है।

राजौरी में एलओसी के पास बारूदी सुरंग में विस्फोट गश्त कर रहा अग्निवीर शहीद और 2 जवान घायल

राजौरी/जम्मू। जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास गुरुवार को एक बारूदी सुरंग में विस्फोट से तीन जवान घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल एक जवान (अग्निवीर) की बाद में मौत हो गई। सूत्रों ने बताया कि जिस वक्त यह घटना हुई उस वक्त सैनिक नौशेरा सेक्टर के अग्रिम इलाके में गश्त कर रहे थे। राजोरी जिले के कलाल में भारत-पाकिस्तान नियंत्रण रेखा के पास अग्रिम चौकी पोखरा के पास गश्त के दौरान गुरुवार सुबह बारूदी सुरंग में विस्फोट हो गया। इसमें पंजाब के लुधियाना जिले के निवासी अग्निवीर अजय सिंह शहीद हुए हैं जबकि सिपाही बलवंत और नायब सुबेदार धरमिंदर सिंह का उपचार किया जा रहा है।

कोचिंग में अचानक बेहोश होने के बाद 20 वर्षीय छात्र की मौत

इंदौर (मध्यप्रदेश)। इंदौर में सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे 20 वर्षीय एक छात्र की एक कोचिंग संस्थान में पढ़ाई के दौरान हृदय संबंधी विकार के चलते अचानक बेहोश होने के बाद मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। छात्र के बेहोश होने की घटना कोचिंग संस्थान में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकार्ड हो गई जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर आ गया है। इस वीडियो फुटेज में देखा जा सकता है कि कोचिंग संस्थान में छात्र महज 30 सेकंड के भीतर बेहोश होकर टेबल पर गिर जाता है और उसके सहपाठी हक्का-बक्का रह जाते हैं।

असम सरकार और मुख्यमंत्री भारत में सबसे भ्रष्ट

शिवसागर/जोरहाट (असम), एजेंसी

▸▸ **भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने किया दावा**

भारत जोड़ो न्याय यात्रा के असम में प्रवेश करने के बाद, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि देश में शायद सबसे भ्रष्ट सरकार और सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री इस राज्य में है। यात्रा के नगालैंड से असम में प्रवेश करने के बाद, राहुल ने शिवसागर जिले में लोगों को संबोधित करते हुए सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की आलोचना की तथा कहा कि वे नफरत फैला रहे हैं और जनता का पैसा लूट रहे हैं।

कांग्रेस नेता ने कहा-शायद, भारत में सबसे भ्रष्ट सरकार असम में है। आप जानते हैं कि यहां क्या हो रहा है। हम भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान असम के मुद्दों को उठाएंगे। दोपहर में, राहुल ने जोरहाट जिले के नाकाचारी के देबेरेरापार में एक नुक्कड़ सभा को संबोधित किया और आरोप लगाया कि आदिवासियों, चाय बागान के श्रमिकों और असम के अन्य मूल निवासियों के खिलाफ भाजपा नीत सरकार कई अन्याय कर रही है। उन्होंने कहा-असम में भ्रष्टाचार धड़ल्ले से हो रहा है।

जोरहाट शहर में, अपने तीसरे संबोधन में संध्या काल के दौरान राहुल ने आरोप लगाया कि असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा का पूरा परिवार भ्रष्टाचार में लिप्त है। कहा-उनकी संतान, वह खुद और उनकी पत्नी--सभी किसी ना किसी भ्रष्टाचार में लिप्त हैं।

गांधी परिवार भारत में सबसे भ्रष्ट : हिमंत विश्व शर्मा

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि गांधी परिवार देश में सबसे भ्रष्ट है। उनका यह बयान कांग्रेस नेता राहुल गांधी के उस आरोप के बाद आया है कि असम में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार देश में सबसे भ्रष्ट है। मुख्यमंत्री ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा-गांधी परिवार देश का सबसे भ्रष्ट परिवार है। यह 'न्याय यात्रा' नहीं, 'मियां यात्रा' है। जहां भी मुसलमान हैं, वे उन जगहों पर जाते हैं। 'मियां' मूल रूप से असम में बांग्ला भाषी मुसलमानों के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला एक अपमानजनक शब्द है। हाल के वर्षों में समुदाय के कार्यकर्ताओं ने अवज्ञा के संकेत के रूप में इस शब्द को अपनाना शुरू कर दिया है। गांधी के नेतृत्व में 'भारत जोड़ी न्याय यात्रा' ने आज दिन में नगालैंड से असम में प्रवेश किया।

रिटायर्ड हर्ट या रिटायर्ड आउट... रोहित ने दिखाई सूझबूझ

अफगानिस्तान के खिलाफ आखिरी टी-20 में रोहित के पवेलियन लौटने पर उठ रहे सवाल

बेंगलुरू, एजेंसी

रोहित शर्मा रिटायर्ड हर्ट हुए या रिटायर्ड आउट। अफगानिस्तान के खिलाफ तीसरे और आखिरी टी-20 मैच में पहले सुपर ओवर की आखिरी गेंद से पहले जब भारतीय कप्तान पवेलियन लौटे तो सभी के जेहन में यही सवाल था। असल में रोहित ने जबर्दस्त सूझबूझ और टीम भावना का प्रदर्शन किया। भारत को मैच जीतने के लिए आखिरी गेंद पर दो रन चाहिए थे और वह चाहते थे कि विकेटों के बीच दौड़ में बेहतर रिंकू सिंह मैदान पर आएं। दूसरे सुपर ओवर में रोहित फिर रिंकू के साथ पारी का आगाज करने उतरे।

नियम के अनुसार दूसरे सुपर ओवर में बल्लेबाजी नहीं कर सकते थे रोहित

नियमों के अनुसार एक बल्लेबाज रिटायर्ड आउट हो जाए तो दूसरे सुपर ओवर में वह दोबारा बल्लेबाजी के लिए नहीं आ सकता। ऐसे में रोहित दूसरे सुपर ओवर में बल्लेबाजी के लिए कैसे उतरे। एक मैच अधिकारी ने बताया कि विरोधी कप्तान या कोच को कोई ऐतराज न हो तो बल्लेबाज दूसरे सुपर ओवर में फिर आ सकता है।

नियमों की जगह खेल पर हो चर्चा : ट्रॉट

अफगानिस्तान के कोच जोनाथन ट्रॉट ने कहा कि उन्हें नहीं पता कि क्या हुआ, रोहित रिटायर्ड हर्ट हुए या आउट। क्या कभी दो सुपर ओवर हुए हैं। हम नये नियम बनाते रहते हैं उन्हें परखते रहते हैं। उन्होंने कहा कि हमें नियम नहीं गया था। भविष्य में इस तरह की चीजों की सूचना में दी जानी चाहिए। वैसे हमने अच्छा खेला और लगता कि चर्चा नियमों पर होनी चाहिए।

और बताया लिखित मुझे नहीं

रोहित ने अंतरात्मा की आवाज सुनकर लिया साहसिक फैसला

बेंगलुरु। भारतीय क्रिकेट टीम के कोच राहुल द्रविड ने रोहित शर्मा प्रशंसा की करते हुए कहा कि उन्होंने दूसरे सुपर ओवर में अपनी अंतरात्मा की आवाज सुनते हुए रवि बिश्नोई के साथ जाने का साहसिक निर्णय लिया, जो सही साबित हुआ। रोहित ने अपनी अंतरात्मा की आवाज सुनी। शायद उन्होंने यह सोचा होगा कि स्पिनर के दो विकेट लेने की संभावना अधिक है। एक ओवर में 12 रन बनाना मुश्किल नहीं होता। विशेषकर जिस तरह की जानदार शॉट लगाने की क्षमता अफगानिस्तान के पास है, उसे देखते हुए तो वह आसानी से इस लक्ष्य तक पहुंच जाते। अफगानिस्तान को रोकने का एकमात्र रास्ता यही था कि उनके दोनों विकेट निकाले जाएं।

विश्व कप टीम तय नहीं पर 8-10 खिलाड़ी पक्के

बेंगलुरू, एजेंसी

टी-20 विश्व कप के लिए भारत की टीम अब तक तय नहीं है लेकिन कप्तान रोहित शर्मा का कहना है कि उन्हें दस खिलाड़ी पता है जो टीम का हिस्सा होंगे। उन्होंने कहा कि जब हम वनडे विश्व कप खेल रहे थे तब हमने टी-20 में कई लड़कों को आजमाया। उन्होंने अच्छा भी खेला लेकिन टीम की घोषणा हुई तो कुछ बाहर रह गए। उनके लिए यह निराशाजनक था लेकिन हमारा काम टीम के सामने हर चीज स्पष्ट रखना है।

उन्होंने कहा कि 25-30 खिलाड़ियों के पूल में सभी को पता है कि उनसे क्या अपेक्षा है। हमने विश्व कप के लिए टीम तय नहीं की है लेकिन दिमाग में तो पता है कि 8-10 खिलाड़ी कौन होंगे जो चुने ही जाएंगे।

भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने कहा कि अफगानिस्तान के खिलाफ अच्छे प्रदर्शन से टीम को जून में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए कई विकल्प मिल गए हैं। कुछ पहलुओं पर काम करना होगा और इस पर विचार कर रहे हैं। जून में होने वाले टी-20 विश्व कप से पहले यह इस प्रारूप में भारत का आखिरी मैच था।

वेस्टइंडीज की पिच के हिसाब से चुनी जाएगी टीम

अधिकांश मैच वेस्टइंडीज में होंगे, जहां पिचें धीमी हैं। रोहित ने कहा कि वेस्टइंडीज में धीमी पिचें हैं तो उसके अनुसार टीम चुननी होगी। हमने टीम में स्पष्टता रखी है। कप्तानी से सीखा है कि आप सभी को खुश नहीं रख सकते। आपको टीम की जरूरत पर फोकस करना होगा।

गेंदबाजों को दबाव में लाने के लिए लेना पड़ता है जोखिम

पहले दोनों मैचों में खाता भी नहीं खोल सके रोहित ने तीसरे मैच में रिकॉर्ड पांचवां टी-20 शतक जमाया। उन्होंने कहा कि वह नेट पर काफी मेहनत कर रहे थे। गेंदबाजों को दबाव में लाने के लिए कुछ जोखिम भरे शॉट खेलने पड़ते हैं। गेंद जब स्पिन लेती है और आप सीधा नहीं खेल सकते तो कुछ नया करना पड़ता है। मैंने रिवर्स स्वीप का काफी अभ्यास किया है और टेस्ट में भी यह शॉट लगाया है।

ब्लिंकोवा ने एलीना को हराकर किया बड़ा उलटफेर

ऑस्ट्रेलियाई ओपन में पिछले साल की उप विजेता को दी शिकस्त, स्वियातेक तीसरे दौर में पहुंचीं

मेलबर्न, एजेंसी

शीर्ष वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक ने तीसरे सेट में 1-4 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 2022 की उपविजेता डेनियेले कोलिंस को 6-4, 3-6, 6-4 से हराकर आस्ट्रेलियाई ओपन के तीसरे दौर में प्रवेश किया। दूसरे दौर के अन्य मुकाबलों में 57वीं रैंकिंग की अन्ना ब्लिंकोवा ने पिछले साल उप विजेता रहीं और 2022 विंबलडन चैंपियन एलीना रिबाकिना को महिला ग्रैंडस्लैम के सबसे लंबे टाईब्रेकर में 6-4, 4-6, 7-6 (20) से हराकर उलटफेर किया। यह 42 अंक के लिहाज से महिला मेजर का सबसे बड़ा टाईब्रेकर रहा।

चार बार की मेजर विजेता स्वियातेक का सामना अब 50वीं रैंकिंग पर काबिज लिंडा नोस्कोवा से होगा, जिन्होंने अमेरिकी क्वालीफायर मैकार्टने केसलर पर 6-3, 1-6, 6-4 से जीत हासिल की। स्वियातेक ने शुरूआत अच्छी की और पहला सेट जीत लिया लेकिन अमेरिका की कोलिंस ने दूसरा सेट जीतकर वापसी की। वह तीसरे सेट में भी आगे थी लेकिन स्वियातेक ने अपना सारा अनुभव लगाकर उस पर विराम लगाया।

मैच जीतने के बाद अन्ना ब्लिंकोवा। ● एजेंसी

पांचवीं रैंकिंग पर काबिज जेसिका का सफर खत्म

पांचवीं रैंकिंग पर काबिज जेसिका पेगुला का सफर क्लारा बुरेल से 4-6 2-6 से हारकर खत्म हो गया। उनकी अमेरिकी साथी स्लोआने स्टीफंस ने 14वीं वरीय दारिया कासातकिना को 4-6, 6-3, 6-3 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। येलेना ओस्टपेंको, झेंग किनवेन, एलिना स्वितोलिना और एम्मा नवारो भी अपने मुकाबले जीतने में सफल रही। वहीं 2021 अमेरिकी ओपन चैम्पियन एम्मा राडूकानू को वांग याफान से 4-6 6-4 4-6 से हार मिली।

अल्कराज पहला सेट गंवाकर वापसी करते हुए जीते

पुरुष वर्ग में कार्लोस अल्काराज ने टूर्नामेंट में पहली बार एक सेट गंवाया लेकिन वापसी करते हुए लोरेंजो सोनेगो को 6-4, 6-7 (3), 6-3, 7-6 (3) से मात दी और अब उनका सामना चीन के वाइल्ड कार्ड से प्रवेश करने वाले शांग जुनचेंग से होगा जिन्होंने भारत के सुमित नागर को हराकर बाहर किया। आर्थर काजॉक्स ने होल्गर रूने को 7-6 (4), 6-4, 4-6, 6-3 से हराकर उलटफेर किया। वहीं ग्रिगोर दिमित्रोव, टॉमी पॉल, कैमरन नौरी, उगो हम्बर्ट और फेलिक्स ऑगर अलियासिमे अगले दौर में पहुंच गए। ओलंपिक चैंपियन एलेक्जेंडर ज्वेरेव और कैस्पर रूड के मैच का फैसला 10 अंक के टाईब्रेकर से हुआ। ज्वेरेव ने लुकास क्लेन को 7-5, 3-6, 4-6, 7-6 (5), 7-6 (7) से और रूड ने मैक्स पुर्सेल को 6-3, 6-7 (5), 6-3, 3-6, 7-6 (7) से मात दी।

बोपन्ना-एबडेन की जोड़ी तीसरे दौर में पहुंची

मेलबर्न। भारतीय खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और उनके जोड़ीदार मैथ्यू एबडेन ने गुरुवार को पुरुष युगल मुकाबले के शुरुआती सेट में 0-5 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए जेम्स डकवर्थ और मार्क पोलमैंस की जोड़ी को हराते हुए दूसरे राउंड में पहुंच गए है। मुकाबले में दूसरी वरीयता प्राप्त बोपन्ना-एबडेन की जोड़ी ने जेम्स डकवर्थ और मार्क पोलमैन्स की ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी के खिलाफ 7-6 (5), 4-6, 8-6 (2) से जीत हासिल की। तीसरे दौर में बोपन्ना-एबडेन की जोड़ी ऑस्ट्रेलियाई जॉन मिलमैन और एडवर्ड विंटर की जोड़ी से प्रतिस्पर्धा करेंगी। वहीं एक अन्य मुकाबले में विजय सुंदर प्रशांत और अनिरूद्ध चंद्रशेखर की भारतीय जोड़ी को हंगरी के मार्टन फुक्सोविक्स और फैबियन मारोजसान की जोड़ी से 3-6 4-6 से हार झेलनी पड़ी। एन श्रीराम बालाजी और रोमानिया के विक्टर व्लाड कोर्निया शुक्रवार को इटली के माटियो अर्नाल्डी और आंद्रिया पेलेग्रिनो से मुकाबला करेंगे।

जसपाल राणा को हाई परफोर्मेंस निदेशक ने शूटिंग रेंज से निकाला

नई दिल्ली, एजेंसी। महान पिस्टल निशानेबाज और मनु भाकर के निजी कोच जसपाल राणा ने गुरुवार को दावा किया कि उन्हें भारत के हाई परफोर्मेंस निदेशक पिएरे ब्यूचैंप ने कर्णी सिंह शूटिंग रेंज से जाने को कहा था, जिससे विवाद खड़ा हो गया है। राष्ट्रीय महासंघ इस विवाद में कनाडा के ब्यूचैंप का पक्ष लेता दिख रहा है।

देश के सबसे प्रतिष्ठित निशानेबाजों में शुमार राणा ने बताया कि वह मनु की ट्रेनिंग देखने के लिए रेंज गए थे जो आगामी पेरिस ओलंपिक की तैयारियों में जुटी हैं। राणा ने कहा कि ब्यूचैंप ने भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ द्वारा लागू मानक संचालन प्रक्रिया का हवाला देते हुए उन्हें जाने को कहा। जबकि निशानेबाज जहां अभ्यास कर रहे थे, मैं उससे काफी दूर खड़ा था लेकिन ब्यूचैंप मेरे पास आए और कहा कि मैं वहां नहीं खड़ा हो सकता और मुझे रेंज छोड़कर जाना होगा, वर्ना एनआरएआई के साथ मुश्किल में फंस जाऊंगा। राणा ने कहा कि उन्होंने बताया कि वह अर्जुन पुरस्कार विजेता हैं और राष्ट्रीय कोच भी रहे हैं पर उन्होंने वहां से जाने को कहा।

खेल डायरी

फॉर्मूला ई और तेलंगाना सरकार के बीच गहराया विवाद

नई दिल्ली। हैदराबाद में इलेक्ट्रिक रेस रद होने के बाद तेलंगाना सरकार और फॉर्मूला ई के बीच दोषारोपण शुरू हो गया है। हैदराबाद ई प्री का दूसरा चरण 10 फरवरी को आयोजित किया जाना था लेकिन फॉर्मूला ई ने नई तेलंगाना सरकार पर अनुबंध के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए रेस रद कर दी। फॉर्मूला ई तेलंगाना सरकार और ग्रींको के बीच चार साल का समझौता हुआ था। ग्रींको ने शुरुआती चरण के बाद हटने का फैसला किया था। फॉर्मूला ई ने कहा कि संबंधित मीडिया रिपोर्ट की जानकारी दी गई है जो उसने हैदराबाद ई प्री की मेजबानी के संबंध में किया था। फॉर्मूला ई ने अपनी अनुबंध के साझीदार को इन मीडिया रिपोर्ट के बाद नोटिस दिया और रेस रद कर दी। उसने कहा कि सभी आरोप गलत हैं। फॉर्मूला ई तेलगांना सरकार के साथ अपने करार के अंतर्गत अधिकारों को लागू करने के लिए सभी उपलब्ध कानूनी कार्रवाई करेगा।

पाटीदार के 140 रन पर इंग्लैंड का पलड़ा भारी

अहमदाबाद। रजत पाटीदार के नाबाद शतक के बावजूद इंग्लैंड लायंस ने पहले अनधिकृत टेस्ट के दूसरे दिन बृहस्पतिवार को भारत ए पर शिकंजा कस लिया। पाटीदार ने 132 गेंद में 18 चौकों और पांच छक्कों की मदद से 140 रन बनाए लेकिन भारत ए टीम दूसरे दिन का खेल समाप्त होने पर आठ विकेट पर 215 रन ही बना सकी। इंग्लैंड लायंस ने पहली पारी 8 विकेट पर 553 रन पर घोषित की थी। भारत ए अब भी 338 रन से पीछे है। तेज गेंदबाज मैथ्यू फिशर ने इंग्लैंड के लिए चार विकेट लिए, जबकि मैथ्यू पॉट और कैलम पार्किंसन को 2-2 विकेट मिले। भारत ए ने 4 विकेट 24 रन पर और 7 विकेट 95 रन पर ही गंवा दिए थे। पाटीदार एक छोर संभाले रहे, जिन्हें तुषार देशपांडे का साथ मिला। देशपांडे ने 23 रन बनाए। इंग्लैंड ने बुधवार के स्कोर 3 विकेट पर 382 रन से आगे खेलना शुरू किया। कप्तान जोश बोहानन ने 182 गेंद में 125 रन बनाए।

गोल्फ : स्नेहा सिंह ने डब्ल्यूपीजीटी खिताब जीता

मुंबई। स्नेहा सिंह ने गुरुवार को हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) के दूसरे चरण के अंतिम दौर में शानदार प्रदर्शन करते हुए सत्र का अपना पहला खिताब जीता। पिछले साल हीरो ऑर्डर ऑफ मेरिट की विजेता रहीं स्नेहा ने अंतिम दौर की शुरुआत ईगल से की और समापन भी ईगल से। इससे उन्होंने सात अंडर 63 का कार्ड खेला। स्नेहा ने इस तरह शीर्ष पर चल रही हिताशी बख्शी को एक शॉट से पछाड़कर खिताब जीता। स्नेहा हिताशी से चार शॉट पीछे चल रही थीं। स्नेहा (68, 73, 63) का कुल स्कोर छह अंडर 204 का रहा। हिताशी सत्र के दूसरे चरण में फिर उप विजेता रहीं, उनका कुल स्कोर पांच अंडर 205 का रहा। रिद्धिमा दिलावड़ी दो अंडर 68 के कार्ड से तीसरे स्थान पर रहीं।

तदर्थ पैनल की प्रतियोगिता में ही हिस्सा लें पहलवान

नई दिल्ली। ओलंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक ने देश के पहलवानों को गुरुवार को सलाह दी कि वे निलंबित राष्ट्रीय महासंघ द्वारा आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में नहीं बल्कि जयपुर में तदर्थ समिति द्वारा आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लें। साक्षी ने एक्स पर एक वीडियो में कहा कि वह पहलवानों से आग्रह करती हैं कि वे तदर्थ समिति की ओर से आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में ही हिस्सा लें। वे डब्ल्यूएफआई (भारतीय कुश्ती महासंघ) की ओर से आयोजित किए जा रहे टूर्नामेंट में हिस्सा न लें। तदर्थ पैनल की ओर से आयोजित टूर्नामेंट ही मान्यता प्राप्त प्रतियोगिता है। पिछले महीने डब्ल्यूएफआई का संचालन कर रही तदर्थ समिति ने जयपुर में दो से पांच फरवरी तक सीनियर राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप कराने की घोषणा की थी। वहीं निलंबित कुश्ती महासंघ ने पुणे में प्रतियोगिता कराने का एलान किया है।

प्रणय क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय बैडमिंटन स्टार एचएस प्रणय गुरुवार को इंडियन ओपन के पुरुष एकल मुकाबले में प्रियांशु राजावत को हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए है। वहीं सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने चीनी ताइपे के लू चिंग याओ और यांग पो हान को मात देते हुए अंतिम आठ में जगह बनाई।

प्रणय ने अपने अनुभव का पूरा फायदा उठाते हुए हमवतन प्रियांशु को दूसरे दौर के एक घंटा और 16 मिनट तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में 20-22, 21-14, 21-14 से हराया। शुरुआती दौर में लक्ष्य सेन को परेशान करने वाले प्रियांशु राजावत शुरुआत में अच्छी लय में नहीं दिखे और प्रणय ने 5-2 की बढ़त बना ली। हालांकि 21 वर्षीय खिलाड़ी ने विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता प्रणय के खिलाफ शानदार वापसी करते हुए 20-18 से स्कोर कर दिया। प्रणय दो गेम प्वाइंट बचाने में सफल रहे लेकिन अंत में वह पिछड़ गए।

इंडियन ओपन

सात्विक-चिराग ने चीनी ताइपे की जोड़ी को हराया

भारत एशियाई कप में उज्बेकिस्तान से हारा

दोहा, एजेंसी। भारतीय फुटबॉल टीम गुरुवार को एएफसी एशियाई कप के ग्रुप मैच में उज्बेकिस्तान से 0-3 से हार गई। ग्रुप बी में भारत की यह लगातार दूसरी हार है। भारत पहले मैच में खिताब के प्रबल दावेदार आस्ट्रेलिया से 0-2 से हारा था।

अहमद बिन अली स्टेडियम में भारत का प्रदर्शन आस्ट्रेलिया के खिलाफ प्रदर्शन से काफी अलग दिखा। उज्बेकिस्तान ने टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में सीरिया से ड्रा खेला था और 102वीं रैंकिंग की भारतीय टीम के खिलाफ पहली जीत दर्ज की। 68वीं रैंकिंग पर काबिज उज्बेकिस्तान के लिए अब्बोसबेक फैजुल्लाव, इगोर सर्गेव और नसरुल्लाएव ने गोल दागे। भारत अब अंतिम ग्रुप मैच में 23 जनवरी को सीरिया से भिड़ेगा।

भारत शूटआउट में जर्मनी से 3-4 से हारा

रांची, एजेंसी

भारतीय महिला हॉकी टीम ने गुरुवार को एफआईएच ओलंपिक क्वालीफायर के दूसरे सेमीफाइनल में जुझारू जज्बा दिखाया लेकिन पेनल्टी शूटआउट के सबसे अहम चरण में जर्मनी से 3-4 से पराजित हो गई। दोनों टीमें निर्धारित समय में 2-2 की बराबरी पर रहीं, जिससे मैच पेनल्टी शूटआउट में चला गया। इस जीत से जर्मनी ने पेरिस ओलंपिक के लिए अपना टिकट पक्का कर लिया है।

पेरिस के लिए क्वालीफाई करने के लिए जापान से जीतना होगा

भारत के लिए सांत्वना की बात यह है कि उसके पास ओलंपिक कोटा पक्का करने का एक और मौका है। टीम शुक्रवार को तीसरे-चौथे स्थान के मैच में जापान को हराकर ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर सकती है। दुनिया की पांचवें नंबर की टीम जर्मनी शुक्रवार को फाइनल में अमेरिका से भिड़ेगी। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान एमएस धोनी भी मैच देखने पहुंचे हुए थे। उनके उत्साहवर्धन से घरेलू टीम ने जर्मन रक्षापंक्ति को परेशान करने के लिए गजब का जज्बा दिखाया।

पेनल्टी शूटआउट में जीतने के बाद जश्न मनाते जर्मनी के खिलाड़ी। ● एजेंसी

बॉलीवुड हलचल

मेहंदी वाला घर का प्रीमियर 23 को सोनी पर

सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर नए शो मेहंदी वाला घर का प्रीमियर 23 जनवरी को होगा। यह उज्जैन में रहने वाले अग्रवाल परिवार की कहानी है। इसमें शहजाद शेख, विभा छिब्बर, कंवरजीत पेंटल, करण मेहरा, श्रुति आनंद, रवि गोसाईं, रुशद राणा, अर्पित कपूर, आस्था चौधरी, गुन कंसारा, उष्मा राठौड़, खालिदा जान और रीमा वोहरा जैसे कलाकार है। विभा छिब्बर ने बताया कि जानकी सशक्त किरदार है, वो परिवार को एक साथ रखती है। उन्हें जानकी जैसा किरदार निभाने में मजा आता है। भारत के कई घरों में उनके जैसी महिलाएं मिल जाएंगी जो अपने परिवार की रीढ़ हैं। दर्शक मेहंदी वाला घर को उसी प्यार और गर्मजोशी से अपनाएंगे। मेहंदी वाला घर 23 जनवरी से हर सोमवार से शुक्रवार को रात 9:30 बजे सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होगा।

श्रेया घोषाल का रोमांटिक गाना तू मेरी है आज होगा रिलीज

संगीतकार सचिन-जिगर का रोमांटिक सिंगल तू मेरी है 19 जनवरी को रिलीज होगा। सचिन-जिगर ने कहा कि 13 साल की लंबी अवधि के बाद श्रेया घोषाल के साथ सहयोग करना अद्भुत लगता है। उसके साथ हमेशा बेहद सकारात्मक और शानदार रचनात्मक ऊर्जा काम करती रहती है। अपने नए गाने के साथ, हमने एक बार फिर जादू पैदा करने की कोशिश की है। यह गाना सोनी म्यूजिक लेबल के तहत रिलीज के लिए तैयार है। जिगर सरैया और श्रेया घोषाल ने इसे आवाज दी है। इस गाने के बोल प्रिया सरैया ने लिखे हैं।

टुर्नाई रैमडैम महोत्सव में दिखाई जाएगी स्टोलन

जंगल बुक स्टूडियो के संस्थापक गौरव ढींगरा द्वारा निर्मित और करण तेजपाल द्वारा निर्देशित स्टोलन बेल्जियम में द टुर्नाई रामडैम फेस्टिवल के प्रतिष्ठित 14वें संस्करण में दिखाई जाएगी। इसकी स्क्रीनिंग 17, 20 और 22, 24 जनवरी को निर्धारित है। इस फिल्म में अभिषेक बनर्जी की मुख्य भूमिका है। अभिषेक बनर्जी ने कहा कि द टुर्नाई रामडैम फेस्टिवल में उनकी फिल्म का प्रीमियर होना हमारे लिए सम्मान की बात है। वास्तव में उत्साहित हैं और वहां मौजूद विभिन्न पृष्ठभूमि के फिल्म प्रेमियों और दर्शकों के साथ बातचीत करने के लिए उत्सुक हैं। निर्माता गौरव ढींगरा और निर्देशक करण तेजपाल ने कहा कि वर्ष 2023 में विभिन्न फिल्म समारोहों में स्टोलन की यात्रा हमारे लिए एक अविस्मरणीय अनुभव थी। बेल्जियम में द टुर्नाई रामडैम फेस्टिवल में अपनी फिल्म की साल की पहली भव्य स्क्रीनिंग के लिए बेहद खुश हैं। ऐसे प्रतिष्ठित वैश्विक मंच पर सिनेमा के प्रति अपने जुनून को साझा करना हमारे दिलों को उत्साह और कृतज्ञता से भर देता है। फिल्म स्टोलन में अभिषेक बनर्जी के अलावा शुभम और मिया मेल्जर महत्वपूर्ण भूमिका में हैं।

रॉटरडैम फिल्म फेस्टिवल में होगा अनुभूति का वर्ल्ड प्रीमियर

लेखक-निर्देशक अनिर्बान दत्ता की फिल्म अनुभूति का वर्ल्ड प्रीमियर रॉटरडैम फिल्म फेस्टिवल में होगा। इस फेस्टिवल का आयोजन नीदरलैंड के रॉटरडैम शहर में 25 जनवरी से 4 फरवरी के बीच किया जा रहा है। यह फिल्म कृष्ण भक्त मीरा बाई के जीवन को एक अनोखे अंदाज में प्रस्तुत करती है, जिन्होंने आजीवन संगीत और काव्य के माध्यम से श्रीकृष्ण के प्रति अपने प्रेम और भक्ति को व्यक्त किया। इसमें अरित्र सेनगुप्ता, शमिला भट्टाचार्य और रितिक भट्टाचार्य मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म का संगीत वैशाली सिन्हा ने दिया है। वैशाली सिन्हा ने पंडित अजय चक्रवर्ती के साथ मिलकर फिल्म के गानों को अपनी आवाज से सजाया भी है। अनिर्बान दत्ता ने कहा कि अनुभूति का वर्ल्ड प्रीमियर रॉटरडैम फिल्म फेस्टिवल में होना गर्व की बात है। वहां सिनेमा और कला से जुड़े हुए कई दिग्गज लोगों के साथ जुड़ने का मौका भी मिल रहा है।

रवि किशन का गाना अयोध्या के श्रीराम रिलीज

अभिनेता और सांसद रवि किशन का म्यूजिक वीडियो अयोध्या के श्री राम रिलीज हो गया है। गोरखपुर के सांसद सह अभिनेता रवि किशन इसमें श्रीराम की भक्ति में झूमकर नाचते नजर आ रहे हैं। रवि किशन ने कहा कि वह आभारी हैं कि उन्हें इस वीडियो के जरिये अपनी राम भक्ति जताने का सुअवसर प्राप्त हुआ। यह सभी राम भक्तों के लिए एक छोटी सी सौगात है, जो यकीनन हरेक राम के भक्त को पसंद आएगी। इस गाने के गायक, संगीतकार और निर्देशक माधव एस राजपूत हैं। गीतकार मीनाक्षी, डीओपी शकील रेहान खान, कोरियोग्राफर रिक्की गुप्ता है।

पवन और पायल लेकर आ रहे हैं... राम आ गए

भोजपुरी स्टार पवन सिंह, बॉलीवुड की जानीमानी पार्श्वगायिका पायल देव के साथ भजन राम आ गए लेकर आ रहे हैं। यह जल्द ही अपनी धुन म्यूजिक के यूट्यूब चैनल पर रिलीज होने वाला है। पवन सिंह ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इस गाने का पोस्टर शेयर किया है। इसकी गायिका एवं संगीतकार पायल देव है, जबकि गीत कौशल किशोर ने लिखे है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

अमेरिका ने हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर किए हमले

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका ने यमन के विद्रोही समूह हूती के खिलाफ चौथे चरण के हमले की शुरुआत की है। अमेरिका के रक्षा विभाग के अधिकारियों ने बुधवार रात कहा कि अमेरिका ने यमन में ईरान समर्थित हाउती विद्रोहियों पर चौथे दौर का हमला किया है। हाउती की ओर से दागी गयीं लगभग 14 मिसाइलों के बारे में अमेरिका का कहना है कि उनका उद्देश्य लाल सागर में नौवहन पर हमले करना था। अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि अमेरिकी नौसेना के जहाजों से दागी गई टॉमहॉक मिसाइलों से हाउती के ठिकानों पर हमला किया गया।

गौरतलब है कि अमेरिका ने यमन के विद्रोह समूह हूती को वैश्विक आतंकवादी के रूप में नामित किया है। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने कहा कि ये हमले इस क्षेत्र में वाणिज्यिक जहाजों आतंकवादियों की ओर से किए जा रहे हमले के जवाब में किये गये।

जवाबी कार्रवाई में अमेरिका और ब्रिटेन ने 11 जनवरी को हाउती के कई ठिकानों पर हमले किए थे। ऑस्ट्रेलिया, बहरीन, नीदरलैंड और कनाडा द्वारा समर्थित ये हमले हाउती द्वारा क्षेत्र में हमलों को रोकने के अल्टीमेटम को नजरअंदाज करने के बाद शुरू हुए।

घूस लेने के आरोपी सिंगापुर के परिवहन मंत्री का इस्तीफा

सिंगापुर। सिंगापुर के परिवहन मंत्री सुब्रमण्यम ईश्वरन ने रिश्वतखोरी का आरोप लगने के बाद इस्तीफा दे दिया है। सिंगापुर के प्रधानमंत्री ली सीन लूंग ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 16 जनवरी 2024 को, भ्रष्ट आचरण जांच ब्यूरो (सीपीआईबी) द्वारा श्री ईश्वरन को आरोपों की औपचारिक सूचना दिए जाने के बाद, उन्होंने कैबिनेट मंत्री एवं पीपुल्स एक्शन पार्टी (पीएपी) के सदस्य के रूप में अपना त्यागपत्र मुझे भेज दिया। ईश्वरन ने उन्हें सांसद के रूप में प्राप्त सभी वेतन राशि वापस करने के बारे में भी बताया।

पहली बार देखी गई बिना तारों वाली आकाशगंगा

ग्रीन बैंक ऑब्ज़र्वेटरी के वैज्ञानिकों की इस खोज ने ब्रह्मांड के रहस्यो से पर्दा उठाया

अमृत विचार, नैनीताल

बिना तारों की आकाशगंगा कल्पना से परे की बात है। मगर यह सच है कि यह संभव है। सुदूर अंतरिक्ष में बिना तारों वाली आकाशगंगा की खोज वैज्ञानिकों ने की है। ग्रीन बैंक ऑब्ज़र्वेटरी के वैज्ञानिकों की इस खोज ने ब्रह्मांड एक और बड़े रहस्य का पर्दाफाश किया है।

ग्रीन बैंक ऑब्ज़र्वेटरी के खोजकर्ता वैज्ञानिक ओ नील के अनुसार पहले यह धारणा थी कि तारों के बिना आकाशगंगा नही हो सकती। ओनिल अपने साथी वैज्ञानिकों की एक टीम साथ आकाश सर्वेक्षण करते समय जे0613 52 नामक आकाशगंगा को देखा। यह आकाशगंगा अजीब थी। जिसमे टिमटिमाते तारों जैसी कोई चीज नहीं थी। अलबत्ता गैस के विशाल बादलों का भंडार इस आकाशगंगा में फैला हुआ था।

बिना तारों वाली काली आकाशगंगा।

गैस की मात्रा भी उम्मीद से बहुत अधिक थी। ग्रीन बैंक ऑब्ज़र्वेटरी की दूरबीन से इस पर निरंतर नजर रखी गई। साथ ही अरेसिबो टेलीस्कोप व नानके रेडियो टेलीस्कोप से भी इसका अध्ययन किया गया। लंबे समय तक चले अध्ययन के बाद पता चला कि यह आकाशगंगा नई और अज्ञात है। दिलचस्प बात यह सामने आई कि इसका द्रव्यमान और गैस सामग्री की विशेषताएं सामान्य सर्पिल आकाशगंगा के समान ही हैं।

यह तथ्य आश्चर्य में डालने वाला था। जिसके चलते प्रत्येक दृष्टिकोण से इस आकाशगंगा से देखा गया और निष्कर्ष निकला कि यह आकाशगंगा बिना तारों की पहली आकाशगंगा है। इसकी वजह अत्यधिक मात्रा में फैली गैस है, जो तारों के निर्माण में व्यवधान डालती है।

95 प्रतिशत डार्क मैटर है इस आकाशगंगा में

जे0613 52 आकाशगंगा देखने में उसी तरह की है, जैसी हमारी अन्य अकाशगंगाएं हैं। इसका आकर सर्पिल और अण्डाकार हैं। वैज्ञानिक इसे अनियमित आकार वाली एक बौनी आकाशगंगा मान रहे हैं। जिसका पूर्णत: विकास नहीं हो पाया है। बिना तारों के होने के कारण यह काफी धुंधली नजर आती है। इसमें 95 प्रतिशत तक डार्क मैटर हो सकता है, जो तटस्थ गैसीय हाइड्रोजन को बाधित कर सकता है।

आकाशगंगा की टक्कर से बनी यह आकाशगंगा

कुछ खगोलविदों ने सुझाव दिया है कि यह काली आकाशगंगा है, जो बहुत पहले आकाशगंगा टक्कर से उत्पन्न गैस और मलबे की ज्वारीय पूंछ का हिस्सा हो सकती है। यह अनिश्चितता वाली अकशगंगा है। भविष्य में यह आकाशगंगा रिसर्च का आकर्षण बनेगी।

एक नजर

महुआ मोइत्रा को उच्च न्यायालय से राहत नहीं

नई दिल्ली। सरकारी बंगला खाली करने के नोटिस के खिलाफ दिल्ली उच्च न्यायालय का रुख करने वाली निष्कासित लोकसभा सदस्य महुआ मोइत्रा को अदालत से गुरुवार को राहत नहीं मिली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने मोइत्रा को सरकारी आवास खाली करने के लिए जारी नोटिस पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। मोइत्रा ने गुरुवार को दिल्ली उच्च न्यायालय में दाखिल अर्जी में चिकित्सा कारणों का हवाला देते हुए अधिकारियों को उन्हें सरकारी बंगले से बेदखल करने से रोकने का अनुरोध किया था। सरकारी आवास खाली करने के लिए संपदा निदेशालय (डीओई) के नोटिस को चुनौती देने वाली तृणमूल कांग्रेस नेता ने अनुरोध किया कि फिलहाल उन्हें परिसर से बाहर न निकाला जाए क्योंकि वह एक अकेली महिला हैं और यहां एक अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है।

मलेशिया जा रहे विमान का टायर फटा

चेन्नई। कुआलालंपुर जा रहे एक अंतर्राष्ट्रीय विमान का गुरुवार को टायर फट गया। इसमें सवार सभी 130 यात्रियों को सुरक्षित उतार लिया गया। हवाई अड्डे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि विमान का पिछला टायर मलेशिया की राजधानी के लिए उड़ान भरने से कुछ वक्त पहले फट गया। अधिकारियों ने बताया कि इसके बाद सभी यात्रियों को उतारा गया और उन्हें शहर के होटलों में ठहराया गया। अधिकारियों ने उम्मीद जताई कि विमान शुक्रवार सुबह उड़ान भरेगा। उन्होंने कहा कि घटना के कारण उड़ान संचालन प्रभावित नहीं हुआ।

अमेरिका ने एप्पल की घड़ियों पर लगाया प्रतिबंध

सैन फ्रांसिस्को। अमेरिका में एप्पल की रक्त ऑक्सीजन सेंसर वाली घड़ियां बेचने पर गुरुवार से प्रतिबंध लगा दिया जाएगा। अमेरिकी अपील न्यायालय ने यह आदेश दिया है। यह प्रतिबंध एक चिकित्सा उपकरण कंपनी मैसिमो के साथ बौद्धिक संपदा विवाद से उपजा है। अंतर्राष्ट्रीय व्यापार आयोग ने अक्टूबर में पाया कि ऐपल के रक्त ऑक्सीजन सेंसर ने मैसिमो की बौद्धिक संपदा का उल्लंघन किया है। प्रतिबंध के बाद ऐपल संबंधित उपकरण का आयात नहीं कर सकेगा जिसमें ऐपल वॉच सीरीज़ 9 और अल्ट्रा 2 शामिल हैं। एप्पल ने दिसंबर में प्रभावित घड़ियों को अपने ऑनलाइन और खुदरा स्टोर से कुछ समय के लिए हटा दिया था, जबकि स्टॉक में उन उपकरणों वाले खुदरा विक्रेता अभी भी उन्हें बेच सकते हैं।

अदन की खाड़ी में वाणिज्यिक जहाज पर ड्रोन हमला, भारत की जवाबी कार्रवाई

जहाज पर लगी आग पर पाया काबू, किसी के हताहत होने की सूचना नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

अदन की खाड़ी में मार्शल द्वीप के ध्वज वाले एक वाणिज्यिक जहाज पर बुधवार रात ड्रोन हमला होने के बाद भारतीय नौसेना का मिसाइल विध्वंसक पोत आईएनएस विशाखापत्तनम तुरंत मदद के लिए आगे आया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जहाज पर नौ भारतीयों सहित चालक दल के 22 सदस्य सवार थे।

अधिकारियों ने बताया कि भारतीय नौसेना के मिसाइल विध्वंसक आईएनएस विशाखापत्तनम ने जेनको पिकार्डी जहाज से एक आपात संदेश मिलने के लगभग एक घंटे के भीतर जवाबी कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि वाणिज्यिक जहाज पर अदन बंदरगाह से 60 समुद्री मील दक्षिण में हमला किया गया। लाल सागर और अरब सागर में वाणिज्यिक जहाजों पर हमलों को लेकर वैश्विक चिंताएं बढ़ रही हैं। अधिकारियों ने बताया कि इसमें किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है और जहाज पर लगी आग पर काबू पा लिया गया है।

समुद्री लुटेरों से निपटने के लिए भारत ने अदन की खाड़ी में तैनात किया आईएनएस विशाखापत्तनम। ●एजेंसी

उन्होंने बताया कि समुद्री लूट रोधी अभियानों के लिए अदन की खाड़ी में तैनात आईएनएस विशाखापत्तनम ने बुधवार रात 11 बजकर 11 मिनट पर ड्रोन हमले के बाद मार्शल द्वीप के ध्वज वाले एमवी जेनको पिकार्डी के संकट में होने संबंधी आपात संदेश का शीघ्र जवाब दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय नौसेना के ईओडी (विस्फोटक आयुध निस्तारण) विशेषज्ञ जहाज का निरीक्षण करने के लिए गुरुवार सुबह उस पर गए। उन्होंने बताया कि ईओडी विशेषज्ञों ने गहन जांच के बाद जहाज को आगे की यात्रा के लिए मंजूरी दे दी है।

नौसेना ने कहा कि समुद्री लूट रोधी अभियानों के लिए अदन की खाड़ी में तैनात मिशन आईएनएस विशाखापत्तनम ने 17 जनवरी को रात 11 बजकर 11 मिनट पर ड्रोन हमले के बाद 'एमवी जेनको पिकार्डी' के मुश्किल में फंसे होने संबंधी सूचना पर तेजी से कार्रवाई की। इसने कहा कि युद्धपोत ने सहायता प्रदान करने के लिए रात साढ़े 12 बजे जहाज को रोका।

अस्थिरता पैदा नहीं होने देंगे : नौसेना प्रमुख

नई दिल्ली। नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने गुरुवार को कहा कि देश के समुद्री हितों की रक्षा के लिए पश्चिमी तट पर पोत तैनात किए गए हैं और किसी तरह की अस्थिरता पैदा नहीं करने दी जाएगी। अरब सागर और लाल सागर क्षेत्र में स्थिति पर नौसेना प्रमुख ने कहा कि समुद्री लूट रोधी दो अभियानों के लिए क्षेत्र में भारतीय पोत पहले से तैनात हैं। वह मीडिया से बीतचीत कर रहे थे। नौसेना प्रमुख ने कहा, हम यह सुनिश्चित करने को तैनात हैं कि समुद्री क्षेत्र में हमारे राष्ट्रीय हित सुरक्षित रहें।

दक्षिणी गाजा में इजराइल का हवाई हमला, 16 की मौत, दर्जनों घायल

राफा, एजेंसी

गाजा के दक्षिणी हिस्से स्थित राफा कस्बे में इजराइल द्वारा किए गए हवाई हमले में 16 लोगों की मौत हो गई है जिनमें से आधे बच्चे हैं। एक चिकित्सक ने गुरुवार को यह जानकारी दी। सेना इस इलाके पर अपने हमले जारी रखे हुए है और यहां के आम लोगों को दूसरे स्थानों पर शरण लेने को कहा है। इस बीच, यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि फ्रांस और कतर की मध्यस्थता से हुए समझौते के तहत बुधवार को क्षेत्र में भेजी गई दवाएं हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों को वितरित की गई या नहीं।

हमास द्वारा सात अक्टूबर को इजराइल पर हमले के बाद जवाबी कार्रवाई शुरू होने के 100 से अधिक दिन बीतने के बावजूद इजराइल सबसे घातक और विनाशकारी सैन्य अभियानों में से एक को जारी रखे हुए है। इसका लक्ष्य 2007 से गाजा पर शासन करने वाले आतंकवादी समूह को खत्म करना और बंधकों को छुड़ाना है। अब इस युद्ध की चपेट में पूरे क्षेत्र के आने का खतरा बढ़ गया है। इजराइल के हमले के बाद से अब तक 24 हजार से अधिक फलस्तीनी मारे गए हैं और कुल 23 लाख की आबादी वाले गाजा पट्टी में 85 प्रतिशत लोग विस्थापित हो चुके हैं। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक एक चौथाई आबादी भुखमरी का शिकार है।

दक्षिणी गाजा पट्टी के खान यूनिस में इजरायली बमबारी के बाद उठता धुआं। ●एजेंसी

▸▸ **मृतक के परिजनों ने कहा-हम भुखमरी की कगार पर, अब हमले ने हमें किया बर्बाद**

राफा के अल नज्जर अस्पताल के डॉक्टर तलत बरहौउम ने राफा के हमले में लोगों के मारे जाने की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि दर्जनों अन्य लोग घायल हुए है। एसोसिएटेड प्रेस को अस्पताल की मिली तस्वीर में दिख रहा है कि लोग अपने प्रियजनों के शव के पास विलाप कर रहे हैं। मारे गए लोगों के एक रिश्तेदार महमूद कासिम ने कहा, वे भुखमरी का सामना कर रहे हैं और अब उन पर हमले भी शुरू हो गए हैं। इंटरनेट पहुंच समर्थक समूह नेटब्लॉक के मुताबिक गाजा में गत पांच दिनों से मोबाइल फोन और इंटरनेट सेवा बाधित है जो युद्ध के दौरान अबतक लगातार सबसे लंबी अवधि तक ये सेवाएं बंद होने का रिकॉर्ड है।

जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए तत्काल कदम उठाने की जरूरत : बंगा

दावोस, एजेंसी

▸▸ **विश्व बैंक के प्रमुख ने विश्व आर्थिक मंच की बैठक में जताई चिंता**

▸▸ **कहा-जलवायु की परवाह किए बिना गरीबी उन्मूलन संभव नहीं**

विश्व बैंक प्रमुख अजय बंगा ने गुरुवार को कहा कि जलवायु और गरीबी सहित आपस में जुड़े संकट का सामना कर रही दुनिया के लिए इससे निपटने के लिए तत्काल कदम उठाने की जरूरत है। विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक के एक सत्र में विश्व बैंक के अध्यक्ष ने कहा कि हमारे सामने जलवायु संकट की समस्या है। यह हमारे अस्तित्व को लेकर संकट है। उन्होंने कहा, हम जलवायु की परवाह किए बिना गरीबी उन्मूलन के बारे में नहीं सोच सकते। हम स्वास्थ्य देखभाल की परवाह किए बिना गरीबी उन्मूलन के बारे में नहीं सोच सकते। हम खाद्य असुरक्षा की परवाह किये बिना गरीबी उन्मूलन के बारे में नहीं सोच सकते।

बंगा ने कहा कि यह वास्तविकता है और हमारे सामने कई तरह के संकट हैं, जो आपस में जुड़े हैं। इससे बचने का एकमात्र तरीका इसके समाधान के लिए तत्काल कदम उठाना है। उनके अनुसार, विश्व बैंक के वित्तपोषण का 45 प्रतिशत जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने प्रयासों पर खर्च किया जाएगा। इसके अलावा, बैंक ने 2030 तक अफ्रीका में 10 करोड़ लोगों को नवीकरणीय ऊर्जा से जोड़ने, छोटे देशों को जलवायु आपदाओं की लागत को उठाने में मदद करने और कार्बन बाजारों से लाभ सुनिश्चित करने का आदि वादा किया है।

भारत के मजबूत डिजिटल बुनियादी ढांचे की सराहना

दावोस। वैश्विक विशेषज्ञों के एक समूह ने आर्थिक असमानता कम करने में खासकर यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस) सहित भारत के मजबूत डिजिटल बुनियादी ढांचे की सराहना की है। दावोस नवोन्मेष सप्ताह में एक परिचर्चा में विशेषज्ञों ने इस बात पर चर्चा की कि कैसे यूपीआई और डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा भारत में नई ऊंचाई पर पहुंचा। इसका आयोजन वर्ल्ड इनोवेशन इकनॉमिक्स ने किया।

सोमनाथ मंदिर पहुंचीं रवीना...

फिल्म अभिनेत्री रवीना टंडन गुरुवार को बेटी रशा के साथ गिर स्थित सोमनाथ मंदिर पहुंची और मां-बेटी ने पूजा-अर्चना के बाद जल चढ़ाया। ●एजेंसी

शिवसेना विधायक पर मामला दर्ज

रत्नागिरी। महाराष्ट्र भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने गुरुवार को शिवसेना (यूबीटी) विधायक राजन साल्वी के आवास और होटल पर छापेमारी के बाद उनकी पत्नी और पुत्र के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज किया। एसीबी अधिकारियों ने छापे के दौरान विधायक की आय के ज्ञात स्रोतों से 118 प्रतिशत अधिक संपत्ति का पता लगाने का दावा किया है।

एसीबी की टीम ने गुरुवार सुबह छापेमारी की और विधायक के परिवार की संपत्ति की जानकारी जुटाने के बाद उनकी पत्नी और पुत्र के खिलाफ मामला दर्ज किया। एसीबी की छापेमारी के बाद साल्वी ने कहा कि यह कार्रवाई पूरी तरह से राजनीति से प्रेरित है और लोग उनके और उनके परिवार के सदस्यों के बारे में अच्छी तरह से जानते हैं। वह एसीबी द्वारा गिरफ्तारी के लिए भी तैयार हैं।

चीन ने रचनात्मक भूमिका निभाने की पेशकश की

बीजिंग। चीन ने गुरुवार को बीते दो दिनों में पाकिस्तान और ईरान द्वारा एक-दूसरे के खिलाफ मिसाइल हमले किए जाने के बाद दोनों देशों के बीच उपजे तनाव को घटाने में रचनात्मक भूमिका निभाने की पेशकश की। चीन ने दोनों देशों से संयम बरतने और टकराव टालने को कहा है। पाकिस्तान ने ईरान के सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत में आतंकी ठिकानों पर गुरुवार तड़के हमले किए, जिनमें नौ लोग मारे गए। घटनाक्रम ने चीन को असमंजस में डाल दिया है क्योंकि पाकिस्तान उसका करीबी मित्र है जबकि ईरान ने हाल के वर्षों में पश्चिम एशिया क्षेत्र में चीन को अपना प्रभाव बढ़ाने में मदद की है। चीन, ईरान से काफी मात्रा में तेल का भी आयात करता है।

जनसंख्या में कमी से अर्थव्यवस्था पर असर

हांगकांग। चीन की जनसंख्या में 2023 में लगातार दूसरे वर्ष रिकॉर्ड गिरावट आने से इसकी अर्थव्यवस्था की विकास क्षमता पर गहरा असर पड़ने का अनुमान है। राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो ने गुरुवार को कहा कि 2023 में चीन की जनसंख्या 20 .80 लाख या 0 .15 प्रतिशत घटकर 1 .409 अरब रह गई है। यह 2022 में 8 .50 लाख की जनसंख्या गिरावट से काफी ज्यादा है। नए जन्म दर की संख्या 5 .7 प्रतिशत घटकर 90 .20 लाख रह गई।

जयशंकर ने मालदीव के अपने समकक्ष के साथ द्विपक्षीय संबंधों पर की बात

कंपाला, एजेंसी

▸▸ **गुट निरपेक्ष आंदोलन के शिखर सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व करने को युगांडा पहुंचे विदेश मंत्री**

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने गुरुवार को यहां मालदीव के अपने समकक्ष मूसा जमीर से मुलाकात की और दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों पर बातचीत की। युगांडा की राजधानी कंपाला में जयशंकर और जमीर के बीच बैठक भारत और मालदीव के द्विपक्षीय संबंधों में हाल की खटास के बीच हुई। जयशंकर शुक्रवार से शुरू हो रहे गुटनिरपेक्ष आंदोलन (एनएएम) के दो-दिवसीय शिखर सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए कंपाला में हैं।

बैठक की एक तस्वीर साझा करते हुए जयशंकर ने एक्स पर पोस्ट किया, आज कंपाला में मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर से मुलाकात हुई। भारत-मालदीव संबंधों पर खुलकर बातचीत हुई। जमीर ने भी एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि एनएएम शिखर सम्मेलन के दौरान जयशंकर से मिलना खुशी की बात थी। उन्होंने लिखा, हमने भारतीय सैन्यकर्मियों की वापसी के साथ-साथ मालदीव में चल रही विकास परियोजनाओं को पूरा करने में तेजी लाने और दक्षेस तथा एनएएम के भीतर सहयोग पर चल रही उच्च-स्तरीय चर्चा पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

भारत-मालदीव संबंधों में हाल में कुछ तनाव आ गया, क्योंकि मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने नवंबर में कहा कि वह भारतीय सैन्यकर्मियों को अपने देश से बाहर निकालने के चुनावी वादे को निभाएंगे। इस महीने की शुरुआत में सोशल मीडिया पर तब विवाद खड़ा हो गया, जब मालदीव के एक मंत्री और कुछ अन्य नेताओं ने लक्षद्वीप के एक समुद्र तट पर प्रधानमंत्री मोदी का एक वीडियो पोस्ट करने के बाद उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की थी।

मालदीव के साथ साझेदारी बढ़ाने को प्रतिबद्ध : जायसवाल

नई दिल्ली। भारत ने गुरुवार को कहा कि वह मालदीव के साथ विभिन्न कल्याणकारी परियोजनाओं के कार्यान्वयन सहित अपने विकास एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल की यह टिप्पणी मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के 15 मार्च तक अपने देश से भारतीय सैन्यकर्मियों को वापस बुलाने के आह्वान के बाद दोनों देशों के संबंधों में तनाव के बीच आई है। उन्होंने साप्ताहिक प्रेस वार्ता में एक सवाल पर कहा कि हम अपनी परियोजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम मालदीव के विकास भागीदार के रूप में वह सभी चीजें करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो हम कर सकते हैं।

मालदीव द्वारा भारतीय सैनिकों की वापसी पर जोर देने के संबंध में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि मामले पर भारत-मालदीव कोर ग्रुप की दूसरी बैठक में विचार-विमर्श किया जाएगा। कोर ग्रुप की अगली बैठक अगले महीने की शुरुआत में नई दिल्ली में होने वाली है। माले में 14 जनवरी को कोर ग्रुप की पहली बैठक में भारतीय सैन्यकर्मियों के मुद्दे पर व्यापक चर्चा हुई। विदेश मंत्रालय ने बयान में कहा, दोनों पक्षों ने मालदीव के लोगों को मानवीय और चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने वाले भारतीय विमानन प्लेटफॉर्म के निरंतर संचालन को सक्षम करने के लिए समाधान खोजने पर चर्चा की।

अमेरिका से 400 टॉमहॉक मिसाइलें खरीदेगा जापान

तोक्यो। जापान ने बढ़ते क्षेत्रीय खतरों के जवाब में अपने सैन्य तंत्र को मजबूत करने के प्रयास के तहत 400 टॉमहॉक क्रूज मिसाइलों को खरीदने के लिए गुरुवारन को अमेरिका के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा की सरकार ने 2027 तक अपने वार्षिक रक्षा खर्च को दोगुना कर 10 हजार अरब येन (68 अरब अमेरिकी डॉलर) करने का संकल्प जताया है। ऐसा होने पर अमेरिका और चीन के बाद सैन्य तंत्र पर सबसे ज्यादा खर्च करने वाला तीसरा देश जापान बन जाएगा। रक्षा मंत्री मिनोरू किहारा ने दिसंबर में मूल योजना से एक साल पहले, वित्तीय वर्ष 2025 से कुछ टॉमहॉक और जापान निर्मित टाइप 12 सतह से जहाज तक मार करने वाली मिसाइलों की तैनाती में तेजी लाने के निर्णय की घोषणा की थी।

बढ़ी साख | केंद्रीय मंत्री ने विश्व व्यापार मंच की बैठक को किया संबोधित

दक्षिण-उत्तर के बीच पुल है भारत : ईरानी

दावोस, एजेंसी

केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने गुरुवार को कहा कि भारत खुद को वैश्विक दक्षिण और वैश्विक उत्तर के बीच एक पुल के रूप में देखता है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भारत एक ऐसा भागीदार है जिस पर विस्तारित ब्रिक्स समूह के सभी सदस्य भरोसा कर सकते हैं। ईरानी ने विश्व व्यापार मंच (डब्ल्यूईएफ) की यहां सालाना बैठक में विस्तार में ब्रिक्स विषय पर आयोजित एक सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि भारत को ब्रिक्स सहित विभिन्न वैश्विक मंचों पर समावेशी विकास और डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे की ताकत के लिए एक एजेंडा तय करने पर गर्व है।

महिला एवं बाल विकास के साथ अल्पसंख्यक मामलों की मंत्री ईरानी ने कहा कि भारत ब्रिक्स को एक-दूसरे से सीखने और एक-दूसरे की मदद करने के मंच के रूप में भी देखता है। उन्होंने कहा कि हम खुद को वैश्विक उत्तर और वैश्विक दक्षिण के बीच एक पुल के रूप में देखते हैं। ब्रिक्स समूह में पहले ब्राजील, रूस, भारत, चीन एवं दक्षिण अफ्रीका सदस्य थे। लेकिन पिछले साल इसमें सऊदी अरब, ईरान, इथियोपिया, मिस्र, अर्जेंटीना और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को भी शामिल करने पर सहमति बनी थी। इस परिचर्चा में दक्षिण अफ्रीका और यूएई के मंत्री भी शामिल हुए। उनका कहना था कि ब्रिक्स आर्थिक सहयोग का एक मंच है। कोई भी एक सदस्य इस समूह पर हावी नहीं है।

महाराष्ट्र ने 3.53 लाख करोड़ के एमओयू पर किए हस्ताक्षर

मुंबई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि राज्य ने स्विट्जरलैंड के दावोस में डब्ल्यूईएफ 2024 के दौरान 3,53,675 करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। शिंदे ने राज्य में वैश्विक उद्योगों के बढ़ते विश्वास के लिए निवेशकों को धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री कार्यालय ने बुधवार देर रात जारी एक बयान में कहा कि इन एमओयू से राज्य में दो लाख से अधिक नौकरियां पैदा की जा सकती हैं। बयान में शिंदे के हवाले से कहा गया कि औद्योगीकरण, कुशल जनशक्ति और तेजी से फैसले करने पर जोर देने के साथ राज्य सरकार जनता की भलाई पर जोर दे रही है।